वाराणसी, गुरुवार 6 मार्च, 2025

फाल्गुन माह, शुक्ल पक्ष 7, वर्ष 14, अंक 29, पृष्ठ 16, मूल्य: 5 .00

परख सच की

जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

अन्दर : चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाएगी टीम : गंभीर

अंदर : क्या कुंभ का संदेश पश्चिम बंगाल तक पहुंचेगा

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
चौक(ठठेरी बाजार): 8318650589
चितईपुर(अवलेशपुर) :9696544217
SUNDAY OPEN
• रथयात्रा • अर्दली बाजार • चौक(ठठेरी बाजार) • चितईपुर(अवलेशपुर)वाराणसी
• पार्किंग की सुविधा उपलब्ध •

संक्षेप

अब सैटेलाइट से चलेगा इंटरनेट

नई दिल्ली। भारत में जल्द सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस का शुरू होने वाली है। इस साल जून की शुरूआत में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस शुरू हो सकती है। दूरसंचार नियामक इस सर्विस के लिए बेस तैयार कर रहा है, जो दूरदराज और समंदर तक में इंटरनेट पहुंचाने में सक्षम है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सूत्रों ने बताया कि भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) सैटेलाइट कम्युनिकेश के प्राइसिंग और उपयोग पर सिफारिशों के एक सेट को अंतिम रूप दे रहा है, जिसे पिछले दो सालों से तैयार किया जा रहा है।

पटना विवि में दरभंगा हाउस बम धमाकों से गूंजा

पटना । पटना विश्वविद्यालय में दो साल के बाद इस बार छात्र संघ का चुनाव होना है। इसके पहले दरभंगा हाउस परिसर बम धमाकों से गूंज उठा। घटना के बाद दरभंगा हाउस परिसर में हड़कंप मच गया। संस्कृत विभाग के एचओडी प्रोफेसर लक्ष्मी नारायण की गाड़ी पर भी हमला किया गया है। उनकी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई है।

आज उत्तरकाशी में पीएम नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली । उत्तराखंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गुरुवार को प्रस्तावित दौरे को लेकर स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी है। जौलीग्रांट एयरपोर्ट और उत्तरकाशी जिले के विभिन्न इलाकों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है। प्रधानमंत्री मोदी अपने विशेष विमान से जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचकर उत्तरकाशी जाएंगे। उनके दौरे को देखकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

अब सांसद मर्जी से करा सकेंगे बंगलों का रेनेवेशन

नई दिल्ली। सांसद अपने सरकारी आवासों में बदलाव या मरम्मत के लिए अब ज्यादा धनराशि का इस्तेमाल कर सकेंगे। लोकसभा की हाउस कमेटी ने इसके लिए मिलने वाली राशि की सीमा 1.5 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर दी है, जो 230फीसदी की बढ़ोतरी है। यह फैसला सांसदों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

बैंकों के पास लोन बांटने को नहीं बचा पैसा

नई दिल्ली। महाकुंभ में करोड़ों लोगों ने महाकुंभ जाने के लिए बैंकों से जमकर पैसा निकाला। आलम ये है कि अब बैंकों के पास लोन बांटने के लिए भी पैसे नहीं है। बैंकों की हालत को सुधारने के लिए आरबीआई अब बड़ा कदम उठाने जा रहा है। एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि बैंकिंग सेक्टर में पूंजी तरलता बढ़ाने के लिए आरबीआई जल्द कुछ करने वाला है।

सांसद निधि में 65 फीसदी की कटौती

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सांसद निधि में भारी कटौती की है। 2019 से 2024 के बीच 17वीं लोकसभा के सांसदों को सांसद निधि से केवल 4510 करोड रुपए जारी किए गए हैं। पिछली लोकसभा की तुलना में यह 65 .2 फीसदी कम है। 16वीं लोकसभा मैं सांसदों को केंद्र सरकार द्वारा 12945 करोड रुपए सांसद निधि के रूप में जारी किए गए थे। सबसे ज्यादा सांसद निधि उत्तर प्रदेश के सांसदों को दी गई है। सबसे कम दिल्ली के सांसदों को मिली है।

अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी

नई दिल्ली । अमरनाथ यात्रा की तारीखें भी घोषित कर दी गई हैं। इस साल अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी और 9 अगस्त को समाप्त होगी। अमरनाथ श्राइन बोर्ड और जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने इसकी घोषणा की है। बोर्ड के एक प्रवक्ता ने कहा कि दक्षिण कश्मीर में 3,880 मीटर ऊंचे पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर की 38 दिवसीय वार्षिक तीर्थयात्रा 3 जुलाई को शुरू होगी।

राहुल गांधी पर लगाया 200 रुपए जुर्माना

पेश नहीं हुए थे

लखनऊ कोर्ट बोला-14 अप्रैल को पेश हों, सावरकर को अंग्रेजों से पेंशन लेने वाला कहा था

लखनऊ। लगातार पेशी से गायब रहने पर लखनऊ की कोर्ट ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर 200 रुपए का जुर्माना लगाया है। यह आदेश अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) कोर्ट ने दिया है। साथ ही चेतावनी दी कि 14 अप्रैल 2025 को अदालत में हाजिर हों, यदि वह इस तारीख को भी पेश नहीं होते हैं तो कठोर कानूनी कार्रवाई हो सकती है। शिकायतकर्ता नृपेंद्र पांडेय के अनुसार, राहुल गांधी ने 17 दिसंबर 2022 को महाराष्ट्र के अकोला में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर पर विवादित बयान दिया था। उन्होंने सावरकर को अंग्रेजों का नौकर और पेंशन लेने वाला कहा था। शिकायतकर्ता ने कहा-यह बयान समाज में वैमनस्य और घृणा फैलाने की मंशा से दिया गया था। इतना ही नहीं, प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहले से तैयार पर्चे भी पत्रकारों के बीच वितरित किए गए थे। इस बयान को लेकर भारतीय दंड संहिता की धारा 153(ए) और 505 के तहत मामला दर्ज करने की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान राहुल गांधी की ओर से वकील प्रांशु अग्रवाल ने अदालत में पेशी से छूट की अर्जी दाखिल की। इसमें उन्होंने दलील दी कि राहुल गांधी इस समय लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। बुधवार को उनकी मुलाकात एक विदेशी गणमान्य व्यक्ति से पूर्व निर्धारित थी।

भारत पर लगाया 100% टैरिफ, पाक को कहा, शुक्रिया

अमेरिकी संसद में दिए पहले भाषण में ट्रंप ने भारत को दिया झटका

झटका

संसद के ज्वाइंट सेशन में पौने दो घंटे दिया भाषण

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल से भारत पर जैसा को तैसा टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि भारत हमसे 100% से ज्यादा टैरिफ वसूलता है, हम भी अगले महीने से ऐसा ही करने जा रहे हैं। ये ऐलान उन्होंने बुधवार सुबह (भारतीय समय के मुताबिक) अमेरिकी संसद के जॉइंट सेशन में किया। उन्होंने रिकॉर्ड 1 घंटा 44 मिनट का भाषण दिया। ट्रम्प ने भाषण की शुरुआत अमेरिका इज बैक, यानी अमेरिका का दौर लौट आया है' से की। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने 43 दिन में

जो किया है वह कई सरकारें अपने 4 या 8 साल के कार्यकाल में नहीं कर पाईं। इसके अलावा ट्रम्प ने पाकिस्तान को शुक्रिया भी कहा। ट्रम्प ने कहा कि 2021 में अफगानिस्तान में आर्तकियों ने 13 अमेरिकी सैनिकों की हत्या कर दी थी। उन्हें पकड़ने में पाकिस्तान सरकार ने मदद की।

राष्ट्रपति के भाषण की सात अहम बातें

1. **जैसे को तैसा टैरिफ:** 2 अप्रैल से जैसे को तैसा टैरिफ लागू होगा। दूसरे देश हम पर भारी टैरिफ और टैक्स लगाते हैं, अब हमारी बारी है। अगर कोई कंपनी अमेरिका में प्रोड्क्ट नहीं बना रही है तो उसे टैरिफ देना होगा।
2. **यूक्रेन जंग:** जेलेंस्की जल्द से जल्द यूक्रेन जंग खत्म करने को लेकर बातचीत के लिए आने को तैयार हैं। हमने रूस के साथ गंभीर बातचीत की है।
3. **जो बाइडेन:** बाइडेन अमेरिकी इतिहास के सबसे खराब राष्ट्रपति हैं। उनके कार्यकाल में हर महीने लाखों अवैध लोग देश में दाखिल हुए। उनकी नीतियों के चलते देश में महंगाई बढ़ी।
4. **गोल्ड कार्ड वीजा:** हम गोल्ड कार्ड वीजा सिस्टम लाने जा रहे हैं। यह ग्रीन कार्ड की तरह है, लेकिन उससे ज्यादा एडवांस है। इससे बड़ी संख्या में नौकरियां पैदा होंगी और कंपनियों को फायदा होगा।
5. **पनामा नहर और ग्रीनलैंड:** हम किसी भी तरह पनामा नहर पर कंट्रोल हासिल करेंगे। इसके साथ ही हम किसी भी तरह ग्रीनलैंड को अपने में शामिल करेंगे। हम वहां के लोगों की हिफाजत करेंगे।
6. **तेल और गैस:** अमेरिका के पास दुनिया के किसी भी देश से ज्यादा 'लिक्विड गोल्ड' (तेल और गैस) है। हम अलास्का में बहुत बड़ी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाएंगे। इसमें कई देश अरबों रुपए निवेश करना चाहते हैं।
7. **स्पेस प्रोग्राम:** हम विज्ञान की नई सीमाओं को पार करेंगे, इंसान को अंतरिक्ष में आगे ले जाएंगे और मंगल ग्रह पर अमेरिकी झंडा फहराएंगे। हम दुनिया की सबसे उन्नत और शक्तिशाली सभ्यता का निर्माण करेंगे।

औरंगजेब पर घमासान

औरंगजेब को आदर्श मानने वाले विधायक को उत्तर प्रदेश भेजिए, इलाज कर देंगे : योगी

योगी गरजे

कहा,सपा भारत की विरासत पर गर्व नहीं करती

लखनऊ। महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी के औरंगजेब पर दिए गए बयान से यूपी में सियासी तूफान आ गया है। बुधवार को विधान परिषद को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा को जमकर घेरा और अबू आजमी को पार्टी से निकालने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि ऐसे विधायक को यहां भेजा जाए यूपी ऐसे लोगों का इलाज करने में देरी नहीं करता है। बुधवार को विधान परिषद में बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने सदन में कहा कि सपा भारत की सांस्कृतिक विरासत पर गर्व नहीं करती और अपने मूल विचारक डॉ. राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों से भटक गई है। उन्होंने कहा कि डॉ. लोहिया ने भारत की एकता के तीन आधार बताए थे- श्रीराम, श्रीकृष्ण और भगवान शिव, लेकिन आज सपा औरंगजेब जैसे क्रूर शासक को अपना आदर्श मान रही है। योगी ने औरंगजेब के इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि उसने अपने पिता शाहजहां को आगरा के किले में कैद कर पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसाया था। उन्होंने सपा नेताओं को पटना की लाइब्रेरी में शाहजहां की जीवनी पढ़ने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि शाहजहां ने औरंगजेब को कहा था कि तुम से अच्छा तो

हिन्दू है जो जीते जी अपने बुजुर्ग मां-बाप की सेवा करता है और मृत्युपरांत वर्ष में एक बार श्राद्ध करते हुए मां-बाप को जल अर्पित करता है। सीएम ने कहा कि जिन लोगों का आचरण औरंगजेब जैसा है वो उस पर गर्व कर सकते हैं।योगी ने सपा पर भारत की आस्था पर प्रहार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि औरंगजेब ने जजिया कर लगाया, मंदिर तोड़े और भारत का इस्लामीकरण करने की कोशिश की। कोई सभ्य मुसलमान अपने बेटे का नाम औरंगजेब नहीं रखता, क्योंकि उसे पता है कि वह उसे एक एक बूंद पानी के लिए तरसा देगा। मुख्यमंत्री ने सदन में पूछा कि जो छत्रपति शिवाजी की परंपरा पर लज्जा महसूस करता हो और औरंगजेब को नायक मानता हो, क्या उसे भारत में रहने का अधिकार है?

अबू आजमी पर कार्रवाई को लेकर भड़के अखिलेश

जताई नाराजगी

निलंबन से सच की जुबान पर नहीं लग सकती लगाम

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि निलंबन का आधार यदि विचारधारा से प्रभावित होने लगेगा तो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और परतंत्रता में क्या अंतर रह जाएगा। हमारे विधायक हों या सांसद उनकी बेखौफ दानिशमंदी बेमिसाल है। कुछ लोग अगर सोचते हैं कि निलंबन से सच की जुबान पर कोई लगाम लगा सकता है तो फिर ये उनकी नकारात्मक सोच का बचपना है। बता दें कि यह विवाद तब शुरू हुआ जब महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी ने औरंगजेब को महान प्रशासक बताते हुए उसकी प्रशंसा की थी। इस बयान के बाद यूपी विधान परिषद में मुख्यमंत्री ने सपा को आड़े हाथ लिया है।

'मैं स्पीकर साहब से पूछूंगा, किस लिए मुझे सस्पेंड किया'



मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा के बजट सत्र से निलंबित होने पर सपा नेता अबू आजमी की प्रतिक्रिया सामने आई है। खुद के निलंबन पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की है। सपा नेता आजमी ने कहा कि मैंने असेंबली में भी ऐसी कोई बात नहीं की फिर वहां से क्यों निलंबित किया गया। सपा विधायक आजमी ने कहा, मैं कानून का दरवाज खटखटाऊंगा, मुझे इस तरह से कैसे हटा सकते हैं। रमजान का पवित्र महीना चल रहा है, रोजा है मेरी तबियत भी ठीक नहीं है। जल्द ही इस मामले पर कानूनी सलाह लूंगा। सपा नेता आजमी ने कहा, कई लोग शिवाजी महाराज के बारे में क्या क्या बोल गए उन पर कोई करवाई नहीं हुई। अबू आजमी ने वीडियो जारी कर कहा, मैंने विधानसभा के अंदर कुछ कहा ही नहीं, बाहर भी मैंने किसी महापुरुष के बारे में अपमानित करने वाली बात नहीं की। तब फिर मुझे क्यों सस्पेंड किया गया। बाहर भी मैंने औरंगजेब के बारे में वहीं कहा जो इतिहासकारों ने लिखा है बाकी मैंने ऐसा कुछ कहा ही नहीं, मुझे अफसोस है इसके बावजूद भी मुझे सस्पेंड कर दिया, ये नाइंसाफी है।

बोफोर्स घोटाले की फिर से कराई जाएगी जांच

कांग्रेस को घेरने की तैयारी

मोदी सरकार ने अमेरिकी प्रशासन को पत्र लिखकर मांगी जानकारी

नई दिल्ली। भारत सरकार ने अमेरिकी प्रशासन को एक अनुरोध भेजा है, इसमें 64 करोड़ रुपये के बोफोर्स घोटाले से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी मांगी गई है। भारत सरकार के नए कदम से स्वीडन से 155 मिमी फील्ड आर्टिलरी गन की खरीद को लेकर राजीव गांधी की अगुवाई वाली कांग्रेस सरकार के तहत हुए घोटाले की जांच को फिर से शुरू करने के संकेत के रुप में देखा जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक सीबीआई ने हाल ही में एक विशेष अदालत द्वारा जारी पत्र अमेरिकी न्याय विभाग को भेज दिया है। इस पत्र में एजेंसी ने अमेरिकी निजी जासूसी कंपनी फेयरफैक्स के प्रमुख माइकल हर्शमैन से जुड़ी जानकारी की मांग की है। 2017 में हर्शमैन ने दावा किया था कि तब के पीएम राजीव गांधी गुस्से में थे, जब उन्होंने स्विस बैंक खाते मॉन्ट ब्लांक का पता लगाया, जहां बोफोर्स से रिश्वत की रकम कथित रूप से जमा की गई थी। हर्शमैन ने कहा था कि तब की राजीव सरकार ने उनकी जांच को नाकाम कर दिया था। जांच एजेंसी सीबीआई ने पहली बार अक्टूबर 2024 में दिल्ली की अदालत से संपर्क किया था, इसमें उन्हें अमेरिकी अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करने के लिए मंजूरी देने का अनुरोध किया था। यह कदम तब उठाया गया था जब हर्शमैन ने भारतीय एजेंसियों के साथ सहयोग करने पर सहमति जाहिर की थी। बता दें कि पत्र रोगारिटरी एक औपचारिक लिखित अनुरोध होता है, जिसे एक देश की अदालत दूसरे देश की अदालत से एक आपराधिक मामले की जांच में सहायता प्राप्त करने के लिए भेजती है।

क्या है बोफोर्स घोटाला?

बोफोर्स घोटाला को स्वीडिश मीडिया ने उजागर किया था। यह 1989 के चुनावों में राजीव गांधी की हार का कारण बना था। हालांकि 2004 में दिल्ली हाईकोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ रिश्वत के आरोप को खारिज किया था, लेकिन घोटाले से जुड़े सवाल अब भी बने हुए हैं। इस पूरे घोटाले में इटली के व्यापारी ओटावियो क्वात्रोची का भी संदिग्ध रोल था, जो राजीव सरकार में काफी प्रभावशाली था। क्वात्रोची को जांच के दौरान भारत छोड़ने की अनुमति दी गई थी और वहां मलेशिया चला गया था। क्वात्रोची पर ध्यान तब फिर से केंद्रित हुआ जब यूपीए सरकार ने ब्रिटेन में उसके बैंक खाते से लाखों डॉलर की रिलीज को चुनौती देने से इंकार किया। 1987 में स्वीडिश मीडिया ने भारत और स्वीडन दोनों को चौंका दिया था जब उन्होंने होवित्जर डील में रिश्वत के भुगतान का खुलासा किया था।

41 पीसीएस अधिकारियों के तबादले

ज्यादातर बदलाव एसडीएम स्तर पर

लखनऊ। शासन में पीसीएस स्तर पर बड़ा प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। एक साथ 41 पीसीएस अधिकारियों के तबादले किए गए। इसमें से ज्यादातर एसडीएम हैं। बुधवार की सुबह हुए इन तबादलों में देवरिय के अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव को सिद्धार्थ नगर का अपर जिलाधिकारी बनाया गया है। इसी तरह मेरठ की अपर नगर आयुक्त ममता मालवीय को अपर जिलाधिकारी मुरादाबाद नियुक्त किया गया है। अपर जिलाधिकारी बरेली दिनेश को मऊ का मुख्य राजस्व अधिकारी बनाया गया है। बस्ती के उपजिलाधिकारी विनोद कुमार पांडेय को नगर मजिस्ट्रेट फिरोजाबाद बनाया गया है। आगरा के उपजिलाधिकारी संजीव कुमार शाक्य को अपर जिलाधिकारी प्रयागराज बनाया गया है। उपजिलाधिकारी हमीरपुर खालिद अंजुम को अपर जिलाधिकारी सीतापुर बनाया गया है। इसी क्रम में प्रतापगढ़ के उपजिलाधिकारी भारत राम को अपर जिलाधिकारी बुलंदशहर बनाया गया है। वाराणसी के उपजिलाधिकारी अशोक कुमार यादव को अपर जिलाधिकारी ललितपुर बनाया गया है। अयोध्या के उपजिलाधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव को अपर जिलाधिकारी बदायूं बनाया गया है। कानपुर नगर के उपजिलाधिकारी जंगबहादुर यादव को अपर जिलाधिकारी रामपुर बनाया गया है। जौनपुर के उपजिलाधिकारी ज्ञान प्रकाश यादव को अपर जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर बनाया गया है। संतकबीर नगर के उपजिलाधिकारी रमेश चन्द्र को अपर जिलाधिकारी सोनभद्र बनाया गया है। वाराणसी के उपजिलाधिकारी नीरज प्रसाद को अपर जिलाधिकारी औरैया बनाया गया है। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी प्रयागराज रमेश मौर्य को अपर जिलाधिकारी एटा बनाया गया है।

एफआईआर में जाति का जिक्र क्यों?

उठाया सवाल

हाईकोर्ट ने डीजीपी से मांगा जवाब

प्रयागराज। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने यूपी के डीजीपी से सवाल पूछा है। कोर्ट ने कहा है कि वे बताएं कि आखिर एफआईआर में जाति लिखने की क्या जरूरत है और इससे क्या फायदा होता है। जस्टिस विनोद दिवाकर ने संस्थागत पूर्वाग्रह और कुछ समुदाय के साथ सौतेले बर्ताव के खतरे को लेकर भी चिंता जताई। कोर्ट ने डीजीपी को आदेश दिया कि वह पर्सनल एफिडेविट दाखिल करें। अगली तारीख पर वह बताएं कि आखिर किसी मामले की एफआईआर में संदिग्धों की जाति लिखने की क्या जरूरत है। एक ऐसे समाज में ऐसा क्यों जरूरी है, जहां जाति एक संवेदनशील मसला है और उसके नाम पर समाज में विभाजन की स्थिति पैदा हो सकती है।

जज ने कहा कि संविधान इस बात की गारंटी देता है कि देश में जातिगत भेदभाव खत्म हो। सभी के लिए समानता और गरिमा के साथ बर्ताव किया जाएगा। पक्षपात के साथ न्याय की परिभाषा पूरी

नहीं होती है। न्याय सभी के लिए एक समान और एक जैसे तरीके से होना चाहिए। जस्टिस दिवाकर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाओं में जाति और धर्म के उल्लेख करने पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि था कि याचिका में जाति या धर्म लिखने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होता। इसकी बजाय भेदभाव को ही बढ़ा देता है। दरअसल यह मामला 2023 में दायर एक केस को लेकर सुनवाई का है। इटावा पुलिस ने 2013 में आईपीसी और एक्साइज ऐक्ट के तहत एक केस दर्ज किया था। इस मामले में आरोपी बनाए गए शख्स को लेकर पुलिस का दावा था कि वह एक अन्य शख्स के साथ कार में सवार था। जांच के दौरान गाड़ी से व्हिस्की की 106 बोतलें पाई गईं। इन बोतलों पर लिखा था- केवल हरियाणा में बिक्री के लिए। उससे पूछताछ के बाद एक और कार को पकड़ा, जिससे 237 बोतलें बरामद हुई थीं।

सस्ती जेनरिक पशु दवाओं की आपूर्ति को दी मंजूरी

कैबिनेट फैसला

इसके तहत उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं सुलभ कराई जाएंगी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को 3,880 करोड़ रुपये के पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम में संशोधनों को मंजूरी देकर किसानों को उच्च गुणवत्ता वाली और सस्ती जेनेरिक पशु चिकित्सा दवाओं के वितरण को मंजूरी दे दी है। पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एलएचडीसीपी) पशुओं में होने वाले रोगों की रोकथाम और इलाज के लिए संचालित केंद्र सरकार की एक योजना है। इस योजना का तहत पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार करना और पशुपालन को बढ़ावा देना है। एलएचडीसीपी के तहत वित्त वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए कुल बजट 3,880 करोड़

रुपये था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस योजना में कुछ संशोधनों को मंजूरी दी गई। एलएचडीसीपी योजना में अब पशु औषधि का एक नया हिस्सा जोड़ा गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को मंत्रिमंडल के फैसले की जानकारी दी। कहा, इस योजना के पशु औषधि घटक के तहत उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। वैष्णव ने कहा कि यह पशु औषधि, जन औषधि योजना के समान होगी। अब जेनेरिक पशु चिकित्सा दवाएं पीएम किसान समृद्धि केंद्रों और सहकारी समितियों के माध्यम से वितरित की जाएंगी। पशु चिकित्सा दवाओं के पारंपरिक ज्ञान को भी पुनर्जीवित किया जाएगा। और योजना के हिस्से के रूप में इस पारंपरिक ज्ञान का भी दस्तावेज तैयार किया जाएगा।

सोनप्रयाग से केदारनाथ तक बनेगा रोपवे

प्लान

9 घंटे का सफर सिर्फ 36 मिनट में, कैबिनेट ने दी मंजूरी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम की पर्वतमाला परियोजना के तहत उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किलोमीटर लंबी रोपवे परियोजना को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा गोविंदघाट से हेमकुंड साहिबजी के बीच भी 12.4 किमी लंबा रोपवे बनेगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। मंत्री ने कहा, इस परियोजना का बड़ा फायदा यह होगा कि जिस यात्रा में वर्तमान में 8-9 घंटे लगते हैं, इसके बनने के बाद घटकर 36 मिनट की हो जाएगी। इसमें 36 लोगों के बैठने की क्षमता होगी। केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस रोपवे परियोजना पर करीब 4,081 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इस रोपवे को डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) मोड पर विकसित किया जाएगा। रोपवे को सार्वजनिक-निजी भागीदारी में विकसित करने की योजना है और यह सबसे उन्नत ट्राई-केबल डिटैचेबल गोंडोला (3एस) तकनीक पर आधारित है। जिसकी डिजाइन क्षमता 1,800 यात्री प्रति घंटे प्रति दिशा (पीपीएचपीडी) होगी और यह प्रतिदिन 18,000 यात्रियों को ले जाएगा। रोपवे परियोजना निर्माण और संचालन के दौरान और साथ ही पूरे वर्ष आतिथ्य, यात्रा, खाद्य और पेय (एफएंडबी) और पर्यटन जैसे संबद्ध पर्यटन उद्योगों में पर्याप्त रोजगार के अवसर पैदा करेगी।

कन्नड़ एक्ट्रेस एयरपोर्ट पर 15 किलो सोने के साथ गिरफ्तार

अरेस्ट

कर्नाटक डीजीपी की सौतेली बेटी हैं रान्या

बेंगलुरु। बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव को 3 मार्च की देर शाम डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) ने 15 किलो सोने के साथ गिरफ्तार किया। इसकी जानकारी बुधवार को सामने आई है। रान्या कर्नाटक पुलिस हाउसिंग कॉपोरेशन के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) रामचंद्र राव की सौतेली बेटी हैं। उन्होंने कन्नड़ फिल्मों माणिक्य और पाटकी में काम किया है। कोर्ट ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।डीआरआई अधिकारियों के मुताबिक, रान्या राव दुबई से एमिरेट्स फ्लाइट के जरिए भारत लौटी थीं। सुरक्षा एजेंसियां पहले से ही उनकी एक्टिविटी पर नजर रख रही थीं, क्योंकि वह पिछले 15 दिनों में 4 बार दुबई जा

चुकी थीं। डीआरआई की दिल्ली टीम को पहले से ही रान्या के सोने की तस्करी में शामिल होने की जानकारी थी। इसलिए 3 मार्च को उनकी फ्लाइट के लैंड करने से दो घंटे पहले ही अधिकारी एयरपोर्ट पर पहुंच गए थे। जानकारी के मुताबिक रान्या राव ने एयरपोर्ट पर उतरते ही खुद को कर्नाटक के डीजीपी की बेटी बताया। साथ ही लोकल पुलिस से कॉन्टैक्ट कर एयरपोर्ट से निकालने की कोशिश की, लेकिन डीआरआई की टीम उन्हें बेंगलुरु के डीआरआई हेडक्वार्टर में पूछताछ के लिए ले गई।

चार केंद्रों पर जांची जाएंगी एग्जामिनेशन की कॉपियां

जनसंदेश न्यूज

यूपी बोर्ड परीक्षा

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन

इन केंद्रों पर होगा मूल्यांकन
राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज, प्रभुनारायण राजकीय इंटर कॉलेज रामनगर, भारतीय शिक्षा मंदिर इंटर कॉलेज, इंग्लिशिया लाइन, महाबोधि इंटर कॉलेज, सारनाथ।

वाराणसी। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा की कॉपियों के मूल्यांकन की तैयारी अब तेजी से चल रही है। जिले में चार केंद्र बनाने का प्रस्ताव शिक्षा विभाग की ओर से माध्यमिक शिक्षा परिषद को भेजा गया है। दो पर हाईस्कूल और बाकी दो पर इंटरमीडिएट की कॉपियों का मूल्यांकन होगा। केंद्रों को भी कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा। वहीं से निगरानी की जाएगी।

जिला विद्यालय निरीक्षक अवध किशोर सिंह ने बताया कि बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए 125 केंद्रों पर 92563 विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं। इसमें हाईस्कूल के 45493 और इंटर में 47070 परीक्षार्थी हैं। 24 फरवरी से शुरू हुई परीक्षा अगले सप्ताह 12 मार्च को समाप्त होगी। राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज समेत चार कॉलेजों को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। बिजली, पानी, परीक्षकों के बैठने की समुचित व्यवस्था करवाई जा रही है। हालांकि, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से अभी मूल्यांकन की तिथि घोषित नहीं की गई है, लेकिन माना जा रहा है कि 12 मार्च को परीक्षा खत्म होने के बाद कॉपियां अंतिम सप्ताह तक आ जाएंगी। अप्रैल से मूल्यांकन करवाया जा सकता है।

पथराव करने से ग्रामीणों में रोष

लोहता। थाना क्षेत्र के कोटवां गांव में मंगलवार की अर्ध रात्रि में कुछ अराजक तत्वों ने एक वर्ग के घर पर पथराव करके माहौल बिगाड़ने का प्रयास किए हैं। मुस्लिम समुदाय के नवयुवकों की सभी करतूत सी सी कैमरे में कैद हो गई है। सुबह मकान मालिक अभिलाष सिंह ने अपने छत पर जाकर देखा तो ईंट और पत्थर का ढेर लगा हुआ था। अभिलाष ने घटना की तहरीर पहले कोटवां पुलिस चौकी इंचार्ज विशाल सिंह को दिए। आसपास लगे सी सी कैमरे में पुलिस ने देखा तो मुस्लिम समुदाय के कुछ नव युवक एक मकान पर रात में ईंट और पत्थर फेक रहे है। पुलिस ने मनबढ़ नव युवकों को चिन्हित कर लिया है। इसी तरह फरवरी महीने में इसी गांव के पेन्टर भैयालाल पटेल को शराब पिलाकर हत्याकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास किए थे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिए थे।

स्कूल संचालक के घर से लाखों की चोरी

वाराणसी। चितईपुर थाना क्षेत्र के नेवादा इलाके में स्थित राजेंद्र विहार कॉलोनी में रहने वाले विद्यालय के संचालक श्रवण कुमार सिंह रविवार को परिवार के साथ एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कोलकाता गए थे। अपने घर एक चाबी अपने पास रखें दूसरी चाबी घर में काम करने वाली मेड को घर की देखभाल करने के लिए दिए थे।

बुधवार को सुबह 10 बजे काम करने वाली मेड ने घर चोरी होने की सूचना श्रवण को फोन करके दी। घर में चोरी होने की सूचना मिलने पर श्रवण सिंह प्लेन से शाम अपने घर पहुंचे। पुलिस को घर में चोरी होने की सूचना श्रवण ने दी। चोरी की सूचना पर एसीपी भेलूपुर डॉक्टर ईशान सोनी फॉरेंसिक टीम और चितईपुर पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। दो मंजिला मकान में दूसरे तल पर रहते हैं। दूसरे तल पर पांच कमरों का ताला तोड़कर चोर पांच लाख नकद और एक करोड़ कीमत का करीब जेवरात उठा ले गए। श्रवण ने बताया कि उनका चकिया चन्दौली में विद्यालय है। विद्यालय में काम करने वालों वेतन देने के लिए 5 लाख रखें थे। उनकी पच्चीस साल पहले शादी हुई थी। शादी सारा जेवरात और बेटी की शादी में देने के लिए जेवरात बनवाकर रखें थे। पांच लाख नकद और सारा जेवरात चोरी चला गया।पुलिस इस मामले में घर में काम करने वाली मेड को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। श्रवण की शिकायत पर पुलिस मुकदमा दर्ज किया है। श्रवण अपने घर को सुरक्षा के लिहाज से लोहे की एंगल जाली से पैक कराए है।

चोर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर के भीतर घुसे थे। श्रवण के पिता के कमरे का ताला छोड़कर बाकी सारे कमरों का ताला तोड़ दिए थे। घर में सारा पुराना और बेटी की शादी के लिए बनवाया जेवरात और पैसा चोरी होने के बाद से श्रवण उनकी पत्नी पूरा परिवार काफी परेशान हो गए हैं।

संक्षेप

विद्युत विभाग के अधिकारी कोर्ट में तलब

वाराणसी। विशेष न्यायाधीश (आवश्यक वस्तु अधिनियम) संध्या श्रीवास्तव की अदालत ने कोर्ट के आदेश के अवहेलना करने पर कड़ा रुख अपनाया है। कोर्ट ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि. पंचम उपखंड इमलिया घाट थाना कैंट के एसडीओ नरेंद्र वर्मा, एक्स इंजीनियर, जे ई सुखदेव रस्तोगी व ऑफिस क्लर्क को तलब किया है। अदालत ने सभी को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना लिखित स्पष्टीकरण मांगा है। कोर्ट ने कहा है कि आपलोगों के कृत्य के कारण क्यो ना विधिक कार्यवाही की जाए। इस मामले में अगली सुनवाई दो अप्रैल को होगी। प्रकरण के अनुसार वर्ष 2020 में बिजली विभाग ने अर्दली बाजार कैंट निवासी आवेदक शाह अब्दुल कादिर के खिलाफ कटिया मारकर बिजली चोरी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया।बाद में आरोपी के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया । इस मामले में आरोपी ने पहले जमानत करवाई उसके बाद बिजली विभाग के समन शुल्क और निर्धारित राजसय भी जमा किया। उसके उपरांत कोर्ट ने मुकदमा का निस्तारण कर दिया। इसके बावजूद बिजली विभाग के अधिकारियों ने उसे प्रताड़ित करने लगे। अब्दुल ने कोर्ट में इस आशय का प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया कि मुकदमा समाप्त होने के बावजूद विपक्षीगण (विद्युत विभाग) नरेन्द्र वर्मा (रऊड), गौरव अखिलेश (ड्ग्रीू उ'ी१') द्वारा लिए प्रार्थी को प्रताड़ित कर सिंह (एठी. एल्लॅ.), सुखदेव रस्तोगी (ख.ए.) व पुनः उक्त धनराशि पर ब्याज जमा करने के दबाव बना रहे है । कोर्ट के आदेश 09 दिसंबर 2023 की आदेश की अवहेलना की जा रही है। इसके संबन्ध में कोर्ट ने अभियोजन की ओर से आपति आहूत की गयी। अभियोजन की ओर से पर्याप्त अवसर दिये जाने के उपरांत भी कोई लिखित आपति दाखिल नहीं की गयी। कोई बार कोर्ट से आख्या तलब करने के बावजूद भी रिपोर्ट नहीं दी गई । और नहीं कोई आप्ति हो की गई।

मंदिर की दान पेटी लूटने में मुकदमा

वाराणसी। पांडेयपुर स्थित हनुमान मंदिर से दान पेटी लूटने सहित पुजारी को मंदिर से भगा कर ताला लगाने के मामले में कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुजारी बृजेश उपाध्याय निवासी प्राचीन इच्छापूर्ति शिवमंगल करन हनुमान मन्दिर पाण्डेयपुर चौराहा ने बताया कि पिछले सात आठ साल से उक्त प्राचीन इच्छापूर्ती शिवमंगल करण हनुमान मन्दिर का मुख्य पुजारी एवं सेवादार है। जिस मन्दिर में पहले जीर्ण शीर्ष अवस्था में पड़ा था। जिसका मेरे द्वारा जीणोर्धार कराया गया। जिस नाते वर्तमान में काफी आम जनमानस की आस्था मंदिर से जुडी हुई है। परंतु पिछले कुछ दिनों से दबंग लल्लू यादव निवासी खजूरी रोड, पांडेयपुर की निगाह उक्त मंदिर पर है। जो पुराना भू माफिया भी है। जिसके द्वारा काफी जमीन को अवैध तरीके से लोगों को डरा धमका कर कब्जा कर लिया गया है। इसी के क्रम में लल्लू यादव द्वारा दिनांक 27 फरवरी 25 को मंदिर में रखा दान पात्र लूट ले गया। एवं मंदिर की चाभी छीनते हुए माँ बहन की भ?द्दी भद्दी गाली देते हुए मंदिर के बाहर ढकेल दिया। तथा जान से मारने की धमकी देते हुए मंदिर से भाग जाने को कहा। अन्यथा तुम्हारी लाश का भी पता नहीं चलेगा। तहरीर के आधार पर कैंट पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सीढ़ी से उतरते वक्त मरीज की मौत

वाराणसी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय अस्पताल में बुधवार को मरीज की सीढ़ी से उतरते समय अचानक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चोलापुर क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी रामधनी राम उम्र 54 वर्ष डीडीयू अस्पताल में डॉक्टर को दिखाने आए थे। ओपीडी के 122 नंबर कमरा में डाक्टर को दिखाने के बाद वह जांच के लिए जा रहे थे। इसी दौरान सीढ़ी से अचानक गिर गए। जिन्हें अस्पताल कर्मचारियों द्वारा डीडीयू के ट्रामा सेंटर इमरजेंसी कक्ष में ले जाया गया। लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। संभावना जताई जा रही है कि उन्हें हार्ट अटैक हुआ होगा। मृतक पेशे से राजगीर मिस्त्री था। उसके परिवार में पत्नी बेचना देवी सहित दो लड़का और तीन लड़कियां हैं। सूचना मिलते ही सभी बेसुध हो गए।

ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

लोहता। स्टेशन पर सुबह आठ बजे नयी दिल्ली से वाराणसी जा रही काशीविश्वनाथ ट्रेन सिंगनल नहीं होने के कारण प्लेटफार्म पर रुकी हुई थी। इस बीच एक अज्ञात वृद्ध 58 वर्ष ट्रेन पर चढ़ने लगा उसी समय गाड़ी चल दी और वह पहिये के नीचे आ गया तथा उसकी मौत हो गई। जी आर पी पुलिस ने काफी देर तक शिनाख्त का प्रयास किए लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मारपीट के मामले में मुकदमा

वाराणसी। कैन्ट के फुलवरिया घोसियाना निवासी साददब ने पड़ोसियों पर गली गलौज, मारपीट व बहन के कपड़े फाड़ने का आरोप लगाते हुए कैन्ट में मुकदमा दर्ज कराया।

जनसंदेश टाइम्स वर्गीकृत

सूचना

मेरा शास्त्री वर्ष 2011 अनुक्रमांक 301245 व आचार्य वर्ष 2013 अनुक्रमांक 510110 का प्रमाण पत्र खो गया है। कु0 खुशबू पुत्री चन्द्रमणि तिवारी ग्राम-बभनौली, बेल्थरारोड, बलिया।

मेरा आचार्य द्वितीय वर्ष 2013 अनुक्रमांक 580896 पंजीकरण सं0-S10811277 का प्रमाण पत्र खो गया है। जूही सिंह पुत्री श्री कृष्णानन्द सिंह ग्राम-सहेरी, जिला-गाजीपुर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का नाम तेजस राय TEJAS RAI है। आधार कार्ड में त्रुटिवश अंग्रेजी अक्षर में TEJUS RAI हो गया। उसे तेजस राय TEJAS RAI के नाम से जाना व पहचाना जाय। संदीप कुमार राय पुत्र सुरेश चन्द राय ग्राम व पोस्ट-बीबीपुर, जिला-आजमगढ़।

आवश्यकता

आवश्यकता है - महादेव महेन्द्र लॉ कालेज फेसुड़ा (सैय्यदराजा) चन्दौली, में स्ववित्तपोषित योजना अंतर्गत स्नातक स्तर पर विधि संकाय अंतर्गत एल एल बी (त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय) पाठ्यक्रम में प्राचार्य/ प्रवक्ताओं की । योग्यता यूजीसी/ विवि परिनियमावलीनुसार। अभ्यर्थी समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्रों/ फोटो के साथ 21 दिन में महाविद्यालय पते पर भेजें। प्रबंधक- 9839482790

आवश्यकता है- महिला महाविद्यालय हेतिमपुर, जमानियां गाजीपुर उ0प्र0 (सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर) में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर बी.एस-सी. पाठ्यक्रम के पांचों विषयों में एवं बी.काम. पाठ्यक्रम एवं बी.ए. में शिक्षाशास्त्र, भूगोल एवं परास्नातक में समाज शास्त्र, गृहविज्ञान, हिन्दी, प्रा0 इतिहास, राजनीति विज्ञान पाठ्यक्रम में प्रवक्ताओं के पद हेतु योग्यताएं-यू.जी.सी./ विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति एवं पासपोर्ट साईज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर प्रबंधक के पदनाम संस्थान/ महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक या दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबंधक, मो. 9935242487

आवश्यकता है- अमरनाथ सोना देवी महाविद्यालय, भवनीपुर, तरांव, गाजीपुर (उ0 प्र0) सम्बद्ध (वी0बी0एस0पू0वि0वि0, जौनपुर) में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत प्राचार्य व विज्ञान संकाय में स्नातक स्तर पर रसायन विज्ञान-03, वनस्पति विज्ञान-02, भौतिक विज्ञान-02, जन्तु विज्ञान-02, गणित-02 एवं स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत हिन्दी-01, संस्कृत-01, गृहविज्ञान-01, शिक्षाशास्त्र-01, समाजशास्त्र-01, अंग्रेजी-01, भूगोल-01 विषयों में प्रवक्ता की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान उ0 प्र0 शासन UGC एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार, इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज का 04 फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर प्रबन्धक के पद नाम से महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक अथवा दूरभाष के द्वारा दी जायेगी।
प्रबंधक
मो0-9415970752, 9415305404

आवश्यकता है

सॉई दया लॉ कालेज, रसौरा, पहाड़ा, मीरजापुर सम्बद्ध माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मीरजापुर में स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत विधि संकाय में प्राचार्य एवं एल0 एल0 बी0 त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवक्ताओं की। योग्यता व वेतनमान बी0 सी0 आई0 / यू0 जी0 सी0/विश्वविद्यालय, मीरजापुर परिनियमावली के अनुसार। नवीनतम फोटो, पूर्ण विवरण एवं शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छाया प्रति के साथ प्रथम विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर आवेदन करें।
प्रबन्धक
मो0-9455397210, 7668838383

घर से गायब बालक का मिला शव

जनसंदेश न्यूज

दु:खद

मफलर से लटका शव मिलने से सनसनी

बड़ागांव। थानाक्षेत्र के खरगपुर (चक खरावन) गांव में मौसा विक्रम पटेल के घर रहकर कक्षा 9 में पढ़ने वाला पंद्रह वर्षीय छात्र जो मां, बाप का इकलौता संतान है मंगलवार को दोपहर एक बजे मौसा के घर से गायब हो गया और बुधवार को सुबह उसकी लाश घर से चार सौ मीटर की दूरी पर बगीचे में निर्जन स्थान पर स्थित एक कुएं में मफलर के फंदे से लटकती हुई मिली। सुचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की सुचना पर पहुंची पुलिस और फारेंसिक टीम लाश को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई वहीं परिजनों ने घटना को लेकर समाचार दिये जाने तक किसी प्रकार का आरोप प्रत्यारोप नहीं किया है।

जानकारी के अनुसार स्थानीय थानाक्षेत्र के भगवानपुर खुटहना गांव निवासी पिता अरविंद कुमार एवं माता ललिता देवी का इकलौता पुत्र आर्यन पटेल अपने मौसा के घर रहकर कक्षा 9 में पढ़ता था। दोपहर में वह घर से निकला और देर शाम तक वापस नहीं लौटा तो मौसा और परिजन काफी खोजबीन के बाद इसकी सूचना मृतक के माता-पिता को दिया जिसपर पिता ने कहा कहीं गया होगा लौट आयेगा देर रात तक सब उसकी खोजबीन करते रहे लेकिन कोई पता नहीं चला। बुधवार को सुबह गांव के लोग नित्य कृया के लिए बगीचे में गये तो देखा की कुएं के जगत पर रखे पत्थर में लगे एक लोहे के राड से बंधा मफलर लटका था और उसी के सहारे किशोर फांसी के फंदे पर लटका था।इसकी जानकारी मिलते ही काफी संख्या में लोग उपस्थित हो गये और उसकी पहचान आर्यन पटेल के रूप में किया। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार मौसा और पिता का कहना है हमारी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। फिलहाल इस घटना की जांच पुलिस कर रही है। मृतक का पिता वाराणसी एयरपोर्ट पर प्राइवेट लोडर का काम करता है।

युवक पर हमला करने में राहत

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। बारात में हुए विवाद की रंजिश को लेकर युवक पर प्राणघातक हमला करने के मामले में आरोपित को राहत मिल गई। जिला जज संजीव पाण्डेय की अदालत ने विद्यापीठ के छात्र नेता लल्लापुरा निवासी गौरव चौरसिया उर्फ अभिषेक, चंदुआ छित्तूपुर निवासी मानस कुमार सिंह व दशाश्वमेध निवासी संजीत कंसारा को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने की दशा में 50-50 हजार रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर अग्रिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनुज यादव, रवि तिवारी व रोहित यादव ने पक्ष रखा।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी प्रदीप चौरसिया ने भेलूपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि 07 फरवरी 2025 को रात्रि 11 बजे के लगभग वह पड़ोस के रहने वाले शिवम के बारात में पापुलर हास्पिटल के पास गये थे। वहाँ बारात में नाचते समय गौरव चौरसिया से वादी के पुत्र कौशिक के साथ कहासुनी हो गयी। लोगों के बीचबचाव के बाद मामला शान्त हो गया।

कुछ देर पश्चात गौरव चौरसिया अपने दोस्तो दुनटुन यादव, मानस सिंह, संजीत कंसारा जो मोहल्ले का रहने वाला है, के 20-25 अज्ञात साथी लाठी-डंडे व राड से लैस होकर आये और वादी व उसके बेटे कौशिक, भतीजे अजय, स्टाफ मुकेश चौरसिया व अनिकेत श्रीवास्तव को डण्डे-लाठी व राड से जान से मार डालने की नियत से बुरी तरह मारने लगे। हमले में वादी को सिर, पैर में व वादी के पुत्र कौशिक के सिर व आँख पर तथा अजय को नाक व मुंह में तथा मुकेश को सिर व हाथ में व अनिकेत को शरीर के कई हिस्सों पर चोटें आई और उनके सिर फट गया व हाथ टूट गया तथा वादी का पुत्र कौशिक अधमरा होकर जमीन पर बेहोश होकर गिर गया।

इस दौरान टुनटुन यादव उसके गले से और गौरव चौरसिया उसके पुत्र कौशिक के गले में पहनी सोने की सिकड़ी नोंच लिया। शोर सुनकर जब आसपास के लोग जुटने लगे तो सभी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए। बाद में लोगो की मदद से अपने पुत्र कौशिक व अन्य लोगों को लहुलुहान हालत में स्वामी विवेकानन्द अस्पताल ले जाकर डाक्टरी मुआयना व इलाज कराया।

दुष्कर्म व धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

रोहनिया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म व धोखाधड़ी के आरोपी हरिहरपुर रोहनिया निवासी अजीत पटेल उर्फ अमरजीत को मोहन सराय अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया आरोप है अजीत जमीन दिलाने के नाम पर पैसा लिया व पैसा वापस मांगने पर वादिनी को नशीला पदार्थ खिलाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने व उसकी वीडियो रिकॉर्डिंग करने तथा वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा मना करने पर मारने पीटने व जान से मारने की धमकी दिया था इसके बाबत रोहनिया पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दि आज मुखबिर की सूचना पर रोहनिया मोहन सराय अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

अधिवक्ता पर हुए हमले के विरोध में मुकदमा

वाराणसी। दीवानी न्यायालय परिसर में बुधवार को एक अधिवक्ता पर हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़िता नमिता कुमारी झा, जो पेशे से अधिवक्ता हैं, ने थाना कैण्ट में शिकायत दर्ज कराई है कि मुकदमे की पैरवी के दौरान एक फर्जी वकील ने उनके साथ मारपीट, अभद्रता और लूटपाट की पीड़िता की तहरीर पर एक नामजद के खिलाफ लूट, छेड़छाड़ समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

जानकारी के मुताबिक बुधवार को अधिवक्ता नमिता कुमारी झा का एक व्यक्तिगत मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें उनकी उपस्थिति आवश्यक थी। इसी दौरान इन्द कुमार मिश्र, जो स्वयं को अधिवक्ता बताता है, लेकिन वकालत का पंजीकरण नहीं रखता, ने उन्हें अपशब्द कहे और गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उन्होंने विरोध किया, तो आरोपी ने बाल पकड़कर उन्हें पीटना शुरू कर दिया।

मौके पर अन्य अधिवक्ताओं के हस्तक्षेप से किसी तरह मामला शांत हुआ, लेकिन इस बीच आरोपी ने प्रार्थिनी के कान की सोने की बाली (झाला) छीन लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए भीड़ का फायदा उठाकर भाग गया। इस हमले में पीड़िता को अंदरूनी चोटें आई हैं.पीड़िता के द्वारा कैण्ट पुलिस को दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

अधिवक्ता हुए आक्रोशित, निकाला जुलूस

पिंडरा। हाईकोर्ट द्वारा बनारस बार व सेंट्रल बार एसोसिएशन वाराणसी को नोटिस जारी करने से बुधवार को अधिवक्ता सरकार के खिलाफ और मुखर होकर नारेबाजी की और न्यायिक कार्य का बहिष्कार पर रहे। सुबह लाइब्रेरी भवन में तहसील बार अध्यक्ष कृपाशंकर पटेल की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें सरकार के इशारे पर अधिवक्ता के विरोध व धरना प्रदर्शन को रोकने के लिए हाईकोर्ट का सहारा लेकर नोटिस जारी करा रही है। जिसका अधिवक्ता विरोध करते है और पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत होकर हड़ताल पर रहने का निर्णय लिया। तत्पश्चात वकील जुलूस के रूप में तहसील परिसर में सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए एसडीएम पोर्टिको पहुचे और एसडीएम पिण्डरा प्रतिभा मिश्रा को पत्रक सौंपा। संचालन बार महामंत्री सुधीर कुमार सिंह ने किया। इस दौरान पूर्व बार अध्यक्ष शिवपूजन सिंह, कमला प्रसाद मिश्रा, अशोक कुमार, प्रेमशंकर सिंह,अश्वनी सिंह, प्रीतराज माथुर, श्याम मोहन उपाध्याय, चंद्रभान सिंह, शैलेन्द्र सिंह, कृष्णकांत चौहान,अजय गुप्ता, दीपक सैनी, राजेश सिंह, अवनीश पांडेय, छोटेलाल, सतीश पांडेय,दयाशंकर सिंह व विपिन सिंह समेत अनेक वकील रहे।

शांति समिति की बैठक

लोहता। थाना परिसर में बुधवार को होली का त्योहार एवं रमजान का महीना को लेकर शांति समिति की बैठक वरुणा जोन चन्द्र कान्त मीना की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर उन्होनें लोगों से अपील किया कि होली का त्योहार आपसी भाई चारे का है। सभी लोग होली का दहन पूर्व में चिन्हित स्थानों पर करें। तथा रंग और गुलाल दूसरे समुदाय पर न फेके। इसके अलावा अनावश्यक कीचड़ न डाले। इस त्योहार पर अफवाह फैलाने वालों से दूर रहे। यदि कोई लावारिस वस्तु दिखाई दे तो पुलिस को तत्काल सूचना देने का कार्य करें। उन्होनें लोगों से यह भी कहा कि नफरत फैलाने के लिए सोशल मीडिया का सहारा सहारा नहीं लिया जाए क्योकि इससे समाज में अकारण द्वेष फैलता है। कार्यक्रम का संचालन एसीपी रोहनिया संजीव शर्मा ने किया। बैठक में थाना प्रभारी प्रवीण कुमार, कस्बा चौकी इंचार्ज अनुज शुक्ल, कोटवां पुलिस चौकी इंचार्ज विशाल सिंह, छितौनी ग्राम प्रधान विजय गुप्त, भट्ठी ग्राम प्रधानपति परमानन्द,केराकतपुर, भरथरा ग्राम प्रधान थे।

दूसरी शादी रचाने पर कोर्ट सख्त

वाराणसी। पहले से शादीशुदा होने के बाद भी मलेशिया की रहने वाली महिला से शादी करने और उसकी अश्लील वीडियो, फोटो वायरल करने की धमकी देकर 30 लाख रुपए हड़पने के मामले में अदालत ने कड़ा रुख अपनाया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (द्वितीय) साकेत मिश्रा की अदालत ने इस मामले में आरोपित मानमंदिर घाट, दशाश्वमेध निवासी संदीप वर्मा के खिलाफ वारंट जारी कर सुनवाई के लिए अगली तिथि 29 अप्रैल 2025 नियत कर दी। प्रकरण के अनुसार मलेशिया निवासिनी परिवादिनी कैंनिगेश्वरी कानिया सीलन नामक युवती ने अपने अधिवक्ता प्रतीक पाण्डेय के जरिए अदालत में परिवाद दाखिल किया था। आरोप था कि परिवादिनी 3 अगस्त 2016 को अपने परिवारजनों के साथ पूर्वजों का पिंडदान करने के लिए वाराणसी आई थी। उसी दौरान उसकी मुलाकात मानमंदिर घाट, दशाश्वमेध निवासी टूर गाइड संदीप वर्मा से हुई। जिसके बाद वे आपस में बातचीत करना शुरू कर दिए। इस बीच नजदीकी बढ़ने पर दोनों ने 10 नवंबर 2017 को अंबापुर, चेन्नई के रजिस्ट्रार कार्यालय में शादी कर ली। कुछ दिनों बाद वह मलेशिया चली गई। इस दौरान विभिन्न तिथियों पर आरोपित संदीप वर्मा उससे 30 लाख रुपए व्यवसाय व अन्य जरूरतों के नाम पर झांसा देकर ले लिया। शंका होने पर जब परिवादिनी कैंनिगेश्वरी कानिया सीलन अपनी बड़ी बहन के साथ 11 फरवरी 2020 को वापस वाराणसी आई तो उसे पता चला कि संदीप वर्मा पहले से ही शादीशुदा है और उसके साथ धोखाधड़ी करके शादी कर लिया है। इस पर जब उसने विरोध किया तो आरोपित संदीप वर्मा उससे 50 लाख रुपए की मांग करने लगा और पैसा न देने पर उसकी आपत्तिजनक फोटो और वीडियो को वायरल करने की धमकी देने लगा। इस मामले में पुलिस से शिकायत करने पर जब कोई कार्यवाही न हुई तो परिवादिनी ने अदालत की शरण ली। इस मामले में आरोपित के कोर्ट में हाजिर न होने पर अदालत ने उसके खिलाफ वारंट जारी किया है।

स्पेशल जल भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (यूपीएसबी) शैलेंद्र सिंह. ने अभियुक्त जटाशंकर यादव यादव की धोखाधड़ी में अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया गया अभियोजन की तरफ से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी रोहित मौर्य व वादी मुकदमा विनीत सेठ ने पैरवी की अभियोजन कथानक ईस प्रकार है कि वादी मुकदमा धर्मराज सिंह को हार्ट की प्रॉब्लम थी जिसके कारण उसको पैसे की आवश्यकता थी इसलिए उसने अपनी पांच बिस्वा जमीन 30 लाख रुपए प्रति बिस्वा की दर से आम लोगों से बात किया जिसमें अभियुक्त जटाशंकर उसका लड़का अभिषेक वह चार अन्य लोगों ने तय किया और सट्टा करने के नाम पर उसको रजिस्ट्री ऑफिस गंगापुर ले जाकर वहां पर दान पत्र धोखे से कर लिया और डेढ़ करोड़ का चेक दिया वह चेक भी बाउंस हो गया। न्यायालय द्वारा जटाशंकर यादव उर्फ.नखडू की अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया गया।

साइन सिटी के खिलाफ मुकदमा

वाराणसी। साइन सिटी प्राइवेट लिमिटेड और उसके संचालकों के खिलाफ सिंगरौली जिले की हंसराजी देवी ने जमीन खरीदने के नाम पर हुए धोखाधड़ी के मामले में न्यायालय की शरण ली। न्यायलय के आदेश पर कैट पुलिस ने साइन सिटी के निदेशकों व कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। हंसराजी देवी के अनुसार 2017 में वाराणसी के पिण्ड्रा तहसील स्थित ग्राम कैथौली में 800 वर्गफीट जमीन खरीदने के लिए साइन सिटी इंफ्रा कंपनी को 7,75,104/- का भुगतान किया था। इसके बाद कंपनी की ओर से एक पंजीकृत विक्रय विलेख भी जारी किया गया।धोखाधड़ी का खुलासा तब हुआ जब हंसराजी देवी ने जमीन का कब्जा लेने की मांग की, तो कंपनी के लोग टालमटोल करने लगे। संदेह होने पर जब उन्होंने मौके पर जाकर जांच की तो पता चला कि ऐसी कोई जमीन अस्तित्व में ही नहीं है। कंपनी का कार्यालय भी बंद मिला।प्रार्थिनी ने आरोप लगाया कि कैण्ट थाने में शिकायत दर्ज कराने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। न्यायलय के आदेश पर कंपनी के संचालकों राशिद नसीम, आसिफ नसीम और उनके एजेंट संजय सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

देश की प्रगति में युवा निभा रहे अहम रोल

बोले डॉ. सुरेंद्र पाल

युवाओं के बल पर भारत को विश्वगुरु बनने से कोई रोक नहीं सकताः सहायक निदेशक सूचना

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। नेहरू युवा केंद्र, माय भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में पांच दिवसीय अंतर राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का समापन सारनाथ स्थित धमचक मेडिसिन सेंटर में बुधवार को संपन्न हो गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सुरेंद्र नाथ पाल ने हिमाचल प्रदेश के सोलन, सिरमौर, शिमला एवं मंडी से आए युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है।

60 से 65% युवा आबादी सकारात्मक सोच के साथ सबका साथ सबका विकास की धारणा से प्रगति पथ पर चल दी है, अब भारत को विश्वगुरु बनने से कोई रोक नहीं सकता। प्रधानमंत्री जी का 2047 तक विकसित राष्ट्र का सपना अवश्य सरकार होगा।

उन्होंने कहा कि बनारस एक अद्भुत शहर है। बनारस अपने आप में लघु भारत है। यहां पर आदि शंकर, भगवान बुद्ध, रविदास, कबीर, स्वामी रामानंद, तुलसी, वल्लभाचार्य, मदन मोहन मालवीय, मुंशी प्रेमचंद आदि अनेक विभूतियां रहीं। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे अपनी सोच से भारत को आगे बढ़ाएं। समारोह की अध्यक्षता करते हुए यूपी कॉलेज के प्राचार्य डाक्टर धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि हमारे देश की सभ्यता व संस्कृति की जड़ें काफी गहरी हैं, जिस पर पूरा विश्व टिका हुआ है।

उन्होंने कहा कि वाराणसी का एक नाम काशी भी है जिसका अर्थ उजाला होता है। जहां आप बैठे हैं महात्मा गौतम बुद्ध ने पांच शिष्यों को चेतन ज्ञान का उपदेश दिया था। यूपी कॉलेज के प्रोफेसर डाक्टर सुधीर कुमार राय ने कहा कि आपका देवभूमि हिमाचल की धरती से भगवान भोले वाराणसी की धरती पर आगमन होने पर वाराणसी वासियों की तरफ से हार्दिक स्वागत करता हूं। आप अपनी संस्कृति को ना भूले। संस्कृति जीवन की समग्रता है। शिविर का अनुभव रोहित शर्मा, अनुपम शर्मा, भावना ने प्रस्तुत किया। शिविर में बेहतर प्रस्तुति के लिए जनपद सिरमौर के अनुराग, मंडी से शबनम, स्वच्छता में सिरमौर के अमित कुमार, प्रखर वक्ता रोहित शर्मा, अनुपम शर्मा, आंचल ठाकुर प्रश्नोत्तरी में सिरमौर के प्रकाश को, अखबार प्रकाशन में भावना को सम्मानित किया गया।

सभी का स्वागत नेहरू युवा केंद्र वाराणसी के लेखा एवं कार्यक्रम सहायक सुभाष चंद्र प्रसाद ने किया। वाराणसी के जिला युवा अधिकारी प्रतीक साहू ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ-साथ शिविर के अनुभव साझा किए। राज्य प्रशिक्षक अंगद सिंह यादव ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राकेश यादव, देवेंद्र ,रिंकेश सुरेश, आदि ने सहयोग किया। संस्था के निदेशक धीरेंद्र कुमार राय, डाक्टर एसके पांडेय, डॉ. रविंद्र कुमार, पारसनाथ यादव, डॉ. डी आर विश्वकर्मा अवकाश प्राप्त जिला युवा जिला विकास अधिकारी ने विषय विशेषज्ञ के रूप विचार प्रस्तुत किए।

श्रीराम की ससुराल बनी देवकिरीट धारण करेंगे महादेव

वाराणसी। काशी में 10 मार्च को होने वाले रंगभरी एकादशी के उत्सव में मिथिला संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। इस वर्ष शिव और गौरा अपने शीर्ष पर श्रीराम की ससुराल मिथिला में बनी देवकिरीट धारण कर भक्तों को दर्शन देंगे। गौरा के गौना के मौके पर निकाली जाने वाली पालकी यात्रा के दौरान बाबा विश्वनाथ और माता पार्वती देवी पार्वती के सिर पर मिथिला शैली का देवकिरीट सुशोभित होगा।

वाराणसी सर्राफा भाव

सोना (RTGS 999.0)
88350/inc.GST

चांदी (99.50)
97450/- प्रति किलो

चांदी सिक्का
120000/- प्रति सैकड़ा

वाराणसी

बिहार विधानसभा में गूंजा स्नेहा कुशवाहा मौत प्रकरण

विधायकों ने जल्द से जल्द यूपी सरकार से गिरफ्तारी की मांग की

वाराणसी। बीते एक फरवरी को भेलूपुर थाना क्षेत्र के जवाहर नगर एक्सटेंशन के रामेश्वरम गर्ल्स हॉस्टल में हुई स्नेहा कुशवाहा की मौत का मामला अब थमता नजर नहीं आ रहा है , नामजद हत्या की प्राथमिकी भेलूपुर थाने में दर्ज होने के बाद भी अभी तक गिरफ्तारी न होने से परिजनों में आक्रोश है। इस मामले में बिहार सरकार के कई विधायकों ने बिहार विधानसभा में इस प्रकरण को उठाया और मांग किया कि यूपी सरकार इस मामले में हस्तक्षेप कर दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करें। स्नेहा मौत प्रकरण का मामला अब हाई प्रोफाइल मामला बनता जा रहा है, जिसे स्थानीय पुलिस द्वारा पूरी तरीके से नजरअंदाज किया जा रहा है। स्नेहा के पिता सुनील कुमार की माने तो अभी तक इस मामले में किसी भी तरह की गिरफ्तारी न होने से संशय और गहराता चला जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब नामजद प्राथमिकी थाने पर दर्ज कर दी गई है तो कौन सी ऐसी विडम्बना है जिसके कारण भेलूपुर थाने की पुलिस अभी तक हॉस्टल संचालक को गिरफ्तार नहीं कर पाई, इसके अलावा स्नेहा मौत प्रकरण के कई सवाल अभी भी परिजन पूछ रहे हैं।उनका कहना है कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर संचालक को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश होने पर ऐसे ऐसे सवाल पूछे जाएंगे जिसका जवाब ना तो पुलिस के पास होगा और ना ही हॉस्टल संचालक। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर यूपी सरकार भले ही चुप्पी साध ली है लेकिन बिहार सरकार के विधायको ने इसे बिहार विधानसभा में मुद्दा बनाकर उठाया है। किसी मौत के प्रकरण को विधानसभा में उठाना इस बात को इंगित करता है कि वह प्रकरण काफी चर्चित है उन्होंने कहा इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाने के बाद ही न्याय मिल पाएगा।

दोषी हों अरेस्ट

आठ मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर शास्त्री घाट पर दो सौ महिलाएं करेंगी विरोध

महिला दिवस पर बुलंद की जाएगी आवाज

स्नेहा मौत प्रकरण में गिरफ्तारी की मांग को लेकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को शास्त्री घाट पर देशभर की करीब 200 महिलाएं अपना आवाज बुलंद करते हुए दोषियों के खिलाफ गिरफ्तारी की मांग करेंगे इस दौरान सभी दिन भर धरना देंगे धरना प्रदर्शन में देशभर की महिलाओं का समर्थन है और देशभर से महिलाएं इसमें शामिल हो रही है शामिल होने वाली महिलाओं का कहना है कि ऐसे प्रकरण में अगर आवाज नहीं उठाई गई तो आने वाले दिनों में ऐसी घटनाएं होती रहेंगे और गुनहगार समाज में बैठक घूमते रहेंगे। बताया कि दिन भर धरना के पश्चात यूपी सरकार को डीएम के माध्यम से विज्ञापन भी सोपे जाएगा इसके बाद भी अगर दोषियों के गिरफ्तारी नहीं होती है तो कोई और रणनीति अपनाई जाएगी।

ऐसा लग रहा, जाड़ा दस्तक दे रहा

ठंडी हवा ने सबको चौंकाया, पछुआ हवा का खेल

गिरा पारा

अधिकतम तापमान पांच डिग्री तक गिरा, हल्के गर्म कपड़े निकले

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। देश के उत्तरी इलाकों में तेज बर्फबारी का असर काशी में दिखा जब मंगलवार की रात से हवा तेज हुई और बुधवार को तो लगा कि जाड़ा नये सिरे से आ गया है। 14 किमी की रफ्तार से बहती पछुआ हवा ने स्वेटर व जर्सी निकलवा दी। बक्से में लौट चुके कपड़े रात और सुबह पहनने के लिए निकल आए हैं और सभी चकित हैं कि क्या होली तक मौसम में तरावट रहेगी। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विछोभ भी बना हुअ है,लेकिन बादल इस तरफ नहीं आएंगे। अलबत्ता हिमाचल व उत्तराखंड में बर्फ गिरने से मौसम बदल गया है और अगले तीन दिन तो तरावट का आनंद सब ले सकेंगे। 31 डिग्री तक पहुंच गया अधिकताम तापमान 26 पर आ गया और न्यूनतम तापमान कम हुआ और फीलिंग ने तो जाड़े का ऐहसास करा दिया है। चूंकि पश्चिम यूपी का मौसम बदल गया है तो यूपी का ये हिस्सा अछूता कैसे रह सकता है। बिजनौर में नयूनतम तापमान 12 डिग्री तक गिरा। मौसम के बदलाव का असर घाटों पर सैर करने वालों पर पड़ा और कपड़ों का वजन बढ़ाए लोग वातावरण का मजा लेते

चिताभस्म की होली आमजन के लिए नहीं

वाराणसी। असि घाट पर विश्व वैदिक सनातन न्यास के तत्वाधान में संगोष्ठी काशी तीर्थ धर्म की शास्त्रीय मयार्दा के रक्षार्थ अशास्त्रीय इवेंट, मसाने होली के विरोध में विद्वतजनों की संगोष्ठी हुई। संगोष्ठी में भारतमाता के पूजन के बाद अपने उद्बोधन में विद्वत परिषद के महामंत्री रामनारायण द्विवेदी ने कहा कि श्मशान में बिना कारण नहीं जाना चाहिए। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं विश्वनाथ मंदिर के मानित निर्देशक डॉ विनय पांडेय ने शास्त्र प्रमाणों के उदाहरण देते हुये कहा कि यह परंपरा हमारे शास्त्रों में कही नहीं लिखा गया कि चिताभस्म होली आमजनों के लिए हैं। यह धर्म का उल्लंघन हैं एवं एक इवेंट बन चुका हैं। इसे पूर्ण रूप से बंद कर देना चाहिए। काशी हिंदू विश्वविद्यालय ज्योतिष विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष चंद्रमौली उपाध्याय ने कहा कि आज के युवाजन रील और वीडियो के कारण इस तरह के कार्य में फंसते जा रहे हैं। विश्व वैदिक सनातन न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा धर्म और शास्त्रीय प्रमाणों के आलोक में

बोले वक्ता

विश्व वैदिक सनातन न्यास के तत्वावधान में संगोष्ठी में लोगों ने किया विरोध

काशी के विद्वज्जन और काशीवासी विचार करें कि विगत कुछ वर्षों से काशी की पवित्रता शुचिता और महिमा को धुरधूसरित कर मसाने की होली के नाम पर कुछ मतिमूढ़ लोगों द्वारा युवाओं को इकट्ठा कर नशे में मदमस्त कर हुड़दंग मचाना उचितं एवं धर्मसम्मत नहीं है इसे तत्काल बंद कर देना चाहिए। सभी वक्ताओं ने एक मत हो कर कहा कलयुग और आधुनिकता के प्रभाव से भटके हुए सनातनी नवयुवक-युवतियों को यह ज्ञात कराना आवश्यक है कि शास्त्र हमारे पथ प्रदर्शक हैं। शास्त्रों के आश्रय में जिया गया जीवन स्वयं में दिव्य एवं समाज के लिए एक आदर्श बन जाता है। शास्त्र दीर्घजीवी नहीं बनाते पर दिव्यजीवी बना देते हैं। इसलिए शास्त्रों में बताए गए अपने धर्म के अनुसार कर्म एवं आचरण करें। संचालन न्यास के प्रदेश संगठन मंत्री अश्वनी त्रिपाठी ने किया।

तरावीह मुकम्मल..., हाफिजों का खैरमकदम

मस्जिदों में नूरानी माहौल

इस वक्त सहरी और इफ्तार का दौर चल रहा

वाराणसी। इबादत का महीना रमजान शुरू है। खत्म तरावीह पर इमामों का गुलपोशी कर खैरमकदम हुआ। नूरानी माहौल में नमाजियों ने तरावीह खत्म करने के बाद एक-दूसरे से मुसाफा किया और मुबारकबाद दी।शहर की तीन मस्जिदों में तरावीह खत्म हुई है। अभी काफी मस्जिदों में तरावीह की नमाज हो रही है। रमजान की आमद होते ही अल्लाह की इबादत में मोमिन मशगूल हो जाते हैं।सहरी, इफ्तार, नमाज, तिलावत के साथ ही सभी इबादतगाहों में तरावीह की नमाज भी शुरू हो जाती है। लाट मस्जिद सरैया और मखदूम शाह बाबा की मस्जिद में तीन दिनों की तरावीह सोमवार देर रात खत्म हुई। इन दोनों मस्जिदों के मुतवल्ली बुनकर बिरादराना तंजीम चौदहों के सरदार हाजी मकबूल हसन की सदारत में तरावीह पढ़ाई गई। लाट मस्जिद में हाफिज जुबैर और मखदूम शाह बाबा मस्जिद में हाफिज जुनैद अंसारी ने तरावीह मुकम्मल कराई। तरावीह खत्म होने पर नमाजियों ने दोनों हाफिज को माला पहना कर मुबारकबाद दिया और उनका शुक्रिया अदा किया। उन्हें कपड़े और तोहफे दिए गए। इस दौरान सभी नमामियों में मिठाई बांटी गई। उधर, कचहरी पर भी तरावीह खत्म हुई। इस्तकबाल करने वालों में पार्षद हाजी ओकास अंसारी, हाजी अब्दुल वहीद, रिजवान अहमद, सरदार अलीमुद्दीन, गुलाम नबी, हाजी रिजवान, हाजी अब्दुल अजीज आदि रहे।

बिस्मिल्लाह खां के आवास पर रोजा इफ्तार

भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां के आवास पर बुधवार को 80 साल पुरानी रवायत निभाई गई। रमजान महीने के पहले बुधवार को हर साल

80 साल पुरानी रवायत निभायी गई

की तरह इस साल में भी रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया । शिया जामा मस्जिद के प्रवक्ता हाजी फरमान हैदर ने बताया कि को हड़हासराय स्थित उस्ताद के निवास पर कदीमी इफ्तार, नमाज और मजलिस का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में लोगोंने भाग लिया। बिस्मिल्लाह खान के यहां 80 साल से पुरानी रवायत चल रही है। आज बिस्मिल्लाह के आवास पर रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया जिसमे काफी लीगों ने भाग लिया।

मिस्टर फ्रेशर प्रतीक, मिस फ्रेशर विभा

वाराणसी। बड़ा लालपुर स्थित जीवनदीप शिक्षण समूह के नर्सिंग हॉल में बुधवार को पैरामेडिकल विभाग के छात्र-छात्राओं का फ्रेशर समारोह आयोजित हुआ। जिसमें प्रतीक को मिस्टर फ्रेशर और विभा को मिस फ्रेशर चुना गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन, माल्यार्पण व वंदना से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शिक्षण समूह के चेयरमैन डा. अशोक कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी। इस दौरान वाइस चेयरमैन डा. अंशू सिंह ने भी सभी का स्वागत किया। मुख्य अतिथि मदन मोहन मालवीय कैन्सर इंस्टिट्यूट के सर्जन डा. असीम मिश्रा ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए बताया की कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। इसके लिए हमें अपने सोच में परिवर्तन लाने की जरुरत है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने चित्र के अलावा गायन, एकल नृत्य, समुह नृत्य आदि प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन पैरामेडिकल विभाग के प्राचार्य डॉ. वीके सिंह ने किया। इस दौरान जीवनदीप महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. इन्द्रेश चंद्र सिंह, सम्बद्धता निदेशक शैलेश त्रिवेदी, उप प्राचार्य डॉ. नंदा द्विवेदी, डॉ. अमित सिंह, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी और छात्र मौजूद रहे।

औरंगजेब को लेकर सफा-कांग्रेस पर तीखा प्रहार

आलोचना

पूर्व मेयर ने कहा कि औरंगजेबवादियों के लिए कोई जगह नहीं

वाराणसी । पूर्व महापौर रामगोपाल मोहले ने मुगल बादशाह औरंगजेब को लेकर छिड़े सियासी धमासान पर सपा और कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि भारतीय लोकतन्त्र में औरंगजेब वादियों के लिए कोई जगह नहीं । उन्होंने औरंगजेब की तारीफ करने वाले सपा विधायक अबू आजमी के महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबन को जायज ठहराते हुए कि यह भारतीय सँस्कृति विरोधी सोच रखने वालों के लिये एक सबक है । रामगोपाल मोहले ने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली सपा और कांग्रेस अब पूरी तरह बेनकाब हो चुकी है । जिस मुगल बादशाह ने अपनी कट्टर और साम्प्रदायिक हिंसा से देश में हिंदुओं पर जुल्म ढाया और हिन्दू धार्मिक स्थलों को ध्वस्त कर वहां मस्जिदों की तामीर की , उसकी शान में कसीदा पढ़ने वालों को देश की जनता कभी क्षमा नहीं कर सकती । उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस बयान का समर्थन किया , जिसमें उन्होंने औरंगजेब की तारीफ और तरफदारी करने वालों को कड़ा सबक सिखाने की बात कही है । श्री मोहले ने कहा कि भारतीय इतिहास में औरंगजेब की हुकूमत का दौर एक काला धब्बा है , जिसके हर पन्ने पर हिंदुओं पर जुल्मों सितम की दास्तां दर्ज है । औरंगजेब का समर्थन मतलब राष्ट्र नायक शिवाजी महाराज का अपमान ऐसा करना देशद्रोह के समान है । अब आजाद भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में ऐसे मजहबी कट्टर शासकों को महिमा मंडित करने वाले नेताओं और उनकी पार्टियों को जनता बर्दाश्त नहीं।

पन्नालाल पार्क उपकेंद्र से सुबह से ही कटी बिजली

वाराणसी। शिवपुर के छतरीपुर इलाके में बुधवार को सुबह 10 बजे से विद्युत आपूर्ति ठप हो गई, जो देर रात तक बहाल नहीं हो सकी। लोगों का कहना है कि पन्नालाल पार्क उप केंद्र से ही बिजली कटी रही। इस बारे में जब क्षेत्रीय लोगों ने विभागीय ग्रुप पर मैसेज कर जानकारी हासिल करने का प्रयास किया तो भी एसडीओ समेत अन्य अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। बिजली न रहने से बोर्ड परीक्षा की तैयारी को लेकर पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लाइट कटने से शाम के समय कई इलाकों में जलापूर्ति भी ठप रही।

पीड़ितों संग संयुक्त पुलिस कमिश्नर से मिले कांग्रेसी

वाराणसी। बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) के उत्तरी ककरमत्ता क्षेत्र में बरेका प्रशासन की ओर से चहारदीवारी बंद किए जाने का रविवार को विरोध कर रहे स्थानीय ग्रामीणों पर लाठीचार्ज व तीन लोगों को हिरासत में लेने तथा दर्जनों लोगों पर मुकदमा दर्ज करने के विरोध में बुधवार को पीड़ित ग्रामीणों के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रतिनिधिमंडल संयुक्त पुलिस कमिश्नर से मुलाकात कर मुख्यमंत्री को संबोधित पत्रक सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल व महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने किया।

संयुक्त पुलिस कमिश्नर से मिलने के पश्चात महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने कहा कि संयुक्त पुलिस कमिश्नर के प्रतिनिधि से मुलाकात कर मुख्यमंत्री को संबोधित पत्रक सौंपा। इस प्रकरण में न्याय की मांग हम कांग्रेसजन करते है। सर्वप्रथम बरेका द्वारा रास्ता को खोला जाए, पीड़ितों को न्याय मिले व प्रशासनिक दोषियों पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। शासन-प्रशासन द्वारा ग्रामीणों संग इस तरह का बर्ताव करना दुर्भाग्यपूर्ण है। स्थानीय जनप्रतिनिधियो के नकारेपन के कारण वार्ड नंबर 38 ककरमत्ता उत्तरी के निवासियों पर ट्रिपल इंजन की सरकार का कहर और तांडव देखने को मिला। बरेका प्रशासन की तानाशाही तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की अनदेखी व नाकामी के कारण ककरमत्ता उत्तरी का रास्ता जबरदस्ती बंद कर दिया गया है तथा प्रशासन द्वारा ककरमत्ता उत्तरी के निवासियों पर क्षेत्र में घुसकर लाठी चार्ज करना, महिलाओं के साथ बदतमीजी करना नौजवानों को गिरफ्तार कर के ले जाने के खिलाफ, सत्ताधारी दल के प्रतिनिधियों की रहस्यमयी चुप्पी कहीं न कहीं गंभीर षडयंत्र की ओर इशारा करती है।

कार्रवाई की मांग

बरेका प्रकरण में मुख्यमंत्री के नाम संबोधित मांग पत्र सौंपकर की दोषियों पर कार्रवाई की मांग

इस प्रकरण में कांग्रेस पार्टी पीड़ितों के साथ खड़ी हैऔर हर संभव मदद के लिए तैयार है। म मुख्यमंत्री जी को संबोधित पत्रक के माध्यम से मांग करते है कि इस प्रकरण में न्याय मिले अन्यथा हम कांग्रेसजन न्यायालय का दरवाजा खटखटा कर न्याय की गुहार लगाएंगे व दोषियों के खिलाफ कार्यवाही व पीड़ितों के न्याय अधिकार की लड़ाई लड़ेंगे। पुलिस प्रशासन द्वारा आश्वस्त किया गया कि पूरे प्रकरण की जांच के लिए एडीसीपी वरुणा को जांच अधिकारी नियुक्त कर निष्पक्ष कार्यवाही करायी जाएगी। प्रतिनिधि मंडल द्वारा पूरे प्रकरण की एक रिपोर्ट बना कर मानवाधिकार आयोग व महिला आयोग से भी हस्तक्षेप करने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल में फसाहत हुसैन बाबू, वकील अंसारी, सतनाम सिंह, अनुराधा यादव, वैभव त्रिपाठी, राजू गौतम, अशोक सिंह, राजीव राम, हसन मेहदी कब्बन, प्रमोद वर्मा, लोकेश सिंह, रामकेश यादव, रोहित दुबे,परवेज खां, सुशील पाण्डेय, रोहित मिश्रा, राजेश्वर विश्वकर्मा, गुरु प्रसाद यादव, ज्ञान प्रताप सिंह डिम्पल, मो उज्जैर, रोहित पटेल समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण व महिलाएं मौजूद थीं।

मसान की होली शास्त्रीय परम्परा नहीं धार्मिक महत्व के साथ खिलवाड़

गृहस्थ जीवन यापन करने वालों को अकारण श्मशान में जाने की मनाही है ही, महिलाओ को तो कदापि भूलकर भी श्मशान में नहीं जाना चाहिए

अश्वनी कुमार श्रीवास्तव

वाराणसी। श्मशानेस्वाक्रीड़ा स्मरहर पिशाचा सहचरा, चिताभस्मालेपो गरल मसनं दिक्पटधरो। अर्थात शिव महिम्न स्तोत्र में पुष्पदन्त गंधर्व भगवान शिव द्वारा चिता भस्म के उपयोग के बारे में वर्णन करते हुए कहते हैं श्मशान में शिव अपने सहचरों भूत प्रेत पिशाच यक्ष किन्नर गंधर्व आदि के क्रीड़ा करते हैं। अकारण गृहस्थ जीवन यापन करने वालों को तो श्मशान में जाने की मनाही है ही महिलाओं को तो कदापि भूलकर भी श्मशान में नहीं जाना चाहिए। मसान की होली शास्त्रीय परम्परा नहीं है निजी स्वार्थ में काशी की शास्त्रीय व धार्मिक महत्व के साथ खिलवाड़ करने का प्रयास किया जा रहा है। इस कृत्य से काशी की सामाजिक, आर्थिक व परिवारिक पीड़ा से धार्मिक सौहार्द बिगड़ता है। मसान नाथ मंदिर प्रबंधक और वाराणसी प्रशासन ही जिम्मेदार होता है। काशी धर्म शास्त्र की ज्ञान की राजधानी है।अतः अनैतिक तरीके से कार्य होने से प्रदेश में अनैतिकता के कारण बुरा प्रभाव आसक्त है। पूर्व में यक्ष, गंधर्व, औघड़,सन्यासी देव ब्राह्मण,शिव दूत भगवान की शोभा यात्रा का विधान है। मसान नाथ के पुजारी व स्थानीय शिव भक्त के द्वारा न की मसान पर राम नाम की धुली को तांत्रिक, अघोड़ी, सिद्ध महात्मा लोग शान्त वातावरण में धर्म पथ पर अग्रसर होकर साधना करते है। अतः जबरन नई परम्परा कर जन मानस को धोखा देना उचित नहीं है। शासन और प्रशासन को इस कृत्य पर आजीवन रोक लगाना चाहिए।

ग्रंथों में उल्लेख

श्मशान में शिव अपने सहचरों भूत प्रेत पिशाच यक्ष किन्नर गंधर्व आदि के साथ क्रीड़ा करते हैं

बीते कुछ वर्षो से कुछ लोगों ने इसे काशी का ब्रांड बनाकर ऐसे पेश किया कि नई पीढ़ी इससे अज्ञान है

ज्योतिषाचार्य आचार्य पं. वेद प्रकाश मिश्र कलाधर कहते हैं कि शास्त्रों में श्मशान में प्रवेश वर्जित होने के उल्लेख साफ तौर पर कहा गया है। इधर कुछ वर्षो से जिन लोगों ने इसे ब्रांड बनाया है वह लोगों को मूर्ख बना रहे हैं बताया कि बाबा रंगभरी एकादशी को माता का गौना कराने गये तो विवाह की स्थिति देख अपने किसी भी गण को लेकन ससुराल नहीं गये, मां का गौना कराने में सिर्फ देवता ही शामिल थे बाबा के ससुराल से कैलाश तक खूब गुलाल उड़ा इसे देख उनके गण मायूस हुए तो दूसरे दिन बाबा उनके साथ मसान पर भस्मों से होली खेली ना कि देवता व गृहस्थों के साथ लेकिन आज जिस तरह से इसे पेश किया जा रहा है वह पूरी तरह से शास्त्र संमत नहीं है। वेद प्रकाश मिश्र ने कई ग्रंथो में लिखे दोहे का भी उल्लेख किया।

गरुड़ पुराण

(आचारकाण्ड-10.49-50)

श्मशानं न गच्छेत तु न चापि चिरसंस्थितिः यत्र मृत्युः सदा तिष्ठेत् तत्र गच्छन्ति पापकाः

अर्थात- श्मशान में बिना कारण नहीं जाना चाहिए और वहाँ अधिक समय तक नहीं ठहरना चाहिए। यह स्थान मृत्यु का वासस्थान है और केवल पापी लोग ही अनावश्यक रूप से वहाँ जाते हैं।

मनुस्मृति (5.95-96)

श्मशानेषु च तीर्थेषु विप्राणां सङ्गतिः सदा, न विद्यते शुभं तत्र यतः पापं प्रजायते

अर्थात- विप्र (सनातनियों) को श्मशान और ऐसे स्थानों पर जाने से बचना चाहिए, क्योंकि वहाँ की संगति से अशुभ प्रभाव उत्पन्न होता है और पाप की संभावना बढ़ती है। इन शास्त्रीय प्रमाणों के आलोक में काशी के विद्वाज्जन और काशीवासी विचार करें कि विगत कुछ वर्षों से काशी की पवित्रता शुचिता और महिमा को धुरधूसरित कर 'मसाने की होली' या चिता भस्म होली के नाम पर कुछ मतिमूढ़ लोगों द्वारा युवाओं को इकट्ठा कर नशे में मदमस्त कर हुड़दंग मचाना उचित है?

नास्थिभस्मकपालानि न केशान्न च कण्टकान, तुषाङ्गारकरीषं वा नाधितिष्ठेत कदाचन

अर्थात- अस्थि, भस्म, कपाल, बाल, कण्टक, भूसी, अंगार और शुष्क गोबर पर कभी भी बैठना नहीं चाहिये। बुद्धिमान व्यक्ति को अग्नि का लंघन नहीं करना चाहिये। कूर्मपुराण धर्म संस्कार के जन्म-मरण प्रसंगों में सूतक (अशौच) लागू होता उस संदर्भ में कहा गया है कि अकारण या लोभ में श्मशान भूमि पर जाने वाले ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य शूद्र को 10 से 30 दिन तक का सूतक लगा है।

बोले वैदिक सनातन धर्म के अध्यक्ष

वैदिक सनातन धर्म के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि इस तरह के आयोजन जो लोगों को भ्रमित कर रहे है इस पर पूरी तरह से रोक लगना चाहिए बताया कि इस बाबत जिलाधिकारी व पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन सौंपकर ऐसे आयोजन को रोकने की मांग की गयी है। शास्त्रों में कभी भी ऐसा उल्लेख नहीं है कि गृहस्थ के लोग श्मशान में जाकर चिता भस्म की होली खेले।

पेड़ों की कटाई पर अंतिम बहस सात जुलाई को

एनजीटी में सुनवाई

बीएचयू कैंपस से चंदन के 11 पेड़ काटने का मामला

वाराणसी। बीएचयू के भौतिकी विभाग की शोध छात्रा वृंदा पाल पर सूखे ताड़ का पेड़ गिर गया था। इस वजह से वह बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में दो माह से भर्ती थीं। इसके चलते छात्रों के लिए गंभीर खतरा बने बीएचयू परिसर के 11 पेड़ काटने पड़े थे। इसके अलावा बीएचयू प्रशासन द्वारा चंदन के पेड़ों की कटाई नहीं कराई गई है। इस संबंध में पुलिस फाइनल रिपोर्ट दाखिल कर चुकी है। अवैध ढंग से पेड़ों की कटाई के मामले में यह जवाब बीएचयू की ओर से एनजीटी में दाखिल किया गया है। बीएचयू में अवैध ढंग से पेड़ों की कटाई के मामले में अब सात जुलाई को अंतिम बहस होगी।

बीएचयू में अवैध ढंग से पेड़ों की कटाई के मामले में बीते मंगलवार को एनजीटी की प्रधान पीठ के चेयरपर्सन न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव, न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल, विशेषज्ञ सदस्य डा. ए. सेंथिल वेल और विशेषज्ञ सदस्य डा. अफरोज अहमद की चार सदस्यीय पीठ के समक्ष सुनवाई हुई। बीएचयू के वकील द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपनी खराब तबीयत का हवाला देकर समय की मांग की गई। सुनवाई के दौरान चेयरपर्सन न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने याचिकाकर्ता व अधिवक्ता सौरभ तिवारी से पूछा की क्या आपको बीएचयू के जवाब की कॉपी मिल गई है। अधिवक्ता सौरभ तिवारी ने बताया कि जवाब की कॉपी मिल गयी है और उन्होंने प्रति उत्तर भी दाखिल कर दिया है। बीएचयू के वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता के जवाब की कॉपी उनको नहीं मिली है। इस पर एनजीटी ने अधिवक्ता सौरभ तिवारी को एक हफ्ते के अंदर अपने जवाब की कॉपी सभी विपक्षियों को देने का आदेश दिया। विशेषज्ञ सदस्य डॉ. अफरोज अहमद ने कहा की वाराणसी के डीएफओ की रिपोर्ट भी आ चुकी है। इसके बाद एनजीटी द्वारा अंतिम रूप से सुनवाई के लिए अगली तिथि सात जुलाई निर्धारित कर दी गई।

तीन दिनी कार्डियबकान का शुभारम्भ कल से

वाराणसी। कार्डियबकान सोसायटी के तत्वावधान में हार्ट, शुगर व गुर्दा रोग पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस 'कार्डियबकान-2025' का आयोजन सात से नौ मार्च तक बीएचयू स्थित स्वतंत्रता भवन में किया गया है। जिसमें देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी विशेषज्ञ शामिल होंगे,जो हॉर्ट गुर्दा और शुगर रोग के इलाज पर वैश्विक स्तर पर होने वाले आधुनिक शोध व नई पद्धतियों पर चर्चा करेंगे। बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कार्डियबकान सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ पल्लवी मिश्रा व राष्ट्रीय सचिव डॉ आशुतोष मिश्रा ने संयुक्त रूप से इस बात की जानकारी देते हुए बताया कि कार्डियबकान- 2025 एक तरह का समुद्र मंथन है, जिसमें डायबिटीज जैसे बीमारी होने के बाद उसका हृदय गुर्दा और आंख पर क्या असर पड़ता है और कैसे इसका आधुनिक व उन्नत पद्धति से उपचार हो इस पर विशेषज्ञों के विचार आएंगे।इसी आधुनिक व उन्नत पद्धति को अमल में लाते हुए देश के कोने कोने से डायबिटीज रोग के विशेषज्ञ अपने मरीजों का इलाज करेंगे। कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस होने के उपलक्ष में 11 दिव्यांग महिलाओं को 11 सामान्य महिलाओं को उनके उत्कृष्ट सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित भी किया जाएगा।

संक्षेप

हरी झंडी दिखाकर वाहनों को किया रवाना

वाराणसी। आगामी आठ मार्च को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु बुधवार को प्रचार-प्रसार वाहनों को जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव पाण्डेय द्वारा जनपद न्यायालय परिसर से फ्लैग दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला जज ने कहा कि प्रचार-प्रसार वाहन आम जन के बीच आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति जागरूक करेंगे। जिससे अधिक से अधिक वादों का निस्तारण हो। इस अवसर पर स्थायी लोक अदालत के चेयरमैन संतराम, मोटर दावा दुर्घटना अधिकरण के पीओ अश्विनी कुमार दूबे प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय हरेन्द्र बहादुर सिंह, राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल प्रभारी अपर जनपद न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट अनिल कुमार पंचम, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जनपद न्यायाधीश विजय कुमार विश्वकर्मा, अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव तथा जनपद के अन्य न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहें।

संदीप बास्केटबॉल टीम के कोच नियुक्त

वाराणसी। उत्तर प्रदेश बास्केटबॉल संघ ने बरेका में मुख्य कार्यालय अधीक्षक के पद पर कार्यरत श्री संदीप यादव को उत्तर प्रदेश पुरुष एवं महिला अंडर-23 बास्केटबॉल टीम का कोच नियुक्त किया है। यह टीमें आगामी प्रथम व-23 नेशनल बास्केटबॉल चैम्पियनशिप (पुरुष एवं महिला) में भाग लेंगी, जो 18 से 24 मार्च 2025 तक गुवाहाटी, असम में आयोजित की जाएगी। चैम्पियनशिप से पूर्व, 01 से 15 मार्च 2025 तक गाज़ियाबाद स्थित नेहरू वर्ल्ड स्कूल में प्रि-नेशनल कोचिंग कैंप आयोजित किया जायेगा। संघ के महासचिव श्री वीरेंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि संदीप यादव के नेतृत्व में टीम को बेहतरीन मार्गदर्शन मिलेगा। उनके अनुभव और प्रशिक्षण से खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।

प्रो. रेखा ने संभाला समाज विज्ञान संकायाध्यक्ष का दायित्व

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के समाज विज्ञान संकाय में बुधवार को प्रो. रेखा ने संकायाध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण किया। वरिष्ठताक्रम एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी के आदेशानुसार समाजशास्त्र विभाग की प्रो. रेखा को संकायाध्यक्ष बनाया गया। प्रो. रेखा विश्वविद्यालय की एससी-एसटी प्रकोष्ठ की अध्यक्ष भी हैं। इस अवसर पर प्रो. ब्रजेश कुमार सिंह, प्रो. भारती रस्तोगी, प्रो. तेजबहादुर सिंह, प्रो. सुशील कुमार गौतम, प्रो. सूर्यभान प्रसाद, प्रो. राजीव कुमार, प्रो. सत्या सिंह, प्रो. अनीता सिंह गौतम, प्रो. शैफाली ठकराल, प्रो. संगीता घोष, डा. जयप्रकाश, डा. सौम्या यादव समेत अन्य अध्यापक उपस्थित रहे।

एनएसएस स्वयंसेवकों ने सुरक्षित यातायात के लिए किया जागरूक

वाराणसी। राष्ट्रीय सेवा योजना महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष (दिन/रात) शिविर के दूसरे दिन बुधवार को गायत्री शक्तिपीठ सामने घाट नगवां में सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं यातायात नियमों के पालन पर परिचर्चा हुई। इसके बाद नगवां सामने घाट क्षेत्र में यातायात जागरूकता रैली निकाली गई। इस मौके पर सभी स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन संबंधी शपथ भी ली। इस अवसर पर नारायणजी चौबे, कार्तिकेय, सचिन, दीपांशु, अंकित, विधान, प्रिंस सिंह, आदित्य अग्रहरि, आकाश, हर्ष गुप्ता, अनुराग, कृष, अर्पित जायसवाल, आनंद, अंकुश, वरुण, सिद्धार्थ, आदित्य, रोहन सहित 50 स्वयंसेवक शिविर में उपस्थित रहे।

प्लास्टिक यूज रोकने के लिए किया जागरूक

वाराणसी। राष्ट्रीय सेवा योजना के एकदिवसीय शिविर के चौथे शिविर में प्लास्टिक का इस्तेमाल रोकने के उद्देश्य से जगतपुर पीजी कॉलेज में इको क्लब - मिशन फार लाइफ की स्थापना की गई तथा पर्यावरण गतिविधियों और परियोजनाओं के क्रियान्वयन में छात्राओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से इसकी शुरूआत की गई। इसके तहत छात्र-छात्राओं के साथ हर महीने पर्यावरण संबंधित गतिविधियां कराई जाएंगी। इसी क्रम में मंगलवार को जगतपुर पीजी कॉलेज में प्रचार प्रोफेसर अनिल प्रताप सिंह के संरक्षण में एवं सेकंड यूनिट की कार्यक्रम अधिकारी डा. अमिता श्रीवास्तव के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्र में अभिभावकों से कपड़े का थैला उपयोग में लाने व कागज का ढोंगा बनाने की अपील की। वॉलिंटियर्स एवं रेंजर छात्राओं ने बढ़-चढ़कर संपूर्ण योगदान दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक गण एवं कर्मचारियों ने अपना पूर्ण सहयोग दिया।

एआई आधारित शिक्षण सामग्री के निर्माण का कराया अभ्यास

वाराणसी। अंतर विश्वविद्यालय अध्यापक शिक्षा केंद्र, बीएचयू में 'ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स : इंटीग्रेशन ऑफ एआई इन टीचिंग-लर्निंग एंड रिसर्च' विषय पर आयोजित छह दिवसीय कार्यशाला के तीसरे दिन बुधवार को प्रथम सत्र में आईयूसीटीई के अस्सिटेंट प्रोफेसर डा. ज्ञानेंद्र सिंह ने एआई-आधारित सामग्री निर्माण का अभ्यास कराया। उन्होंने चैटजीपीटी, डीपसीक, माइक्रोसॉफ्ट कोपायलट सहित टूल्स का उपयोग करके पॉवरप्वाइंट प्रस्तुतियों के लिए शिक्षण सामग्री निर्मित करने और वीबीए कोड का उपयोग करके सामग्री अपलोड करना सिखाया। साथ ही गूगल स्लाइड्स के साथ एआई एक्सटेंशन के उपयोग की चर्चा की ताकि शिक्षण दक्षता में सुधार व क्लासपॉइंट ऐप को इंटरैक्टिव कक्षा अनुभव बनाने के लिए उपयोग किया जा सके। द्वितीय व तृतीय सत्र में आईयूसीटीई के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. राजा पाठक ने साहित्य समीक्षा में एआई टूल्स का उपयोग विषय पर व्याख्यान दिया और एआई टूल्स की मदद से साहित्य समीक्षा करने का अभ्यास कराया। उन्होंने विद्यार्थियों की समस्याओं और समाधानों को एआई की मदद से हल करने पर भी प्रकाश डाला। चतुर्थ सत्र को ब्रेन स्टॉर्मिंग के रूप में डॉ. राजा पाठक ने आयोजित किया जिसमें उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स के उपयोग में आने वाली समस्याओं पर परिचर्चा की और उसके समाधान भी बताए। इस कार्यशाला में कश्मीर, गोवा, महाराष्ट्र, असम, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश सहित दस से अधिक राज्यों के उच्च शिक्षा के अध्यापक प्रतिभाग कर रहे हैं। संचालन व समन्वयन डा. राजा पाठक ने किया।

नुक्कड़ नाटक से किया साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक

वाराणसी। डीएवी पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत चल रहे सप्ताहव्यापी शिविर में पांचवे दिन बुधवार को नुक्कड़ नाटक, रैली, योगाभ्यास आदि कार्यक्रम आयोजित हुए। इकाई सी, एफ एवं जी के स्वयंसेवकों ने अस्सी घाट पर तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध के प्रति जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इसके उपरांत महारानी लक्ष्मीबाई जन्मस्थली पर जाकर उनके पराक्रम और शौर्य गाथा से रूबरू हुए। इस मौके पर भारत कला भवन के पूर्व संयुक्त निदेशक प्रो. नवल कृष्ण ने विचार रखे। कार्यक्रम अधिकारी डा. राजेश झा, डा. दीपक शर्मा एवं डा. मनीषा सिंह ने भी स्वयंसेवकों को संबोधित किया। दुगार्कुण्ड स्थित धर्मसंघ प्रांगण में चल रहे इकाई ई एवं एच के स्वयंसेवकों ने सबसे पहले डा. पूर्णिमा मिश्रा के निर्देशन में योगाभ्यास किया। इसके बाद डा. शान्तनु सौरभ ने स्वयंसेवकों को एआई और साइबर सुरक्षा पर व्याख्यान दिया। संयोजन डा. ऋचा गुप्ता एवं डा. प्रियंका बहल ने किया। इकाई बी के स्वयंसेवकों के लिए कंचनपुर ग्राम में कार्यक्रम अधिकारी डा. ओमप्रकाश कुमार के निर्देशन में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कैम्प लगाया गया। मुख्य अतिथि शिव प्रसाद गुप्त चिकित्सालय के क्षय रोग विशेषज्ञ डा. अन्वित श्रीवास्तव ने टीबी संबधी जरूरी दिशा निर्देश दिए।

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत किया जागरूक

गंगापुर। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के डा. विभूति नारायण सिंह परिसर, गंगापुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन बुधवार को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। प्रारंभिक सत्र में कार्यक्रम अधिकारियों ने स्वयंसेवकों को सामाजिक दायित्वों की जानकारी दी। स्वयंसेवकों को छोटे-छोटे समूहों में विभाजित कर डीह गंजारी ग्राम सभा के मोतीकोट, आहोपुर और डीह गांवों में जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के समर्थन में एक विशाल रैली निकाली, जो डीह गंजारी ग्राम सभा तक पहुंची।

विज्ञान व प्रौद्योगिकी संकाय में शोध समिति की बैठक कल

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय में शोध समिति (हाइब्रिड मोड) की बैठक सात मार्च को आयोजित है। संकायाध्यक्ष डा. आशुतोष कुमार ने बताया कि बैठक में शोध कोर्सवर्क एवं पी-एच.डी. रजिस्ट्रेशन के लिए छात्र-छात्राओं का मौखिक एवं पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन होगा। उन्होंने बताया कि बैठक दोपहर दो बजे से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय के संकायाध्यक्ष कक्ष में होगी।

शोध प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि पांच अप्रैल

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के अंग्रेजी विभाग की शोध प्रवेश परीक्षा 2023-24 में उत्तीर्ण एवं शोध प्रवेश परीक्षा से मुक्त (नेट/जेआरएफ उत्तीर्ण) अभ्यर्थी द्वितीय चरण के लिए अपने सभी शैक्षणिक दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र पांच अप्रैल तक विभाग में अवश्य जमा कर दें। प्रभारी विभागाध्यक्ष डा. नवरत्न सिंह ने बताया कि समय से आवेदन जमा न करने वाले अभ्यर्थियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

विनिर्माण क्षमता बढ़ाने से विकसित होगा भारत

बोले प्रो. नागेश

काशी हिंदू विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में भारत को 2047 तक विकसित करने का संकल्प

वाराणसी। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के तत्वावधान मे आयोजित इकान्मेट्रिक्स सोसाइटी के 59वां वार्षिक तीन दिवसीय सम्मेलन के समापन अवसर पर आईसीसीएसएसआर के मेंबर सेक्रेट्री प्रो धनंजय सिंह ने विकसित भारत की परिकल्पना को पूर्ण करने मे शिक्षा, शोध और नवाचार को बढावा देने पर बल दिया। विशिष्ट व्याख्यान मे आईएसआईडी के निदेशक प्रो नागेश कुमार ने विनिर्माण क्षेत्र पर फोकस करते हुए कहा कि भारत की विनिर्माण क्षमता को पूर्ण रूप से उपयोग करने में कई बाधाएं हैं, जिनका समाधान आवश्यक है जैसे खराब सड़कें, भीड़भाड़ वाले बंदरगाह, और अविश्वसनीय बिजली आपूर्ति परिचालन लागत बढ़ाती है और कुशल रसद को बाधित करती है। विश्वसनीय इंटरनेट की कमी आधुनिक विनिर्माण प्रक्रियाओं और उद्योग 4.0 प्रौद्योगिकियों को अपनाने में बाधा डालती है। आधुनिक विनिर्माण के लिए आवश्यक कौशल और कार्यबल के कौशल के बीच एक बड़ा अंतर है। अपर्याप्त व्यावसायिक प्रशिक्षण और उन्नत तकनीकी कौशल पर ध्यान केंद्रित न करना इसका मुख्य कारण है। भूमि अधिग्रहण, श्रम कानूनों और पर्यावरण मंजूरी से संबंधित जटिल नियम निवेश में बाधा डालते हैं। सरकारी विभागों के बीच नौकरशाही देरी और समन्वय की कमी स्थिति को और खराब करती है।लघु और मध्यम उद्यमों (एसएमई) को पर्याप्त वित्त प्राप्त करने में कठिनाई होती है। उच्च ब्याज दरें और कठोर संपार्श्विक आवश्यकताएं उनके विस्तार को रोकती हैं। भारत को चीन जैसे देशों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है, जिनके पास अधिक विकसित विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र हैं। भारत बुनियादी ढांचे में निवेश, कौशल विकास को बढ़ावा देकर, नियमों को सरल बनाकर, वित्त तक पहुंच में सुधार कर, प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देकर तथा विनिर्माण नौकरियों की धारणा को बदलकर इन चुनौतियों का समाधान कर पायेगा और तब भारत वैश्विक विनिर्माण में एक प्रमुख खिलाड़ी बन सकता है। सम्मेलन के आखिरी दिन देश के अनेक जाने माने अर्थशास्त्रियों और नीति निमार्ताओं ने भारत को विकसित करने और संपोषित विकास के लिए अपने विचार रखे। इस सत्र मे लगभग 100 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

सोशल साइंस के छात्र को 12.72 लाख का पैकेज

प्रसन्नता

बीएचयू में कैंपस प्लेसमेंट शुरू, 650 में से 250 विद्यार्थियों ने किया आवेदन

वाराणसी। बीएचयू के सामाजिक विज्ञान संकाय में मास्टर ऑफ सोशल वर्क समेत पांच पीजी कोर्स में कैंपस प्लेसमेंट की शुरूआत हो गई है। सोशल साइंस के एक छात्र को 12.72 लाख रुपये का ऑफर भी मिला। वहीं, 8-10 लाख पैकेज में 12 से ज्यादा छात्रों का प्लेसमेंट हो गया है। अभी तक कुल 22 कंपनियों ने संकाय में नौकरी देनें के लिए आगे आईं। अभी भी कई कंपनियों को बुलाने के लिए पत्राचार चल रहा है।

संकाय में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल ऑफिसर डा. मनीषा मेहरोत्रा ने बताया कि पूरी फैकल्टी में पीजी के 650 छात्र और छात्राएं हैं, जिनमें से 250 विद्यार्थियों ने कैंपस प्लेसमेंट में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन करा लिया है। पांचों विभागों इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान और समाजशास्त्र विभाग के छात्र और छात्राओं के लिए प्लेसमेंट की प्रक्रिया चल रही है। डा. मेहरोत्रा ने बताया कि प्लेसमेंट से पहले संकाय में स्टूडेंट्स लीडरशिप के 60 से ज्यादा कार्यक्रम भी कराए गए। बीते साल संकाय के स्तर पर पांच कंपनियों ने 52 छात्र-छात्राओं का चयन किया था।

प्लेसमेंट ई- ब्रोशर भी ऑनलाइन जारी

सबसे अहम बात है कि प्लेसमेंट की प्रक्रिया को पूरा करने के पीछे संकाय के छात्र मेनकी गुप्ता और अनुराग गुर्जर और उनकी टीम है। कंपनियों और स्टूडेंट्स के बीच कोऑर्डिनेशन का काम कर रहे हैं। संकाय का एक प्लेसमेंट ई- ब्रोशर भी ऑनलाइन जारी किया गया है। इसमें प्लेसमेंट की तकनीक पर चर्चा की गई है। ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, मेडिकल और साइकाट्रिक सोशल वर्क, रूरल रि-कंस्ट्रक्शन एंड अर्बन डेवलपमेंट, वुमेन-परिवार कल्याण आदि की की बेहतर समझ वाले छात्र और छात्राओं को प्लेसमेंट में तरजीह दी जा रही है।

साउथ कैंपस में रिलायंस एनर्जी ने दिया 10 लाख का पैकेज

बीएचयू के बरकछा में साउथ कैंपस में कृषि विज्ञान के सात छात्र और छात्राओं का रिलायंस एनर्जी लिमिटेड में प्लेसमेंट हुआ। एग्रो फोरेस्ट्री से एमएससी करने वाले छात्र यशोवर्धन द्विवेदी को सबसे ज्यादा 10 लाख रुपये का पैकेज मिला। बीएससी-एजी के चार छात्र और छात्राओं अर्पित सागर सिंह, विनोद शाह, कुमारी सुमन और रुचि सिंह को 8.4 लाख का पैकेज दिया गया। बीएससी-कृषि के छात्र कृष्णा प्रसाद मौर्या और जगन्नाथ बेहेरा को 6 लाख के पैकेज पर चयनित किया गया। प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. विनोद कुमार मिश्र और राजीव गांधी दक्षिण परिसर प्लेसमेंट समन्वयक डा. त्रियोगीनाथ ने बधाई दी।

नवीन शिक्षण विधियों को करें आत्मसात

सुझाव

मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र, शिक्षाशास्त्र विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की ओर से संकाय संवर्धन कार्यक्रम सपन्न

वाराणसी। मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र, शिक्षाशास्त्र विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ द्वारा आयोजित संकाय संवर्धन कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हुआ। अंतिम दिन प्रथम सत्र में शिक्षा संकाय, बीएचयू के प्रो. नागेन्द्र कुमार ने नवोन्मेषी शिक्षण-अधिगम विधि विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षण एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें एक अनुभवी व्यक्ति अपेक्षाकृत कम अनुभवी व्यक्तियों को अपने व्यवहार से प्रभावित करने की चेष्टा करता है, जिससे शिक्षण लक्ष्यों की प्राप्ति संभव हो सके।

उन्होंने कहा कि हमारी कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चों में अनेक प्रकार की विविधताएं विद्यमान होती हैं, जो सामाजिक, आर्थिक, भाषाई, सांस्कृतिक एवं शारीरिक आदि के आधार पर हो सकती हैं। शिक्षक सभी बच्चों को उनकी विशेष आवश्यकता के अनुरूप अपनी रणनीति को तैयार करता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नवीन शिक्षण विधियों को आत्मसात करने की बात कही गई है।

उन्होंने कहा कि शिक्षक को सर्वप्रथम अपने बच्चों को ठीक ढंग से समझने का प्रयास करना चाहिए। उसके बाद उनकी आवश्यकता के अनुरूप शिक्षण विधियों का चुनाव करना चाहिए। वर्तमान समय में शिक्षा शिक्षार्थी केंद्रित हो चुकी है। अतः हमें अपने कार्यप्रणाली में बदलाव लाना होगा। अगले सत्र में शिक्षाशास्त्र विभाग, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के प्रो. चंद्रशेखर पांडेय ने संप्रत्यय मानचित्रण के निर्माण एवं उपयोग को विस्तार से समझाया। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से प्रतिभागियों को अवगत कराया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों का प्रस्तुतीकरण भी कराया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने अनुभवों को साझा किया तथा वर्तमान शिक्षा व्यवस्था के बदलाव के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। अध्यक्षीय भाषण में केंद्र के निदेशक प्रो. सुरेंद्र राम ने कहा कि वर्तमान शैक्षिक परिदृश्य अत्यंत तीव्र गति से बदल रहा है, जिसके कारण उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अनेक बदलाव हुए हैं, जो शिक्षण, अधिगम, मूल्यांकन, शोध एवं विस्तार में नवाचार से संबंधित हैं।

वर्तमान समय में शिक्षा के सभी हित धारकों को जागरूक करने के लिए ही सेवाकालीन प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है। सर्वप्रथम हमें अपने दृष्टिकोण में बदलाव लाना होगा तभी नवाचारों को अपनाकर अपनी कार्यप्रणाली को प्रभावशाली बना सकते हैं। संचालन प्रो. रमाकांत सिंह, तकनिकी सहयोग विनय सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. संजय सिंह ने किया।

शिक्षाशास्त्र विभाग में पीएचडी में प्रवेश को 29 तक करें आवेदन

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के शिक्षाशास्त्र विभाग की शोध प्रवेश परीक्षा 2023-24 में उत्तीर्ण एवं शोध प्रवेश परीक्षा से मुक्त (नेट/जेआरएफ उत्तीर्ण) अभ्यर्थी द्वितीय चरण के लिए अपने सभी शैक्षणिक दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र 29 मार्च तक विभाग में अवश्य जमा कर दें। विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेन्द्र राम ने बताया कि अभ्यर्थी को पीएचडी प्रवेश 2024 के द्वितीय चरण आवेदन पत्र के साथ सभी शैक्षणिक दस्तावेज (हाईस्कूल से स्नातकोत्तर तक) की स्वप्रमाणित छायाप्रति, आरक्षण संबंधी प्रमाणपत्र की छायाप्रति, शोध प्रवेश परिणाम/ नेट/जेआरएफ के सर्टिफिकेट की छायाप्रति, शोध प्रस्ताव चार प्रतियों में हस्ताक्षर सहित एवं पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन के लिए प्रिंटेड एक प्रति जमा करना है। साथ ही विश्वविद्यालय के शुल्क काउण्टर पर जमा की गयी फीस रसीद की छायाप्रति भी शिक्षाशास्त्र विभाग के कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है। साथ ही शोध प्रस्ताव/पीपीटी को ईमेल पर भी भेजना आवश्यक है। प्रो. सुरेन्द्र राम ने कहा कि समय से आवेदन जमा न करने वाले अभ्यर्थियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सोनभद्र

पत्रांकः/एस0एस0ए0/गुण0वि0/5665/2024-25 दिनांकः 05.03.2025

संशोधित प्रेस-विज्ञप्ति

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा/राज्य परियोजना निदेशक, राज्य परियोजना कार्यालय, लखनऊ के कार्यालय पत्रांक-गुण0वि0/ARP/9333/2024-25 दिनांक 15 जनवरी, 2024 के साथ संलग्न शासनादेश संख्या-902/68-5-2019 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 22 अक्टूबर, 2019 व शासनादेश संख्या-68-5099/143/2024-अनुभाग-5 दिनांक 10 अक्टूबर, 2024 में निहित निर्देश के क्रम में चयनित ऐसे Academic Reource Person (ARP) जिनका 03 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण/रिक्त के सापेक्ष कुल 41 पद हेतु चयन बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक/शिक्षिकाओं से निम्नांकित प्रतिबन्धों के अधीन निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र पंजीकृत डाक से दिनांक 17.03.2025 तक जिला परियोजना कार्यालय, सर्व शिक्षा अभियान, रावर्ट्सगंज, सोनभद्र के पते पर आमंत्रित किये जाते हैं-

क्र.सं.	ए0आर0पी0/विषय विशेषज्ञ हेतु पदनाम	कुल पद	अर्हता
1	ए.आर.पी. सामाजिक अध्ययन विषय	08	स्नातक में कला संवर्ग में निर्धारित विषय-समाज शास्त्र, इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र, अर्थ शास्त्र, मनोविज्ञान, सैन्य विज्ञान, सांख्यिकी एवं कृषि
2	ए.आर.पी अंग्रेजी विषय	09	कला संवर्ग में स्नातक के अन्तिम वर्ष में अंग्रेजी अनिवार्य हो।
3	ए.आर.पी. हिन्दी विषय	08	कला संवर्ग में स्नातक में अन्तिम वर्ष में हिन्दी अनिवार्य हो।
4	ए.आर.पी. गणित विषय	08	स्नातक में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित (पी.सी.एम.) संवर्ग से अनिवार्य हो।
5	ए.आर.पी. विज्ञान विषय	08	स्नातक में जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान-(जेड.बी.सी.) संवर्ग से अनिवार्य हो।

शेष शर्तें एवं अर्हता पूर्व में प्रकाशित विज्ञप्ति के अनुसार होगा।

(मुकुल आनन्द पाण्डेय)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
सोनभद्र

ओमप्रकाश राजभर के नेतृत्व में कोतवाली का होगा घेराव

प्रेसवार्ता करते सुनील सिंह व अन्य।

आक्रोश

थाने में सुभासपा नेता की कथित तौर पर हुई पिटाई मामला गरमाया

बांसडीह (बलिया)। बांसडीह तहसील में मंगलवार को एसडीएम के स्टेनो की गाड़ी के नीचे सुभासपा नेता उमापति राजभर का पैर आने के बाद उठे बवाल के बाद और थाने में सुभासपा नेता की कथित तौर पर हुई पिटाई का मामला अब राजनीतिक तुल पकड़ लिया है। मामले में पुलिस की ढुलमुल रैवाया और कोई कार्यवाही नहीं होते देख पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व के निर्देशन पर सुभासपा के प्रदेश प्रवक्ता सुनील सिंह ने बुधवार को स्थानीय डाकबंगले पर प्रेस वार्ता कर पुलिस को बुधवार शाम तक का अल्टीमेटम देकर प्रशासनिक अमले में हलचल मचा दिया। प्रेस वार्ता में प्रदेश प्रवक्ता ने बताया कि सुभासपा के विधानसभा प्रभारी उमापति राजभर के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट करने वाले कस्बे के चौकी इंचार्ज रंजीत विश्वकर्मा और कांस्टेबल शैलेश वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज के साथ विभागीय दंडात्मक कार्यवाही के साथ निलंबन की मांग करते हुए पुलिस प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए बुधवार तक कार्यवाही नहीं होने की दशा में शुक्रवार को सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के नेतृत्व में सभी कार्यकताओं के साथ बांसडीह कोतवाली का घेराव किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक डा ओमवीर सिंह को प्रकरण की सारी रिपोर्ट भेजी जा चुकी है। जल्द ही कार्यवाही के आसार है।

क्या था मामला

सुभासपा नेता उमापति राजभर ने मंगलवार को पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसके पैर पर एसडीएम बांसडीह के स्टेनो ने गाड़ी चढ़ा दी। गाड़ी चढ़ाने को लेकर हुए वाद विवाद में मौके पर उपस्थित लोगों द्वारा मामला शांत करा दिया गया था। बाद में स्टेनो की शिकायत पर मौके पर पहुचीं कस्बे के चौकी इंचार्ज रंजीत विश्वकर्मा और उनके सहयोगी शैलेश वर्मा द्वारा उनको कोतवाली में ले जाकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। जिसके बाद एसआई रंजीत विश्वकर्मा के खिलाफ शिकायत लेकर थाने पंहुचे सुभासपा नेताओं के दरोगा के खिलाफ कारवाई की मांग की थी। मामले में सुभासपा कार्यकताओं ने थाने में जाकर दरोगा व एसडीएम के स्टेनो के खिलाफ तहरीर दी। जिसके बाद प्रकरण में राजनीति तेज होने के बार पुलिस अधीक्षक ने सीओ बांसडीह को मामले की जांच के निर्देश दिए। देर शाम तक मामले में सुभासपा कार्यकर्ता दरोगा व अन्य लोगों पर कार्रवाई की बात को लेकर अड़े रहे।

सुभासपा नेता के साथ दुर्व्यवहार निंदनीयः जुगनू सिंह

बेरूआरबारी (बलिया)। मंगलवार को बांसडीह तहसील प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष उमापति राजभर के साथ हुए दुर्व्यवहार पर भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी पंकज सिंह जुगनू की प्रतिक्रिया सामने आई है। श्री सिंह ने पुलिस प्रशासन और तहसील कर्मचारी द्वारा किए गए दुर्व्यवहार की घोर निंदा किया है। कहा कि तहसीलों में कार्यरत कुछ कर्मचारी एक संगठित गिरोह की तरह कार्य कर रहे हैं। यह कर्मचारी अपने रसूख और संपर्क के बल पर लंबे समय से तहसीलों में कार्यरत हैं। पिछले दिनों भी रसडा तहसील में लेखपालों द्वारा एक सामाजिक कार्यकर्ता के साथ दुर्व्यवहार का वीडियो सोशल मीडिया एवं अखबारों में प्रकाशित हुआ था। जिसमें लेखपालों को बचाने के लिए उच्च अधिकारी से लेकर उक्त तहसील के कर्मचारी भी बचाने में लगे हुए थे। अगर किसी व्यक्ति पर कोई आरोप है तो उसकी जांच कर उसके खिलाफ करवाई की जाए।

डीआईजी ने उपनिरीक्षक, आरक्षी को किया निलंबित

बलिया। बांसडीह कोतवाली पर नियुक्त उपनिरीक्षक रंजीत विश्वकर्मा व आरक्षी शैलेश कुमार को सुभासपा नेता उमापति राजभर के साथ दुर्व्यवहार और कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप में डीआईजी आजमगढ़ सुनील सिंह द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। बता दें कि बांसडीह तहसील में मंगलवार को एसडीएम के स्टेनो की गाड़ी के नीचे सुभासपा नेता उमापति राजभर का पैर आने के बाद उठे बवाल के बाद और थाने में सुभासपा नेता की कथित तौर पर हुई पिटाई का मामला गहराता जा रहा है।

बदले स्वरूप में दिखेगा शहीद वृंदावन तिवारी स्मारक स्थल

बोले धर्मराज

शहीद स्मारक का चल रहा है सुंदरीकरण का कार्य

शहीद स्मारक चितबड़ागांव।

चितबड़ागांव (बलिया)। देश के स्वतंत्रता में अपनी जानें देने वाले शहीद वृंदावन तिवारी की स्मृति में बने शहीद स्मारक के सुंदरीकरण के नाम पर वर्षों से चला रहा राजनीति बंद होते नजर आ रहा है। बताते चले की शहीद वृंदावन तिवारी के स्मृति में बना स्मारक स्थल जो वर्षों से उपेक्षित था। जिसके लिए पूर्व में नगर पंचायत के अध्यक्षों द्वारा कई बार सुंदरीकरण के लिए कई बार शहीद स्मारक के सुंदरीकरण घोषणा भी किया गया। जो मूलरूप नहीं ले सका, इस स्मारक के सुंदरीकरण के लिए पूर्व सांसद भरत सिंह ने पहल किया था और 14 लाख देने की घोषणा भी किया जिसका भूमिपूजन भी किया था। जो किन्हीं कारणों से धरी की धरी रह गयी। वर्ष 2023 में सम्पन्न निकाय चुनाव ने भाजपा के सिंबल से पहली बार चेयरमैन बने अमरजीत सिंह से मिलकर नगरपंचायत के स्वतंत्रता सेनानी के परिजनों ने शहीद स्मारक के सुंदरीकरण की मांग किया था जिसपर चेयरमैन अमरजीत सिंह ने शहीद स्मारक के सुंदरीकरण करने के आश्वासन दिया था। हर साल शहीद वृंदावन तिवारी के 23 अगस्त को शहीद वृंदावन तिवारी के सहादत दिवस के अवसर पर शहीद स्मारक के सुंदरीकरण की घोषणा किया था। जो मूलरूप लेते हुए नजर आ रहा है। बताते चलें की नगर पंचायत द्वारा शहीद वृंदावन तिवारी के स्मृति में बने स्मारक के सुंदरीकरण के लिए टेंडर कराकर कार्य आरंभ कर दिया गया है।

शहीद स्मारक के सुंदरीकरण का कार्य जारी

इस बाबत ईओ धर्मराज ने बताया की शहीद स्मारक के सुंदरीकरण का कार्य जारी है। जिसमें राजस्थानी पत्थरों से निर्मित 20 फीट लम्बे अशोक स्तंभ, फव्वारा और शहीद स्मारक के चारों तरफ से स्टील की रेलिंग काम जारी है। जो इस माह के अंत तक कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। जिसका लोकार्पण जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार के द्वारा किया जायेगा। आने वाले दिनों में शहीद स्मारक का बदला हुआ स्वरूप दिखाई देगा।

चोरों ने उड़ाये लाखों की नगदी व आभूषण

बांसडीह (बलिया)। नगर पंचायत बांसडीह के उत्तर टोला (फुटानी चौक) स्थित एक मकान में मंगलवार की रात चोरों ने लाखों की नगदी व आभूषणों की चोरी कर ली। सुबह उठने पर घरवालों को घटना की जानकारी हुई। पीड़ित ने तहरीर देकर पुलिस से न्याय की मांग किया है। कस्बे के वार्ड न 14 निवासी शिवशंकर यादव के परिवार के लोग रात को खाना खाकर दूसरे मंजिल पर सोने चले गए। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि सुबह पांच बजे उठने पर जब वह नीचे आये तो तो देखा कि दो बक्से टूटे पड़े हैं और उनमें रखा सारा सामान बिखरा पड़ा है। जांच करने पर पता चला कि उसमें रखे 4 मंगलसूत्र, डाड़ा, नथिया, कनफूल, पायल, मेहंदी, बिछिया, झुमका व 15 हजार रुपये नगद चोरी कर लिए गये हैं। वहीं पास में स्थित मेरे भाई राजकुमार के कमरे में बक्सा तोड़कर उसमें से झुमका , पायल, हार, मांगटीका, मेहंदी, झाला, नथिया, करधन, चंद्रमा व 1.50 लाख रुपये नगद चोरी कर लिए गए है। सूचना पाकर पहुचीं पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पीड़ित परिवार से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली। वही फॉरेंसिक टीम द्वारा भी मौके पर जांच की गई। कस्बे के चौकी इंचार्ज रंजीत विश्वकर्मा ने बताया कि तहरीर मिली है जांच की जा रही।

जेएनसीयू में डिजी शक्ति पोर्टल पर विद्यार्थियों का हुआ ई-केवाईसी

छात्र-छात्राओं का हो रहा केवाईसी।

बलिया। जननायक चंद्रशेखर विवि के छात्र-छात्राओं को डिजी शक्ति पोर्टल पर उनका ई -केवाईसी पेंडिंग होने के कारण विश्वविद्यालय परिसर में टैबलेट वितरण का कार्य बाधित हो रहा था। पेंडिंग छात्र-छात्राएं 4 से 5 मार्च तक प्रातः 10 से अपराह्न 2 बजे तक विश्वविद्यालय में सम्पर्क कर अपना ईकेवाईसी पूर्ण कराना सुनिश्चित किया गया था। जेएनसीयू के तकनीकी सहायक आकाश कुमार ने बताया कि डिजी शक्ति पोर्टल पर छात्र-छात्राओं को ई-केवाईसी करने में तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था जिसके कारण सभी छात्र-छात्राएं अपना ई-केवाईसी नहीं कर रहे थे। उक्त समस्याओं के निवारण हेतु पेंडिंग छात्र-छात्रा को विश्वविद्याल में कैंप लगा कर ई-केवाईसी कि प्रक्रिया पूर्ण की गयी। छात्र-छात्राओं का विवरण आधार कार्ड से न मिलने पर फेल ई-केवाईसी का भी संशोधन किया गया। छात्र-छात्राओं को अपने साथ निम्न दस्तावेज लाने हेतु आदेश प्रदान किया गया था। जिसमें आधार कार्ड (ओरिजिनल) व एक प्रति फोटो कॉपी, रिजल्ट या प्रवेश पत्र, आधार कार्ड में लिंक मोबाईल नम्बर (ओटी पी सत्यापित) हेतु, टेबलेट, स्मार्ट फोन वितरण के नोडल अधिकारी एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ अजय ने बताया कि विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं की पेंडिंग की कुल संख्या 155 है। 4 मार्च को कुछ छात्रों ने अपना सत्यापित कराया। शेष छात्र अपना 5 मार्च को सत्यापित करा लिया। इस अवसर पर सहायक छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. लाल विजय सिंह और डॉ. तृप्ति तिवारी शामिल रहे।

एनएमएमएसई में कम्पोजिट वैना के छह बच्चों ने पायी सफलता

सम्मानित किये गये मेधावी बच्चे।

बलिया। एनएमएमएसई यानी राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2025 में शिक्षा क्षेत्र हनुमानगंज के कम्पोजिट विद्यालय वैना के छह मेधावियों ने अपनी सफलता का परचम लहराया है। इस परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं को विद्यालय के शिक्षकों ने बुधवार को मिठाई खिलाकर और माला पहनाकर बधाई दी।

हर वर्ष आयोजित होने वाली राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में जनपद के 251 छात्र-छात्राओं को सफलता मिली है। इसमें शिक्षा क्षेत्र हनुमानगंज के कम्पोजिट विद्यालय वैना की अर्चना साहनी, आलोक गिरि, विनय कुमार, प्रीति गुप्ता, अनीश कुमार भारती व गोरख कुमार शामिल हैं। विद्यालय के इन मेधावियों की सफलता पर सभी शिक्षक गदगद थे। प्रभारी प्रधानाध्यापक अंजना श्रीवास्तव, सहायक अध्यापक कुमार प्रशांत, प्रीतम गुप्ता, अरमान अली, संध्या सिंह, ममता सिन्हा व सरवत अफरोज ने शिक्षकों ने बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया।

15 मार्च तक बिजली बिल जमा करने पर मिलेगी रियायत

बैरिया (बलिया)। बिजली विभाग द्वारा लागू एक मुश्त समाधान योजना में कुल 3709 उपभोक्ताओं का पंजीकरण किया गया। वही इस मद में तीन करोड़ बारह लाख पचपन हजार रुपये का राजस्व बिजली विभाग को प्राप्त हुआ। इस बीच पैसा नही जमा करने वाले 1578 उपभोक्ताओं की बिजली काट दी गई। उक्त जानकारी देते हुए बैरिया के उप खंड अधिकारी विद्युत अंबुज तिवारी ने बताया कि 60 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि अपना बकाया जमा कर छूट का लाभ ले। 15 मार्च तक बकाया जमा करने पर बिजली विभाग उपभोक्ताओं को रियायत दे रही हैं। एसडीओ ने बताया कि गर्मी को देखते हुए बिजली विभाग उपभोक्ताओं तक अबाधगति से बिजली पहुचाने के लिए त्वरित गति से जरूरी उपाय कर रहा है। जर्जर तार बदले जा रहे है। वही केबिल लगाने के कार्य मे कार्यदाई संस्था मोंटी कार्लो को कार्य मे तेजी लाने को निर्देशित किया गया है।

देश की बिटिया किसी से कम नहीं : वीरेंद्र सिंह मस्त

आयोजन

खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर रंगारंग कार्यक्रम

खेलकूद के विजेताओं को सम्मानित करते पूर्व सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त।

रसड़ा। श्रीमती फुलेहरा महिला पीजी कॉलेज कमतैला रसड़ा के मैदान पर बुधवार के दिन हो रहे खेलकूद प्रतियोगिता समापन के दिन रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद वीरेंद्र सिह मस्त, विशिष्ट अतिथि सुरजीत सिंह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ गोरक्ष प्रांत के सह प्रान्त प्रचारक व जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पकवाइनार के प्राचार्य शिवम पांडेय एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख अनिल सिंह रहे। महाविद्यालय प्रबंध निदेशक व खेलकूद प्रभारी गोविंद नारायण सिंह संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर खेल महोत्सव का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा विजेता छात्राओं को मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने कहा कि विकसित भारत को आगे ले जाने के लिए यह देवी रूप बिटिया छात्राओं को इस खेल मैदान पर अपना जौहर दिखाना होगा। किसी भी मायने मे हमारे देश की बिटिया किसी से कम नहीं है। प्रबंध निदेशक गोविंद नारायण सिंह व उनके पुत्र ऋषिराज सिंह ने अतिथियों को सम्मानित किया। मीरा सिंह, अंजनी सिंह, सुधाकर सिंह, रवि प्रकाश राव, गोपाल सिंह, दिग्विजय सिंह, सुरेंद्रनाथ पाण्डेय, शैलेंद्र पांडेय, राजेश तिवारी, हीरालाल यादव, विभांकर चौबे, प्रेमचन्द यादव , रीना यादव, मीना गुप्ता, सपना पाण्डेय, प्रियंका उपाध्याय व खेल प्रशिक्षक संजय कुमार सिंह आशुतोष पाण्डेय आदि मौजूद रहे। अंत में प्राचार्य डॉक्टर विनय कुमार गिरि ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किये।

4.52 लाख रुपये में नीलाम हुए थाने में पड़े 54 वाहन

नीलामी प्रक्रिया में भाग लेते लोग।

सिकंदरपुर (बलिया)। सिकंदरपुर थाने में लंबे समय से जमा वाहनों की नीलामी बुधवार को की गई। थाने में विभिन्न मामलों में जब्त किए गए कुल 54 वाहन 4 लाख 52 हजार रुपये में नीलाम हुए।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यह नीलामी आयोजित की गई। इन वाहनों में कुल 54 दो पहिया वाहन शामिल थे। ये सभी वाहन पिछले कई सालों से थाने में खड़े थे और कबाड़ की स्थिति में पहुंच चुके थे। नीलामी की प्रक्रिया एआरटीओ अरुण राय, क्षेत्राधिकारी गौरव कुमार शर्मा, सीटीओ और थाना प्रभारी विकास चन्द पाण्डेय की देखरेख में हुई। थाना प्रभारी विकास चन्द पांडे ने बताया कि नीलामी में भाग लेने के लिए कुल सात लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया था। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया में शामिल होने के लिए अग्रिम जमानत राशि के रूप में एक लाख ग्यारह हजार रुपये के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड के साथ जीएसटी का कागज जमा करना था। वही वाहनों की नीलामी की न्यूनतम बोली चार लाख पचास हजार की थी। प्रथम राउंड की नीलामी प्रक्रिया में टोकन नम्बर एक के रूप में बैठे तहसील क्षेत्र के पंदह गांव निवासी सरोज कुमार राय ने बोली शुरूआत 4 लाख 52 हजार से की। लेकिन उसके बाद किसी ने बोली नही लगाई। इस तरह अधिकारियों की देखरेख में यह 54 दो पहिया वाहनों की नीलामी सरोज कुमार राय को दे दी गयी। इस दौरान सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

संस्कृत शिक्षा परिषद की परीक्षा में 77 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

सहतवार (बलिया)। उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद लखनऊ द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा वर्ष -2025 के सफल एवं सुचिता पूर्ण संचालन हेतु श्री महत्पालेश्वरनाथ हरिप्रपन्न रामानुज आदर्श संस्कृत महाविद्यालय सहतवार बलिया को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा 27 फरवरी 2025 से 12 मार्च 2025 तक चलेगा। उक्त परीक्षा के बाबत जानकारी देते हुए केंद्राध्यक्ष डॉ अखिलेश कुमार राय ने बताया कि परीक्षा में 119 के सापेक्ष 77 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया है। बताया कि चार विद्यालयों के छात्र-छात्राओं का सेंटर क्रमशः श्री महत्पालेश्वरनाथ हरिप्रपन्न रामानुज आदर्श संस्कृत उत्तर माध्यमिक विद्यालय सहतवार, सत्यनारायण ज्योतिष संस्कृत पाठशाला तिवारी रोहुआ बलिया, श्री पारसनाथ संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहुआरा बिगही बलिया, श्री काली जी संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांदपुर बलिया का सेंटर सहतवार आया हुआ है। इस मौके पर केंद्राध्यक्ष श्री राय द्वारा बताया कि लखनऊ बोर्ड द्वारा परीक्षा वर्ष 2025 में जो दिशा निर्देश जारी किया गया है। वह हमारे विद्यालय पर सत प्रतिशत लागू किया गया है।

हैंडओवर के बाद भी पानी टंकियों की निगरानी करेगा जलनिगम

जनसंदेश टाइम्स

बलिया। ग्राम पंचायतों में निर्मित पानी टंकियां प्रधानों को हैंडओवर होने के बाद भी तकनीकी देखरेख जल निगम ग्रामीण करेगा। इसके लिए शासन से टेंडर भी होगा। कार्यदायी संस्था 10 वर्ष तक टंकियों के संचालन की देखरेख करेगी।

पहले टंकियों को निर्माण कर संचालन की जिम्मेदारी ग्राम प्रधानों को सौंप दी जाती थी। ऐसे में तकनीकी खराब होने पर प्रधान परेशान हो जाते थे। इसके चलते प्रधान नव निर्मित टंकियों को हैंडओवर लेने में कतराते थे। इसे देखते हुए शासन ने अब टंकियों की मरम्मत व तकनीकी खराबी दूर करने के लिए जल निगम को दी है। इसके लिए टेंडर हुआ है।

चयनित कार्यदायी संस्था 10 वर्ष तक टंकियों की देखरेख करेगी। जिले के 940 ग्राम सभाओं में 312 नई व 180 पुरानी टंकियां हैं। पहले टंकियों की देखरेख को लेकर जल निगम व ग्राम पंचायतों के बीच काफी खींचातानी थी। इसके चलते आपूर्ति भी बाधित हो जा रही थी। इसे देखते हुए शासन ने नई योजना के तहत टंकियों की देखरेख की जिम्मेदारी कंपनी को दी है। इसके लिए आजमगढ़ मंडल मुख्यालय से टेंडर भी हुआ है। नए नियम के तहत टंकियों को जलनिगम ग्राम पंचायत को हैंडओवर करेगा लेकिन देखरेख की जिम्मेदारी जल निगम को होगा। जलकल मद की धनराशि जल निगम के पास रहेगी। पंचायत जलकर वसूली की भूमिका निभाएगी।

गांवों में तैनात जलसखी पानी की जांच करती रहेगीं। अधिशासी अभियंता जल निगम मो. मुकीम ने बताया कि शासन की तरफ से टंकियों की देखरेख की कंपनी करेगी। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। टंकी व पाइप लाइन बिछाकर ग्राम पंचायत को ओवरहैंड किया जाएगा।

संक्षेप

काशी में 14 व अंयत्र 15 मार्च को मनेगी होलीः डॉ. अखिलेश

बलिया। इस वर्ष फाल्गुन शुक्ल चतुदर्शी 13 मार्च, गुरुवार को दिन में 10.02 बजे समाप्त हो रही है और पूर्णिमा लग जा रही है। दूसरे दिन पूर्णिमा दिन में 11.11 बजे समाप्त हो जा रही है। आचार्य डॉ. अखिलेश उपाध्याय ने बताया कि होलिका दहन 13 मार्च, गुरुवार को भद्रा रात्रि 10.37 बजे के बाद होगा। दूसरे दिन प्रतिपदा के लाभ से काशी में होली 14 मार्च को होगी। काशी से अंयत्र होली चौत्र कृष्ण प्रतिपदा 15 मार्च, शनिवार को मनाया जायेगा। होलिका दहन फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा को किया जाता है, लेकिन भद्रा का त्याग करना आवश्यक होता है। 13 मार्च को भद्रा रात्रि 10.37 बजे तक है। अतरू 10.37 बजे के बाद ही होलिका दहन किया जायेगा। होलिका दहन दिन में भी न करें। प्रतिपदा में भी न करें। अर्थात पूर्णिमा की रात में ही होलिका दहन करना चाहिए।

पिकअप से फर्नीचर बरामद, जांच में जुटी पुलिस

बैरिया (बलिया)। बिना वैद्य कागजात के फर्नीचर लादकर बलिया की तरफ से बैरिया आ रही पिकअप को व्यापार कर विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर भानु प्रताप ने कब्जे में लेकर बुधवार को बैरिया थाने में खड़ा करा दिया। पूछने पर बताया कि यूपी 60 टी 2337 नम्बर के पिकअप को बिना वैध कागजात के फर्नीचर लादकर ले जाया जा रहा था। जिसे कब्जे में लेकर पुलिस संरक्षण में दे दिया गया है।

पुलिस ने सराफा व्यापारी को लिया हिरासत में

बैरिया (बलिया)। चोरी का आभूषण खरीदने के शक में स्थानीय पुलिस ने रानीगंज निवासी रितेश सोनी को बैरिया डाकबंगला रोड स्थित उसके आभूषण के दुकान से उस समय उठा ले गई जब वह अपने दुकान पर बैठा हुआ था। उपनिरीक्षक आरपी बिंद का कहना है कि गोंहिया छपरा की एक महिला ने उक्त दुकानदार पर चोरी की आभूषण खरीदने की शिकायत की थी। इसलिए पूछताछ के लिए उसे हिरासत में लिया गया है। जांच चल रहा है। जांचोपरान्त कार्रवाई होगी।

दिव्यांगों के आवास के लिये कार्य शुरू

बैरिया (बलिया)। दिव्यांग जनों के लिए मुख्यमंत्री आवास योजना का कार्य शुरू हो चुका है। क्रियान्वयन शुरू होते ही विभागीय अधिकारियों की तरफ से समन्धित खंड अधिकारियों को सूचित किया गया है कि पात्र दिव्यांगों की सूची बनाकर तत्काल जिला मुख्यालय को भेज दें ताकि जिले से उनके लिए धन आवंटित करने के लिए कार्यवाई की जा सके। इसमे प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना भी शामिल हैं। हर हाल में दिव्यांगों को आवास उपलब्ध कराना है।आवास के लिए चयन होते ही पहला किश्त उनके खाते में भेज दी जाएगी।

मार्च महीने में मिलेगी तीन किलो चीनी

बैरिया (बलिया)। होली के त्यौहार को लेकर मार्च महीने में अंत्योदय महीने में राशन के साथ प्रति राशन कार्ड 3 किलो चीनी भी दी जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए आपूर्ति निरीक्षक बैरिया संजीव सिंह ने बताया की इसके लिए 18 रुपए प्रति किलो की दर से कार्ड धारकों से पैसा कोटेदार को देना पड़ेगा। चीनी हर हाल में होली के पहले उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई जाएगी।

एक दिवसीय रोजगार मेला कल

बलिया। उप्र शासन की मंशा के अनुरूप राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा 7 मार्च को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान- बलिया में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न कंपनियां प्रतिभाग करेगी। वेतनमान प्रतिमाह रुपए 24550 देय है। इच्छुक अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 24 वर्ष हो अपने शैक्षिक योग्यता, तकनीकी प्रमाण-पत्र के साथ उक्त रोजगार मेला में प्रातः 10 बजे से प्रतिभाग कर सकते है।

जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

बलिया। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने यू.पी. बोर्ड परीक्षा-2025 की द्वितीय पाली में इण्टर परीक्षा केंद्रो-संत यतिनाथ विद्यापीठ, सुखपुरा एवं सुखपुरा इंटर कॉलेज का भ्रमण किया। जिलाधिकारी ने भ्रमण के दौरान केंद्र व्यवस्थापक से परीक्षार्थियों की संख्या आदि जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि परीक्षा नकल विहीन, शुचितापूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराई जाय। उन्होंने सी.सी.टी.वी. कैमरा कक्ष एवं परीक्षा कक्ष का भी भ्रमण किया। उन्होंने ड्यूटी रजिस्टर का अवलोकन करते हुए केंद्र व्यवस्थापक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

गति नहीं पकड़ पा रहा फार्मर रजिस्ट्री का कार्य लोगों को जागरूक कर रहे अधिकारी

बैरिया (बलिया)। स्थानीय तहसील क्षेत्र में फार्मर रजिस्ट्रेशन का कार्य गति नहीं पकड़ने के कारण उपजिलाधिकारी बैरिया सुनील कुमार इस प्रयास में है कि किसी भी तरह फार्मर रजिस्ट्रेशन के कार्य को गति मिल जाये। दो दिन पूर्व मातहतों को गांव गांव में भेज कर फार्मर रजिस्ट्रेशन के लिए लोगों को जागरूक किया। बुधवार को तहसीलदार बैरिया सुदर्शन कुमार के साथ सहायक कृषि अधिकारी मुरलीछपरा, बैरिया व रेवती के अलावा क्षेत्र के जनसेवा केंद्रों के संचालकों के साथ बैठक कर फार्मर रजिस्ट्रेशन के लिए सहयोग मांगा। बताया कि यह किसानों के हित का कार्य है इसे हर हाल में पूरा करना हैं। उन्होंने बैठक में मौजूद लोगों को समझाया कि फॉर्मर रजिस्ट्रेशन के लिए किसानों को जागरूक करें। उप जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि फार्मर रजिस्ट्रेशन गति नही पकड़ेगा तो जिम्मेदारों की जिम्मेदारी तय की जायेगी।

स्वयंसेवकों ने की साफ-सफाई, किया जागरूक

सहतवार (बलिया)। दूजा देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय रजौली-सहतवार बलिया में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा बुधवार की दोपहर में प्रथम एकदिवसीय शिविर का आयोजन चयनित रजौली राजभर बस्ती में किया गया। इस अवसर पर स्वयं सेवकों द्वारा श्स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई एवं स्वच्छता से संबंधित प्रेरणादायक नारों- जैसे स्वच्छता ही सेवा है, गंदगी जानलेवा है। स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत। हम सबने यह ठाना है, भारत को स्वस्थ बनाना है। बाग-बगीचे, फूल लगाओ बीमारी को दूर भगाओ... आदि के माध्यम से आमजन को जागरूक एवं प्रेरित करने का प्रयास किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा मलिन बस्ती स्थित जोगीबाबा स्थल की साफ- सफाई का कार्य भी किया गया। साथ ही साथ चयनित मलिन बस्ती में भी जगह-जगह स्वच्छता से संबंधित कार्यों का निर्वहन स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जयप्रकाश सिंह सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेतर कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज, एक गिरफ्तार

बलिया। कोतवाली थाना क्षेत्र बड़ा गड़हा मुहल्ला निवासी तीस वर्षीय रवि श्रीवास्तव पर मंगलवार की शाम करीब 7रू30 बजे मुहल्ले के ही अमन कुमार गुप्त व उसके परिवार के लोगों ने कुल्हाड़ी व दाव से हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। रवि ने पुलिस की दी गई तहरीर में बताया है कि वे अपने घर के बाहर मौजूद थे तभी पुराने विवाद को लेकर पड़ोसी अमन ने सुनियोजित तरीके से हाथ में कुल्हाड़ी व दाव लेकर दौड़ते हुए आकर पीछे से सिर पर एवं चेहरे पर हमला कर दिया। चोट लगने से वह जमीन पर गिर पड़ा और तड़पने लगा। इसी बीच अमन के परिवार के अन्य लोग भी आकर टूट पड़े और मारने लगे। आसपास के लोगों आने पर सभी जान मारने की धमकी देकर घर भाग गए। मौके पर पहुंचे लोगों में मुझे जिला अस्पताल पहुंचाया। इस मामले में पुलिस ने अमन और उसके परिवार के सदस्यों पर हत्या के प्रयास, मारपीट आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज करके अमन को गिरफ्तार कर लिया है। उसे बुधवार को कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

त्योहार के दौरान सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले जाएंगे जेल:डीएम

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में आगामी होली एवं रमजान के त्यौहार को शकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि होली एवं रमजान के त्यौहार को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 1268 स्थलों पर होलिका दहन किया जाएगा। होली एवं रमजान का त्यौहार दोनों ही भाईचारे का त्यौहार है। त्यौहार को शकुशल संपन्न कराए जाने के लिए आपसी तालमेल का होना बहुत ही जरूरी है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि त्योहार को शकुशल संपन्न कराए जाने में यदि किसी व्यक्ति द्वारा बाधा उत्पन्न किया गया तो उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई निश्चित रूप से की जाएगी। उन्होंने बताया कि शहर में जाम की स्थिति से बचने के लिए जिला प्रशासन के तरफ से प्रयास किया जा रहा है।

अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्री ने बताया कि जनपद के समस्त होलिका दहन स्थलों तथा त्यौहार के दौरान जुलूस के साथ पुलिस पर्याप्त संख्या में मौजूद रहेगी। शराब बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा तथा जुलूस में शराब पीकर चलने वालों पर कानूनी कार्रवाई तथा सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों को सीधे जेल भेजने की कार्रवाई निश्चित रूप से की जाएगी। अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर डॉक्टरों की उपस्थिति तथा एम्बुलेंस की उपलब्धता रखने को कहा। इसके अलावा उन्होंने होली त्यौहार के दृष्टिगत मिठाइयों में मिलावट न हो जिसके लिए उन्होंने व्यापार संघ के अध्यक्ष से अपील किया कि विभिन्न व्यापारियों को मिठाइयों में किसी भी प्रकार की मिलावट न करने दें, यदि ऐसा करते हैं और जांच के दौरान मिलावट मिली तो कानूनी कार्रवाई करते हुए उनकी दुकान को सीज करने तक की कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका अध्यक्ष अरशद जमाल ने बताया कि होली त्यौहार के दौरान साफ सफाई, पानी आदि की व्यवस्था पूर्ण रूप से रहेगी।

बैठक के दौरान नगर मजिस्ट्रेट, अधिशासी अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियंता जल निगम, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी सहित जिला शांति समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक ने न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण

मऊ। शांति/सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत बुधवार को पुलिस अधीक्षक इलामारन जी द्वारा न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें बंदी गृह, वादकारियों के आने जाने की चेकिंग व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, कंट्रोल रूम, स्कैनर बैगेज रूम, डीएफएमडी, रजिस्टर एवं ड्यूटी प्वाइंट का गहन निरीक्षण किया गया। इस दौरान परिसर में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया तथा वाहनों की पार्किंग आदि के सम्बन्ध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर अंजनी कुमार पांडेय, वाचक पुलिस अधीक्षक निरीक्षक राजकुमार सिंह, प्रभारी न्यायालय सुरक्षा निरीक्षक पन्नगभूषण ओझा व काफी संख्या में पुलिस कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

संक्षेप

सेवा दिवस के रूप में मनेगा डॉ. संजय सिंह का जन्मदिन

मऊ। शारदा नारायण ग्रुप ऑफ हास्पिटल्स के निदेशक, प्रसिद्ध चिकित्सक, समाजसेवी डॉ संजय सिंह का जन्मदिवस विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गुरुवार को सेवा दिवस के रुप में मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत संस्थान के सभी कर्मचारी अपने आसपास के क्षेत्र सफाई अभियान करेंगे। इसके उपरांत मऊ, बलिया एवं आजमगढ़ में एक दर्जन स्थानों पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। सुबह दस बजे से मलीन थारु बस्ती में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं सहभोज का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के साथ जन्मदिन मनाया जाएगा। शायंकाल शारदा नारायण हास्पिटल स्थित शिव मंदिर में रुद्राभिषेक के उपरांत भंडारा का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी मेडिकल डायरेक्टर डॉ सुजीत सिंह ने दिया।

बाईपास से निकल रही रोडवेज बसें, दुकानदार व राहगीर परेशान

दोहरीघाट (मऊ)। कस्बा स्थित पुराने सरयू पुल पर भारी वाहनों के रोक लगने से रोडवेज बसें बाईपास से निकल जा रही है। इससे जहां यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। वहीं कस्बे के दुकानदारों की बिक्री भी प्रभावित हो गई है। दुकानदार बिक्री प्रभावित होने से आक्रोशित है। कस्बा स्थित पुराने सरयू पुल के मरम्मत के लिए भारी वाहनों पर रोक लगा दी गई है। पुल के दोनों तरफ बैरियर लगा दिया गया है। ऐसे में दोहरीघाट डिपो की बसों को छोड़कर अन्य डिपो की बसें कस्बा स्थित रोडवेज पर नहीं आ रही है। रोडवेज बसें यात्रियों को नईबाजार या गोंठा बाईपास पर उतार दे रही है। ऐसे में यात्रियों को भारी दिक्कतों का समान करना पड़ रहा है। कस्बे के आस पास स्थित दुकानों की बिक्री भी प्रभावित हो गई है। कस्बे के पूर्व सभासद श्रीप्रकाश सोनकर, संतोष प्रजापति, विनोद गोंड़, अशोक, रवि, पंकज, राहुल सहित अन्य दुकानदारों ने बताया कि रोडवेज बसें नही आने से बिक्री प्रभावित हो गई है। पहले जहां पांच सौ से एक हजार बिक्री होती थी लेकिन अब बोहनी तक के लाले पड़ जा रहे हैं। अगर जल्द ही इस व्यवस्था में बदलाव नहीं हुआ तो हम सभी प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। वहीं एआरएम एके मिश्रा ने बताया कि बाहरी बसों को डिपो तक आने के लिए परिवहन निगम मुख्यालय को पत्र भेजा गया है। जल्द ही व्यवस्था में बदलाव हो जाएगा।

प्रशासन ने पोखरी को अवैध अतिक्रमण से कराया मुक्त

मऊ। तहसील मधुबन प्रशासन ने बुधवार को तहसील मधुबन के ग्राम पंचायत मर्यादपुर स्थित गाटा संख्या 147 मि/0.0590 हैकटेयर पोखरी को अतिक्रमण कताओं से मुक्त कराया। इस पोखरी पर अतिक्रमण कर्ता अच्छे लाल यादव पुत्र गंगा यादव, राज किशोर यादव पुत्र राम चीज यादव एवं सर्वनाथ गुप्ता पुत्र बाबूलाल गुप्ता ने अवैध रूप से निर्माण कार्य कर कर कब्जा किया था। राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा इस अतिक्रमण को कब्जा मुक्त कराया गया। इस दौरान उप जिला अधिकारी मधुबन अखिलेश कुमार, नायब तहसीलदार मधुबन एवं थानाध्यक्ष रामपुर के साथ लेखपाल आशुतोष सिंह, अमित सिंह, उमाशंकर यादव आदि उपस्थित रहे।

श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं का मिले लाभ : सीडीओ

मऊ। मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर की अध्यक्षता में ईट संचालकों के साथ विकास भवन सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान सहायक श्रम आयुक्त प्रभात कुमार सिंह ने श्रम विभाग में संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया तथा सभी ईट भट्टों पर शौचालय महिला/पुरुष इसके अलावा ईट भट्टों पर कार्यरत श्रमिकों का श्रम विभाग में पंजीकरण तथा श्रमिकों के बच्चों को विद्यालयों में भेजे जाने तथा अन्य प्रदेशों के श्रमिकों का प्रवासी कर्मकार अधिनियम 1979 के तहत श्रम विभाग में पंजीकरण कराए जाने तथा पंजीकरण कराए जाने से श्रमिकों को मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए संचालित योजनाएं मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना, संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, निर्माण कामगार मृत्यु व दिव्यांगता सहायता योजना, कौशल विकास तकनीकी उन्नयन एवं प्रमाण योजना, महात्मा गांधी पेंशन योजना, गंभीर बीमारी सहायता योजना, अटल आवासीय विद्यालय योजना एवं शौचालय सहायता योजना संचालित हैं। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा भट्ठा संचालकों को निर्देश दिया गया कि सभी भट्ठो पर शत प्रतिशत शौचायलयों की व्यवस्था को सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि ईट भट्टों पर श्रमिकों के बच्चों का नामांकन नजदीकी विद्यालय में किया जाना सुनिश्चित करें। इस कार्य में सभी भट्ठा मालिक विभाग का सहयोग करें, साथ ही सभी भट्ठा स्वामी अपना निर्धारित अंशदान जमा कर जिपं में अपने भट्ठों का पंजीकरण 31 मार्च से पूर्व करा लें। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी भट्ठा स्वामियों को यह भी निर्देश दिए कि अंतर राज्य प्रवासी कर्मकार अधिनियम 1979 के तहत श्रमिकों का श्रम विभाग में पंजीकरण अवश्य कराएं। इसके साथ ही भट्ठा स्वामी अपने यहां कार्यरत श्रमिकों के संबंध में मानदेय एवं उपस्थिति रजिस्टर आदि का विवरण सुरक्षित रखेंगे। बैठक के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी, खान निरीक्षक, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, भट्ठा एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरभद्र सिंह, कोषाध्यक्ष संजय कुमार सिंह सहित अन्य भट्टों के संचालक तथा श्रम विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

मऊ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 08 मार्च दिन शनिवार को किया जाना है। जिसके व्यापक प्रचार-प्रसार और जनसहभागिता सुनिश्चित करने के लिये जनपद न्यायाधीश सुनील कुमार द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व एवं उपयोगिता और कार्य पारदर्शिता और व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु बुधवार को प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। अपर जनपद न्यायाधीश बाकर शमीम रिजवी ने बताया कि प्रचार वाहन दीवानी न्यायालय से गाजीपुर तिराहा होते हुए आजमगढ़ मोड़ से मिजार्हादीपुरा होकर मतलूपुर मोड़ से होकर मोहम्मदाबाद गोहना तहसील होते हुए चिरैयाकोट से रानीपुर होते हुए मिजार्हादीपुरा से सदर चैक होकर बानिकेतन से रोडवेज, गाजीपुर तिराहा होकर कचहरी तक जनपद के समस्त तहसील, मुख्यालय, विकासखंड एवं थानों व नगर तथा गांव-गांव तक जाकर आमजन मानस को राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व को बतायेगी तथा जनसामान्य को यह अवगत करायेगी कि वह अपने सभी प्रकार के मामलों, जो जुमार्ने से दण्डनीय हो, अथवा पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, बिजली के मामलें, टेलीफोन बिल के मामलें, टेक्स के मामले, चेक बाउंस के मामलें, सुलह योग्य फौजदारी मामलें इत्यादि का पूर्ण और प्रभावी समाधान प्राप्त कर सकते है। जनपद के समस्त जनसामान्य से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपने मामलों की त्वरित न्याय के लिये सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दीवानी न्यायालय परिसर मऊ से सम्पर्क कर सकते है। उक्त कार्यक्रम के दौरान न्यायालय के समस्त अपर जनपद न्यायाधीश, समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण व अन्य लोग भी उपस्थित रहें।

शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

रेवती। बलिया की रेवती पुलिस ने होली त्योहार से पहले अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। रेवती थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से 200 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान में यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक कृपा शंकर और क्षेत्राधिकारी मोहम्मद फहीम कुरैशी के नेतृत्व में रेवती थाना पुलिस की टीम ने यह सफलता हासिल की। पुलिस ने 26 वर्षीय पप्पू पासवान को ग्राम भाखर के बांसकोठी स्थित मुर्गी फार्म के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 15 लीटर के 8 जरीकैन में 120 लीटर और एक छोटे ड्रम में 80 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। इसके अलावा पुलिस ने शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाले 500 ग्राम नौसादर, 500 ग्राम फिटकिरी, एक किलो यूरिया और 900 ग्राम नमक भी जब्त किया। कार्रवाई के दौरान 5000 लीटर लहन और 30 भट्ठियों को भी नष्ट किया गया।

समाजवादी छात्र सभा केप्रदेश सचिव बनाए जाने पर भव्य स्वागत

रसड़ा। समाजवादी छात्र सभा के मनोनीत प्रदेश महासचिव पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष प्रकाश भारती को बुधवार को बलिया जनपद के रसड़ा में प्रथम आगमन हुआ। जनपद में प्रथम आगमन पर तौकीर अहमद व अग्निवेश सिंह उर्फ मान सिंह की अध्यक्षता में जगह-जगह नौजवानों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। प्रकाश भारती ने कहा कि छात्र और नौजवानों पर भाजपा सरकार का जुल्म बढ़ता जा रहा है उनके जुल्म और दमन से प्रदेश का नौजवान आक्रोशित है लेकिन समाजवादी पार्टी का नौजवान भाजपा के जुल्मों सितम के आगे झुकने वाला नहीं है। अग्निवेश सिंह मानसिंह ने कहा कि युवाओं से देश का भविष्य खड़ा है जिनको बड़ी जिम्मेदारी मिली है उनका निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूत बनाएं। उपेंद्र राणा, प्रेम प्रकाश, सोनू, अमरेश गौतम, अजीत, भीम सिंह, कमलेश भारती, विश्वजीत यादव आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को किया रवाना

बलिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च दिन शनिवार को किया जाना है। जिसके व्यापक प्रचार-प्रसार और जनसहभागिता सुनिश्चित करने के लिये जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष, अमित पाल सिंह द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व एवं उपयोगिता और कार्य पारदर्शिता और व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु बुधवार को प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। संचालन हरीश कुमार अपर जनपद न्यायाधीश व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा किया गया। उक्त प्रचार वाहन दीवानी न्यायालय परिसर बलिया से निकलकर जिले के समस्त तहसीलों का भ्रमण करते हुये जन-जन तक राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व को बतायेगी। साथ ही जनसामान्य को यह अवगत करायेगी कि वह अपने सभी प्रकार के मामलों, जो जुमार्ने से दण्डनीय हो, अथवा पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, बिजली के मामलें, टेलीफोन बिल के मामलें, टेक्स के मामले, चेक बाउंस के मामलें, सुलह योग्य फौजदारी मामलें इत्यादि का पूर्ण और प्रभावी समाधान प्राप्त कर सकते है। राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित किये गये मामले की कोई अपील नही की जाती। आपके खर्चे भी कम आते है और समाधान का प्रभाव वैसा ही होता है जैसा न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णय का प्रभाव होता है। अपने मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में लगाकर सस्ता व सुलभ न्याय प्राप्त कर सकते है। जनपद के समस्त जनसामान्य से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपने मामलों की त्वरित न्याय के लिये सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दीवानी न्यायालय परिसर बलिया से सम्पर्क कर सकते है। इस दौरान न्यायालय के समस्त अपर जनपद न्यायाधीश, समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण, सुरक्षाकर्मी, पैरालीगल वालेन्टियर्स, वादकारीगण व अन्य लोग भी उपस्थित रहें।

विज्ञान प्रदर्शनी में मेधावियों ने दिखाया अपना हुनर

विज्ञान प्रदर्शनी में अपने मॉडल के साथ बच्चे।

मझौंवा (बलिया)। मदर टेरेसा कन्वेंट स्कूल में छात्र छात्राओं द्वारा विचार गोष्ठी एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर सी वी रमन को याद करते हुए वैज्ञानिक प्रौद्योगिकी के विकास में उनकी योगदान और हमारे दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व पर अपने विचार रखे गए। विचार गोष्ठी के समापन के बाद छात्र छात्राओं द्वारा विज्ञान विषय पर आधारित अनेक प्रकार के माडल एवं प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में विद्यालय के कक्षा द्वितीय से कक्षा 8वीं तक के छात्र छात्राओं ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा बनाए गए ग्लोबल वार्मिंग, ज्वालामुखी ,सीड जर्मिनेशन, वाटर साइकिल, वाटर प्युरीफायर, चंद्रयान, हाइड्रोलिक क्रेन, एआई आधारित रोबोट, सूक्ष्मदर्शी, कार्बन प्युरिफायर, पर्यावरण सुरक्षा, स्मार्ट सिटी, चंद्रयान, सोलर सिस्टम, चंद्र ग्रहण एवं सूर्य ग्रहण ट्रैफिक कंट्रोल, वर्षा जल संरक्षण, पाचन तंत्र, सौर ऊर्जा, पावन चक्की, ज्वालामुखी, इलेक्ट्रिक बल्ब आकर्षण के केंद्र थे।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विनोद सिंह ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन कर सभी मॉडलों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए बच्चों की अभूतपूर्व प्रतिभा एवं कलाकृति की सराहना किया। प्रधानाचार्य कुसुमलता सिंह ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अरविंद बर्मा, सूरज यादव, दिनेश कुमार, राजेश राणा, तन्नु दुबे, प्रदीप सिंह, रूपसी सिंह, सालोनी पांडेय, अक्षय मिश्रा, सूरज चौबे, रुचि पांडे, नेहा सिंह, अर्चना ओझा, टीपी सिंह,मुस्कान सिंह, मुन्नी सिंह आदि का योगदान रहा।

करियर गाइडेंस प्लेसमेंट ड्राइव सेमिनार का आयोजन

बलिया। श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलिया के डा. राजेंद्र प्रसाद सभागार में वाणिज्य संकाय के छात्र छात्राओं के लिए महाविद्यालय के करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल तथा इमारिटस लर्निंग मुंबई के संयुक्त तत्वाधान में करियर गाइडेंस प्लेसमेंट ड्राइव सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से इमारिटस लर्निंग कंपनी लखनऊ के सीनियर प्रोग्राम काउंसलर उत्कर्ष सोनी और लखनऊ के प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह उपस्थित रहे। करियर गाइडेंस सेमिनार में वाणिज्य संकाय के बी कॉम एवं एम कॉम के अंतिम वर्ष के बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए।

महिला ने बेटी के ससुराल वालों पर लगाया हत्या का आरोप

बांसडीह (बलिया)। बांसडीह तहसील क्षेत्र के हड़िहा शिवपुर की महिला ने बुधवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि उसकी पुत्री को उसके ससुराल वालों ने जहर देकर मार दिया है और शव को भी गायब कर दिया है। महिला की शिकायत सुनकर पुलिस ने तत्काल मामले की जांच शुरू कर दी। महिला छठिया देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी पुत्री अंजू का विवाह चार वर्ष पूर्व बांसडीह क्षेत्र के जानकी छपरा निवासी कृष्णा साहनी से हुई थी।

विवाह के बाद से ही उसके ससुराल वालों द्वारा उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। इसे लेकर कई बार पंचायत भी हुई। लेकिन उनका व्यवहार नही बदला। इसी क्रम में बीते 4 तारीख को उनके द्वारा मेरी बेटी अंजू को मारपीट कर उसे जहर दे दिया गया है। जिससे उसकी मृत्यु हो गयी और जब इसकी सूचना पाकर हम उसके ससुराल पंहुचे तो वहां कोई नही मिला। मुझे संदेह है कि वे मेरी पुत्री के शव का गुपचुप तरीके से दाह संस्कार कर देंगे। मामले में महिला की शिकायत पर सक्रिय हुई पुलिस ने जब कथित मृतका के घर जाकर देखा तो वहां ताला लगा मिला। आस पास पता करने पर भी कोई जानकारी नही मिली।

अध्यक्ष सुनील, कोषाध्यक्ष पद पर दिनेश ने जमाया कब्जा

रसड़ा (बलिया)। तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर 58 मत पाकर सुनील कुमार ने एवं कोषाध्यक्ष पद पर 70 मत पाकर दिनेश चौहान ने कब्जा जमाया। अधिवक्ताओं ने विजयी प्रत्याशियों को माल्यार्पण कर स्वागत किया। सुबह से अधिवक्ताओं ने बढ़ चढ़ कर मतदान किया। निर्वाचन अधिकारी उदय नारायण सिंह ने बताया कि कुल 119 लोगों ने मतदान किया। अध्यक्ष पद पर सुनील कुमार 58, विजय सैनी 21, संजय तिवारी ने 40 मत प्राप्त किया। वहीं कोषाध्यक्ष के पद पर दिनेश चौहान 70 एवं सुनील कुमार श्रीवास्तव ने 49 मत प्राप्त किया। इसके पूर्व निर्विरोध उपाध्यक्ष वरिष्ठ प्रमोद कुमार यादव, कनिष्ठ भरत प्रसाद सिंह, महामंत्री सचिव रविकांत श्रीवास्तव एवं संयुक्त मंत्री पुस्तकालय राजेश रविन्द्र नाथ सिंह चुने गए। चुनाव अधिकारी ने विजई प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र सौंपा। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष द्वारिका सिंह, प्रमोद सिंह, श्री प्रकाश त्रिपाठी, भुनेश्वर पाण्डेय, देवेंद्र सिंह, अजय कुमार सिंह आदि लोगों ने स्वागत किया।

खेलने पर शिक्षिका ने की छात्र की पिटाई, थाने पहुंची मां

बेल्थरारोड। स्थानीय शिक्षा क्षेत्र सीयर के प्राथमिक विद्यालय नरला में कक्षा 4 में पड? वाले करीब 9 वर्षीय छात्र को गेंद खेलना उस समय महंगा पड़ गया, जब उस विद्यालय में पढ़ाने वाली शिक्षामित्र ने बच्चे पर जमकर डंडे बरसाया। आरोप है कि बच्चा बेहोश हो गया। इसकी शिकायत छात्र की माँ ने सम्बंधित थाना व एसपी पोर्टल पर किया। पोर्टल पर की गई शिकायत पर उभांव पुलिस को घटना की जांच के लिए निर्देशित किया गया है। जानकारी के अनुसार माल्दा निवासिनी प्रतिमा गुप्ता पत्नी संजय गुप्ता द्वारा पुलिस अधीक्षक पोर्टल पर की गई शिकायत के अनुसार उनका लड़का सर्वेश गुप्ता प्राथमिक विद्यालय नरला में कक्षा 4 में पढ़ता है। बीते 21 फरवरी को वह पढ़ने गया था। इसी बीच गेंद खेलने लगा। यह देख विद्यालय में नियुक्त शिक्षा मित्र रूमा सिंह ने बच्चे के पीठ जमकर डंडे बरसाया, जिससे वह जमीन पर गिर गया। बच्चे की माँ का कहना है कि चोटिल बच्चा जब घर पहुँचा, तो अचेत होकर गिर गया। और शिक्षिका के मारने की बात को अपनी माँ से बताया। बच्चे के पीठ पर लाल- लाल चोट के निशान देख बच्चे की माँ अवाक हो गयी। और चोटिल बच्चे का इलाज कराने के बाद सिकन्दरपुर थाने में तहरीर दी और पोर्टल पर एसपी से शिकायत की। मामला उभांव थाना में होने पर बलिया पुलिस द्वारा उभांव थाना प्रभारी को जांच के लिए निर्देशित किया गया है। अब देखना है जांच में क्या सच्चाई सामने आती है।

अनियमित दिनचर्या से लोगों में पनप रही बीमारियां

बैरिया (बलिया)। अनियमित दिनचर्या के कारण हर उम्र के लोगों में तरह तरह की बीमारियां पनप रही हैं। अस्पतालों में रोजाना पेट से संबंधित मरीज पहुंच रहे है। यही नही 10 साल से 18 साल तक के बच्चों पर भी मोटापा हावी हो रहा है। इस तरह के मरीज बाहर के खाना खाने से बढ़ रहे है जिनके पेट मे इंफेक्शन, शुगर फैटी लिवर की समस्या पनप रही है। डॉ नवीन कुमार सिंह ने बताया कि मोटापा स्वास्थ्य का ही नही बल्कि बीमारियों का भी कारण होता हैं। मोटापे के कारण बीमारियों के गिरफ्त में आने वाली रोगों की संख्या बढ़ रही हैं। जिसका मुख्य कारण व्यायाम नहीं करना है खाना खाने के बाद लोग पैदल चलना पसंद नहीं करते हैं जबकि पैदल चलने से खाना अच्छे से पच जाता है। संयुक्त राजकीय चिकित्सालय सोनबरसा के चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष श्रीवास्तव का कहना है कि बाहरी खान पान सेहत नुकसान पहुंचा रहा हैं इसी से मोटापा बढ़ रहा हैं।

महिलाओं के पास से शराब बरामद

बैरिया (बलिया)। होली के मद्देनजर शराब तस्करी का तरीका बदल गया है। शराब तस्कर इस धंधे में महिलाओं को शामिल कर बिहार में शराब तस्करी करने की कोशिश में लगे हैं। तो उधर पुलिस भी क्षेत्र में शिकारी की तरह जाल बिछाए बैठी हुई है।इसी तर्ज पर बैरिया पुलिस ने दो बिहारी महिलाओं के पास से 18 लीटर अंग्रेजी शराब तब बरामद किया। जब वह बुद्धवार को अंग्रेजी शराब लेकर बिहार जाने के लिए ट्रेन पकड़ने सुरेमनपुर स्टेशन जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर मधुबनी के निकट पासवान चौक पर चेकिगं के दौरान बैरिया पुलिस ने महिला पुलिस के साथ दोनों महिलाओं की तलाशी ली। उनके पास से 18 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुआ।दोनों महिलाओं से पूछने पर पुलिस को बताया कि हम दोनों काफी दिनों से कम मात्रा में शराब ले जाकर अधिक दाम पर बिहार में ले जाकर तस्करी करते है। पुलिस ने दोनों महिलाओं के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय के सुपुर्द कर दिया है। कोतवाल बैरिया राकेश कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पासवान चौक से तेतरा देवी निवासी पाचू साहिनी निवासी मोहमदपुर थाना मेहनाद जिला वैशाली व कविता देवी पत्नी दिलीप साहनी मोहमदपुर थाना मेहनाद जिला वैशाली बिहार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

ई-लाटरी के प्रथम चरण की प्रक्रिया आज

दिये निर्देश

ई-लाटरी के सम्पूर्ण स्थल परिसर में केवल आवेदक ही कर सकेंगे प्रवेश

बलिया। देशी मदिरा, कम्पोजिट दुकानों, भांग की दुकानों तथा माडल शॉप की छह मार्च को सम्पन्न होने वाली ई-लाटरी के प्रथम चरण की प्रकिया के सम्बन्ध में आबकारी आयुक्त द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश निर्गत किये गये है।

यह जानकारी जिला आबकारी अधिकारी विजय कुमार ने देते हुए बताया कि जनपद में प्रथम चरण की ई-लाटरी, गंगा बहुउद्देशीय सभागार में सायं 4 बजे से 6 बजे तक सम्पन्न होंगी। ई-लाटरी के सम्पूर्ण स्थल परिसर में केवल आवेदक द्वारा ही प्रवेश किया जायेगा, किसी अन्य व्यक्ति द्वारा नहीं। यदि किसी आवेदक द्वारा यदि किसी जनपद में आवेदन किया गया है और वह उस जनपद के ई-लाटरी स्थल पर स्वय उपस्थित नही रह सकता है, तो उसके स्थान पर उसके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकता है। इसके लिए आवेदक को एक प्राधिकार पत्र को युक्त-युक्त ढंग से भरकर अधिकृत प्रतिनिधि का फोटो चस्पा कर एवं अधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर प्रमाणित कर जिला आबकारी अधिकारी के कार्यालय या छह मार्च को ई-लाटरी परिसर में जिला आबकारी अधिकारी को ई-लाटरी आरम्भ होने से विलम्बतम दो घण्टे पूर्व 2 प्रतियों में उपलब्ध कराना होगा। एक प्रति स्वयं रखकर अधिकृत प्रतिनिधि को ससमय हस्तगत करेगा तथा दूसरी प्रति जिला आबकारी अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगी। प्राधिकार पत्र के साथ आवेदक द्वारा पोर्टल जनरेटेड आवदेन पत्र की प्रति तथा अधिकृत प्रतिनिधि के पहचान पत्र की प्रति भी उपलब्ध करानी होगी। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि एक आवेदक द्वारा एक जनपद के लिए केवल एक ही अधिकृत प्रतिनिधि नामित किया जा सकता है एवं उसी जनपद के लिए प्रतिनिधि को नामित किया जा सकता है। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि जनपद के ई-लाटरी कक्ष में आवेदक या उसके प्रतिनिधि में से केवल एक ही व्यक्ति उपस्थित रह सकता है। ई-लाटरी कक्ष में प्रवेश के लिए आवेदक के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा प्रवेश द्वार पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को जिला आबकारी अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित एवं मोहर युक्त प्राधिकार पत्र दिखाना अनिवार्य है।

गेहूं के समर्थन मूल्य में 150 रुपये प्रति कुंतल का इजाफा

बैरिया (बलिया)। अन्नदाताओ के लिए अच्छी खबर है। इस बार उत्पादन वर्ष में सरकार ने गेहूं के समर्थन मूल्य में 150 रुपया प्रति क्विंटल बढ़ा दिया है। पिछले साल 2275 प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीद हो रही थी। इस बार 2425 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से सरकारी खरीद होंगी। जिससे किसानों को उनके उत्पादन का उचित मूल्य मिल सकेगा। गेहूं की सरकारी खरीद 1 मार्च से शुरू होने वाली थी किंतु गेहूं की फसल तैयार नहीं होने के कारण फिलहाल इसे स्थगित कर दिया गया है। अगली तिथि जल्द घोषित की जाएगी। विभागीय अधिकारियों ने बताया की गेहूं की खरीद के लिए पंजीकरण जरूरी है। पंजीकरण प्रक्रिया 1 जनवरी से चल रही है। विभिन्न कारणोंवश बैरिया तहसील में 30 प्रतिशत किसानों का ही पंजीकरण हो पाया है। विपणन निरीक्षक शिवराम कुशवाहा ने बताया है की किसान खाद्य व रसद विभाग के आधिकारिक वेबसाइट एफसीएस डाट यूपी डाट जीओबी डाट इन पर कर सकते है। इसके अलावा किसान मित्र मोबाइल ऐप के माध्यम से भी पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध है। गेहूं क्रय केंद्रों पर बैठने के लिए टेंट, पीने के लिए आरओ का पानी, नमी जाचने के लिए मशीन, वजन के लिए कम्प्यूटराइज कांटा उपलब्ध रहेंगें।

जिला कारागार का डीएम एसपी ने किया निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने जिला कारागार का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एंव पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार मे कारागार चिकित्सालय, महिला एंव पुरूष बैरक, रसोई घर, का निरीक्षण किया तथा कारागार में लगाये सीसीटीवी की संचालन व्यवस्था की जॉच की। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कारागार चिकित्सालय मे भर्ती कैदियों से बीमारियों के सम्बन्ध मे पूछा तथा उनके खान-पान एवं साफ-सफाई की जानकारी ली। जिला कारागार के हवालात कार्यालय के स्टाक रजिस्टर की जांच की गयी, इसके पश्चात बारी-बारी से सभी बैरको का निरीक्षण किया

जिला कारागार का निरीक्षण कर बाहर निकलते डीएम-एसपी।

गयां। बैरकों में बन्दियों के कार्ड पर अगली पेशी का दिनांक को चेक किया गया। कारागार मे रसोई घर के निरीक्षण मे प्रत्येक दिन बनने वाले भोजन के मीनू की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि जेल के अन्दर किसी भी दशा मे मोबाइल व अन्य उपकरण का प्रवेश न होने पाये इस हेतु रोस्टर बनाकर चेंकिग अभियान चलाकर चेक किया जायें इसके अतिरिक्त महिला बन्दीगृह मे दी जा रही सुविधाओ के बावत जानकारी ली। मौके पर अपर जिलाधिकारी भू/रा आयुष चौधरी, एसपी सिटी उपस्थित रहे।

मौसम की मार से बढ़े पेट दर्द और डायरिया के मरीज

गाजीपुर। बदलते मौसम में लोग पेट दर्द और डायरिया का शिकार हो रहे हैं। मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में रोजाना करीब 150 पेट दर्द और डायरिया पीड़ित मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। चिकित्सक इन मरीजों को दवा के साथ मौसम से बचाव की सलाह दे रहे हैं। इन-दिनों मौसम में तेजी से बदलाव आ रहा है। सुबह और रात को मौसम सर्द रहता है तो दिन में गर्मी महसूस होती है। मौसम का यह बदलाव लोगों को बीमार कर रहा है। लोग पेट दर्द और डायरिया के शिकार हो रहे हैं। सरकारी अस्पतालों से लेकर निजी अस्पतालों में इन बीमारियों के पीड़ितों की संख्या बढ़ गई है। चिकित्सकों का कहना है कि खानपान की गलत आदतें व अनियमित दिनचर्या के कारण भी लोग डायरिया का शिकार हो रहे हैं। वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. वरुण चौधरी ने बताया कि गलत खानपान और अनियमित दिनचर्या से लोग डायरिया का शिकार हो जाते हैं। परेशानी होने पर तत्काल योग्य चिकित्सक का परामर्श लें। अपनी मर्जी से दवा लेने से बचें।

सड़क पर लगी फलों व सब्जियों की दुकान

जाम से हलकान

जाम में घंटों फंसी रहती स्कूली बच्चों से भरी बसें राहगीर भी होते हैं परेशान

यात्रियों की छूट रही ट्रेन लोगों में आक्रोश

जनसंदेश न्यूज

बुधवार लंका के करीब भीषण जाम में फंसे हुए वाहन।

गाजीपुर। नगर के प्रमुख बाजारों की सड़कों और पटरियों पर अतिक्रमण के चलते आए दिन जाम लग रहा है। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। बाईपास मार्ग, स्टेशन रोड़, मालगोदाम रोड़, मिश्र बाजार, विशेश्वरगंज, कोतवाली मार्ग, महुआबाग, लाल दरवाजा, नख्खास, लंका में सड़क की पटरियों पर प्रतिदिन दोपहर तक अस्थायी दुकानें लग जा रही हैं।

जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए यातायात विभाग ने अतिक्रमण हटवाने के लिए नगर पालिका प्रशासन को पत्र भेजा। लेकिन कार्रवाई नहीं की जा रही है। शहर के इन मार्गों से अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधि तक गुजरते हैं लेकिन इस समस्या को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। शहर के मिश्र बाजार, विशेश्वरगंज, कोतवाली मार्ग, महुआबाग, लाल दरवाजा, नख्खास, स्टेशन रोड, लंका सहित कई ऐसे बाजार हैं, जहां सड़क एवं उसकी पटरियों पर रोजाना अस्थायी दुकानें लग रही हैं। कुछ दुकानदार भी अपने सामानों को पटरी तक फैला कर अतिक्रमण करते हैं। सुबह होते ही रेहड़ी एवं फुटपाथ पर दुकानें लगनी शुरू हो जा रही हैं। मिश्र बाजार में दिन भर तो ठेले-खोमचे वालों का कब्जा रहता ही है शाम होते ही सब्जी की अस्थायी दुकानें लग जाती है। सुबह से शाम तक बेतरतीब तरीके से खड़े छोटे-बड़े वाहनों से भी आवागमन प्रभावित होता है। विशेश्वरगंज चौराहे पर अतिक्रमण के चलते आए दिन जाम लग रहा है। कुछ ही दूरी पर पुलिस चौकी है लेकिन कोई पुलिसकर्मी न तो जाम हटवाने की जहमत उठाता है और न ही अतिक्रमण के खिलाफ कोई कार्रवाई होती है। कोतवाली के सामने भी पटरियों पर शाम होते ही ठेले वालों का कब्जा हो जाता है। यही स्थिति सिटी रेलवे स्टेशन की है। जहां जाम की वजह से यात्रियों की ट्रेन तक छूट जा रही है। पालिका परिषद की तरफ से कभी कभी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाता है लेकिन इसका कुछ ही दिनों तक रहता है। कुछ दिनों पर स्थिति यथावत हो जाती है।

भारत को वैश्विक आर्थिक शक्ति बनाने में कृषि क्षेत्र की भूमिका: डॉ. संगीता

गाजीपुर। पी.जी. कॉलेज में बी.एससी. (कृषि) सातवें सेमेस्टर के छात्रों के पाठ्यक्रम के अंतर्गत संचालित ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के तहत संरक्षण कृषिः मृदा स्वास्थ्य और उत्पादकता में सुधार हेतु आधुनिक तकनीकें विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला कृषि संकाय एवं कृषि विज्ञान केंद्र के तत्वावधान में संपन्न हुई। जिसमें कृषि वैज्ञानिकों, विषय-विशेषज्ञों, शोधार्थियों और छात्रों ने सक्रिय भागीदारी की। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. संगीता बलवंत ने अपने संबोधन में कहा कि कृषि क्षेत्र सरकार की प्राथमिकताओं में है, जिसे बजट में भी विशेष महत्व दिया गया है। उन्होंने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत अब 5 लाख रुपये तक का ऋण किसानों को पात्रता पूरी करने पर उपलब्ध होगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से किसानों की आर्थिक आवश्यकताओं को पूरा करने का सतत प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत एक मजबूत वैश्विक अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है, जिसमें कृषि क्षेत्र की अहम भूमिका है। वर्तमान सरकार कृषि शिक्षा को भी बढ़ावा दे रही है, जिसके तहत कई नए कृषि संस्थानों और विश्वविद्यालयों की स्थापना की जा रही है। कार्यशाला के विशिष्ट अतिथि कृषि उप निदेशक डॉ. अतिंद्र सिंह ने कृषि सुधारों एवं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। वहीं, कृषि वैज्ञानिक डॉ. धर्मेंद्र कुमार सिंह ने मृदा क्षरण और कटाव को रोकने के उपायों पर प्रकाश डालते हुए सीढ़ीदार खेतों, कवर फसलों और मृदा संशोधन जैसी तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. राघवेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि कृषि व्यवसाय में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं, जो सिर्फ ग्रामीण क्षेत्रों तक सीमित नहीं हैं। इस कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर प्रो. डॉ. जी. सिंह ने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा कृषि स्नातक पाठ्यक्रम में ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव को शामिल किया गया है।

कंपोजिट विद्यालय का मना वार्षिकोत्सव

मरदह। शिक्षा क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय जरगो खास का 18 वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम 'अभ्युदय' रंगारंग व शानदार ढंग से बुधवार को सम्पन्न हुआ। बच्चों ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर देशप्रेम,सेवा और समाजिक बुराइयों को दूर,स्कूल चलो, नशा मुक्ति स्वच्छता, पर्यावरण, जल, विद्युत संरक्षण करने का संदेश दिया। इस दौरान प्रस्तुत नाटक नशा मुक्ति, सांस-बहु, सोशल मीडिया का दुरुपयोग ड्रामा दर्शकों द्वारा खूब पसन्द किया गया। बीईओ राजीव कुमार यादव ने कहा कि बच्चों के समग्र विकास के क्रम में ऐसे कार्यक्रमों की महत्ती आवश्यकता है। ऐसे वृहद और शानदार आयोजन के लिए विद्यालय परिवार बधाई का पात्र है। बच्चों में असीम प्रतिभाओं का भण्डार छिपा होता है। जरूरत उसकी परख कर विकसित करने की होती है। इन बच्चों पर देश का भविष्य निर्भर है। बच्चे देश का भविष्य हैं। संस्कारवान सुशिक्षित युवा पीढ़ी तैयार करना शिक्षकों एवं अभिभावकों का कर्तव्य है। इस मौके पर पारसनाथ यादव, प्रधान रंजू गुप्ता, सुभाष गुप्ता पूर्व प्रमुख, मार्कण्डेय गुप्ता, आनंद प्रकाश यादव, श्रीराम राम, डॉ. रामाश्रय गुप्ता, धीरेन्द्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे अंत में प्रधानाध्यापक विद्युत प्रकाश गुप्ता ने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कृतज्ञता ज्ञापित किया।

त्योहार से पहले मिलावट का रंग खोआ, पनीर व घी भी शुद्ध नहीं

रंगीन मिठाइयों में मिलावट ज्यादा, खुशबू के लिए इस्तेमाल कर रहे केवड़ा जल

गाजीपुर। त्योहार से पहले बाजार में मिलावट का रंग शुरू हो गया है। खान-पान के कच्चे माल से लेकर डिब्बा बंद और पैकेजिंग वाली सामग्री भी भरोसे लायक नहीं है। अभी खाद्य सुरक्षा विभाग धर पकड़ की तैयारी ठीक से नहीं कर पाया है।

इसके पहले ही धंधेबाज मिलावटी खाद्य पदार्थों की बड़े पैमाने पर हेराफेरी करने में जुट गए हैं। रोडवेज से लेकर हाईवे के सभी प्रमुख अड्डों पर मिलावटी खोआ, पनीर और देशी-घी की खेप पहुंचने लगी है। सुबह नौ से 10 बजे जनजीवन बहाल होने से पहले ही यह सामग्रियां मंडियों में बिकने के लिए पहुंच जा रही है। होली में खोआ, पनीर, घी की मांग बढ़ जाती है। त्योहार के प्रसिद्ध पकवान गुझिया की दीवानगी घरों से लेकर बाजार तक देखने को मिलती है। इस जोश में होश खोए तो भारी पड़ सकता है। मुनाफाखोरी के चक्कर में धंधेबाजों को आपकी सेहत का बिल्कुल परवाह नहीं है। जानकारी के अनुसार, बाजार में खोआ की डिमांड बढ़ गई है। थोक भाव में 170 से 200 रुपये किलो की दर से 10 क्विंटल खोआ की खेप प्रतिदिन जिले में खपाई जा रही है। यह खोआ रोडवेज की बसों या लांग रूट की प्राइवेट बसों से शहर एवं हाईवे के प्रमुख चौराहों पर उतार दी जा रही है। यहां से छोटे वाहनों में लादकर इसे मंडी पहुंचाया जा रहा है।

इसके बाद पूरे दिन ग्रामीण अंचल के छोटे व्यापारियों में इसकी आपूर्ति की जा रही है। इसके अलावा मिलावटी पनीर, डिब्बा बंद देशी घी की आपूर्ति हो रही है। मिठाई में पेड़ा, बर्फी, काजू कतली, लड्डू अलग-अलग रेट में उपलब्ध हैं। इसी तरह दाल, आटा, चावल, मसाला, तेल के भाव भी अलग-अलग है। जानकारों की मानें तो मिलावट का खेल सभी में है। किसी में कम तो किसी में ज्यादा हो रहा है।

नमकीन, चिप्स और पापड़ में भी खेल

बाजार में नमकीन, चिप्स और पापड़ की भी मांग बढ़ी हुई है। धंधेबाज इसमें भी मिलावट कर रहे हैं। बंसीबाजार के व्यवसायी प्रमोद बताते हैं कि त्योहार के सीजन में पुराने बेसन, खराब चावल आदि का इस्तेमाल कर नमकीन, पापड़ आदि तैयार किए जाते हैं। आकर्षक दिखाने के लिए इसमें रंग आदि का इस्तेमाल होता है। इसकी पैकिंग कर अच्छे मुनाफे में बेच दिया जाता है।

संक्षेप

वैश्विक ऑनलाइन लीडर बोर्ड में अव्वल आए छात्रों का स्वागत

सेवराई। स्थानीय तहसील के आक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल नवली के तीन छात्रों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2024 में वैश्विक ऑनलाइन लीडरबोर्ड (सत्र 2024-25) में परचम फहरकर जनपद का नाम रोशन करने वाले छात्रों को इस अद्वितीय उपलब्धि के लिए उन्हें हिन्दी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा प्रोत्साहन पुरस्कार से 23 फरवरी को नई दिल्ली में सम्मानित किये जाने के बाद पहली बार विद्यालय आने के पर विद्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित कर गुरुजनों के समक्ष रेवतीपुर के खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार गौतम ने स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। हिंदी ओलिंपियाड फाउंडेशन द्वारा बीते 23 फरवरी को नई दिल्ली में सीडी देशमुख आडीटोरियम में आयोजित सम्मान समारोह वैभव लक्ष्मी सिंह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लीडर बोर्ड कक्षा 8 में पांचवा स्थान, प्राजंलि राय व अनंत विक्रम सिंह को उत्तर भारत जोन में सर्वोच्च प्रदर्शन के लिए खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार गौतम ने सम्मानित किया। बतौर मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार गौतम ने कहा कि हिंदी ओलंपियाड जैसे अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में इस विद्यालय के तीन छात्रों द्वारा सर्वोच्च प्रदर्शन करके विद्यालय ही नहीं बल्कि जनपद का नाम रोशन किया है। उन्होंने विद्यालय के गुरुजनों व अभिभावकों से इन बच्चों को प्रोत्साहित करने के साथ ही अन्य छात्रों को सबक लेकर मेहनत करने की सीख दी। इस मौके पर विद्यालय के अभिभावक को सहित प्रधान प्रतिनिधि जमशेद राईनी, पूर्व प्रधान लाल बहादुर सिंह, नारायण सिंह, अंजनी सिंह, प्रधानाचार्य तनवीर हसन, परवेज अहमद, प्रेमशंकर राय, शकील अहमद, सलमान, रागिनी सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

सपा की नीतियों को गली-गली पहुंचाना कार्यकर्ताओं का कर्तव्य : गोपाल

जमानियां। स्थानीय पार्टी कार्यालय पर बुधवार को किसान नेता झिल्लू यादव की अध्यक्षता मासिक बैठक व पीडीए चौपाल चर्चा समीक्षा बैठक किया गया। उक्त बैठक मे बोलते हुवे सपा जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने कहा की पीडीए चर्चा कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गली गली मोहल्लों तक पहुंच कर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नीति व कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाना है व बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सम्मान की रक्षा के लिए लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए समाजवादी पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता साथी पीडीए चर्चा कार्यक्रम में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का कार्य करें। इस बैठक में श्रीराम यादव, प्रमोद यादव, तौकीर खां, अजय यादव, शैफ सिद्दीकी, काशीनाथ यादव, रामचीज यादव, पारस यादव, प्रदीप यादव, रामाश्रय यादव, कलीम खां, बसंत यादव, महेंद्र यादव, सरोज यादव, बब्लू यादव, रिशु यादव आदि लोग मौजूद रहे। संचालन अशोक सिंह ब्लाक अध्यक्ष ने किया।

देर तक मोबाइल देखने से बचपन में ही लग रहा चश्मा

गाजीपुर। बच्चों की मोबाइल की लत ने से अभिभावक उनकी सेहत को लेकर परेशान हैं। हालत यह है कि चार से 10 साल तक के बच्चे दो से तीन घंटे मोबाइल चला रहे हैं। इससे अधिकतर बच्चों में दूर दृष्टि दोष की समस्या हो रही है। इसकी वजह से बच्चों के छोटे उम्र में ही मोटा चश्मा तक लग रहा है। नेत्र चिकित्सालय में हर रोज 10 से 15 बच्चे आंखों की समस्या को लेकर डॉक्टर के पास पहुंच रहे हैं। शनिवार को नेत्र रोग विशेषज्ञ व सर्जन डॉ. एके राय ने बताया कि सर्दी कम होने के बाद भी हर दिन 100 से अधिक मरीजों की ओपीडी हो रही है। इसमें 10 से 15 बच्चों में आंखों की समस्या आ रही है। डॉक्टर ने बताया कि बच्चों के खेलने की जगह अधिकतर समय मोबाइल व टीवी से चिपका रहना, इसका बड़ा कारण है। अभिभावकों को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है। इस ओर समय से ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में बच्चों में आंखों संबंधी समस्या बढ़ने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। बेटी की आंख दिखाने आए शिवपुर के सत्यम विश्वकर्मा ने बताया कि उनकी सात वर्षीय बेटी शिवांशी स्कूल से आने के बाद सीधे मोबाइल पकड़ती है।

अधीक्षण अभियंता से मिले भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष

गाजीपुर। बिजली विभाग से संबंधित कुछ समस्याओं को लेकर बुधवार को भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने अधिक्षण अभियंता ई. बृजेश कुमार से मिलकर ज्ञापन सौंपा। अमित कुमार सिंह ने बताया कि जनपद के भदौरा प्रखंड अंतर्गत भतौरा गांव में एक 25 के. वी. का ट्रांसफार्मर एवं 6 बिजली पोल लगाने की मांग की गई है। जिससे स्थानीय किसानों को हो रही सिंचाई से सम्बंधित समस्याओं से निजात दिलाया जा सके। उन्होंने बताया कि हमारा संगठन जनपद के किसानों की समस्यायों का समाधान कराने हेतु प्रतिबद्ध है। पत्रक देने वालों में जितेंद्र उपाध्याय, शिवम चौबे, मोनू प्रधान भी उपस्थित रहे।

बिन बरसात जल निगम रोड पर भरा पानी, लोगों की बढ़ी परेशानी

गाजीपुर। खोवामंडी-जलनिगम रोड पर प्रवेश करते ही आगंतुकों का स्वागत यहां पर बना कीचड़ युक्त पानी करता है। बिन बरसात के ही सड़क पर पानी जमा रहता है। पानी निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण यह समस्या बनी हुई है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से सड़क दुरुस्त कराने के साथ-साथ पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था करने की मांग की है। स्थानीय निवासी जयभगवान, सुमेर सिंह, विवेक कुमार, नरेश शर्मा ने कहा कि जल निगम स्थित मुख्य सड़क पर पानी की निकासी न होने के कारण पानी जमा हो रहा है। इस सड़क पर जमा पानी के बीच से निकलने में न केवल वाहन चालकों को बल्कि पैदल राहगीरों को भी समस्या होती है। कई बार यहां छोटे वाहन फंस जाते हैं और वाहनों में खराबी आ जाती है। यह पानी बरसात का नहीं है बल्कि घरों से निकला हुआ है। क्षेत्र में पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है। इस कारण यह पानी सड़कों पर जमा हो रहा है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क पर भरे इस गंदे पानी से निजात दिलाई जाए, ताकि इसमें मक्खी-मच्छर न पनपे और बीमारियां भी न फैलें। फ्लाईओवर के पास पानी की निकासी न होने के कारण मुख्य मार्ग पर जलभराव की समस्या रहती है। नालों का गंदा पानी आसपास के मोहल्लों में भर जाता है। इस समस्या से कई मोहल्लों के लोग काफी परेशान हैं। वहीं, मुख्य मार्ग पर स्थित दुकानों तक पहुंचने में मुश्किल हो गई है। स्थानीय लोगों ने नालों की सफाई न होने का आरोप लगाया है। इस मार्ग पर हर दिन बिना बारिश के ही नाला ओवरफ्लो रहता है। स्थानीय लोगों के अलावा व्यापारियों और यहां से गुजरने वाले लोगों को जलभराव की समस्या से जूझना पड़ता है।

सड़क पर बने यात्री प्रतीक्षालय बदहाल, यात्री खुले आसमान के नीचे करते हैं वाहनों का इंतजार

अवैध कब्जा कर असामाजिक तत्व बैठकर करते शराबखोरी

गाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के लिए सड़क किनारे यात्री प्रतीक्षालय बनाए गए हैं, लेकिन यह यात्री प्रतीक्षालय अनदेखी के शिकार हैं। कई यात्री प्रतीक्षालयों की हालत तो ऐसी है कि यह पूरी तरह से जमींदोज हो गए हैं। बसों का इंतजार करने वाले यात्रियों को अब खुले आसमान के नीचे इंतजार करना पड़ रहा है। कई जगह यात्री प्रतीक्षालय सुरक्षित हैं तो वहां कुछ लोगों ने कब्जा कर दुकानें खोल रखी हैं। कई जगह शाम के बाद यात्री प्रतीक्षालयों में आसामजिक तत्व बैठकर शराबखोरी करते हैं। यात्रियों का कहना है कि कुछ मनलचे यात्री प्रतीक्षालय में बैठकर तोड़फोड़ करते रहते हैं, जिसके चलते कुर्सियां तक क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

बतौर बानगी शहर स्थित लंका रामलीला मैदान गेट नंबर चार के करीब बने यात्री प्रतीक्षालय न केवल

लंका रामलीला मैदान गेट नंबर चार के करीब क्षतिग्रस्त यात्री प्रतीक्षालय।

अनदेखी के चलते दुर्दशा की स्थिति में आ गए हैं। यह स्थिति जिले के अधिकांश प्रतीक्षालयों की हो गई है। बल्कि इनमें से कुछ पर कब्जे भी होने लगे हैं। किसी ने दुकान सजा ली है तो कोई वाहनों के स्टैंड के रूप में उपयोग हो रहा है। इससे यात्रियों को खुले आसमान के नीचे खड़े रहकर वाहनों का इंतजार करना पड़ रहा है। गर्मी के दिनों में यात्रियों की परेशानी और अधिक बढ़ जाती है। सड़क के किनारे लोगों के खड़े और बैठे रहने के दौरान दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। प्रतीक्षालय बनाने में लाखों रुपये की धनराशि खर्च हुई थी। यात्री प्रतीक्षालय न होने के कारण राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। गर्मी के मौसम में राहगीर छांव की तलाश में यहां वहां भटकते रहते थे। वहीं बारिश के मौसम में पानी से बचने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बनी दुकानों का सहारा लेते थे।

तब कई स्थानों पर यात्री प्रतीक्षालय बनवाया गया। अब इनमें अधिकांश क्षतिग्रस्त हो गए हैं। नगर के लंका रामलीला मैदान के समीप बने प्रतीक्षालय बदहाल हो गया है। कमोवेश यही हाल अन्य जगहों का है।

दो साल बाद बारा से चलेगी रोडवेज

रेवतीपुर। बिहार को जोडने वाले करीब 38 किमी लंबे ताड़ीघाट-बारा नेशनल हाईवे 124 सी पर यात्रियों की सुविधाओं खातिर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के निर्देश पर परिवहन विभाग ने दो साल बाद रोडवेज बस का संचालन शुरू हो गया है,जिसके कारण इलाके के लोगों में खुशी की लहर व्याप्त है। परिवहन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक रोडवेज की यह एक्सप्रेस सेवा का संचालन हर रोज सुबह सात बजे बारा से वाराणसी तक होगा,पहले दिन चालक मोहम्मद जाहिद और परिचालक जावेद रोडवेज बस को बारा से लेकर वाराणसी के लिए रवाना हुए,परिवहन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक इस बस की सभी 52 सीटें लक्जरी क्लास की है। परिवहन विभाग के मुताबिक रोडवेज की यह एक्सप्रेस सेवा बारा से सुबह सात बजे चलकर वाराणसी तक का करीब 118 किमी का लम्बा सफर चार घंटे में तय करेगी। इसके उपरांत वाराणसी से दोपहर करीब 12 बजे बारा के लिए रवाना होगी। इस बस में यात्रियों के आपातकालीन चिकित्सीय सेवा का कीट भी उपलब्ध है। मालूम हो कि इस महत्वपूर्ण मार्ग पर रोडवेज बस के संचालन मार्गों के खराब होने और परिवहन विभाग के पास बसों की कमी के कारण इसका संचालन नहीं हो पा रहा था।

बढ़ते तापमान में झुलस रहे हैं किसानों के अरमान

जनसंदेश न्यूज

गाजीपुर। अबकी बार बढ़े तापमान के कारण किसानों के अरमान झुलस गए। कड़ी मेहनत से तैयार गेहूं की फसल के पैदावार पर ग्रहण लग गया। तापमान में वृद्धि से गेहूं समय से पहले पक जाएगा और दाना भी पूरी तरह से विकसित नहीं हो पाएगा। इसके चलते प्रति हेक्टेयर पांच से आठ क्विंटल तक उत्पादन घट जाएगी।

जिले में करीब 40 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में गेहूं की खेती होती है। गरीब परिवारों की साल भर की गृहस्थी गेहूं की फसल पर निर्भर रहती है। इस बार गेहूं बुआई के समय से मौसम ने किसानों का खूब साथ दिया। समय से बुआई की और फसल तैयार होने के करीब आई तो मौसम का मिजाज एकाएक बदल गया। बीते मध्य फरवरी से ही तापमान काफी बढ़ गया था। मार्च शुरू होते ही तापमान 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। दिन भर तेज धूप ने लोगों को मई, जून का एहसास करा दिया। अचानक बढ़े तापमान से गेहूं के खेतों की नमी खत्म हो गई और समय से पहले फसल पकने जा रही है। जिसका किसानों को डर था, हुआ भी वही। दाना कमजोर होने के कारण उत्पादन प्रभावित हो गया। शुरुआती मौसम देखकर किसानों को लगा था कि 40 से 45 हेक्टेयर प्रति क्विंटल पैदावार होगी। वर्ष 2024 में 38 क्विंटल प्रति हेक्टेयर पैदावार हुई थी, जबकि अबकी बार प्रति हेक्टेयर 30 से 32 क्विंटल उपज का औसत आने की संभावना है। कृषि विभाग ने उम्मीद जताई थी कि डेढ़ लाख एमटी गेहूं की पैदावार होगी, लेकिन एक से सवा लाख एमटी ही पैदावार होती दिख रही है।

उप निदेशक कृषि एके सिंह ने बताया कि अनुमान पर तापमान भारी पड़ा है। इस साल गेहूं की पैदावार बढ़ने की उम्मीद किसानों एवं विभाग को थी। गेहूं के लिए होली के आसपास तक मौसम सही होना चाहिए था, लेकिन उसके पहले से ही तापमान बढ़ने से पैदावार प्रभावित हो गया।

त्योहारों पर महंगाई की मार वस्तुओं के 20 फीसदी बढ़े दाम

गाजीपुर। रमजान महीना शुरू हो गया है। मार्च माह के आखिरी सप्ताह से नवरात्र का व्रत भी शुरू हो जाएगा। इन त्योहारों पर अबकी महंगाई की मार पड़ी है। खानपान की वस्तुओं की कीमतों में औसतन 20 फीसदी तक बढ़ गई हैं। पाक माह रमजान में रोजेदार इफ्तार और सहरी में खजूर, सेंवई, शरबत, ग्लूकोज, काजू, बादाम, किशमिश आदि का इस्तेमाल करते हैं। फलों की भी मांग रहती है। अबकी त्योहार में फल से लेकर मेवे तक की कीमतें बढ़ी हुई हैं। दुकानदारों का कहना है कि खाद्य सामग्री के मूल्य में 15 से 20 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। हरी सब्जियां भी महंगी हैं। रमजान रखने वाले सहरी के वक्त पाव रोटी आदि का भी इस्तेमाल करते हैं। उसकी कीमत भी बढ़ी है। त्योहारों में खाद्य वस्तुओं की महंगाई ने त्योहारों का आनंद ही कम कर दिया है।

पिछले साल खाद्य सामग्री की कीमतें कम थीं। इस बार हर सामान के मूल्य में 15 से 20 प्रतिशत बढ़ोत्तरी हुई है।
दीपक गुप्ता
हम लोग बाजार से सामान खरीदारकर गांव में बेचते हैं। बाजार में हमें ही महंगे दामों पर खाद्य पदार्थ मिल रहे हैं। इतनी महंगी वस्तुएं गांवों में बेचना संभव नहीं है। **राम निवास**
रमजान के लिए अतिरिक्त सामान लाएं थे लेकिन दाम ज्यादा होने के कारण बिक्री पर असर पड़ा है। कीमतों में 20 प्रतिशत का इजाफा होने के कारण लोग कम सामान खरीद रहे हैं। **विनोद प्रसाद**

मिश्र बाजार में सजी फलों की दुकानें।

गोड़ऊर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर असुविधाओं का टोटा

चिकित्सकों की कमी, अल्ट्रासांउड, एक्स-रे आदि सहित अन्य उपकरण खराब

जनसंदेश न्यूज

भांवरकोल। स्थानीय विकासखंड खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोंडऊर स्तिथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अपनी दुर्गति, अभावों व यहां के कर्मचारियों के घोर लापरवाही पर आंसू बहा रहा है। जो प्रदेश सरकार का आम जनता के हित स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का पोल खोल रहा है। बीते बीते मंगलवार को जनसंदेश टाइम्स की टीम इस इस स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सीय व्यवस्था की पड़ताल किया।

तब एक ही कमरे में केंद्र प्रभारी डॉ. विपिन कुमार रावत, डॉ. सुजीत कुमार एलोवेरा एलोपैथिक और वैद्य एसी जायसवाल बैठक बातचीत कर रहे थे। जबकि बताया गया कि डा रोहन वर्मा की ड्यूटी रात में लगाई गयी है और डॉ. अखिलेश कुमार को अवकाश पर बताया गया। जों संभवतः संदेह के घेरे में थे। पुरुष वार्ड में दो महिलाओं को पानी चढाया जा रहा था जबकि बगल में स्थित महिला वार्ड पर ताला लटक रहा था। यहां का एक्स-रे मशीन काफी

गोड़ऊर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की चमचमाती इमारत।

दिनों से खराब होकर जहां धूल फांक रहा है। वहीं अल्ट्रासाउंड मशीन अभी तक यहां उपलब्ध शासन की ओर से नही कराया गया है। यहां आवश्यक तीन फार्मासिस्ट होने होने चाहिए पर एक भी नही है।

वार्ड ब्वाय और सर्जन डॉक्टर भी नही है। बीएचडब्लू का पद भी खाली हाथ है सर्जन डाक्टर की नियुक्ति न होने के कारण आम गरीब जनता को छोट मोटे आपरेशन के लिए भी दूर जाकर प्राइवेट डाक्टर का सहारा लेना पड़ता है। परिसर में स्थित हैंडपंप भी कई सालो से खराब पड़ा है। मरीजो और उनके साथ आये लोगों को पानी के लिए काफी दूर जाकर किसी निजी हैंडपंप से पानी लेना होता है या वे अपने साथ पानी का बोतल लाते हैं। जहां तक मरीजो के लिए दवा उपलब्ध होने की बात है तो कफ सीरप भी उपलब्ध नहीं है तो अन्य दवा मिलने की बात ही क्या है। अस्पताल की रंगाई पुताई तो दिख रही है।

उच्चाधिकारियों को अस्पताल में कमियों की सूचना

प्रभारी डॉक्टर विपिन कुमार रावत ने बताया कि रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए और अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध कराने के बाबत उपर के अधिकारियों सूचित किया है। मै चाहता हूं कि आम मरीजों को कोई परेशानी न हो लेकिन जितना हो सकता है किया जाता है।

पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग

यह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांव के दक्षिणी छोर पर जंगल एरिया में बना हुआ है जिससे रहने वाले कर्मचारी अपने को असुरक्षित महसूस करते हैं। कर्मचारियों का कहना है कि सुरक्षा के लिए यहां एक पुलिस चौकी स्थापित किया जाना चाहिए रात के समय भी मरीज आते हैं उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस चौकी की जरूरत है।

जनसंपादकीय

घातक है ऑनलाइन गेमिंग की बढ़ती प्रवृत्ति

रोहित माहेश्वरी

एक समय वह भी था जब बच्चों को घर से बाहर खेलने जाने के लिए मना किया जाता था। दिनभर घर से बाहर रहकर खेलने के लिए उन्हें डांट भी पड़ती थी लेकिन अब समय बदल गया है। अब हालात ऐसे हो गए हैं कि बच्चे खेलने के लिए घर से बाहर ही नहीं निकल रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण ऑनलाइन वीडियो गेम और स्मार्टफोन है। वीडियो गेम खेलने वाले स्मार्टफोन सात-आठ हजार रुपये तक में आसानी से मिल रहे हैं। वहीं गूगल प्ले-स्टोर पर मुफ्त मोबाइल गेम भी मिल जाते हैं।

दरअसल, ऑनलाइन वीडियो गेमिंग का बाजार बहुत ही तेजी से बढ़ रहा है इसी के साथ बढ़ रहा है इसका दुष्परिणाम। कई वीडियो गेम्स बच्चों के लिए बेहद ही खतरनाक साबित हो रहे हैं। ब्लू व्हेल जैसे गेम्स की वजह से कई मौतें भी हो चुकी हैं। आइए जानते हैं कुछ वीडियो गेम्स के बारे में जो बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं, उन्हें हिंसक बना रहे हैं और यहां तक की जान देने के लिए भी उकसा रहे हैं।

ऑनलाइन गेम से पनप रहे जानलेवा खतरों को लेकर दुनियाभर में चिंता जताई जा रही है। ऑनलाइन गेम की लत के शिकार बच्चों को बचाने के लिए कई देश इस समय अलर्ट मोड पर हैं। ब्राजील, चीन, वेनेजुएला, जापान और ऑस्ट्रेलिया में ऐसे गेम्स पर प्रतिबंध है, जो हिंसक प्रवृत्ति पैदा करते हैं। चीन में 18 साल से कम उम्र वालों को शुक्रवार, शनिवार, रविवार या फिर सार्वजनिक छुट्टी के दिन सुबह 8 से रात 9 बजे के बीच अधिकतम 3 घंटे तक ही ऑनलाइन गेम की अनुमति है। सख्त नियमों के बावजूद ब्राजील के एक किशोर ने ऑनलाइन चैलेंज पूरा करने के लिए खुद को बटरफ्लाई फ्लूड का इंजेक्शन लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पिछले महीने लखनऊ में एक बीडीएस छात्र ने आत्महत्या का खौफनाक कदम उठाने से पहले अपने दोस्तों को ऑनलाइन गेम खेलने के लिए नोटिफिकेशन भेजा था। वहीं, लखनऊ के दूसरे मामले में ऑनलाइन गेम की लत के शिकार दसवीं के छात्र ने मोबाइल गेम में नुकसान के बाद आत्महत्या कर ली।

घर में छोटे बच्चे हैं, तो फिर आपने भी गौर किया होगा कि वे जल्द ही मोबाइल चलाने में एक्सपर्ट हो जाते हैं। जब तक पैरेंट्स बच्चों को मोबाइल न दे, तब तक यह संभव भी नहीं है। कहीं न कहीं इसकी शुरूआत अभिभावक ही करते हैं। लेकिन जब एक बार बच्चों को मोबाइल की लत लग जाती है, तो फिर मोबाइल फोन न देने पर गुस्सा करना, रोना, चीखना और चिल्लाना आम बात हो जाती है। बच्चों को बिजी रखने के लिए खुद ही अभिभावक फोन पर गेम्स और वीडियो चलाकर दे देते हैं। हालांकि शौकिया तौर पर कुछ देर गेम खेलने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन समस्या तब पैदा होती है, जब यह शौक एक बुरी लत में बदल जाता है, जिसे गेमिंग की लत या फिर गेमिंग डिसआर्डर भी कहते हैं।

गूगल प्ले स्टोर और एपल के एप स्टोर पर कई गेम ऐप्स मौजूद हैं, जो आसानी से डाउनलोड के लिए उपलब्ध हैं। कई बार इसे शौकिया खेलने के लिए डाउनलोड करते हैं, लेकिन यह बहुत जल्दी लत में तब्दील हो जाती है। ऑनलाइन या वीडियो गेम की लत नशे से भी बुरी है। खासकर पबजी जैसे गेम बच्चों को हिंसक भी बना रहे हैं। गेमिंग की लत को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बीमारी यानी गेमिंग डिसआर्डर के रूप में चिन्हित किया है। खासकर बढ़ते बच्चों में गेमिंग की लत उनके आगे बढ़ने में बहुत बड़ी बाधा है। गेमिंग के दौरान अलग-अलग लेवल पार करना बच्चे अपनी उपलब्धि मानते हैं। ऐसे में बिना सोचे-समझे वह गेम खेलते चला जाता है। एक्साइटमेंट के लिए वह कुछ भी कर गुजरने से हिचकता नहीं है। यह खेल मानसिक रूप से भी कमजोर बनाता है। खिलाड़ी असल दुनिया से दूर एक वर्चुअल यानी आभासी दुनिया में होता है। कई बार तो गेम में जीतने पर रिवार्ड की सुविधा भी होती है। देखा जाए, तो यह एक तरह से बच्चों को उकसाने का तरीका ही है।

ऑनलाइन गेम चैलेंज को लेकर बच्चों से जुड़ीं ये तो कुछ ही घटनाएं हैं। इससे पहले भी ब्लू वेल चैलेंज, द पास आउट चैलेंज, द सॉल्ट एंड आइस चैलेंज, द फायर चैलेंज और द कटिंग चैलेंज जैसे ऑनलाइन गेम दुनियाभर में हजारों बच्चों की जान ले चुके हैं। ब्लू वेल चैलेंज से दुनियाभर में 130 लोग और द पास आउट चैलेंज में एक हजार बच्चों की मौत खुद अपना गला दबाने या साथी का गला दबाने से हो चुकी है। द सॉल्ट एंड आइस चैलेंज खेलते समय तमाम बच्चे इसलिए अपंग हो गए क्योंकि उन्होंने अपने पैर माइनस 25 डिग्री बर्फ में 15 मिनट तक रखे थे। इसी तरह द फायर चैलेंज में बच्चे अपने शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाते हैं और द कटिंग चैलेंज में अपने शरीर में घाव कर टास्क पूरा करने के लिए वीडियो अपलोड करते हैं।

यदि बच्चे की दिनचर्या में बदलाव नजर आए। उसका पूरा कामकाज पबजी के इर्द-गिर्द ही दिखाई देने लगे तो समझिए वह इस खेल की गिरफ्त में जा रहा है। उसका स्वभाव आक्रामक और गुस्सैल हो सकता है। पबजी खेलने से रोकने पर वह हिंसक हो उठता है या गाली-गलौज भी कर सकता है। इस खेल की लत में आया बच्चा आमतौर पर गुमसुम दिखाई देता है। उसकी याददाश्त में कमी आना, बात बिगड़ने के संकेत हैं। मनोचिकित्सकों के अनुसार बच्चों के मां-बाप इस आदत पर लगाम लगाने में खुद को असहाय पा रहे हैं। यह सिर्फ खर्च की बात नहीं है, बल्कि बच्चों के दिमाग पर जो इस खेल का असर हो रहा है, वह आगे जाकर जानलेवा हो सकता है। यदि पेरेंट्स इसे सामान्य मान रहे हैं, तो ये उनकी भूल है।

आपत्तिजनक व हिंसक कंटेंट के कारण 15 देश अलग-अलग तरह के ऑनलाइन गेम्स पर पाबंदी लगा चुके हैं। वेनेजुएला 2009 में ही वीडियो गेम्स बनाने, बेचने और इस्तेमाल करने पर रोक लगा चुका है। ब्राजील बहुत ज्यादा हिंसा वाले गेम बंद किए। चीन 18 साल से कम उम्र वालों को सुबह 8 से रात 9 बजे के बीच शुक्रवार, शनिवार, रविवार और सार्वजनिक छुट्टी के दिन अधिकतम 3 घंटे तक ही ऑनलाइन गेम खेलने की इजाजत है। ऑस्ट्रेलिया में हिंसक, आपत्तिजनक व विवादित कंटेंट वाले ऑनलाइन गेम्स की अनुमति नहीं है। जापान, दक्षिण कोरिया, न्यूजीलैंड, मलेशिया, सिंगापुर, जर्मनी, ब्रिटेन, सऊदी अरब, यूएई, ईरान और पाकिस्तान भी कई पाबंदियां लगा चुके हैं। वहीं, भारत अभी तक ऑनलाइन गेम्स को लेकर कोई सख्त कानून नहीं बना पाया है। हालांकि, भारत पबजी जैसे कई चाइनीज ऑनलाइन गेम्स पर दो साल पहले ही पाबंदी लगा चुका है, लेकिन अब भी ये गेम उपलब्ध हो रहे हैं।

मोबाइल गेम्स की लत से बच्चों और किशोरों, यहां तक कि वयस्कों में हिंसक प्रवृत्ति बढ़ रही है। कुछ मामलों में मोबाइल लेने से बच्चे डीप डिप्रेशन में चले जाते हैं। इसे टेक्नॉलॉजी एडिक्शन कह सकते हैं। जो बच्चे गन वायलेंस वाले वीडियो गेम खेलते हैं, उनमें गन पकड़ने और ट्रिगर दबाने की ज्यादा इच्छा होती है। रिसर्च के बाद यह नतीजे सामने आये हैं। तमाम अध्ययन बताते हैं कि 80 फीसदी बच्चों में ऑनलाइन चैलेंज जीतने का लालच उन्हें आपराधिक प्रवृत्ति का बना रहा है।

यह जरूरी है कि अभिभावक, बच्चों के लिए मोबाइल के इस्तेमाल को सीमित कर दें। ऐसा इसलिए भी कि अधिक समय पर मोबाइल पर व्यस्त रहने वाले बच्चों में ऑनलाइन गेम की लत लगने की आशंका ज्यादा रहती है। ऑनलाइन गेम चैलेंज पूरा करने के लिए बच्चों के घर छोड़ने तथा गेम में फेल होने पर आत्महत्या के मामले भी सामने आ चुके हैं। भारत में भी ऑनलाइन गेम की रोकथाम के लिए सरकार को सख्त कानून बनाना होगा, वहीं अभिभावकों को बच्चों को मोबाइल से दूर रहने के जतन करने होंगे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)

(सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण पर लगाई गई 50 प्रतिशत की उच्चतम सीमा को हटाने की मांग की जा रही है. इसके बाद मुसलमानों को ओबीसी और दलित कोटे में जगह दी जा सकती है. रपट में सीएसडीएस-लोकनीति द्वारा संकलित आंकड़ों का उपयोग किया गया है. रिपोर्ट के लेखक कहते हैं कि मुसलमानों के लिए आरक्षण की बात करना सांड को लाल कपड़ा दिखाना जैसा है इसलिए उन्हें उनके धर्म की बजाए उनके पेशे के आधार पर ओबीसी या एससी कोटे में जगह दी जानी चाहिए. पसमांदा मुसलमान सबसे वंचित हैं और उन्हें दलितों की श्रेणी में रखा जा सकता है. कई ईसाई समुदायों की भी स्थिति यही है. उन्हें भी अपनी रोजी-रोटी चलाने के लिए सरकार की मदद की जरूरत है.)

अल्पसंख्यकों की हालत कैसे सुधरे

समय-समाज

राम पुनियानी

जो लोग न्याय और बराबरी के आदर्शों में यकीन रखते हैं उनके लिए अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों, की माली हालत गंभीर चिंता का विषय है. भारत में इस्लाम सातवीं सदी में अरब व्यापारियों के साथ मलाबार तट के रास्ते आया. तब से बड़ी संख्या में हिन्दुओं ने इस्लाम अपनाया है. मगर इनमें से ज्यादातर लोग वे थे जो हिन्दू धर्म में जातिगत दमन के शिकार थे और आर्थिक रूप से वंचित थे. जिसे हम मुगलकाल कहते हैं उसमें मुस्लिम बादशाह दिल्ली और आगरा से राज भले ही करते थे मगर उनके राज से समाज के ढांचे पर कोई खास असर नहीं पड़ा. अधिकांश जमींदार हिन्दू थे और वे अत्याचार करने के मामले में गरीब मुसलमानों ओर गरीब हिन्दुओं के बीच कोई भेदभाव नहीं करते थे.

सन 1857 के विद्रोह के बाद मुसलमान अंग्रेजों के निशाने पर आ गए. कारण यह कि इस विद्रोह के नेता बहादुरशाह जफर थे. मुस्लिम समुदाय को अंग्रेजों के गुस्से का सामना करना पड़ा. स्वाधीनता के बाद मुसलमानों के बारे में मिथक और उनके प्रति पूर्वाग्रह मजबूत होते गए और वे साम्प्रदायिक ताकतों के सबसे बड़े शिकार बन गए. जहां अन्य समुदाय आगे बढ़े और उनके सदस्यों ने शिक्षा और रोजगार हासिल किए वहीं कई कारणों से मुसलमान पीछे छूट गए. इन कारणों में उनके खिलाफ दुष्प्रचार और उनकी आर्थिक बदहाली शामिल थे.

हमारे संविधान ने यह स्वीकार किया कि दलित और आदिवासी सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े हैं और इसलिए उन्हें आरक्षण प्रदान किया जाना चाहिए. इस आरक्षण ने इन समुदायों को कुछ हद तक लाभांवित किया. जहां तक ओबीसी का प्रश्न है उन्हें 1990 से राष्ट्रीय स्तर पर 27 फीसदी आरक्षण मिलना शुरू हुआ. लेकिन कई राज्यों ने इसके पहले से ही अपने स्तर पर उन्हें आरक्षण देना शुरू कर दिया था. ओबीसी को आरक्षण का 'यूथ फॉर इक्वालिटी' जैसे कई संगठनों ने कड़ा विरोध किया था.

दलितों के लिए आरक्षण का भी बड़े पैमाने पर विरोध हुआ. सन 1980 में और फिर 1985 में गुजरात में दलित-विरोधी हिंसा हुई. इस बीच अल्पसंख्यक आर्थिक बदहाली के दलदल में और धंसते गए. इसका कारण यह था कि संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण देने का कोई प्रावधान नहीं है. कुछ राज्यों ने ओबीसी कोटे के अंदर मुसलमानों को आरक्षण देने का प्रयास किया मगर इसका हिन्दू राष्ट्रवादी ताकतों ने जमकर विरोध किया. मुस्लिम समुदाय की आर्थिक स्थिति के खराब होने के कई कारण हैं. उनके खिलाफ हिंसा होती रही है और हिंसा के डर से वे अपने मोहल्लों में सिमट गए हैं. वे ऐसे इलाकों में रहना पसंद करने लगे हैं जहां उनके आसपास मुसलमान ही रहते हों. उन्हें नौकरियां मुश्किल से मिलती हैं और उनमें शिक्षा का स्तर भी कम है. इस सब के बावजूद जब भी मुसलमानों के लिए आरक्षण की बात होती है तो हिन्दुत्व की राजनीति के पैरोकार जोरजोर से चीखने लगते हैं. वे इसे 'मुसलमानों का तुष्टिकरण' बताते हैं.

भारत सरकार ने गोपाल सिंह समिति, रंगनाथ मिश्र आयोग और सच्चर समिति नियुक्त कर मुसलमानों की माली हालत का जायजा लेने का प्रयास किया. इन सभी समितियों और आयोगों की रिपोर्ट में यह बताया गया कि मुसलमानों की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है और पिछले कुछ दशकों में उसमें गिरावट आई है.

सच्चर कमेटी ने सन 2006 में अपनी रिपोर्ट सरकार के सामने रखी थी. तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने कहा था कि इस असहाय समुदाय की मदद के लिए सरकार कदम उठाएगी. अपने एक भाषण में उन्होंने कहा, 'अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए घटक योजना को फिर से मजबूती देनी होगी. यह सुनिश्चित करने के लिए कि अल्पसंख्यक और विशेषकर मुस्लिम अल्पसंख्यक विकास के फल का स्वाद अन्य समुदायों की तरह चख सकें, हमें नवोन्मेषी योजनाएं बनानी होंगी. संसाधनों पर उनका सबसे पहले दावा होना चाहिए. केन्द्र की कई और जिम्मेदारियां भी हैं जिन्हें संसाधनों की उपलब्धता के अनुरूप पूरा किया जाएगा."

सच्चर कमेटी ने सन 2006 में अपनी रिपोर्ट सरकार के सामने रखी थी. तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने कहा था कि इस असहाय समुदाय की मदद के लिए सरकार कदम उठाएगी. अपने एक भाषण में उन्होंने कहा, 'अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए घटक योजना को फिर से मजबूती देनी होगी. यह सुनिश्चित करने के लिए कि अल्पसंख्यक और विशेषकर मुस्लिम अल्पसंख्यक विकास के फल का स्वाद अन्य समुदायों की तरह चख सकें

भाजपा ने मुसलमानों की मदद करने की बात को हिन्दुओं को लूटने से जोड़ दिया. नरेन्द्र मोदी ने कहा "वे अब पता लगाएंगे कि हमारी माताओं-बहनों के पास कितना सोना है. वे उसे तौलेंगे, उसकी कीमत का अंदाजा लगाएंगे और फिर वो उसे बांट देंगे और वे उसे किन लोगों को देंगे यह डाक्टर मनमोहन सिंह की सरकार पहले ही साफ कर चुकी है. वह कह चुकी है कि देश की संपत्ति पर पहला हक मुसलमानों का है."

इस पृष्ठभूमि में यूएस-इंडिया पॉलिसी इंस्टीट्यूट एवं सेंटर फॉर डेव्हलपमेंट पॉलिसी एंड प्रेक्टिस की हालिया रपट स्वागतयोग्य है. इस रपट का शीर्षक है "रिथिंकिंग एफिरमेटिव एक्शन फॉर मुस्लिम्स इन कंटेम्पोरेरी इंडिया" और इसे हिलाल अहमद, मोहम्मद संजीर आलम एवं नजीमा परवीन ने तैयार किया है. यह रिपोर्ट मुसलमानों के लिए आरक्षण के मुद्दे से हटकर बात करती है. रिपोर्ट में यह स्वीकार किया गया है कि मुसलमानों में अलग-अलग आर्थिक स्थिति वाले लोग हैं. कुछ लोग धनी हैं और उन्हें आरक्षण की बिलकुल जरूरत नहीं है. अन्यों के मामले में रिपोर्ट उनके धर्म की बजाए उनकी जाति पर ध्यान देने की बात कहती है. रिपोर्ट कहती है कि यह देखा जाना चाहिए कि वे लोग पारंपरिक रूप से कौनसा व्यवसाय करते आ रहे हैं. उनकी रोजीरोटी कैसे चलती है.

सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण पर लगाई गई 50 प्रतिशत की उच्चतम सीमा को हटाने की मांग की जा रही है. इसके बाद मुसलमानों को ओबीसी और दलित कोटे में जगह दी जा सकती है. रपट में सीएसडीएस-लोकनीति द्वारा संकलित आंकड़ों का उपयोग किया गया है. रिपोर्ट के लेखक कहते हैं कि मुसलमानों के लिए आरक्षण की बात करना सांड को लाल कपड़ा दिखाना जैसा है इसलिए उन्हें उनके धर्म की बजाए उनके पेशे के आधार पर ओबीसी या एससी कोटे में जगह दी जानी चाहिए. पसमांदा मुसलमान सबसे वंचित हैं और उन्हें दलितों की श्रेणी में रखा जा सकता है. कई ईसाई समुदायों की भी स्थिति यही है. उन्हें भी अपनी रोजी-रोटी चलाने के लिए सरकार की मदद की जरूरत है.

रपट में यह भी बताया गया है कि धीरे-धीरे भारतीय राज्य एक खैराती संस्था बन गया है जो सरकार की योजनाओं की जद में आने वालों को 'लाभार्थी' कहता है.

रपट के लेखक कहते हैं कि ओबीसी का तार्किक और धर्म से ऊपर उठकर उपवर्गीकरण किया जाना चाहिए. वर्तमान में चल रही योजनाओं और कार्यक्रमों को बेहतर ढंग से लागू किया जाना जरूरी है. हमें सकारात्मक कदम उठाने होंगे. अगर किन्हीं दो उम्मीदवारों की अहताएं और अनुभव समान हैं तो उनमें से जो जाति या लिंग के कारण हाशियाकृत हो उसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए. मुस्लिम समुदाय में बड़ी संख्या में शिल्पकार हैं. उन्हें बेहतर तकनीकी उपलब्ध करवाई जानी चाहिए.

यह रपट व्यापक है और वर्तमान हालात को ध्यान में रखती है. हमारी सत्ताधारी पार्टी अल्पसंख्यकों को करीब-करीब दूसरे दर्जे का नागरिक मानती है. मगर सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या वर्तमान सरकार अपनी संकीर्ण संप्रदायवादी सोच से ऊपर उठकर इस रपट को लागू करेगी.

(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया. लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन 2007 के नेशनल कम्यूनल हामोर्नी एवार्ड से सम्मानित हैं)

क्या कुंभ का संदेश पश्चिम बंगाल तक पहुंचेगा

प्रसंगवश

शाहिद नकवी

प्रयागराज महाकुंभ 2025 का आयोजन 45 दिनों तक चला और इसका समापन महाशिवरात्रि के दिन हुआ। महाकुंभ में 45 दिनों में 66 करोड़ 30 लाख लोगों ने गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में आस्था की डुबकी लगाई।इस दौरान कई रिकॉर्ड टूटे,कई नए ट्रेंड बने,काफी कुछ अलग हुआ,जो अब तक के पहले किसी कुम्भ में नहीं हुआ।इस बार महाकुंभ ने दुनिया को आस्था के साथ आर्थिकी से भी समन्वय का उदाहरण पेश किया है।आंकड़े बताते हैं कि साढ़े सात हजार करोड़ खर्च करने पर उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था करीब साढ़े तीन लाख करोड़ तक पहुंच गई।वहीं महाकुम्भ के आयोजन पर सड़क से लेकर सदन तक जमकर सियासत हुई तो हादसे भी हुए।श्रृद्धालुओं की संख्या,बसावट के क्षेत्रफल,सफाई कर्मियों की तादाद,शौचालयों के आंकड़े,सुरक्षा कर्मियों की संख्या सहित तमाम व्यवस्थाओं के दृष्टिकोण से इस महाकुंभ को दुनियाभर के आयोजनों में अग्रणी ही रखा जायेगा।

इससे ये कहने में कोई हिचक नहीं होनी चाहिए कि महाकुंभ सिर्फ. धार्मिक समागम नहीं है,यह भारत की समृद्ध आध्यात्मिक विरासत का जीवंत प्रतीक भी है।यह आयोजन प्राचीन परंपराओं और आधुनिक आकांक्षाओं के अस्तित्व को दर्शाता है,जो साधुओं,विद्वानों,भक्तों,पर्यटकों और व्यापारियों एवं व्यवस्था से जुड़े लोगों को एक साथ लाता है।एकता और नवीनीकरण का सार्वभौमिक संदेश दिया जो धार्मिक महत्व से परे है।महाकुंभ मेला एकता का प्रतीक है,जो सभी वर्गों के लोगों को आकर्षित करता है।यह आयोजन नवीनीकरण,आत्म-खोज और आध्यात्मिक विकास के लिए मानवता की साझा खोज को रेखांकित करता है। यकीनन महाकुंभ में बिताए पल,संतों की वाणी और आध्यात्मिक अनुभूतियां श्रद्धालुओं के हृदय में सजीव बनी रहेंगी।

प्रयागराज में संगम तीरे तम्बुओं की अस्थाई नगरी भले ही उजड़ गई हो,लेकिन मां गंगा अभी भी श्रद्धालुओं का आव्हान कर रही हैं तो हर वीकएंड पर यहां आस्था का समूह देखने को मिलता है।अलग अलग क्षेत्रों में तीन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले महाकुंभ 2025 से सियासी संदेश भी निकल रहा है।हांलांकि आम लोकसभा चुनाव में अभी 4 साल का वक्त है।लेकिन जिस तरह देश के कोने कोने से यहां श्रृद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई है,उससे ऐसा लगता है कि महाकुंभ असर समूचे देश की राजनीति पर पड़ने वाला है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर उनके मंत्री मंडल के सदस्यों के अलावा विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों,मंत्रियों, अधिकारियों और यहां तक कि कुछ राज्यों के विपक्षी दल के नेताओं ने भी बढ़ संगम स्नान किया।भले ही राहुल गांधी और प्रियंका गांधी इस बार महाकुंभ नहीं आये, लेकिन कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों, उपमुख्यमंत्री,दिग्विजय सिंह और अखिलेश यादव जैसे दिग्गज नेताओं ने भी संगम में डुबकी लगाई।राहुल गांधी के खास कर्नाटक के डिप्टी सीएम ने भी संगम में डुबकी लगाई और अपने को सनातनी बताया।ये कहना फिलहाल तो मुश्किल है कि महाकुंभ का सीधा राजनीतिक लाभ किसे मिलेगा,लेकिन भाजपा देश में हिंदुत्व की राजनीति का आईना है तो साफ है कि वह पृथ्वी पर विश्व की सबसे बड़ी आध्यात्मिक सभा कहे जाने वाले इस विशाल धार्मिक उत्सव का पूरा राजनीतिक फायदा उठाएगी।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ के आयोजन को लेकर बहुत मेहनत की है।मुख्य और अमृत स्नान पर्व पर पूरी रात उन्होंने लखनऊ में अपने निवास से मानिटरिंग की।व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए उन्होंने लखनऊ-प्रयागराज को एक कर दिया।इसके पहले किसी और मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ के दौरान प्रयागराज का दौरा नहीं किया जितना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। यातायात से लेकर हर व्यवस्था की उन्होंने निगरानी की और उच्च अधिकारियों की फौज यहां उतार दी।महाकुंभ का औपचारिक समापन भी श्री योगी ने किया। इसमें कोई संदेह नहीं है कि उत्तर प्रदेश सरकार और सीएम योगी के प्रयासों से ही महाकुंभ का संदेश देश के सुदूर इलाकों में भी पंहुचा जिससे लोगों ने अपने अपने तरीके से प्रयागराज का रुख किया।हैदराबाद के सुदूर से कोई आटो रिक्शा से आया, बिहार से कोई नाव चला कर आया तो कोई हजारों किलोमीटर का सफर साइकिल से तय कर आया।यानी हर समस्या और तकलीफ पर आस्था का जज्बा भारी रहा।महाकुंभ और राजनीति की बात करना कुछ अटपटा जरूर लगता है,लेकिन पिछले अनुभव से राजनीतिक हल्कों में चचाएं शुरू हो गई हैं कि महाकुंभ का असर 2025 में बिहार,2026 में पश्चिम बंगाल और 2027 में उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव समेत 2029 के लोकसभा चुनाव तक बड़ा असर दिखाने वाला है?संगम तीरे कुम्भ से निकले संदेश कालांतर में देश की राजनीति में हलचल मचाते रहे हैं।इतिहास ये याद दिलाता है कि कुम्भ से निकला कोई भी संदेश देश की सियासत की चाल जरुर बदलता है।कुम्भ से निकले संदेश ने हमेशा भाजपा के लिए राह बनाई है।सन 2001 की घटना एक अपवाद है जब कुम्भ में सोनिया गांधी ने आस्था की डुबकी लगाई थी और बाद में कांग्रेस की गठबंधन सरकार बनी जो दस साल तक चली।अगर बात साल 2013 के कुम्भ की करें तो पता चलता है कि तब के इलाहबाद कुंभ में 7 फरवरी को धर्म संसद में नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री के रूप में नाम लेकर संतों ने समर्थन किया था और 2014 में वह भाजपा के उस समय के दिग्गज वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी के बावजूद प्रधानमंत्री बने।हांलांकि नरेंद्र मोदी तब कुंभ स्नान करने तो नहीं आए थे।

लेकिन वह इसके छह साल बाद 2019 के अर्धकुंभ में बतौर प्रधानमंत्री के रूप में संगम स्नान करने आए। उल्लेखनीय है कि उस समय लोकसभा चुनाव का ऐलान होने में 15 दिन बाकी थे।यहां ये गौरतलब है कि करीब 42 साल बाद देश के किसी प्रधानमंत्री ने संगम में स्नान किया था। जानकारी के लिए बता दें कि नरेंद्र मोदी से पहले इंदिरा गांधी 1966 में पीएम बनने के अगले ही दिन कुंभ मे संगम पहुंची थीं।यहां ये नहीं भूलना चाहिए कि महाकुंभ 2025 पिछले हर कुम्भ से एकदम अलग था।श्रृद्धालुओं की संख्या ने दुनिया भर के तमाम आयोजनों के रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। जाहिर है कि इसका प्रभाव भी पिछले आयोजनों से व्यापक होगा।अभी बिहार में फिर सन 2026 में पश्चिम बंगाल,केरल,तमिलनाडु और असम में विधानसभा चुनाव होने हैं।महाकुंभ के दौरान ही भाजपा ने दिल्ली की चुनौती पार कर ली।अब पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी भाजपा के लिए बड़ी चुनौती हैं।विधानसभा चुनाव ही नहीं 2024 के लोकसभा चुनावों में भी ममता बनर्जी ने बंगाल में भाजपा की राह रोक दी थी।सन 2019 में 18 लोकसभा सीटें जीतने वाली भाजपा 12 सीटों तक ही सीमित रह गई थी। पश्चिम बंगाल में 70 फीसदी हिंदू और 35 प्रतिशत के आसपास मुसलमान हैं। 70 फीसदी हिंदू होने के बावजूद भी भाजपा वहां राज्य की सत्ता से दूर हैं।महाकुंभ में जुटी भीड़ से उत्साहित भाजपा के नेता इस बार संगम से गंगा जल पश्चिम बंगाल कलश में लेकर गए हैं।उनको लगता है कि वह इससे बंगाल के लोगों में भी हिंदू एकता का संदेश पहुंचाने में कामयाब हो जाएंगे।

पूरे कुम्भ के दौरान एकता का महाकुंभ का नारा गूंजता रहा है।वह ममता बनर्जी के महाकुंभ पर दिए गए नकारात्मक बयान को भुनाना चाहते हैं।आंकड़े बताते हैं कि पश्चिम बंगाल में भाजपा को 50-56 प्रतिशत हिंदू वोट मिलते हैं। भाजपा की चिंता है कि ममता कम हिन्दू मिलने पर भी मुस्लिम वोटों के सहारे बंगाल की सत्ता पर काबिज है।पूरे देश में भाजपा को मुस्लिम वोट कम ही मिलते हैं।चुनावी आंकड़े बताते हैं कि बिहार में नीतीश के साथ होने के कारण एनडीए को 12 प्रतिशत मुस्लिम वोट मिले थे।जबकि 87 प्रतिशत के आसपास मुसलमान वोट इंडिया गठबंधन को हासिल हुए थे।बंगाल और बिहार में वोटों के इस गणित में बदलाव ही भाजपा की राह बनायेंगे।महाकुंभ में जिस तरह आस्था का सैलाब उमड़ा है,उसे भाजपा अपने पक्ष में माहौल मान रही है।महाकुंभ की व्यवस्थाओं से श्रृद्धालुओं का बड़ा वर्ग लगभग संतुष्ट दिखा।दरअसल महाकुम्भ ऐसा समागम था जहां लोगों को बस गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में डुबकी लगाने की चाह दिख रही थी।महाकुंभ में घटी दुखद घटनाओं के बाद भी उमड़ी भीड़ ने यही साबित किया।ये भी तथ्य है कि इस बार दक्षिण भारत से भी बड़े पैमाने पर श्रद्धालु प्रयागराज आये थे।इस बात का सबूत है प्रयागराज- नागपुर मार्ग पर सैकड़ों किलोमीटर लम्बा वाहनों का काफिला जो पूरे दो महीने दिखा।जिसमें महाराष्ट्र के साथ केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु तक के वाहन शामिल थे।

रीवा मार्ग पर सोहागी टोल प्लाजा पर महज कुछ घंटों में 14 हजार वाहन प्रयागराज के लिए निकलने का भी एक आंकड़ा है।यानी पूरे 45 दिन अमृतमयी त्रिवेणी में पुण्य की डुबकी के लिए एक लय में भक्ति की लहरें हिचकोले खाती रहीं।कुम्भ के बाद उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों की फायर ब्रिगेड गाड़ियां संगम से गंगा जल लेकर गंतव्य पर जा रही हैं।

जाहिर है कि महाकुम्भ में जो आस्था की लहरें उठीं हैं वह खुद सियासी संदेश दे रही हैं।निस्संदेह भाजपा ने महाकुंभ के जरिए एक लकीर खींचने की कोशिश भी की है,जहां सवाल उठाने वाले एक तरफ और आस्था से डुबकी लगाने वाले दूसरी तरफ हैं।विपक्ष ने महाकुम्भ के दौरान और बाद में भी व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। भाजपा शुरू से ही अपने को आस्था की डुबकी लगाने वालों के साथ खड़ी मान रही है।पूर्व के इतिहास को देखते हुए इस लिए ये माना जाना चाहिए कि इस बार भी महाकुंभ से निकला संदेश देश की सियासत में लम्बी दूरी तक जरूर जायेगा।आने वाले चुनावों में इसका असर पड़ेगा।दो साल बाद उत्तर प्रदेश के चुनाव में तो इसका सकारात्मक असर पड़ना लगभग तय है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

व्यंग्य

सवालों पर खड़ा संकट

तीरथ सिंह खरबंदा

भोलाराम जब गहरी नींद में सोया था तब अचानक स्वप्न में उसके सामने एक प्रश्न आ खड़ा हुआ । इस बार प्रश्न अकेला नहीं था साथ में उसके पूरा का पूरा प्रश्नपत्र था । जिसके लिए भोलाराम बिलकुल भी तैयार न था । इतने प्रश्नों को एकसाथ सामने देख वह बुरी तरह घबरा गया और नींद में ही पसीने-पसीने हो गया । भोलाराम आखिर ठहरा भोला उनमें से एक भी प्रश्न वह समझ न पाया ! जब प्रश्न ही न समझ पाया तब वह भोला, भला उनके क्या उत्तर देता । उसका गला बुरी तरह सूखने लगा था । नींद में ही उसकी घिग्घी बंध गई । वह जहाँ लेटा था चुपचाप वहीं पड़ा रहा हालांकि प्रश्न जहाँ थे वहीं खड़े रहे । वह एकदम चुप्पी साध गया ऐसे लगा जैसे उसकी बोलती बंद हो गई हो । भोलाराम को उनसे बचने का कोई रास्ता नहीं सूझ रहा था ।

दरअसल भोलाराम को बचपन से ही प्रश्नों से बहुत डर लगता था । जिसके कारण वह प्रश्न करने वालों से ही बचने लगा था । प्रश्न पूछने वालों से उसका छत्तीस का आंकड़ा था उन्हें दूर से देखते ही वह किनारा कर लेता । यदि कोई प्रश्न पीछे पड़ जाए तो वह प्रतिप्रश्न कर उससे बचने की हरसंभव कोशिश करता ।

प्रश्न की खास बात यह थी कि जो जितना उससे बचने की कोशिश करता है वह उतना ही उसके पीछे हाथ धोकर पड़ जाता है । दरअसल कई प्रश्न मूलतः जिद्दी स्वभाव के होते हैं । यदि कोई व्यक्ति उनसे बचने की कोशिश करे तो वे सात समुंदर पार भी उसका पीछा नहीं छोड़ते हैं । वास्तव में भोलाराम नाम का ही भोला था । हर बार कोई न कोई तरकीब निकालकर वह प्रश्नों से पीछा छुड़ा लेता था । फिर भी जीवन भर प्रश्नों ने उसका पीछा न छोड़ा । उम्र के साथ-साथ वह प्रश्नों से बचने में बहुत निपुर्ण हो गया । कोई उससे बात खेत की करता तो वह खलिहान की बात करने लगता ।

जब भोलारम को यह खबर लगी कि कई लोग आजकल प्रश्न पूछने की कमाई खा रहे हैं तथा बाजार में प्रश्न पूछने के बड़े-बड़े सौदे हो रहे हैं । तब अपनी फितरत के अनुरूप उसने ठीक उससे उलट करने की ठान ली । अब वह बाजार में प्रश्न न पूछने के सौदे करने लगा । जिससे देखते ही देखते बाजार की पूरी धारा ही बदलती चली गई । परिणाम यह हुआ कि बाजार में कई जरूरी प्रश्न खड़े होने से पहले ही बैठने लगे । दरअसल जिन्हें प्रश्न करना होता था वे ही जवाब देने में लग गए और जिन्हें जवाब देना होता वे प्रतिप्रश्न करने में लग गए । धीरे-धीरे हालात यह हो गए कि जिससे भी प्रश्न करो वही प्रतिप्रश्न खड़े करने लगा । प्रश्न पूछने वाले और जवाब देने वाले दोनों ही प्रश्नों से परहेज करने लगे ।

पहले परीक्षा में अक्सर प्रथम प्रश्न हल करना अनिवार्य होता था तथा कोई भी प्रश्न सीधा न पूछकर अक्सर उसे घुमा फिरा कर पूछा जाता था । जिससे भोलाराम जैसे जीवों को बहुत मुश्किल होती थी । अतः उनके द्वारा इस प्रकार के प्रश्नों के पूछने पर प्रतिबंध लगाने की मांग जोर पकड़ने लगी । कुछ लोग लाख टके का एक ही सवाल पूछ लेते थे जिसे कमजोर लोग अफोर्ड नहीं कर पाते थे । अतः ऐसे प्रश्न पूछने वालों की कमाई पर सख़्त निगरानी रखी जाने लगी । हालाँकि फिर भी आए दिन बाजार में लाखों में प्रश्नपत्र बिकने के समाचार आते ही रहते थे । कई प्रश्न गुप्त रास्तों से समय से पहले ही बाहर आ जाते जिससे रटे रटाए उत्तर देने की नई परंपरा की शुरूआत हो गई । लोग प्रश्न सुनने और समझने के पहले ही उनके उत्तर देने लगे ।

अब राजनीति में भी नित नए-नए प्रश्न उछाले जाने लगे जिनमें कईयों में नाक का प्रश्न आड़े आने लगा । कहीं किसी दिन अचानक नाक का प्रश्न खड़ा हो जाए तो पीड़ित व्यक्ति मुँह मांगी कीमत देने के लिए तैयार हो जाता । बात-बात में नाक कटना आम हो गया था । कई प्रश्नों में एक ही प्रश्न के अंदर कई प्रश्न छिपे बैठे होते। उनमें खास बात यह होती कि किसी में भी कोई विकल्प उपलब्ध न रहता था ।

फिर एक समय वह भी आया जब प्रश्नों को संक्रामक वायरस और प्रश्न पूछने वालों को संक्रमित रोगी की तरह प्रचारित किया जाने लगा । जिसके कारण समाज का हरेक वर्ग प्रश्नों को पूछने से बचने लगा । ऐसे में जिन पर प्रश्न पूछने की असल जिम्मेदारी थी उन्होंने वक्त की नजाकत को देखते हुए अपनी भूमिका से समझौता कर लिया । जिससे भोलारम जैसे जीवों को तो फौरी तौर पर राहत मिल गई किन्तु आम जनता के जरूरी प्रश्न अनुत्तरित ही रह गए । जिन्हें पूछने वाले लोग विलुप्त प्रायः हो गए जो अब ढूँढे नहीं मिलते थे । प्रश्नों पर खड़े संकट से चारों तरफ डराने वाला सन्नाटा पसर गया । लोग अब भोलाराम जैसे जीवों के सामने स्वप्न में भी प्रश्न खड़ा करने से बचने लगे थे ।

(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)

पांच ब्लॉकों के पानी में फ्लोराइड की मात्रा अधिक

बोले एमएलसी

विधान परिषद में उठाया स्वच्छ पेयजल का मुद्दा

जनसंदेश न्यूज

निजामाबाद (आजमगढ़)। स्थानीय तहसील क्षेत्र के निवासी भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक ने बुधवार को विधान परिषद में स्वच्छ पेयजल का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर स्वच्छ पेयजल योजना के अंतर्गत तेजी से कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि दूषित पानी पीने से ज्यादातर लोगों के बाल सफेद हो जाते हैं और दांत खराब हो जाते हैं। हड्डियां कमजोर होकर अंकड़ जाती हैं जिसके कारण समय से पहले लोग बुढ़ापा से ग्रसित हो जा रहे हैं। प्रदेश के ज्यादातर जनपदों में फ्लोराइड कि मात्रा बढ़ रही है जिसके कारण लोग दिव्यांग हो जा रहे हैं।

विधान परिषद में मुद्दा उठाते एमएलसी विजय बहादुर पाठक।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की राजधानी लखनऊ के साथ साथ सोनभद्र, आजमगढ़, बाराबंकी, रायबरेली, उन्नाव आदि जिलों में पानी दूषित होने की जानकारी मिली है।

पेयजल में फ्लोराइड कि मात्रा एक लीटर पानी में एक मिली से अधिक नहीं रहनी चाहिए। लेकिन इन जनपदों के ज्यादातर ब्लाकों में पानी में फ्लोराइड की मात्रा अधिक है। उन्होंने बताया कि पूर्वांचल के लाखों की आबादी फ्लोराइड पानी पीने को मजबूर है जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छ पेयजल योजना चला रखी है। लेकिन इस समय आवश्यकता यह है कि जिस जिले और ब्लाक में फ्लोराइड की मात्रा अधिक पानी में है उन जनपदों में प्राथमिकता के आधार पर सबसे पहले स्वच्छ पेयजल योजना सम्पूर्ण करने की जरूरत है।

आजमगढ़ जनपद के पांच ब्लाकों में भी पानी में फ्लोराइड की मात्रा अधिक है।

जमाली ने विधान परिषद में उठाया बुनकरों का मुद्दा

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। विधान परिषद् सदस्य शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली ने विधान परिषद में सदन में बुनकरों की समस्याओं को उठाया और उनके लिए विशेष पैकेज की मांग के साथ ही प्रधानमंत्री के नाम से 300 करोड़ की प्रस्तावित टैक्सटाइल्स पार्क को आजमगढ़ मंडल में बनाये जाने की बात कही।

समाजवादी पार्टी के विधान परिषद् सदस्य शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली ने कहा कि कृषि के बाद हथकरघा उद्योग प्रदेश में सबसे अधिक रोजगार उपलब्ध कराने वाला कुटीर उद्योग है। बुनकर उत्तर प्रदेश के महत्वपूर्ण मुख्य अंग है।

विधान परिषद में मुद्दा उठाते शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली।

सरकार यह मानती भी है। किसानों के बाद रोजगार मुहैया कराने में प्रदेश में बुनकरों का दूसरा स्थान है लेकिन इन्हें दिया क्या जा रहा है।

एमएलसी शाह आलम ने कहा कि बुनकरों की सब्सिडी अगर पुराने रेट पर नहीं कर सकते तो ज्यादा से ज्यादा दो सौ रूपया कर दीजिए। सदन से उन्होने कहा कि वह आजमगढ़ मंडल के जिले से ही वास्ता रखते है जो बुनकरों का बहुत बड़ा बेल्ट है। इसी मंडल में मऊ, बलिया भी आता है बगल में गाजीपुर, अम्बेडकर नगर सटा हुआ है।

संक्षेप

विधान परिषद में उठा बदहाल माहुल प्राथमिक स्वास्थ केंद्र का मुद्दा

माहुल(आजमगढ़)। विधान परिषद सदस्य रामसूरत राजभर ने बुधवार को सदन में माहुल के प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र पर स्वास्थ्य सेवाओं के चौपट होने का मुद्दा उठाया। सदन में रामसूरत राजभर ने मुद्दा उठाते हुए कहा कि नगर पंचायत माहुल के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से क्षेत्र के लगभग 100 गावों के ग्रामीण दवा इलाज कराते चले आ रहे हैं। विगत एक वर्ष से अस्पताल पर किसी चिकित्सक की नियुक्ति न होने से स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है। जिसके कारण लोग अस्पताल से बगैर इलाज के वापस चले जा रहे हैं। अस्पताल में स्वास्थ व्यवस्था चौपट होने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। उन्होंने सदन में प्रमुख सचिव विधान परिषद से मांग किया कि प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र पर तत्काल चिकित्सक की तैनाती के साथ ही साथ क्षेत्रीय नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं बहाल की जाएं।

धार्मिक भावनाओं का व्यापार कर रही सरकार

आजमगढ़। जिला महिला कांग्रेस की बैठक जिला कार्यालय पर महिला अध्यक्ष शीला भारती की अध्यक्षता में हुई। शहर महिला अध्यक्ष प्रेमा चौहान ने कहा कि वर्तमान देश और प्रदेश की सरकार जनता की धार्मिक भावनाओं का व्यापार कर रही है। आज के दिन में सरकार धार्मिक संस्थाओं से सरकारी आय बढ़ा रही है। जैसा कि प्रदेश के मुखिया ने स्वयं इस बात की पुष्टि की है कि कुंभ जैसे महा धार्मिक उत्सव में 3.30 लाख करोड़ की आमदनी सरकार को हुई है। महिला अध्यक्ष शीला भारती ने कहा कि सरकार सभी धार्मिक संस्थाओं पर कुठाराघात करदेश की स्वतंत्रता को छीन रही है। ताजा उदाहरण अधिवक्ता कानून को बदलकर कानूनहित में आवाज उठाने वाले अधिवक्ताओं की जबान पर ताला लगाने का कार्य कर रही है। यदि सरकार अपना निर्णय नहीं बदलेगी तो हम महिला संविधान बचाने के लिए गांव-गांव सड़क पर उतरने को तैयार हैं। इस अवसर पर प्रमिला चौहान, सबा खान, सीमा शर्मा, मनीता यादव, मंजू, सावित्री, मिथिलेश पांडेय, मीना देवी आदि उपस्थित थीं।

नौकरी के नाम पर यौन शोषण का आरोप

पटवध (आजमगढ़)। रौनापार थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने विद्यालय मैनेजर पर नौकरी का झांसा देकर पत्नी के साथ यौन शोषण करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। मामले को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। पीड़ित व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि वह काफी गरीब और असहाय है। उसकी पत्नी जीवकोपार्जन के लिए लोगों के घरों में चौका बर्तन का कार्य करती है। करखिया रुस्तम सराय निवासी एक व्यक्ति जो सुभाष इंटर कालेज की मैनेजमेंट व्यवस्था देखता है। वह विद्यालय में चपरासी पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर उसकी पत्नी के साथ बीते लगभग तीन वर्षो से यौन शोषण कर रहा है। उसकी पत्नी जब-जब नौकरी की बात करती है तो मैनेजमेंट व्यवस्था में विवाद चलने की बात कहकर टाल देता है। गाली-गलौज देते हुए अभद्र व्यवहार कर उसे धमकी देकर भगा दिया। पीड़ित द्वारा बताया गया कि अगर आरोपी पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाएगा।

एएसपी सिटी व एसपी यातायात को मिली नई रैंक

आजमगढ़। अपर पुलिस अधीक्षक नगर शैलेन्द्र लाल व अपर पुलिस अधीक्षक यातायात विवेक त्रिपाठी को हायर सेलेक्शन ग्रेड प्राप्त होने पर, पिपिंग सेरेमनी (प्रोन्नति समारोह) का आयोजन किया गया। जनपद के अपर पुलिस अधीक्षक नगर शैलेन्द्र लाल व अपर पुलिस अधीक्षक यातायात विवेक त्रिपाठी को हायर सेलेक्शन ग्रेड-अपर पुलिस अधीक्षक विशेष श्रेणी-2 प्राप्त होने पर बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पिपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवसर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने उनके कंधों पर नई रैंक का बैज लगाकर अलंकृत करते हुए कहा कि हम कामना करते हैं कि आप अपने कर्तव्यों का निर्वहन इसी प्रतिबद्धता और निष्ठा के साथ करते रहें। भविष्य में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करें। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन, सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सदर अनन्त चन्द्रशेखर व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

महिला पहलवान सेजल मौर्य ने बढ़ाया प्रदेश का मान

मेंहनगर (आजमगढ़)। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के हाजीपुर बम्हौर गांव निवासिनी सेजल मौर्य पुत्री श्याम अवध मौर्य ने गोंडा के नंदिनी नगर में आयोजित सीनियर फेडरेशन कप में गोल्ड मेडल जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं नेशनल खेलने के लिए उसको चयनित किया गया है। प्रतियोगिता के बाद ननिहाल पहुंचने पर लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। मुबारकपुर क्षेत्र के लालसा कृषक इंटर कालेज नीवी मोहम्मदपुर में कुश्ती कला का प्रशिक्षण प्राप्त कर सेजल मौर्य 72 किलोग्राम में अपने प्रतिद्वंद्वी पहलवान को पछाड़कर प्रथम स्थान पर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि आगामी 9 व 10 मार्च को पंजाब में खेलने के लिए चयनित किया गया है। सेजल मौर्य जब अपने ननिहाल मेंहनगर थाना के हटवा ग्राम सभा मामा अमरजीत मौर्य के यहां पहुंची तो बधाई देने वालों का ताता लग गया।युवा समाजसेवी प्रदीप सिंह गौरा, समाजसेवी प्रदीप मौर्य, भाजपा जिला मंत्री महेंद्र मौर्य, शनि राय, बड़ौरा प्रधान सर्वेश मौर्य, अशोक मौर्य आदि ने बधाई देते हुए माला पहनाकर स्वागत किया।

लाखों खर्च कर लगाया गया सोलर प्लांट बना शो पीस

फूलपुर (आजमगढ़)। स्थानीय नगर पंचायत के रामलीला मैदान में लाखों रुपये खर्च कर लगाया गया सोलर प्लांटमात्र शो पीस बनकर रह गया है। विगत वर्षों में लगा था यह सोलर प्लांट और कहा गया कि बिजली रहे या न रहे नगर पंचायत का गली चौराहा जगमग करता रहेगा। नगर पंचायत वासियो ने करतल ध्वनि सेइस कार्य का स्वागत किया। परन्तु कुछ दिनों बाद ही महत्वाकांक्षी योजना का स्वरूप मंद पड़ता गया और बिजली जाते ही नगर पंचायत का गली चौराहा अंधेरे के आगोश में डूबने लगा। विभागीय लोग नई योजनाओं के लाभ के चक्कर में पुराने कार्य को तिलांजलि देकर भूल गए। अगर सरकारी योजनाएं ऐसे ही फ्लॉप होती रही तो कमीशन के चक्कर में पुराने कार्य शो पीस ही बनते जाएंगे। इसके संबंध में अधिशाषी अधिकारी बिक्रम कुमार ने बताया कि इसमें धन की कमी आड़े आ रही है। जिले के उच्चाधिकारियों सहित शासन स्तर पर पत्र व्यवहार किया गया है।धन प्राप्त होते ही मरम्मत का कार्य कराया जाएगा।

होली पर नहीं शुरू होगी कोई नई परम्परा

रानीकीसराय (आजमगढ़)। होली पर्व और रमजान माह को लेकर थाना क्षेत्र के तीन संवेदनशील गावों में पुलिस ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील की। पुलिस ने कहा कोई नई परंपरा नहीं लागू होगी। रानी की सराय थाना क्षेत्र के रोवा गांव में पूर्व में होली पर्व पर डीजे को लेकर विवाद इस कदर बढ़ा था कि गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया था। रोवा के साथ ही आवंक और सिरसाल भी संवेदनशील गांव हैं। ग्रामीणों के साथ हुई बैठक में थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने कहा कि त्यौहार आपसी भाईचारा का है। इसे शांति पूर्ण ढंग से मनाएं। डीजे पर हुड़दंग पर कार्रवाई होगी। होलिका दहन निश्चित स्थान पर ही होगा। यहां भी पुलिस तैनात रहेगी। कोई भी नई परंपरा नहीं लागू होगी। अप्रिय घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दें, पुलिस सुरक्षा के लिए तत्पर है।

अनुबंधित बस की टक्कर से पिकअप क्षतिग्रस्त

रानीकीसराय (आजमगढ़)। स्थानीय थाना क्षेत्र के सहीदवारा बाजार में अनियंत्रित अनुबंधित बस ने पिकअप में टक्कर मार दी। घटना में पिकअप का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया जबकि यात्री बच गये। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। आजमगढ़ से रोडवेज अनुबंधित बस यात्री लेकर वाराणसी जा रही थी। सहीदवारा बाजार के पास आगे चल रही पिकअप चालक ने ज्यों ही वाहन को रोका बस ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे पिकअप क्षतिग्रस्त हो गयी। संयोग अच्छा रहा कि घटना में कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ।

होली की वास्तविक परम्परा को भूल रहे लोग

फूलपुर (आजमगढ़)। वसंत पंचमी के साथ ही घर घर फाग गीत शुरू हो जाते थे। लेकिन होली की वास्तविक परम्परा को लोग भूलते जा रहे हैं। बसन्त पंचमी के साथ ही लोग होली के त्योहार को मनाने और लोगों को जगाने के लिए टोली बनाकर घर घर जाते थे।

जनहितकारी सेवा संस्थान के अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ पाण्डेय बताते है कि तब की होली में और अब की होली में काफी अंतर हो गया है। होली की वास्तविक परम्परा को लोग भूलते जा रहे है। फागुन का महीना लगते ही लोग होली के राग रंग में रंग जाते थे। जहाँ भी जाते थे होली की तैयारी की चर्चा जरूर करते थे। गांव के बड़े बुजुर्ग लोग टोली बनाकर घर घर जाते थे और गीत गवनई के साथ लोगो के साथ मिलते थे, जहाँ अपनत्व झलकता था। होली का लोग त्योहार इस ढंग से मनाते थे कि अगर आपस मे मनमुटाव रहता था ,तो वह मनमुटाव मिट जाता था। गले मिलने की परंपरा अब देखने को नही मिलती है। पाश्चात्य सभ्यता के नाते पुरानी परंपरा अब बहुत दूर हो गयी है। सेवानिवृत्त सी आर पी एफ के जवान जितेंद्र उपाध्याय का कहना हैं कि बसन्त पंचमी के साथ ही होली की बयार हर जगह देखने को मिलती थी। अगर कोई रिस्तेदारी चला जाता था तो रंग से परहेज नही हो पाता था। तब के समय में फाग गीत में धार्मिकता का पुट होता था। राधा कृष्ण और राम से जुडे.होली गीत गाए जाते है।

फूलपुर कस्बा निवासी पूर्व हिंदी प्रवक्ता राजधारी प्रसाद ने बताया कि पहले गांव की महिलाएं किसी के भी ऊपर गोबर, रंग या मिट्टी फेंक देती थीं और कोई बुरा नहीं मानता था। होली के दिन लोग रंजिश भुलाकर सभी के घर मिलने जाते थे। रंग खेलते और अबीर लगाकर गले मिलते थे। हम लोगों के बचपन के समय बसंत पंचमी के दिन से ही गांव में होली के गीत दरवाजे-दरवाजे गाए जाते थे लेकिन अब ऐसा नहीं दिखता। अब किसी के ऊपर होली के दिन भी रंग पड़ जाए तो वह नाराज हो जाता है। तब की और अब की होली में बड़ा परिवर्तन देखने को मिल रहा है। आज के समय मे होली के अवसर पर डीजे पर फूहड़ गाने परोसे जा रहे हैं। तब के समय में होली के अवसर पर ढोल, मजीरे के साथ भक्ति गीतों की बयार बहती थी।

चुल्ले से लटक कर एक व्यक्ति ने दी जान

रानीकीसराय (आजमगढ़)। स्थानीय थाना क्षेत्र के सेमरहा गांव में घर में चुल्ले के सहारे मफलर में लटक कर एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। सेमरहा गांव निवासी योगेन्द्र राय 46 वर्ष पुत्र संतोष राय घर पर ही रहता था। इन दिनों पत्नी और एक पुत्र गुजरात गये हुए थे। घर पर तीन दिन से भीतर से दरवाजा बंद होने से पड़ोस के लोगो ने बुधवार को दरवाजा खटखटाया तो आवाज नही आई। ग्रामीणों ने सूचना डायल 112को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ कर अंदर देखा तो शव मफलर के सहारे लटक रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के एक पुत्र ने छः माह पूर्व विषाक्त पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली थी। मृतक की पत्नी और एक पुत्र इस समय गुजरात गये हुए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जालसाजी कर जमीन बैनामा कराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

मुबारकपुर (आजमगढ़)। पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के कुशल निर्देशन में एस.के सिंह थानाध्यक्ष रानी की सराय द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर नकेल कसने का बदरस्तूर कार्य जारी है जिसकी चर्चा क्षेत्र में जोरों पर चल रही है।

ओमप्रकाश सरोज पुत्र स्व. बालकिशुन सरोज ग्राम जलालपुर थाना रानी की सराय द्वारा पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया कि 10 फरवरी को मेरे गांव के अवधेश सरोज और उनके साथी कैलाश सरोज प्रार्थी द्वारा पूर्व में किये गये एग्रीमेन्ट तोड़वाने और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाने के नाम पर गफलत में डालकर फोर ह्वीलर से आजमगढ़ ले जाकर गाड़ी में ही गाली गलौज देते हुए जान से मार डालने की धमकी देकर जबरजस्ती शराब पिलाकर मारपीट कर हाइवे की जमीन की रजिस्ट्री करा लिये तथा अंगूठा निशान लगवा कर आवेदक के खाते से 80,000/- अस्सी हजार रुपये निकलवाकर ले लिये तथा आधार कार्ड भी रख लिये है।

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

जिसके सम्बन्ध में स्थानीय थाने में अवधेश सरोज आदि के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। तभी से श्री सिंह के जवाब पुलिस उ.नि. संतोष कुमार यादव अपराधियों को पकड़ने के लिए अनवरत कार्य जारी रखा कि मुखबिर खास से बुधवार समय 13.20 पर सूचना मिली कि उपरोक्त मुकदमा में वांछित अभियुक्तों 01. अवधेश कुमार पुत्र परदेशी, कैलाश सरोज पुत्र टीमल निवासी डिहिया जलालपुर थाना रानी की सराय जनपद आजमगढ़ कहीं भागने के फिराक में है मुखबिर के बताए स्थान कस्बा रानी की सराय से पुलिस ने अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को सम्बंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया।

विपक्षी पर घर नहीं बनाने देने का लगाया आरोप

परेशानी बढ़ी

खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है पीड़ित

उपजिलाधिकारी बूढ़नपुर से लगायी न्याय की गुहार

जनसंदेश न्यूज

एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते अनवर, रेशमा किन्नर व उसके साथी।

बूढ़नपुर (आजमगढ़)। अतरौलिया थाना क्षेत्र के जोलहा टोला वार्ड नम्बर-11 निवासी अनवर पुत्र फौजदार ने बुधवार को उप जिलाधिकारी बूढ़नपुर को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित ने विपक्षी पर घर नहीं बनाने देने का आरोप लगाया है।

पीड़ित अनवर का कहना है कि उसके मामा ने सारी जमीन उसके पिता फौजदार के नाम वसीयत कर दी। इसके बाद वह जमीन अनवर को मिली। विपक्षियों ने न्यायालय में वाद दाखिल किया लेकिन न्यायालय ने अंत में फैसला अनवर के पक्ष में सुनाया। वहां अनवर काफी दिन से रह रहा है। बीते दिनों वह मकान का निर्माण करने के लिए सामग्री गिरवाया। मकान का निर्माण शुरू ही हुआ था कि बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश के उसके विपक्षियों ने उसके निर्माण कार्य को रुकवा दिया। मामला स्थानीय थाने पर पहुंचा तो थानाध्यक्ष ने मामला राजस्व से संबंधित होने के नाते दोनों पक्षों को उपजिलाधिकारी के यहां जाने को कहा। दोनों पक्ष उपजिलाधिकारी के यहां पहुंचे भी लेकिन कोई फैसला नहीं हुआ। अनवर ने संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी से गुहार लगाई। जिसपर जिलाधिकारी ने तत्काल उपजिलाधिकारी बूढ़नपुर को मौका मुआयना करके उचित निस्तारण करने का निर्देश दिया। लेकिन इसके बाद उपजिलाधिकारी कई दिन बीत जाने के बाद भी जब अनवर के घर नहीं पहुंचे तो वह फिर से उपजिलाधिकारी के पास पहुंचा और अपनी गुहार लगाई।

समाजसेवी रेश्मा किन्नर ने प्रशासन को चेतावनी दिया है कि यदि अनवर को न्याय नहीं मिला तो हम और अनवर का पूरा परिवार तहसील परिसर में अपने ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा लेंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस संबंध में तहसीलदार अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। मामले की जानकारी लेकर शीघ्र ही राजस्व टीम गठित कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

सरकारी योजनाओं में हो रहे भ्रष्टाचार पर लगे रोक

आजमगढ़। मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्री मांगों को लेकर जय किसान आंदोलन के सदस्यों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि जंगली जानवरों को पकड़कर जंगलों में तथा छुट्टा गाय, सांड़ों को गोशालाओं में संरक्षित किया जाय। अब तक की घरेलू बकाया बिजली बिल माफ किया जाय। 300 यूनिट बिजली फ्री किया जाय। नाबार्ड, खादी ग्रामोद्योग व अन्य योजनाओं से हर गांव में कम से कम दो-दो कृषि व लघु उद्योग स्थापित किया जाय। नहरों में पानी समय से उपलब्ध कराया जाय। सिल्ट सफाई में जहां भीकहीं कमी रह गयी है उसे अविलम्ब पूरा किया जाय। सरकारी अस्पतालों को ठीक किया जाय। खाद व बीज समय से उपलब्ध कराया जाय। सरकारी योजनाओं मनरेगा, शादी अनुदान, कृषि यंत्र, बीज आदि में हो रहे भ्रष्टाचार पर रोक लगायी जाय। ज्ञापन देने वालों में मंडल प्रदेश अध्यक्ष राजनेत यादव, जिलाध्यक्ष बांकेलाल यादव, प्रदेश सचिव प्रिंस चौहान, जिलाध्यक्ष युवा आशीष पटेल, जिलाध्यक्ष मऊ श्यामदेव यादव आदि शामिल हैं।

अपने हिस्से से अधिक जमीन पर विपक्षी कर रहा कब्जा

पीड़ित ने एसडीएम से लगायी न्याय की गुहार

बूढ़नपुर (आजमगढ़)। अहरौला थाना क्षेत्र के मेहियापार गांव निवासी सुभाष यादव ने उपजिलाधिकारी पंकज दीक्षित को प्रार्थना सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि मेरी जमीन पर मेरे सहखातेदारों जीतनरायन सिंह द्वारा अपने हिस्से से ज्यादा जमीन कब्जा की जा रही है। जिसकी शिकायत मेरे द्वारा कई बार उच्च अधिकारियों से की गई फिर भी मुझे अपनी जमीन पर कब्जा नहीं मिला पा रहा है।

एसडीएम को ज्ञापन देने जाते सुभाष यादव।

सुभाष यादव ने बताया कि इस जमीन की पत्थर नसब भी कराया गया है। हल्का लेखपाल और कानूनगो द्वारा जमीन का सीमांकन तो कर दिया गया लेकिन पत्थर नहीं गड़वाया गया। जिसके चलते विपक्षी द्वारा पुनः अपने हक से ज्यादा जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया गया है। सरकारी फीस जमा कर उपजिलाधिकारी के आदेश से हमारी जमीन का सीमांकन किया गया। दो वर्ष से अधिक हो गया लेकिन मुझे अपनी हिस्से की जमीन पर अभी तक कब्जा नहीं मिला। इस संबंध में उपजिलाधिकारी पंकज दीक्षित ने बताया कि हल्का लेखपाल द्वारा पैमाइश तो कर दी गई लेकिन पत्थर नहीं गाड़ा गया है। शीघ्र पुलिस प्रशासन के साथ राजस्व टीम द्वारा पत्थर गड़वा दिया जाएगा।

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय कैंप का उद्घाटन

जनसंदेश न्यूज

लालगंज (आजमगढ़)। श्रीकृष्ण गीता राष्ट्रीय पीजी कालेज लालगंज में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय कैंप का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ऋषिकेश सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों, प्राध्यापिकाओं तथा कर्मचारियों का माल्यार्पण करके स्वागत किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर नीरज कुमार श्रीवास्तव ने सप्त दिवसीय कैंप की पूरी रूपरेखा प्रस्तुत की तथा छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास से परिचित कराया। राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय कैंप का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ऋषिकेश सिंह ने छात्र-छात्राओं को सेवा भाव अपनाने की सीख दी तथा कहा कि ज्ञान प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्ति को अपने आप को अजर अमर समझना चाहिए। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए डॉक्टर अतुल कुमार यादव ने एनएसएस कैंप के सफलता की कामना की तथा सभी छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम को डॉक्टर दुर्गावती सिंह, डॉक्टर जयंत पाठक, योगेश दयालु सिंह, डॉक्टर अखिलेश उपाध्याय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर पूनम तिवारी ने किया।

अतिथि को माला पहनाकर स्वागत करता छात्र।

निजामाबाद क्षेत्र से पलायन कर रहे नौजवान

बोले अनिल यादव

क्षेत्र के विकास से कोई समझौता नहीं किया जा सकता

नमस्ते निजामाबाद के तहत परवेजाबाद में लगी चौपाल

जनसंदेश न्यूज

निजामाबाद (आजमगढ़)। स्थानीय विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को नमस्ते निजामाबाद अभियान के छठवें दिन तहबरपुर ब्लॉक के सिकंदरपुर ग्रामसभा और मिर्जापुर ब्लॉक के परवेजाबाद ग्राम सभा में कांग्रेस नेता अनिल यादव ने चौपाल लगाया। उन्होंने कहा कि पूरे क्षेत्र में बिजली विभाग में भयानक भ्रष्टाचार फैला हुआ है। बिजली विभाग गरीब जनता को लूटने का अभियान चला रहा है। बिजली तो क्षेत्र में आ नहीं रही है बिल जरूर कई गुना बढ़ाकर अधिकारी भेज रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यदि बिजली अधिकारी नहीं सुधरे तो जल्द ही इनको घेरा जाएगा। पाइंदापुर, हजारेमलपुर, मोलनापुर, सिकंदरपुर, दादरा, मेढ़ी, डिहवाबारी में बैठक के बाद समर्थन पत्र में सबसे बड़ी समस्या नौजवानों के पलायन का उभर कर सामने आया है।

श्री यादव ने कहा कि विधायक और सांसद अपने बेटों को विधायक, प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य बना रहे हैं और दूसरी तरफ दलित-पिछड़े नौजवान सूरत, बंबई, दिल्ली में मजदूर बनकर दिन-रात कुछ हजार पर खट रहे हैं।

चौपाल को संबोधित करते कांग्रेस नेता अनिल यादव।

पूरा निजामाबाद बुनियादी समस्याओं से वंचित है। उन्होंने कहा कि इतनी लाचारी-बेबसी के बाद भी स्थानीय विधायक ने विधानसभा में एक भी प्रस्ताव विकास के लिए नहीं रखा, न ही एक शब्द बोले। उन्होंने कहा कि निजामाबाद के विकास से समझौता नहीं किया जा सकता है। स्थानीय विधायक शिक्षा, स्वास्थ्य और नौजवानों के मुद्दे पर चुप रहते हैं।

इस अवसर पर रामकुमार यादव, अमरजीत, विकास यादव, अतुल अंगद, शिवकुमार, रविकांत, रीना, संजय गौड़, गुलाबी, राम किशुन, आशीष, श्रवणकुमार आदि मौजूद थे।

दो घरों में चोरों ने लाखों रुपये के आभूषण पर किया हाथ साफ

बेखौफ

डॉग स्क्वायड टीम ने की जांच पड़ताल

जनसंदेश न्यूज

मड़िहान। संतनगर थाना क्षेत्र के रैकल गांव में घर में घुसकर चोरों ने लाखों रुपए की आभूषण चोरी कर फरार हो गये। गांव निवासी राकेश चौबे का मकान सड़क किनारे है। घर के सभी लोग मंगलवार देर शाम खाना पीना खाकर सो गये।

बुधवार की भोर में छत के सहारे अंदर घुसे और कमरे में सोने वाले सदस्यों के कमरे को आगे से बन्द कर दिये व बगल कमरे में छोटे भाई का परिवार मीरजापुर रहता है। जिससे उनके कमरे का ताला तोड़कर आलमारी में रखे लाखों रुपए के आभूषण चोरी कर फरार हो गये। घर के सदस्यों की नींद खुली बाहर आना चाहें तो दरवाजा बन्द था। आवाज देकर बगल के कमरे में सोये अन्य सदस्यों को उठकर दरवाजा खोलने के लिए बोले तो उनका दरवाजा आगे से बन्द रहा। फोन कर बाहर सो रहे भाई को आपबीती बताई तो पहुंचकर दरवाजा खोला बाहर आंगन में आकर देखे तो छोटे भाई प्रवेश चौबे के कमरे का ताला टूटा पड़ा था। अंदर जाकर देखें तो आलमारी के अंदर रखे सामान बिखरा पड़ा था। साथ ही आलमारी में रखे नथिया एक नग, मांग टीका एक नग, पायल एक नग, मंगल सूत्र एक नग, गले का लैकेट एक नग, नारियल पान सौपाड़ी एक नग, करधनी एक नग, पैर का कड़ा एक नग आदि लगभग लाखों रुपए से ज्यादा की आभूषण चोरी कर ले गये। वहीं दो सौ मीटर दूर पर गांव निवासी दीपक मिश्र का घर से दूर सड़क किनारे सहज जन सेवा केन्द्र व परचून की दुकान है। दुकान बन्द करने के बाद अंदर ही सोये हुए थे। लगभग तीन बजे भोर में दुकान से अपने घर गये हुए थे। सुबह दुकान पर पहुंचे तो दरवाजा का ताला टूटा पड़ा था। अंदर जाकर देखा तो परचून के सामान बिखरा पड़ा था व हजारों रुपए के सामान गायब था। सूचना पर थानाध्यक्ष जितेंद्र सरोज दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल किये। थानाध्यक्ष के सूचना पर डाक स्कवायड टीम भी मौके पर जांच पड़ताल किया। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष जितेंद्र सरोज ने बताया कि चोरी हुई है। मौके का जांच पड़ताल किया गया। साथ ही स्कवायड टीम को बुलाकर मौके पड़ताल कराया गया है।

चोरी के सामान के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

अहरौरा। स्थानीय थाना क्षेत्र के नगर पालिका क्षेत्र में स्थित कसरहट्टी मोहल्ले में स्थित घर में घुसकर आभूषण, घरेलु बर्तन, सिलेण्डर, टीवी आदि चोरी के आरोप में पुलिस ने चोरी का सामान बरामद करते हुए चार आरोपी चोरों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक अजय सेठ ने बताया कि कसरहट्टी मोहल्ला निवासी संदीप ने चोरी की नामजद तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मुखबिर की सूचना पर पुलिस उप-निरीक्षक बैधनाथ सिंह द्वारा आरोपी रोहित मौर्या पुत्र अशोक मौर्या निवासी कोईरान बजार, संदीप कुमार अग्रहरी पुत्र प्रेमचन्द्र अग्रहरी निवासी चौक बाजार, अमित कुमार पटेल पुत्र बाबूलाल पटेल निवासी नई बाजार, बब्लू कुमार गुप्ता पुत्र गणेश कुमार गुप्ता निवासी कोईरान बाजार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी गयी सफेद व पीली धातु के आभूषण, टीवी, इन्वर्टर, एलपीजी गैस सिलैण्डर, घरैलू बर्तन आदि बदामद कर सभी को जेल भेजा गया।

संक्षेप

शराब के साथ एक गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

हलिया। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के सेमरा कलां गांव स्थित सेवटी नदी पुल से पुलिस ने बुधवार दोपहर एक अधेड़ व्यक्ति को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। उपनिरीक्षक मनसुख यादव हेड कांस्टेबल मूल चंद वर्मा क्षेत्र में गश्त पर निकले थे उसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ऊंटी गांव से अवैध कच्ची शराब लेकर सेमरा की ओर जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर एसआई मनसुख यादव और हेड कांस्टेबल मूलचंद वर्मा ने सेमरा कलां सेवटी नदी पुल के पास से जर्किन में बीस लीटर अवैध कच्ची शराब लेकर जा रहे व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए व्यक्ति ने पुलिस को अपना नाम अमरनाथ उर्फ दाढ़ी निवासी बंजारी कलां बताया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज ने बताया बीस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किए गए आरोपी अमरनाथ कोल के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस मुठभेड़ में गो-तस्कर गिरफ्तार

राजगढ़। स्थानीय पुलिस व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा बुधवार को पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर अन्तर्राज्यीय गो-तस्करों को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। स्थानीय थाना क्षेत्रान्तर्गत सेमरी जंगल में बुधवार को पुलिस मुठभेड़ हुई है जिसमें दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी है। दोनों आरोपियों राकेश चौहान पुत्र राम भरोसे व महेन्द्र चौहान पुत्र किशुन चौहान निवासीगण हमीरपुर थाना चांद जनपद भभुआ बिहार के रहने वाले हैं,जो पशु तस्करी में संलिप्त थे। मौके से बारह राशि गोवंशों को भी बरामद किया गया है तथा आरोपियों के पास से दो तमंचा व दो खोखा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार दोनों आरोपियों को इलाज हेतु थाना राजगढ़ पुलिस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया है। थाना राजगढ़ पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। मौके पर शांति एवं कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य है।

तहसीलदार के व्यवहार से अधिवक्ताओं में रोष

लालगंज। विंध्य युवा अधिवक्ता समिति एवं उपरौध अधिवक्ता समिति के संयुक्त तत्वाधान में अधिवक्ताओं की हुई बैठक में तहसीलदार के कार्य व्यवहार को लेकर गहरा क्षोभ व्यक्त किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की जब तक तहसीलदार अपने कार्य व्यवहार में सुधार नहीं करते तब तक लालगंज तहसील में अधिवक्ता समस्त न्यायालयीय कार्य से अलग रहते हुए बहिष्कार करेंगे। विरोध प्रदर्शन में दोनों अध्यक्ष बृजभूषण पांडेय व अशोक मिश्रा, अरुण त्रिपाठी, जयप्रकाश दुबे, अखिलेश मिश्रा, धनेश्वर गौतम, राजेंद्र प्रसाद मौर्य, राकेश कुमार प्रजापति शरद मौर्य, विजय शंकर मौर्य, अंकित मौर्य, माया शंकर पटेल, हृदय शंकर चतुर्वेदी, राजकुमार पांडेय, मनोज कुमार दुबे, सूर्य प्रकाश तिवारी, शिवकुमार प्रजापति, स्वयं प्रकाश त्रिपाठी, चंद्र त्रिपाठी, उमाशंकर मिश्रा , हृदय नारायण यादव, उमाशंकर पटेल, हरिनंद पटेल आदि समस्त अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

फरार नाबालिग का अभी तक नहीं मिला सुराग

सीखड़। घर से प्रेमी संग फरार नाबालिग लड़की का अभी तक सुराग नहीं मिल पाने से परिजनों में चिंता व्याप्त है। लड़की के पिता ने पुलिस के उदासीनता पर क्षोभ व्यक्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कछवा थाना अंतर्गत खैरा पुलिस चौकी क्षेत्र के धनैता गांव से बीते शनिवार को एक नाबालिग लड़की गांव के ही एक युवक के साथ फरार हो गई है। काफी खोजबीन करने के बाद लड़की के पिता ने गांव के ही एक युवक अमित पाण्डेय पुत्र सुरेश पाण्डेय पर अपनी लड़की को बहला फुसलाकर कर भगाने का आरोप लगाते हुए कछवा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। किन्तु पांच दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस लड़की की तलाश करने में नाकाम रही। वहीं इस संबंध में पूछे जाने पर खैरा चौकी प्रभारी गिरधारी सिंह ने कहा कि लड़की के पिता के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर तलाश जारी है। पुलिस जल्द प्रकरण का पदार्पण कर देगी।

बाइक के धक्के से युवक घायल

हलिया। स्थानीय बाजार स्थित सोनकर बस्ती में मंगलवार शाम घर के सामने खड़े युवक को अनियंत्रित बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बाइक से गिरने की वजह से बाइक चालक भी चोटिल हो गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर गए। जहां पर चिकित्सक ने गंभीर रूप से घायल को प्राथमिक उपचार करने के बाद मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। वहीं चोटिल बाइक चालक का इलाज किया गया। हलिया बाजार के सोनकर बस्ती निवासी अनिल अग्रहरि 40 वर्ष अपने घर के सामने सड़क किनारे खड़ा था। उसी दौरान मटिहरा गांव निवासी गोरेलाल बाइक से टक्कर मार दिया जिससे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बाइक चालक भी गिरकर चोटिल हो गया। ग्रामीणों ने दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर गए। जहां पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अवधेश कुमार ने दोनों का प्राथमिक उपचार करने के उपरांत गंभीर रूप से घायल अनिल अग्रहरि को बेहतर उपचार हेतु मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

प्रेमी प्रेमिका ने रचाई शादी वीडियो वायरल कर मामा व चाचा पर लगाए गंभीर आरोप

चील्ह। स्थानीय थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव निवासी प्रेमिका ने कोर्ट मैरिज कर वायरल वीडियो के माध्यम से मामा व चाचा पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव के प्रेमी प्रेमिका का वर्षों से प्रेम प्रपंच चल रहा था जब इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो प्रेमिका के मामा ने दबाव बनाना शुरू किया तथा जान से मारने की धमकी देते हुए प्रेमिका पर दबाव बनाकर 28 फरवरी को चील्ह थाना में मुकदमा दर्ज कराया है। वायरल वीडियो में प्रेमिका ने बताया कि हम दोनों बालिग हैं। मामा के दबाव में आकर केस दर्ज कराया है जबकि हम दोनों कोर्ट मैरिज कर लिए हैं हमारे व हमारे प्रेमी के परिवार को कुछ होता है तो इसके जिम्मेदार हमारे मामा व चाचा होंगे जिसका वीडियो वायरल हो रहा है।

अनियमितता पाये जाने पर दर्ज होगी प्राथमिकी : गुलाब चंद्र

गैपुरा। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के आदेश पर एडीएम शिव प्रताप शुक्ला के निर्देशानुसार जोनल मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर गुलाब चंद्र ने हरगढ़ स्थित सरोज देवी बालिका इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान परीक्षा केंद्र और कैंपस की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जोनल मजिस्ट्रेट ने परीक्षाओं के सुचारु संचालन की जांच की और प्रबंधकों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि परीक्षा केंद्र पर कोई भी अनियमितता या प्रबंधकों की लापरवाही पाई गई तो उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। अचानक हुई इस छापेमारी से विद्यालय प्रशासन और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। यह कदम जिले में नकल विहीन और पारदर्शी परीक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में उठाया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस तरह के निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे।

आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

जमालपुर। क्षेत्र के हरदी सहिजनी गांव निवासी बीते 20 फरवरी से गायब युवक सुशील कुमार उर्फ मोनू के मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को बुधवार को संबंधित धाराओं में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपित युवक हरदी सहिजनी निवासी अभिषेक पांडेय एवं अदलहाट क्षेत्र के डेढ़ौना निवासी आदित्य पटेल को पुलिस ने मंगलवार की शाम गंगा नदी के पुल के पास से गिरफ्तार किया। सुशील कुमार उर्फ मोनू बीते 20 फरवरी को दोस्तों के साथ पार्टी मनाने के लिए अपने दोस्तों के साथ बाहर गया हुआ था। पार्टी समाप्त होने के बाद घर के लिए निकला था लेकिन घर वापस नही पहुंचा था। गायब युवक के भाई सुनील कुमार ने थाने में तहरीर देकर गुहार लगाई थी जिसके आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर युवक की तलाश कर रही थी। एसडीआरएफ की टीम ने बीते एक मार्च को युवक की हत्या की आशंका में पुलिस के साथ गंगा नदी में युवक की तलाश किया था। इस सम्बन्ध में उपनिरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गायब युवक की तलाश की जा रही है।

अभद्र टिप्पणी करने का आरोपी गिरफ्तार

मीरजापुर। सोशल मीडिया प्लेट्फार्म पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने व अभद्र टिप्पणी प्रसारित कर आम जनमानस की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने, सामप्रदायिकता एवं अराजकता फैलाने के सम्बन्ध में थाना चुनार पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रचलित की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा उक्त प्रकरण को गंभीरता पूर्वक लेते हुए क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में थाना प्रभारी चुनार को सम्बन्धित आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में बुधवार को उप-निरीक्षक सुरेश सिंह मय पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्य संकलित करते हुए वांछित आरोपी आर्यन कुमार पुत्र चन्द्र ज्योतिमणी उर्फ राजकुमार निवासी मेड़िया थाना चुनार को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए भेजा गया।

शॉर्ट सर्किट से पेड़ में लगी आग

चील्ह। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत चील्ह गोपीगंज मार्ग पर श्रीपट्टी गांव के चौराहे पर स्थित वर्षों पुराने महुआ के पेड़ में बिजली के शार्ट सर्किट से बुधवार की दोपहर में आग लग गई। आग लगने से आसपास के इलाके में अफरा तफरी मची गई। सड़क किनारे मौजूद पेड़ में आग लगने से आवागमन बाधित हो गया और जाम लग गया। आग के विकरालता को देखते हुए ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम व पुलिस चौकी चेतगंज की पुलिस ने बिजली विभाग को सूचित करते हुए बिजली कटवाकर ग्रामीणों के सहयोग से जनरेटर के माध्यम से समरसेबल चालू करवाकर घंटो कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया।

मतदान के लिए निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

अदलहाट। लालता सिंह राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे एनएसएस सप्त दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन बुधवार को स्वयं सेविकाओं ने प्रथम सत्र में महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की। इसके बाद चयनित गांव समदपुर में तख्ती पर लिखे स्लोगन को हाथों में लिए चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता रैली निकलकर लोगों को प्रेरित किया।

रैली को प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शिविर के द्वितीय सत्र में एनएसएस गीत के साथ स्वयं सेविकाओं ने राष्ट्रीय सेवा के संकल्प के साथ शुरूआत की। कार्यक्रम के दूसरे सत्र के मुख्य वक्ता डॉ हेरंभ पांडेय के द्वारा सांस्कृतिक सौहार्द, राष्ट्रीय निर्माण एवं सांस्कृतिक विरासत पर अपने विचार व्यक्त किया। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को बताया कि सांप्रदायिक सौहार्द, राष्ट्र निर्माण और सांस्कृतिक विरासत तीनों को किसी राष्ट्र की मजबूत स्तंभ बताया। इसके साथ ही स्वयंसेविकाओं के साथ परिचर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो0 आशा व संचालन कार्यक्रम अधिकारी डा0 प्रेमलता लाल एवं डा0 रितेश कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर डा0 अंजू सोनकर, डा0 प्रणव कुमार, डा0 जितेंद्र कुमार सिंह, डा0 प्रदीप मिश्रा, डा0 प्रेम सुंदरी, डा0 आनंद प्रकाश, डा0 अंकित, डा0 कृष्ण कन्हैया सहित शिक्षक मौजूद रहे।

बिना परमिशन नहीं निकाला जायेगा किसी प्रकार का जुलूस : एसडीएम

बैठक

शान्ति व सौहार्द पूर्ण त्योहार संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कसी कमर

जनसंदेश न्यूज

चुनार। होली और रमजान महीने के मद्देनजर शान्ति समिति की बैठक बुधवार को कोतवाली में उपजिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में दोनों समुदायों की ओर से उपस्थित लोगों से होलिका दहन के लिए स्थानों पर किसी भी तरह के विवाद के विषय में पूछे जाने पर सेमरा गांव निवासी ने बताया कि जिस स्थल पर होलिका जलाई जाती है वह स्थल बंजर खाते का है। जिस पर गांव के ही एक दलित द्वारा जबरन बरसिंह की बुआई कर दी गई है। उपजिलाधिकारी ने कोतवाल रविन्द्र भूषण मौर्य को कहा कि स्थलीय निरीक्षण करें यदि हर वर्ष होलिका उसी स्थल पर जलाए जाती रही हो तो बरसिंह के फसल को कटवा कर होलीका जलवाए।

एक तरफ होली का हुडदंग तो दूसरी ओर जुम्मे की नमाज जो प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती से कम नहीं है। शान्ति और सौहार्द पूर्ण त्यौहार संपन्न हो इसके लिए प्रशासन भी कमर कस ली है। हिन्दु सौहार्द पूर्ण तरीके से होली का त्यौहार मनाए और मुस्लिम समुदाय के लोग भी नमाज पढ़े और शांति से अपने घर जाएं यदि किसी भी समुदाय के लोग सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करता है तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। कोतवाल ने बताया कि पर्व के मद्देनजर भारी पुलिस बल क्षेत्र में चक्रमण करती रहेगी। हर अराजकतत्वों पर पैनी नजर रखी जाएगी। उपजिलाधिकारी ने कहा कि किसी प्रकार का जुलुस आदि बिना परमिशन के नहीं निकाला जाएगी। वहीं परमिशन लेने के बाद ही दो साउंड बाक्स से डीजे बजा सकते है नियम के विरुद्ध कार्य करने वालो के साथ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान पालिकाध्यक्ष मंसूर अहमद, भाजपा जिला प्रतिनिधि चन्द्रहास गुप्ता, नायब तहसीलदार रामप्रताप ओझा, जेई बिजली प्रमोद सिन्हा, सभासद नईम, सभासद विकास कश्यप, अंशुराय, सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, अभिलाष राय, बच्ची मिश्रा, शितला प्रसाद एड0, चौकी इंचार्ज कस्बा उदयनारायण मौर्य, एसआई राजेश रमण राय, नागेन्द्र सिंह, नरेन्द्र कुमार यादव, शरोज चौबे सहित भारी संख्या में दोनों समुदायों के लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

मारपीट की घटना में युवक गंभीर

राजगढ़। थाना क्षेत्र अंतर्गत वाराणसी से घर वापस लौट रहे युवक के साथ सरसो सेमरी गांव के पास अज्ञात लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस को फोन कर उसे राजगढ़ सीएचसी पहुंचाया गया जहां डाक्टरों ने प्राथमिक इलाज कर घर भेज दिया। जानकारी के अनुसार पीड़रिया थाना घोरावल जनपद सोनभद्र निवासी अंशु तिवारी पुत्र स्वर्गीय श्रीकृष्ण तिवारी नमकीन बनाने का कार्य करता है। युवक किसी काम से वाराणसी गया था। दोपहर बाद घर वापस लौट रहा था। इस दौरान सरसो सेमरी गांव के पास अज्ञात लोगों ने युवक के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। स्थानीय लोगों के द्वारा राजगढ़ पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी गई। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने युवक को एंबुलेंस की मदद से राजगढ़ सीएचसी पहुंचाया गया और पुलिस के द्वारा युवक के परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। जानकारी मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया और दौड़ते भागते राजगढ़ सीएचसी पहुंचे। डाक्टरों ने प्राथमिक इलाज कर युवक की हालत सामान्य देखते हुए घर भेज दिया।

हाइवा की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

अदलहाट। थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्तिनगर राजमार्ग पर स्थित रानीबाग के पास मंगलवार की रात्रि अज्ञात हाइवा ट्रक के टक्कर से मांगलिक कार्य से घर लौट रहे बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पीछे बैठा भतीजा घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण हेतु भेज दिया। जमालपुर थाना क्षेत्र के खेमई बरी गांव निवासी राम लखन सिंह पटेल उम्र 38 वर्ष पुत्र बिरजू पटेल व अपने भतीजा दिव्यांशु पटेल उम्र 17 वर्ष पुत्र राम बचन को मंगलवार को अहरौरा थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। वहां से देर रात्रि अपने घर वापस लौट रहा था, जैसे ही थाना क्षेत्र के रानी बाग तिराहे के पास सड़क पार कर रहा था कि नरायनपुर से सोनभद्र की ओर जा रही अज्ञात हाइवा ट्रक जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चालक राम लखन सिंह पटेल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई तथा पीछे बैठा भतीजा दिव्यांशु पटेल की गंभीर अवस्था में नरायनपुर स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतक के भाई राम बचन सिंह की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात हाइवा ट्रक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही में जुट गई है।

मालगाड़ी की चपेट में आने से दिव्यांग की मौत

गैपुरा। थाना क्षेत्र के चड़ेरू चौकठा गांव के सामने रेलवे ट्रैक पर अज्ञात मालगाड़ी के चपेट में आने से दिव्यांग की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चड़ेरू चौकठा गांव निवासी 28 वर्षीय पिंटू सोनकर पुत्र पप्पू सोनकर बीती रात शौच के लिए रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। नई रेल लाइन पर अप डाउन में जा रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही परिवार मे मातम का माहौल छा गया। मृतक तीन भाइयों में बड़ा था। प्रभारी थानाध्यक्ष सुशील कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरा बाइक सवार, घायल

मड़िहान। संतनगर थाना क्षेत्र के पथरौर गांव में लालगंज कलवारी संपर्क मार्ग पर मंगलवार की देर रात एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। थानाध्यक्ष जितेंद्र सरोज ने बताया कि मड़िहान थाना क्षेत्र के शोभी गांव निवासी अभय पाल 36 वर्ष अपनी बाइक से कहीं जा रहा था। वह जैसे ही मझारी व पथरौर के बॉर्डर पर पहुंचा था उसी दौरान बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में चली गई जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस व परिजन घायल को इलाज हेतु पटेहरा पीएचसी ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद घायल की हालत को गंभीर देखते हुए मण्डलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया।

ट्रैक्टर के टक्कर से बाइक सवार की मौत

मीरजापुर। देहात कोतवाली क्षेत्र के धौरूपुर के पास मंगलवार की देर रात ट्रैक्टर के टक्कर बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर लाया गया जहां एक युवक की मौत हो गई। दूसरे को वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। विंध्याचल थाना क्षेत्र के बघरा तिवारी निवासी विरंजन शर्मा 20 वर्ष अपने साथी रवि पाल 20 वर्ष के साथ बाइक से किसी काम से जा रहा था। देहात कोतवाली क्षेत्र के धौरुपुर के पास ट्रैक्टर के टक्कर से दोनों घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों घायलों को ट्रामा सेंटर ले गई। डॉक्टर ने विरंजन शर्मा को मृत घोषित कर दिया। रवि पाल को वाराणसी रेफर किया गया। देहात कोतवाल सदानंद सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर के टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई है।

पेयजल और सिंचाई के लिए न होने पाए कोई दिक्कत : आयुक्त

मीरजापुर। गर्मी के दिनों में जनपद मीरजापुर, सोनभद्र में कृषको के फसलों की सिंचाई या पेयजल की समस्याओं को दूर करने के दृष्टिगत जिलाधिकारी मीरजापुर प्रियंका निरंजन के पहल पर मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में राबटर्सगंज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मीरजापुर प्रियंका निरंजन, जिलाधिकारी सोनभद्र बी0एन0 सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र जागृति अवस्थी एवं सिंचाई, नहर विभाग के यांत्रिक, सिविल तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि गर्मी के दिनों में पहाड़ी क्षेत्रों में जल स्तर काफी नीचे चले जाने के कारण सिंचाई व पेयजल की समस्या गम्भीर हो जाती है। जनपद सोनभद्र में स्थित सोन पम्प कैनाल के माध्यम से जनपद सोनभद्र व मीरजापुर के पहाड़ी अंचलो में स्थित डैम को भरा जाता है जिससे पेयजल और सिंचाई की समस्या का समाधान किया जाता हैं। मण्डलायुक्त ने कहा कि गर्मी को देखते हुए दोनों के जनपदों के पहाड़ी क्षेत्रो के लोगो को पीने व सिंचाई को लेकर किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए पहले से ही कार्य योजना तैयार कर कार्रवाही सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि मीरजापुर के डोगिंया व अहरौरा डैम को भरने के लिए उनके द्वारा मांग कर ली गई है। बैठक में मण्डलायुक्त ने कहा कि सोन पम्प कैनाल में पानी की उपलब्धतता को देखते हुए पूरी क्षमता के साथ पम्प का संचालन कर घाघर होते हुए डोगिंया तथा अहरौरा डैम में पानी उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी मीरजापुर ने बताया कि डोगिंया की क्षमता 28 एम0सी0एम0 है जिसके सापेक्ष वर्तमान में मात्र 12 एम0सी0एम0 पानी की उपलब्धतता है। मण्डलायुक्त ने सभी नहर प्रखण्ड के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नहरो को निरीक्षण भी निरंतर करते रहे ताकि कहीं से लीकेज व अवैध कटान न होने पाए।

जमीन के विवाद में दो पक्षों में मारपीट, चार घायल

राजगढ़। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अन्तर्गत दरवान गांव के इंदिरा नगर में जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में लाठी डंडे और पत्थर चले जिसमें चार लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाने के साथ विवाद में प्रयुक्त जेसीबी को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में प्रार्थना सीता देवी पत्नी सुरेश 40 वर्ष ने बताया कि बुधवार को मैं अपने खेत पर काम कर रही थी तभी विपक्षी अमित सिंह पुत्र राजित राम निवासी नदिहार जग्गू कोल पुत्र अज्ञात जय प्रकाश पुत्र अज्ञात प्रदीप पुत्र अज्ञात निवासी सरसों सेमेरी थाना राजगढ़ जेसीबी लेकर आए। मेरे जमीन पर कब्जा करने लगे जब हम लोगों ने रोका तो इन लोगों ने लाठी डंडे राड और ईट पत्थर से मारने लगे परिवार के लोग जब बचाने आए थे। उनको भी मारने लगे जिससे परिवार के हमारे राजेश पुत्र मथुरा 50 वर्ष ओमप्रकाश पुत्र राजेश 21 वर्ष राधा देवी पत्नी राजेश 35 वर्ष सीता देवी पत्नी सुरेश 40 वर्ष घायल हो गए। पुलिस को सूचना दिया तो मौके पर राजगढ़ थाना पहुंची और सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाने एवं इलाज करने के साथके जेसीबी को अपने कब्जे में लेकर थाने ले आई। इस संबंध में थाना अध्यक्ष राजगढ़ महेंद्र पटेल ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है।

धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने के आरोप में दो गिरफ्तार

मीरजापुर। थाना कोतवाली शहर पर विगत 06 फरवरी को एक व्यक्ति द्वारा नामजद आरोपियों के विरूद्ध वादी की नाबालिक बहन को बहला-फुसला के भगाने व धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शहर पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली शहर को अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना कोतवाली शहर पुलिस द्वारा सम्बन्धित थाना कोतवाली शहर पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए बुधवार को उप-निरीक्षक अजय कुमार ओझा मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना कोतवाली शहर क्षेत्र से घटना उपरोक्त से जाहिदा बैगम पत्नी शौकत अली निवासिनी बजहां थाना कछवां व अमिरूनिशा पत्नी रमजान अली निवासिनी ग्राम बजहां थाना कछवां को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

फर्जी रजिस्ट्री पर बन गया विंध्य कॉरिडोर

जनसंदेश न्यूज

यह है हाल

असली भू स्वामी को अब तक नहीं मिला मुआवजा

मजिस्ट्रेट ने माना सरकारी कर्मियों की गलती

मीरजापुर। सरकारी कर्मियों की मिली भगत से विंध्य कॉरिडोर में जमीन और मकान के अधिग्रहण के दौरान फर्जी ढंग से मुआवजा लिया गया। पीड़िता की शिकायत पर नगर मजिस्ट्रेट और पर्यटन अधिकारी की जाँच में मामले का खुलासा हुआ। अधिकारियों ने राशि भू स्वामी को वापस देने का आदेश दिया।

करीब 6 माह बीत जाने के बाद भी अब तक पीड़िता को उसके मकान का मुआवजा नहीं मिल सका है। जांच के दौरान अधिकारियों ने माना कि मुआवजा देने में कतिपय कारणों से नगर पालिका परिषद के अभिलेख में 27 फरवरी 2011 से दर्ज भू स्वामिनी के नाम की अनदेखी की गई। इसमें नगर पालिका परिषद के कर्मियों को दोषी माना गया है। पीड़िता ने मुआवजा की संपूर्ण धनराशि दिलाने की मांग की हैं। बिहार भोजपुर की विद्यावती ने विंध्याचल में मकान और उससे सटा जमीन 2010 में क्रय करते हुए बकायदा रजिस्ट्री कराया था। जिसका नामांतरण करते हुए नगर पालिका परिषद में उस मकान और जमीन की स्वामिनी के रुप में विद्यावती पत्नी रामजी शाह का नाम असेसमेंट रजिस्टर में दर्ज किया गया। तब से वह गृह और जलकर का भुगतान करने लगी। विंध्य कॉरिडोर में उसके मकान जमीन का भी अधिग्रहण किया गया। जिसका मुआवजा 42 लाख 77 हजार 531 रुपया बना। जिसका भुगतान जिम्मेदार लोगों ने जमीन बेंच चुके लोगों को कर दिया गया। वैध मालिक न होने के बावजूद उन लोगों ने सरकार के पक्ष में रजिस्ट्री कर दिया। विद्यावती की शिकायत पर जांच कराई गई। नगर मजिस्ट्रेट ने 7 सितम्बर 2024 को आख्या देते हुए माना कि गलत रजिस्ट्री हुई है। असली मालिक से रजिस्ट्री कराकर मुआवजा की राशि उन्हें दिलाया जाय। इतना ही नहीं सरकारी अभिलेखों में नाम की अनदेखी के लिए सरकारी कर्मियों को दोषी माना गया है। इसी प्रकार क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने भी असली मालिक को मुआवजा की धनराशि उसे दिलाने की बात कही गई हैं। इसके बावजूद अब तक गलत ढंग से जमीन की रजिस्ट्री करने वालों से धनराशि वापस नही कराया गया है। हो हल्ला करने पर पीड़िता को 28 मई 2022 को 22 लाख रूपया दिया गया। शेष धनराशि के लिए आज भी पीड़िता अधिकारियों के दर पर गुहार लगा रही हैं।

पात्रों को योजनाओं का दिलायें लाभ विकास कार्य में लायें तेजी: मंडलायुक्त

बैठक

आयुक्त ने अधिकारियों के साथ की विकास कार्यों की समीक्षा, दिये निर्देश

बैठक को संबोधित करते मंडलायुक्त

सोनभद्र। आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर व नोडल अधिकारी बाल कृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड उपलब्ध फ्लैगशिप कार्यक्रम एवं जन शिकायत की मासिक समीक्षा बैठक जनपदस्तरीय अधिकारियों के साथ संपन्न हुई।

मण्डलायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि जिला संयुक्त चिकित्सालय, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भर्ती मरीजों का ईलाज बेहतर तरीके से करने के साथ ही अस्पताल से ही दवा उपलब्ध करायी जाये। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में जन्में बच्चों की सूचना भी तैयार रखी जाये, किस महीने में कितने बच्चों ने जन्म लिया है। उन्होंने कहा जनपद में बनाये गये सरोवरों पर सहिजन व अन्य पौधों का रोपण कराते हुए उसकी सुरक्षा व संरक्षण भी की जाये।

शिक्षा विभाग की समीक्षा कर परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को जूते, मोजे, बैग आदि उपलब्ध करायी जा रही सुविधा के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि जनपद में परिषद विद्यालयों के बच्चों को जूते, मोजे, बैग, धनराशि आदि का लाभ न मिलने की शिकायत मिली है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले के कुछ विद्यालयों के छात्र-छात्राओं का आधार न बन पाने की वजह से इन लाभों से वंचित हैं, जिसके लिए सम्बन्धित विभागों को जन्म प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए पत्र प्रेषित किया गया है।

कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने कहा कि पीएम कुसुम योजना के तहत किसानों को कैम्प लगाकर जानकारी दी जाये। उन्होंने कहा कि सांवा, कोदो आदि की खेती के लिए जिन कृषकों को बीज के कीट उपलब्ध कराये गये हैं, सम्बन्धित विभाग उसका निरीक्षण हर हाल में करना सुनिश्चित करेंगे।

गो-आश्रय स्थलों की समीक्षा करते हुए कहाकि आगामी गर्मी को देखते हुए गोवंशों के लिए हरे चारे की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, इसके लिए जनपद में चारागाह की जमीन को चिन्हित करते हुए हरा चारा उगाया जाये। कहा कि जनपद में चल रहे आवास सर्वे के कार्य में तेजी लायी जाये। उन्होंने कहा कि जुगैल गांव में पात्रता की जांच के आधार पर आवास देने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

मनरेगा योजना के तहत जनपद के मजदूरों को रोजगार दिया जाये। मण्डलायुक्त ने कहा कि स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए साप्ताहिक बाजार लगने वाले स्थल को चिन्हित करते हुए वहां पर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराने के साथ ही लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया जाये। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जोड़ों का आवेदन के बाद सत्यापन गंभीरता पूर्वक किया जाये। विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि ट्रान्सफार्मर खराब होने पर निर्धारित समय के अन्दर बदलने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

काहकि पर्यटन विकास के लिए पर्यटन से जुड़े स्थलों को चिन्हित कर सुंदरीकरण में तेजी लायें। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। इसके अलावा उन्होंने हर घर नल योजना की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये।

इस मौके पर जिलाधिकारी बीएन सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल रमेश चन्द्र, जागृति अवस्थी, रोहित यादव, सीएमओ डा. अश्वनी कुमार, हेमेन्त सिंह समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

ट्रेन से कटकर युवक की मौत

रेणुकूट। स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के हाईटेक रेलवे क्रॉसिंग के समीप बुधवार को ट्रेन के धक्के से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई। चौकी प्रभारी राजेश चौबे ने बताया कि एक व्यक्ति का शव रेलवे लाइन के किनारे मिलने की सूचना पर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो आसपास के लोगों ने बताया कि मृतक का नाम संतोष यादव है। युवक रेलवे लाइन के पास का ही रहने वाला था। वह कैसे और किन परिस्थितियों में ट्रेन से कट गया, इसकी जानकारी नहीं हो सकी। आसपास के लोगों ने संभावना जताई कि रेलवे पटरी पार करते समय उसकी मौत हो गई होगी। पुलिस शव कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई।

शिव गुरु महोत्सव नौ को

दुद्धी। जीआईसी खेल मैदान पर नौ मार्च को महाशिव गुरु महोत्सव कार्यक्रम होना सुनिश्चित हुआ है। आयोजन समिति के संयोजक कैलाश कुमार गुप्त एडवोकेट व रामानुज दुबे ने बताया कि 9 मार्च रविवार जीआइसी मैदान में भव्य महाशिव गुरु महोत्सव का आयोजन होना है। जिसमें छत्तीसगढ़ झारखंड मध्यप्रदेश सहित कई जगहों से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। इस आयोजन में कई हजार शिव भक्त का सागमन होगा। कार्यक्रम को सम्बोधित बरखा गुरु बहन द्वारा होना है।

संक्षेप

सड़क, नाली निर्माण का नपं अध्यक्ष ने किया शिलान्यास

चोपन। नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने बुधवार को नगर के विभिन्न वार्डों में सीसी सड़क और आरसीसी नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वार्ड नंबर दो में सड़क और नाली तथा वार्ड नौ में सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि इन विकास कार्यों से स्थानीय निवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। विकास कार्यों का उद्देश्य नगरवासियों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना है। नगर के सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। नगरवासियों ने इस पहल का स्वागत किया और नगर के समुचित विकास की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस मौके पर अंकित पांडेय, अनिकेत रावत, नागेंद्र यादव, अमित सिंह, सत्य प्रकाश तिवारी, बंटी सिंह, रामनरेश चौधरी, दिलीप ठाकुर, संजय श्रीवास्तव, राजेश यादव, प्रमोद कुमार, अनुज कुमार, जितेंद्र पासवान, पप्पू गुप्ता समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

मित्सुबिशी पावर ने आयोजित किया सुरक्षा दिवस, बताया महत्व

बीजपुर। एनटीपीसी रिहंद परियोजना में निर्माण कार्य कर रही मित्सुबिशी पावर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बुधवार को आदर्श रिहंद शिक्षा निकेतन एकेडमी व कंपोजिट विद्यालय बीजपुर प्रांगण में 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को दैनिक जीवन में सुरक्षा के महत्व को बताते हुए जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को पुरस्कार वितरण कर प्रोत्साहित किया। मित्सुबिशी पॉवर द्वारा सुरक्षा और स्वास्थ्य विकसित भारत के लिए अति आवश्यक थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया। प्रधानाचार्य ताड़कनाथ दुबे ने मुख्य अतिथि राहुल गुप्ता साइट मैनेजर मित्सुबिशी पावर को पुष्पगुच्छ भेंटकर व बैज अलंकरण कर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि गोपीनाथ रेड्डी कोर्डिनेशन प्रमुख, अजय सिंह राजपूत मैकेनिकल प्रमुख, विमल अवस्थी सिविल प्रमुख, सेंथिल कुमार इलेक्ट्रिकल प्रमुख, नीरज पांडेय सेफ्टी लीड,अजित कुमार मानव संसाधन को शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ देकर व बैज अलंकृत कर स्वागत किया। अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। मुख्य अतिथि ने दैनिक जीवन में सुरक्षा के महत्व को समझाया। इस दौरान बोर्ड परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को कम्पनी द्वारा पुरस्कार दिए जाने की भी घोषणा की गयी। वही प्रतिभागी बच्चो को स्नैक व पेन वितरित किया गया। कार्यक्रम आयोजन में जयप्रकाश गुप्ता व धनंजय कुमार सिंह सुरक्षा टीम के साथ भूमिका निभाई। संचालन शिक्षक संदीप राय ने किया।

समारोह पूर्वक मनेगा सीआईएसएफ का स्थापना दिवस

बीजपुर। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई आरएचएसटीपीपी रिहंद 10 मार्च को अपने 56वें स्थापना दिवस को उत्साह पूर्वक मनाएगा। कार्यक्रमों के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का उद्घाटन समारोह, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताए, सूचनात्मक बैनरों का प्रदर्शन, खेल प्रतियोगिताएं, मेंटर शामिल हैं। समापन सीआईएसएफ स्थापना दिवस परेड के साथ होगा। जो सीआईएसएफ इकाई आरएचएसटीपीपी रिहंद परेड ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा।

कृष्ण रासलीला: मीरा चरित्र मंचन देख हर्षित हुए दर्शक



सोनभद्र। नगर स्थित रामलीला मैदान में चल रहे रासलीला के सातवें दिन भगवान श्रीकृष्ण की परम भक्त मीराबाई की भक्ति चरित्र लीला का मंचन किया गया। इस अवसर पर स्वामी दाऊदयाल की मण्डली द्वारा प्रस्तुत ब्याह गीत लगन मोहे लागी तेरे नाम की, राधिका गोरी से बृज की छोरी से मैय्या कराय दे मेरो भजन पर श्रद्धालुगण जमकर थिरके। वृंदावन के कलाकारों द्वारा लीला मंचन में दिखाया गया कि राजपरिवार में जन्मी मीराबाई के बाल मन में कृष्ण की ऐसी छवि बसी थी कि यौवन काल से लेकर मृत्यु तक मीरा ने कृष्ण को ही अपना सब कुछ माना। मीरा ने अपनी माता से पूछा कि मेरा दूल्हा कौन है। इस पर मीराबाई की माता ने श्रीकृष्ण की मूर्ति की तरफ इशारा कर कह दिया कि वही तुम्हारे दूल्हा हैं। यह बात मीराबाई के बाल मन में एक गांठ की तरह बंध गई। मीराबाई का विवाह मेवाड़ के राज परिवार में राणा सांगा के पुत्र भोजराज से कर दिया गया। विदाई के समय कृष्ण की वही मूर्ति अपने साथ ले गई, जिसे उसकी माता ने उनका दूल्हा बताया था। मीराबाई के विवाह के दस बरस बाद उनके पति का देहांत हो गया। मीराबाई ने भक्ति को एक नया आयाम दिया है, एक ऐसा स्थान जहां भगवान ही इंसान का सब कुछ होता है। लीला समापन बांके बिहारी की आरती और भक्तों में प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस मौके पर जितेन्द्र सिंह, रामप्रसाद यादव, पवन जैन, प्रमोद गुप्ता, कृष्णमुरारी, सचिन गुप्ता, धीरज जालान, सत्येन्द्र, पांडे, विजयकांत मिस्त्र, डा. अशोक, शिवकुमार केशरी, कृष्णा सेठ, धर्मेश बाबू, प्रदीप जायसवाल, अनिल समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

रैली निकाल मतदान के प्रति किया जागरूक

ओबरा। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों द्वारा विशेष शिविर के दूसरे दिन बुधवार को सर्वप्रथम शिविरार्थियों को पतंजलि योग समिति प्रभारी वीरेंद्र श्रीवास्तव एवं ममता श्रीवास्तव की टीम ने योगाभ्यास कराया। इसके बाद मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई। मताधिकार का प्रयोग करने एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाकर मजबूत लोकतंत्र का निर्माण करने के लिए चारों इकाइयों के छात्र-छात्राओं ने खैराटिया गांव की मलिन बस्तियों में जागरूकता रैली निकाली। बस्तियों में लोगों के घर-घर जाकर, उनसे व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर उन्हें उनके वोट के महत्व बताये। अध्यक्षता करते हुए इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य हरिकेश यादव ने वोट का महत्व बताते हुए एक जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी छात्र/छात्राओं को अपना वोटर कार्ड अनिवार्य रूप से बनवाने हेतु निर्धारित प्रारूप पर आवेदन फॉर्म भरकर जमा करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ संतोष कुमार सैनी, डॉ. विकास कुमार ने मताधिकार के प्रयोग को स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण की आधारशिला बताया। बौद्धिक संगोष्ठी के पश्चात सेल्फ बैलून सेव और अटैक गेम आयोजित किया गया जिसमें, सबा परवीन प्रथम स्थान पर, सुहानी पांडेय द्वितीय स्थान तथा प्रियंका तृतीय स्थान पर रही। इस मौके पर राधा कांत पांडेय, डा. आलोक कुमार, उपेंद्र कुमार, डा. अमूल्य कुमार सिंह, डा. विजय प्रताप यादव, डा. विभा पांडेय मौजूद रहे।

हिण्डाल्को में सुरक्षा पहेली प्रतियोगिता का आयोजन

रेणुकूट। हिण्डाल्को में मनाये जा रहे सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत दूसरे दिन बुधवार को सेफ्टी क्वीज सुरक्षा पहेली प्रतियोगिता का आयोजन संविदाकार व हिण्डाल्को कर्मचारी के लिए ट्रेनिंग सेंटर में किया गया। फाइनल के लिए चार टीमों को चयनित किया गया। निर्णायक रिडक्सन प्लान्ट के कामता प्रसाद गुप्ता रहे।

संविदाकार प्रतियोगिता में रिडक्सन प्लान्ट की टीम के संविदा श्रमिक शिवराज सिंह, प्रभात मोहन, सुनील कुमार शाह ने प्रथम स्थान, फैब्रिकेशन प्लान्ट की टीम के अनिर्बन, विकास कुमार, रवि कुमार ने द्वितीय स्थान तथा अल्युमिना प्लान्ट की टीम के अश्विनी गुप्ता, शिवनारायन पाल, सुनील गोस्वामी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हिण्डाल्को प्रतियोगिता में अल्युमिना प्लान्ट की टीम के राहुल शर्मा, विशाल सिंह व आदित्य शर्मा ने प्रथम स्थान, फैब्रिकेशन प्लान्ट की टीम के कुन्दन, धर्मेन्द्र निसाद व सुधीर कुमार ने द्वितीय तथा यूटिलिटीज एण्ड ब्वायलर की टीम के खुशबुद्दीन अंसारी, आरके यादव एवं प्रमोद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी क्रम में सुरक्षा कविता प्रतियोगिता काआयोजन ट्रेनिंग सेंटर में किया गया। जिसमें चार टीमों के आठ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपनी स्वरचित कविताओं को प्रस्तुत किया।

संविधान को कुचलना चाहती है बीजेपी सरकार: शिवकन्या

आयोजन

जन अधिकार पार्टी की भाईचारा बनाओ यात्रा का हुआ स्वागत

यात्रा को संबोधित करतीं जअपा राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकन्या कुशवाहा

सोनभद्र। जन अधिकार पार्टी के तत्वाधान में संविधान एवं लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकन्या कुशवाहा की अगुआई में भाईचारा बनाओ यात्रा बुधवार को पन्नूगंज, नई बाजार कुसम्हा, सिद्धि कला होते हुए रावट्सगंज नगर में भ्रमण करते हुए बढ़ौली चौक पर पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जिस संविधान की बदौलत बहुजन समाज सुरक्षित है, वर्तमान सरकार संविधान को कुचलना चाहती है, जिसे जन अधिकार पार्टी बर्दास्त नही करेगी। पार्टी की चाहत है देश में संविधान का राज स्थापित हो, ताकि संख्या के अनुपात में लोगों को जीवन के हर क्षेत्र में हिस्सा मिल सके। जिसके लिए बहुजन समाज को एकजुट होना होगा। वर्तमान सरकार देश में नफरत, धार्मिक उन्माद फैलाकर सत्ता में बने रहना चाहती है। जिसे पीडीए के लोगों को समझना होगा तथा सरकार को बेदखल करना होगा। तभी हम और हमारी रक्षा करने वाला संविधान सुरक्षित रहेगा।

प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेन पाल ने कहा कि संविधान के मंशा के अनुरूप सबको शिक्षा एक समान गरीब हो या हो धनवान नीति लागू होनी चाहिए। राष्ट्रीय महासचिव लाखन राज पासी एवं कोषाध्यक्ष प्रहलाद मौर्य ने कहा कि पार्टी एक आंदोलन का नाम है, जो समाज के अंतिम व्यक्ति के होठों पर मुस्कान देखना चाहती है। इस मौके पर प्रदेश प्रमुख महासचिव डा. भागीरथी सिंह मौर्य, वाराणसी मण्डल प्रभारी सुमन्त सिंह मौर्य, जिलाध्यक्ष आदित्य मौर्य, मालती देवी, रामचरित्तर सोनकर, अजीत भारतीय, रविरंजन शाक्य, मंगला प्रसाद मौर्य, अशोक मौर्य, पोषक मौर्य, संकठा प्रसाद मौर्य, रामलोचन राम, दिनेश वर्मा, समृद्धि कुशवाहा, विजयमल मौर्य, डा. विनोद कुमार मौर्य, चन्द्रमा सिंह, प्रशांत भारती समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

दुर्घटना से बचाव के लिये जागरूकता व सतर्कता जरूरी

बोले संदीप हिवारेकर

अल्ट्राटेक माइंस में खान सुरक्षा सप्ताह का हुआ आगाज

जनसंदेश न्यूज

दीप प्रज्ज्वलित कर सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ करते यूनिट हेड

डाला। अल्ट्राटेक सीमेन्ट वर्क्स डाला के जुलगुल, भलुआ एवं डाला कजरहट लाईम स्टोन का तृतीय खान सुरक्षा सप्ताह सोमवार की देर शाम जुलगुल माइंस प्रांगण में आयोजित किया गया। जो नौ मार्च तक चलेगा। खान सुरक्षा महानिदेशालय वाराणसी क्षेत्र के तत्वाधान में अल्ट्राटेक सीमेन्ट के जुलगुल माइंस के प्रांगण में सीमेन्ट फैक्ट्री के युनिट हेड संदीप हिवरेकर एवं सुरक्षा टीम के संयोजक भीष्मदेव पांडेय द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया।

वाराणसी परिक्षेत्र अन्तर्गत आने वाले सिधी, प्रयागराज, मीरजापुर, सिंगरौली, सोनभद्र, बांदा व चित्रकूट समेत 114 माइंसो में खान सुरक्षा सप्ताह का आयोजन हो रहा है। माइंसो में सुरक्षा आदि के लिए बनाये गये नियमों का पालन कितना और किस तरह हो रहा है, जिसका निरीक्षण करने के लिए कई टीमें बनाई गई हैं, जो माइंस एरिया में जाकर विधिवत निरीक्षण कर उसकी रिपोर्ट सेफ्टी माइंस वाराणसी को देंगी।

मुख्य अतिथि संदीप हिवरेकर ने कहा कि 2008 से जुलगुल माइंस का संचालन हो रहा है। किसी भी घटना दुर्घटना से बचा जा सकता है, जिसके लिए जागरूकता, सतर्कता और सजगता का होना बहुत ही जरूरी है। कहा कि सुरक्षा के मद्देनजर फैक्ट्री के अन्दर पुराने हो चुके वाहनों और मशीनों को हटाकर नये वाहनों एवं मशीनों को लगाया गया है।

आधुनिक तकनिकी वाले उपकरणों को आपरेट करने वाले चालकों को विधिवत प्रशिक्षण देने के बाद ही उपकरणों को संचालित करने का निर्देश दिया जाता है। जुलगुल माइंस शून्य दुर्घटना रहित है, जहां सुरक्षा मानकों का पालन किये बगैर कोई कार्य नहीं होता है। विशिष्ट अतिथि भीष्मदेव पांडेय ने कहा कि अल्ट्राटेक सीमेन्ट के माइंस का पूरा निरीक्षण सेफ्टी टीम द्वारा किया गया है, जहां सुरक्षा का पूरा पालन होता है।

खान सुरक्षा महानिदेशालय वाराणसी परिक्षेत्र द्वारा गठित खान सुरक्षा सप्ताह कमेटी का अध्यक्ष देव प्रकाश मौर्या को बनाया गया है। उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह व सेक्रेटरी वीके कुशवाहा को बनाया गया है। संचालन अल्ट्राटेक सीमेन्ट कर्मी तृप्ती साहू ने किया। इस मौके पर विवेक खोसला, डीके पांडेय, प्रदीप सिंह, जितेन्द्र सिंह, अजय मंडल, प्रदीप शर्मा, फहिम अंसारी आदि मौजूद रहे।

अराजकतत्वों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर

शक्तिनगर/बीजपुर। होली एवं रमजान को लेकर स्थानीय थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। सीओ पिपरी अमित कुमार ने कहा कि त्यौहार आपस में मिलकर भाईचारा के साथ मनाने का सन्देश देता है। कहा कि किसी नयी परम्परा शुरू करने की इजाजत नही दी जाएगी। होली का त्यौहार एवं रमजान का जुमा एक ही दिन पड़ रहा है, इसलिए विशेष सावधानी बरतने की जरुरत है। ऐसी कोई स्थिति उतपन्न न हो, जिससे अशांति पैदा हो।

इस पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है। यदि कहीं पर किसी द्वारा अशांति उत्पन्न करने का प्रयास किया गया तो उसपर कार्रवाई की जाएगी। किसी अफवाह पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने कहा कि होली के दिन पानी को दोपहर में विशेष रूप से दो घंटे के लिए चालू किया जाय। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक कुमुद शेखर सिंह, प्रधानगण, क्षेत्र पंचायत सदस्य समेत तमाम लोग उपस्थित रहे। बीजपुर संवाददाता के अनुसार-त्योहार होली त्यौहार के मद्देनजर बुधवार को थाना प्रांगण में सीओ दुद्धी प्रदीप सिंह चंदेल की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुयी।

सीओ ने कहा कि होली आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। सोशल मीडिया या अन्य तरह से अफवाह फैलाने वालों को बख्शा नही जाएगा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि 16 गांवों में 63 स्थानों पर होलिका दहन होगा। होलिका दहन के दिन डीजे प्रतिबंधित रहेगा, लेकिन साउंड सिस्टम मानक के अनुसार बजा सकते हैं।

इस मौके पर आरके सिंह, श्रवण कुमार यादव, विश्राम सागर गुप्ता, केपी पाल, बद्रीनाथ, विजय सिंह, सुरेंद्र अग्रहरि, सलीम खान, मो. मुख्तार आलम, नईम अंसारी समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

मुथूत फिनकॉर्प शाखा का हुआ शुभारंभ

सोनभद्र। मुथूत फिनकॉर्प लिमिटेड की शाखा का बुधवार को रावर्ट्सगंज में शुभारंभ किया गया। शाखा का शुभारंभ दी आर्यंस एकेडमी स्कूल संत नगर के प्रबंध निदेशक विनोद जालान ने फीता काटकर किया। इस दौरान श्री जालान ने कहा कि कंपनी के रावर्टसगंज नगर में शुभारंभ हो जाने से स्थानीय लोगों को गोल्ड लोन मिनिमम प्योरिटी 18 कैरेट पर भी मिलेगा। इससे लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी।

शाखा प्रबंधक शिवाजी ने कहा कि मुथूत फिनकॉर्प सदैव आमजन के सहयोग के लिए तत्पर है और आगे भी आमजन का सहयोग करती रहेगी। नगर में शाखा के शुभारंभ से गरीबों और आवश्यकता वाले लोगों को गोल्ड लोन 24 घंटे के अंदर उपलब्ध हो जाया करेगा।

इस मौके पर रीजनल मैनेजर अतुल श्रीवास्तव, मैनेजर ऑपरेशन आशीष शर्मा, एरिया मैनेजर अभिषेक ओझा, शाखा प्रबंधक शिवाजी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

फीता काटकर शाखा का शुभारंभ करते विनोद जालान

धूमधाम से मना कंपोजिट विद्यालय सेहुआ का वार्षिकोत्सव

जनसंदेश न्यूज

रामगढ़। चतरा ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय सेहुआ में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद सिंह पटेल, प्रधान व विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुमन शर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पूजन के साथ किया। बच्चों ने अनेकता में एकता, अपनी सभ्यता संस्कृति का परिचय देते हुए रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

इस दौरान इन्द्र देव पांडेय, विमल मिश्रा व अभिभावकों ने बच्चों को घर से विद्यालय तक जोड़ने, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए अपने विचार प्रस्तुत किये। बच्चों को पुरस्कार एवं मिठान वितरण किया गया। इस मौके पर वंदना, नागेन्द्र प्रसाद पाठक, ममता, बीनू, आशा, माधवी, पूजा, गरिमा, दीना, कृष्ण कुमार, बृजेश समेत तमाम लोग उपस्थित रहे। संचालन जयश्री विश्वकर्मा ने किया।

सोनभद्र। स्थानीय विकासखंड अंतर्गत चुर्क न्याय पंचायत के प्राथमिक विद्यालय बिजरी प्रांगण में बुधवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अकादमी रिसोर्स पर्सन आशा भारती ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना के पश्चात स्वागत गीत प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्राथमिक शिक्षक बुनियादी शिक्षा की प्रथम सीढ़ी है। आज बच्चों के शिक्षा की गुणवत्ता में तेजी से वृद्धि हो रही है, जिससे अब अभिभावकों का रुझान सरकार के परिषदीय विद्यालयों की तरफ बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विद्यालयों का कायाकल्प आधुनिक उपकरण, लैपटॉप, टैबलेट, विज्ञान किट, गणित किट, पठन-पाठन हेतु सहायक सामग्री मुफ्त किताबें, आधुनिक लाइब्रेरी, किचन सेट आदि के साथ बच्चों को मध्यान भोजन, दूध, फल आदि सुविधाएं दी। वहीं छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा निजी विद्यालयों द्वारा मनमाने फीस वसूली को लेकर मंचन किया। योगेश पांडे ने कहा कि परिषदीय शिक्षकों द्वारा विभिन्न विभागीय के कार्यों को करते हुए भी शिक्षा की अलख जगाने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। प्रधानाध्यापिका अंजू यादव ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। संचालन सहायक अध्यापिका फैहमीदा जैदी ने किया। अंत में बच्चों को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया। मौके पर सुनीता सिंह, संगीता, विजेंद्र समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बच्चों ने बांधा समा

इंटर उर्दू में दो, इतिहास के 233 छात्रों ने छोड़ी परीक्षा

सोनभद्र। यूपी बोर्ड परीक्षा में बुधवार को पहली पाली में जिले में इंटर के ऊर्दू विषय की परीक्षा चुनिंदा केंद्रों पर संपन्न हुई। परीक्षा के छठें दिन पहली पाली में इंटर उर्दू के पंजीकृत 17 छात्रों के सापेक्ष 15 परीक्षार्थी उपस्थित और दो अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में इंटर के इतिहास विषय की परीक्षा हुई। इतिहास में 4213 छात्र पंजीकृत थे, जिसमें 3980 छात्रों ने परीक्षा दी, जबकि 233 छात्र अनुपस्थित रहे।

कन्ट्रोल रूम से कमलेश कुमार गुप्त ने बताया कि परीक्षा का निरीक्षण करने संयुक्त शिक्षा निदेशक उदयभान विंध्याचल मंडल पहली पाली में कंट्रोल रूम पहुंचे। उन्होंने परीक्षा केंद्रों के सभी कक्षों व स्ट्रॉन्ग रूम का ऑनलाइन अवलोकन करते हुए कमांड एंड कंट्रोल रूम कार्मिकों को विशेष दिशा निर्देश दिए। ज़िला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह ने बताया कि सात सचल दस्ता टीम गठित है और एक टीम जिले पर रिजर्व भी रखा गया है।

मंडलीय सचल दल ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

सोनभद्र। प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् प्रयागराज द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर टीम ने राजा शारदा महेश इण्टर कॉलेज राबर्ट्सगंज, पीएमश्री राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज राबर्ट्सगंज और चन्द्रगुप मौर्य इण्टर कॉलेज मधुपुर का कक्ष-निरीक्षकों का विधिवत निरीक्षण किया। टीम में कमलेश सिंह यादव, संतोष कुमार सिंह आदि शामिल रहे।

टूटी पाइप के कारण हुए जलभराव को लेकर प्रदर्शन

आक्रोश

मोबाइल कंपनी के ठेकेदार की लापरवाही से जल निगम की टूटी पाइप

मोबाइल कंपनी के ठेकेदार के खिलाफ विरोध जताते लोग।

सकलडीहा। मोबाइल कंपनी की केबिल डालते समय मंगलवार की देर शाम जल निगम की पाइप क्षतिग्रस्त हो गयी। कंपनी के ठेकेदार की ओर से टूटी पाइप का मरम्मत नही कराये जाने से सड़क पर जलभराव की स्थिती हो गयी। जिसके कारण दुकानों पर ग्राहकों के आने जाने में समस्या और राहगीरों की परेशानी को लेकर व्यापारियों ने विरोध जताया। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने टूटी पाइप की मरम्मत नहीं कराये जाने पर आंदोलन की चेतावनी के साथ कोतवाली में एफआईआर कराये जाने की चेतावनी दिया।

व्यापारियों ने आरोप लगाया कि आये दिन प्राइवेट मोबाइल कंपनी के ठेकेदार की ओर से जगह जगह केबिल डालने के लिये मशीन से खोदाई किया जा रहा है। खोदाई के कारण जल निगम की पाइप कई जगह क्षतिग्रस्त हो गया है। यही नही कई जगह गड्ढा खोदकर छोड़ दिये जाने से रात में गिरकर लोग घायल हो रहे है। दो दिन पूर्व सकलडीहा इंटर कॉलेज गेट के सामने केबिल डालने के लिये खोदाई के दौरान जल निगम की पाइप क्षतिग्रस्त होगया। ठेकेदार की ओर से मरम्मत कराये नहीं जाने के कारण सुबह जल निगम की क्षतिग्रस्त पाइप से पानी सड़क पर बहने से जलभराव की स्थिती उत्पन्न होगया। स्कूली छात्राओं को परीक्षा के दौरान काफी समस्या हुई। सड़क पर जलभराव के कारण राहगीरों को पानी से होकर गुजरना पड़ा। दुकानों पर ग्राहकों के आने जाने में समस्या होने पर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। व्यापार मंडल अध्यक्ष केके सोनी ने विभागीय ठेकेदार की ओर पाइप की मरम्मत नहीं करने पर कोतवाली में तहरीर देकर एफआईआर कराये जाने की चेतावनी दिया। मौके पर विरोध जताने वालों में पुनित गुप्त, संत कुमार, संदीप गुप्त, रामअशीष राय, शशांक, अजय सिंह, अनूप, दीपक, संजू, शाका सहित अन्य रहे।

चंदौली पुलिस ने 391 शराबियों के विरुद्ध की कार्रवाई

चंदौली। जनपद पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर खुले में शराब पीने, रंगबाजी, जुआ खेलने, स्टंट दिखाने, छेड़खानी करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई जारी है। अभियान में शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की गई। एक बार से अधिक पकड़े जाने पर डिफॉल्टर्स का लाइसेंस भी निरस्त करवाने की कार्रवाई की जा रही है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में संवेदनशील जगह चिह्नित कर पुलिस ने उपरोक्त प्रकार के व्यक्ति पर कार्रवाई की गई। एसपी चंदौली आदित्य लांग्हे ने बताया कि जनपद के समस्त अधिकारी व थाना प्रभारीगण को सघन चेकिंग अभियान लगातार चलाते हुए कार्यवाही किये जाने के साथ ही लोगों को जागरूक किये जाने हेतु निर्देश दिये गये हैं। यह अभियान निरन्तर पूरे जनपद में चलाया जा रहा है। इसी क्रम में चार मार्ग को जनपद के समस्त थानों द्वारा धारा 292 के तहत कुल 391 शराबियों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी। कहा कि चंदौली पुलिस ऐसे लोगों के विरुद्ध मात्र कार्यवाही ही नहीं कर रही बल्कि ऐसे सभी लोगों को मादक पदार्थों व शराब के सेवन से होने वाले आर्थिक व शारीरिक हानि के साथ ही सामाजिक प्रतिष्ठा व परिवार के सदस्यों पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव के सम्बन्ध में जागरूक किया जा रहा तथा आगे से मादक पदार्थों का सेवन न करने हेतु प्रेरित भी किया जा रहा है।

उड़ाका दल की टीम ने परीक्षा केन्द्रों की सघन जांच की

सकलडीहा पीजी कॉलेज में जांच करती उड़ाका दल की टीम।

जनसंदेश न्यूज

सकलडीहा। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय की ओर से बीते कई दिनों से बीएड की परीक्षा संचालित है। बुधवार को विश्वविद्यालय की ओर से नियुक्त उड़ाका दल की टीम ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान सीसी कैमरा सहित परीक्षार्थियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

परीक्षा के संचालन हेतु महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की ओर से विभिन्न जनपदों के लिए अलग-अलग उड़ाका दल का गठन किया गया है। जिसमें चंदौली जनपद के उड़ाका दल का नेतृत्व प्रोफेसर विजेंदर सिंह सकलडीहा पीजी कॉलेज एवं सदस्य प्रोफेसर महेंद्र प्रताप सिंह और डॉ संदीप जायसवाल के नेतृत्व में संचालित हो रहा है। उड़ाका दल ने सकलडीहा पीजी कॉलेज में निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय की सीसी कैमरा का निरीक्षण किया। इसके अलावा परीक्षार्थियों के स्मार्ट वॉच और मोबाइल पर परीक्षा के दौरान प्रतिबंधित होने की बात कही। इस दौरान कुछ छात्रों की ओर से अनुचित संशाधन का प्रयोग करने पर उन्हें रिस्टीकेट किया। उड़ाका दल की औचक निरीक्षण से परीक्षार्थियों में खलबली मचा रहा।

संक्षेप

राजकीय आईटीआई कॉलेज में रोजगार मेला 10 मार्च को

चंदौली। सेवायोजन कार्यालय व राजकीय आईटीआई कालेज की ओर से 10 मार्च को राजकीय आईटीआई रेवसा में रोजगार मेला आयोजित किया गया है। उक्त रोजगार मेला में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यर्थियों को सर्वप्रथम सेवायोजन विभाग के पोर्टल के जाब सीकर कालम में अपना पंजीयन कराना होगा। रोजगार मेला में विजय इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, विस्ट्रान क्वेसकार्प, टाटामोटर्स, भारतीय जीवन बीमा निगम एवं अन्य कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग करके बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला रोजगार सहायता अधिकारी गिरीजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, डिप्लोमा, आईटीआई की योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। वे अपने साथ मूल शैक्षिक अंक पत्र, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैनकार्ड, बैंक पासबुक एवं छह पासपोर्ट साइज फोटो व बायोडाटा व उसकी छायाप्रति के साथ आयोजनस्थल पर सुबह 10 बजे पहुंचना सुनिश्चित करें।

छह मवेशियों के साथ पुलिस ने दो तस्करों को दबोचा

चंदौली। थाना प्रभारी सैयदराजा विन्देश्वर प्रसाद पाण्डेय की टीम द्वारा पिकअप वाहन से 06 गोवंशों को बरामद किया गया है तथा तस्करी में संलिप्त 02 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। बताते हैं कि बुधवार को उपनिरीक्षक आफताब आलम मय हमराह को चेकिंग कर रहे थे, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि एक पिकअप से गोवंशों की तस्करी की जा रही है। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा एनएच 02 हाईवे ग्राम नौबतपुर, बुथ के पास चेकिंग के दौरान एक बोलेरो पिकअप से कुल 06 गोवंश (04 राशि साड़ व 02 राशि बैल) की बरामदगी करते हुए मौके से दो शातिर तस्करो को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान अखिलेश कुमार पुत्र लाला हरिजन निवासी ग्राम लखऊवा थाना बक्सा जिला जौनपुर तथा विशाल कुमार पुत्र प्रकाश कुमार निवासी ग्राम खेवसीपुर थाना जलालापुर जिला जौनपुर में की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि इन पशुओं को बिहार के रास्ते पश्चिम बंगाल वध के लिए ले जा रहे थे।

अज्ञात कारणों से लगी आग, पुआल जलकर खाक

नौगढ़। तेंदुआ गांव में अज्ञात कारणों से आग लग जाने से खलिहान में रखा हुआ करीब 10 बीघा खेत का पुआल जल कर राख हो गया। आगलगी की घटना देखकर ग्रामीणों ने नजदीकी जल संसाधनों से पानी ले आकर के आग बुझाने का काफी प्रयास किया, जिससे आग फैल कर रिहायशी बस्ती में नहीं पहुंच पाई। बताते हैं कि मझगांवा गांव निवासी केएन मौर्य का तेंदुआ गांव में खेत है। धान की किए गए खेती का पुआल खलिहान में पशुओं का चारा काटने के लिए रखा गया था। बुधवार को दोपहर बाद अचानक आग लग जाने से पुआल जल कर राख हो गया। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंच कर कुआं, हैण्डपम्प इत्यादि जल संसाधनों से पानी लाकर के आग बुझाने का बहुत काफी प्रयास किया।

छापा मारने आए सीबीआई इंस्पेक्टर की बाइक चोरी

डीडीयू नगर। चीफ लोको पायलट इंस्पेक्टर पद पर रिश्वत लेकर पेपर साल्व कराने की सूचना पर सीबीआई छापेमारी करने आई थी। सीबीआई टीम में शामिल इंस्पेक्टर की चोरों ने बाइक उड़ा दी। घटित घटना से पुलिस के हाथ पांव फूल गए। इंस्पेक्टर ने नई बस्ती स्थित मॉडल शॉप के पास अपनी बाइक खड़ी की थी। मुगलसराय कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई। सीबीआई लखनऊ में तैनात इंस्पेक्टर दिनेश पटेल के अनुसार नई बस्ती के पास मॉडल शॉप के सामने से खड़ी की थी। मुगलसराय कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। वाराणसी के नैपुरा निवासी संतोष सिंह की बाइक से डीडीयू नगर में विभागीय और गोपनीय कार्य से आए हुए थे। नई बस्ती स्थित एचपी पेट्रोल पंप के सामने बाइक खड़ी कर वे कुछ दूरी पर चले गए। इसी बीच चोर बाइक लेकर फरार हो गए। उन्होंने बाइक का काफी खोजबीन किया। बावजूद पता नहीं चल सका। इस बाबत कोतवाल विजय बहादुर ने बताया कि बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है, जो नगर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

ज्ञान अर्जित करने में करें टैबलेट का उपयोगः संतोष

चंदौली। क्षेत्र के जगदीशसराय स्थित हरिओम सेवा आईटीआई कॉलेज में बुधवार को प्रबंधक संतोष कुमार तिवारी ने कुल 23 छात्रों को टैबलेट वितरित किया। टैबलेट पाकर छात्रों के चेहरे खिल उठे। प्रबंधक संतोष तिवारी ने कहा कि शासन का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं को टैबलेट देकर उन्हें तकनीकी शिक्षा के साथ आत्मनिर्भर बनाना हैं। कहा कि इसका सही उपयोग अमृत के समान और दुरुपयोग विष के समान हैं। इसलिए छात्र छात्राएं इसका सही उपयोग करें। विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निःशुल्क टैबलेट मुहैया कराया जा रहा हैं। संस्थान के प्रधानाचार्य सत्येन्द्र कुमार मिश्रा ने कहा कि छात्र टैबलेट का सही इस्तेमाल कर तकनीकी ज्ञान अर्जित कर अपने कौशल को निखार सकते हैं, जिससे जीविकोपार्जन में मदद मिल सकती हैं और यही शासन की मंशा भी हैं। मौके पर अनुदेशक वेदप्रकाश, अमन आदि मौजूद रहे।

महाकुंभ के समापन पर सेवा ही संकल्प कार्यक्रम आयोजित

डीडीयू नगर। रेलवे सुरक्षा बल डीडीयू द्वारा महाकुंभ 2025 के समापन के अवसर सेवा ही संकल्प कार्यक्रम सेन्ट्रल कालोनी स्थित आरपीएफ बैरक में किया गया। इस दौरान मंडल सुरक्षा आयुक्त जेथिन बी राज ने बताया की महाकुंभ 2025 को सफल बनाने में सभी का सहयोग अतुलनीय रहा। इसलिए आज स्वागत एवं सम्मान आरपीएफ डीडीयू द्वारा किया गया। इस दौरान सुरक्षा आयुक्त जेथिन बी राज ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। वही आरपीएफ इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार रावत ने सभी का स्वागत किया। इस दौरान जिलाधिकारी निखिल टी. फुड़े, पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे, मंडल रेल प्रबंधक राजेश कुमार, एडिशनल एसपी विनय सिंह, क्षेत्राधिकारी डीडीयू आशुतोष तिवारी सहित रेलवे विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

डिजिटल युग में प्रमाणिक ज्ञान देती है पुस्तक

सकलडीहा। सकलडीहा पीजी कॉलेज में पढ़े महाविद्यालय बढ़े महाविद्यालय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.प्रदीप कुमार पाण्डेय ने भारत को विश्व गुरु बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक सहित छात्र मौजूद रहे। प्राचार्य ने कहा कि यदि भारत को विश्व गुरु बनना है। तो सर्वप्रथम अपने अंदर पुस्तकीय पठन को विकसित करना पड़ेगा। क्योंकि पढ़ने से ही कोई भी नया परिवर्तन और नयापन आता है। शिक्षा भगवान शिव का तीसरा नेत्र होता है। प्रो. दया शंकर सिंह यादव ने कहा कि डिजिटल तकनीक युग में यदि हम प्रमाणिक ज्ञान की बात करें तो वह हमें पुस्तक देती है। इसलिए पुस्तक पढ़ना ही सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। डॉ. अजय सिंह यादव ने कहा कि सीखने की सभी स्किलों में पढ़ने का स्कील सबसे महत्वपूर्ण साधन है। अंत में विद्यार्थियों को पुस्तक की अध्ययन का प्रशिक्षण दिया गया। संचालन कार्यक्रम समन्वयक यज्ञ नाथ पाण्डेय द्वारा किया। कार्यक्रम में डॉ.इंद्रजीत सिंह, डॉ. मनीष राय, डॉ. अभय वर्मा, डॉ. पवन कुमार ओझा, डॉ. जितेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

सीएमओ ने स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते सीएमओ।

चहनियां। कस्बा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर बुधवार को सीएमओ डा. वाई के राय ने निरीक्षण किया। वही लेबर रूम, निरीक्षण हाल और स्टोर रूम बनने के लिए भी स्थलीय निरीक्षण किया।

चहनियां स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर दोपहर को पहुंचे मुख्य चिकित्साधिकारी डा.वाई के राय ने ओटी, दवा स्टोर, स्टोर रूम, डीपीएमयू, साफ-सफाई आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. रितेश कुमार को कुछ आवश्यक निर्देश भी दिया। चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर अभी भी कुछ भवनों का अभाव है। जिसमें लेबर रूम, निरीक्षण हाल, स्टोर रूम निर्माण के लिए स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जगह का ठेकेदार के साथ स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. रितेश कुमार ने बताया कि यहां कुछ भवनों का अभाव है जो यहां बनना है। जिसके मुख्य चिकित्साधिकारी ने निरीक्षण किया है, जो जल्द ही काम लगेगा।

सीबीआई की कार्रवाई के बाद मंडल कार्यालय में पसरा सन्नाटा

सन्नाटा

सीनियर डीईई कार्यालय पर लटका रहा ताला

डीआरएम कार्यालय के बाहर पसरा सन्नाटा।

डीडीयू नगर। स्थानीय मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय से मंगलवार को दो मंडलीय अधिकारियों के साथ 26 रेलकर्मियों की गिरफ्तारी की घटना के बाद बुधवार को ऑफिस तो खुला रहा। आफिस में काम भी हो रहा था। बावजूद पूरे परिसर में अजीब सा सन्नाटा पसरा रहा। कार्यालयों में जुबां खामोश थी। सभी के आंखों में अब आगे क्या होगा यही सवाल था। वहीं आफिस के बाहर सिर्फ पेपर लीक मामले की चर्चा होती रही।

मंगलवार की रात सीबीआई ने रेलवे के विभागीय परीक्षा में पेपर लीक घोटाले का भंडाफोड़ किया। इस दौरान सीनियर डीईई (आपरेशन) के साथ आठ अधिकारी और 17 लोको पायलटों को गिरफ्तार किया। विभागीय परीक्षा में बैठने वाले लोको पायलट अभ्यर्थियों के पास से हस्तलिखित प्रश्नपत्रों की फोटो कापी बरामद की। इस दौरान छापेमारी के दौरान 1.17 करोड़ रुपये नकद भी बरामद हुए। बुधवार को दिन भर डीआरएम ऑफिस में अधिकारियों से पूछताछ होती रही। शाम तीन बजे अधिकारियों सहित 26 लोगों को कैदी वाहन में बैठाकर लखनऊ ले गई।

इस दौरान डीआरएम ऑफिस के अंदर बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगाई थी। बुधवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय अपने निर्धारित समय से खुला। अधिकारी भी समय से आफिस पहुंच गए। सभी एक दूसरे का अभिवादन भी किया लेकिन सभी की आंखों में कल की घटना तैरती नजर आ रही थी। डीआरएम ऑफिस के ग्राउंड फ्लोर पर मुख्य गेट के समीप ही वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी (सीनियर डीपीओ) का कार्यालय है।

इस कार्यालय के बगल में सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी आदि का भी कार्यालय है। सीनियर डीपीओ ऑफिस के अंदर ही चीफ ओएस भी बैठते हैं। दोनों को सीबीआई गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं सीनियर डीपीओ कार्यालय के अंदर ही गोपनीय कक्ष है। बुधवार को सीनियर डीपीओ और ओएस नहीं रहे, लेकिन गोपीनय कक्ष में काम होता रहा और दिनभर कार्यालय खुला रहा। हालांकि दोपहर एक बजे जहां हमेशा चहल पहल रहती थी, वहां सन्नाटा पसरा था।

इसी तरह मंडल कार्यालय के दूसरे तल पर सीनियर डीईई सुशांत परासर का कार्यालय है। इसके बगल में ही अन्य इंजीनियरिंग विभाग का भी कार्यालय है। सुशांत परासर के न रहने पर इनके कार्यालय पर तो ताला लगा ही था अन्य कार्यालय से भी अधिकारी गायब रहे।

मुगलसराय विधायक ने जन समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा

जनसंदेश न्यूज

सीएम योगी आदित्यनाथ को जन समस्याओं से अवगत कराते विधायक रमेश जायसवाल।

चंदौली। मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपने क्षेत्र की समस्याओं से सीएम को अवगत कराया और जनहित में उसके निराकरण की आवश्यकताओं पर बल दिया। समस्याओं को संज्ञान में लेने के बाद मुख्यमंत्री ने मामले के निस्तारण का भरोसा दिया।

इस दौरान विधायक रमेश जायसवाल ने चंदौली मुख्यालय पर न्यायालय निर्माण की शुरूआत कराए जाने की मांग को रखा। इसके अलावा बबुरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मानव संसाधन एवं उपकरण की व्यवस्था कराकर अस्पताल की शुरूआत कराने को जनहित में आवश्यक बताया। कहा कि अस्पताल का संचालन होने से क्षेत्रीय जनता को बेहतर चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिलेगा। इसके अलावा बबुरी क्षेत्र को सिंचाई के लिए गंगा नगर से जोड़ने की मांग की। कहा कि इससे क्षेत्रीय किसानों की सिंचाई की समस्या का समाधान होगा।

नियामताबाद में अर्द्धनिर्मित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के निर्माण को अविलंब कराकर पठन-पठान कार्य शुरू कराया जाय। साथ ही नगर पालिका परिषद दीनदयालनगर के 20 मुख्य मार्गों के नगर पालिका द्वारा निर्माण न कराए जाने के कारण उसे हस्तगत कराकर लोक निर्माण विभाग के द्वारा निर्माण की मांग की। साथ ही विधायक ने दीनदयालनगर नगर पालिका क्षेत्र के विकास के लिए अतिरिक्त धन आवंटन की मांग की, जिससे नगर का विकास हो सके।

संदिग्ध परिस्थिति में ऑटो में लगी आग

पड़ाव। मुगलसराय थाना अंतर्गत जलीलपुर चौकी क्षेत्र के मढ़िया गावं में बीती रात को खड़ी ऑटो में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई जिससे ऑटो का सीट व छतरी जल गई। पीड़ित ने लिखित तहरीर देकर पुलिस को दी सुचना दिया पुलिस छानबीन मे जुटी। प्राप्त जानकारी के अनुसार समन ले संदीप पुत्र इंद्रदेव सुजाबाद गाँव में किराये के मकान में रह कर रात्रि में ऑटो चलता है और मढ़िया में मनोज यादव के जमीन पर ऑटो खड़ा करता है ऑटो खड़ा करने का किराया भी देता है।

मंगलवार को पीड़ित का तबियत ठीक नहीं होने के कारण रात में गाड़ी वही खड़ी थी कि कुछ अराजकतत्त्व द्वारा अर्धरात्रि के बाद ऑटो में आग लगा दिया जिससे आग सें ऑटो जल गई। सुबह इस बात जानकारी होते ही पीड़ित ने स्थानीय चौकी पर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग किया है। तहरीर के आधार पर पुलिस आस पास के लोगों सें पूछताछ कर जांच पड़ताल में जुट गई।

छात्र-छात्राओं ने बाबा कीनाराम धाम में चलाया सफाई अभियान

चहनियां। लोकनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिन बाबा कीनाराम मठ रामशाला रामगढ़ में स्वयं सेवकों और स्वयं सेविकाओं द्वारा साफ-सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य द्वार, परिक्रमा मार्ग और स्वयं बाबा कीनाराम द्वारा निर्मित रामसागर कूप के चारों तरफ विशेष रूप से साफ सफाई का कार्य किया गया और उक्त कूप के आध्यात्मिक पृष्ठभूमि, उसके निर्माण के कालान्तर का इतिहास और कूप के चारों घाटों के जल और उसके उपयोग के विषय में चर्चा की गयी।

स्वयं सेवक स्वयं सेविकाओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत, राष्ट्रगान और क्रियात्मक गीत बारहदरी सा बना इनारा कैसा लहरे दार, चारघाट बनवाई के तूने कर दीन्हा तैयार। किनाराम चालीसा की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। प्रवक्ताओं द्वारा बौद्धिक परिचर्चा के माध्यम से राष्ट्रीय सेवा योजना के गुण लाभ और देश हित में उनके योगदान पर निदेशक अमृत प्रकाश सिंह अन्नू के द्वारा विशेष रूप से चर्चा की गई।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ सर्वेश कुमार शर्मा की देखरेख में राष्ट्रीय सेवा योजना का द्वितीय दिवस सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में प्रिया, आकांक्षा, खुशबू, रुचि, प्रीति, खुशी, शालिनी, ज्योति, काजल आदि उपस्थित रहे।

होली व रमजान के मद्देनजर हुई शांति समिति की बैठक

अलीनगर थाने में आयोजित शांति समिति की बैठक में उपस्थित लोग।

नियामताबाद। अलीनगर थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें होलिका, होली व रमजान लेकर एक दूसरे से सौहार्दपूर्ण व्यवहार रखने की अपील की गई। इसके उपरांत अराजकता फैलाने वालों की सूचना तत्काल पुलिस को देने को लेकर आगाह किया गया।

बैठक में थानाध्यक्ष विनोद मिश्रा ने बताया कि विगत 6 वर्षों से होली के दिन किसी प्रकार का मुकदमा पंजीकृत नहीं है। इसको कायम रखने के लिए हम सभी हिंदू-मुस्लिम को एक दूसरे से सौहार्दपूर्ण व्यवहार रखने की अपील की गई। बताया कि होली के दिन ही जुम्मे की नमाज अदा की जानी है। लेकिन हिंदू भाई 12 बजे से पहले होली का त्योहार सौहार्दपूर्ण मनाए। वही एक बजे से जुम्मे की नमाज मुस्लिम भाई पढ़ेंगे। इसके लिए कोई रंग अबीर या किसी तरह का गलती ना करें, जिससे सौहार्द बिगड़े। अगर कोई अराजक तत्व सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करता है तो इसकी सूचना मिलने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी। यही नहीं इसमें किसी प्रकार का चंदा वसूली की शिकायत मिली तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जानी है। इस मौके पर किसान नेता केदार यादव, जामा मस्जिद के सदर इस्तेखार भाई, कयामुद्दीन, वसीम अहमद, सरवर अली, प्रधान संजय यादव, संतोष कुमार, निरंजन यादव, जयप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

सभी मिलकर शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं त्यौहार : इलिया। स्थानीय थाने पर थानाध्यक्ष प्रियंका सिंह के नेतृत्व में बुधवार को आगामी होली त्योहार के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में रंगों का पर्व होली त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गई। होली के दिन शुक्रवार पड़ने के कारण पुलिस ने थाने में बैठक का आयोजन कर लोगों से उत्पन्न होने वाले समस्याओं के बारे में जानकारी ली। कहा कि होली त्यौहार को प्रेम और सौहार्द के साथ आपस में मिलजुल कर मनाएं कहीं भी कोई असुविधा होने पर पुलिस का मदद लें। थाने पर पहुंचे सभी सम्मानित जनों से आपसी प्रेम सौहार्द के साथ त्यौहार को संपन्न कराने में अपना योगदान करने की अपील की। इस दौरान चौकी इंचार्ज सूरज सिंह, जयनाथ सिंह, सुरेंद्र द्विवेदी, संजय पटेल, भागवत, अब्दुल गफ्फार, नियाज अहमद, विजय प्रकाश पाण्डेय, सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

होली और रमजान में सौहार्द्र बिगाड़ने वाले जायेंगे जेल : सीओ

सकलडीहा। कोतवाली में बुधवार को सीओ रघुराज के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में व्यापारी ग्राम प्रधान और मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल रहे। सीओ रघुराज ने कहा कि आगामी शुक्रवार को होली का पर्व है। ऐसे में रमजान में नमाज भी अदा की जाएगी। दोनों संप्रदाय के लोग आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाए। सौहार्द बिगाड़ने वाले उपद्रवियों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई की जायेगी। सीओ रघुराज ने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम सौहार्द और भाईचारे का पर्व है। वही रमजान महीना भी चल रहा है। इसको सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस गंभीर है। ऐसे में अराजक और उपद्रवी लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। सीओ ने कहा कि अगर कोई आपकी जानकारी में हो तो पुलिस को सूचित करें। आपकी पहचान गोपनीय रखी जायेगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के किसी अफवाह पर ध्यान न दे। अक्सर देखा जाता है कि द्वेषपूर्ण फेक फोटो और विडियो को प्रसारित कर माहौल को खराब करने की अवांछनीय तत्व कोशिश करते है। ऐसे में इससे सावधान रहने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि होली पर सादे वर्दी में भी पुलिस के जवान चक्रमण करते रहेंगे। इस मौके पर कोतवाल हरिनारायण पटेल, जनक सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष केके सोनी, प्रधान सुरेंद्र यादव, अमरनाथ खरवार, अमित सिंह, अशोक कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

स्पोर्ट्स

रविवार को चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में उतरते ही एक विश्व रिकार्ड बनाएगी भारतीय टीम

भारत 5वीं बार चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा है

दुबई। भारतीय क्रिकेट टीम रविवार को आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में उतरते ही एक विश्व रिकार्ड अपने नाम करेगी। इसी के साथ ही भारतीय टीम 14वां आईसीसी फाइनल खेलेगी। इस प्रकार वह 13 फाइनल खेलने के ऑस्ट्रेलिया के रिकार्ड को भी तोड़ देगी। आईसीसी क्रिकेट विश्व कप, टी20 विश्व कप, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में सबसे ज्यादा बार ऑस्ट्रेलिया पहुंची है। ऑस्ट्रेलिया ने कुल 13 आईसीसी इवेंट्स के फाइनल में प्रवेश किया है, जबकि भारतीय टीम भी इतनी ही बार आईसीसी टूनार्मेंट के फाइनल में पहुंची है। हालांकि, भारतीय टीम सबसे पहले 14 आईसीसी टूनार्मेंट फाइनल खेलने वाली टीम बनेगी।

भारतीय टीम 9 मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल खेलेगी। ये किसी आईसीसी टूनार्मेंट में भारत का 14वां फाइनल होगा। वहीं ऑस्ट्रेलिया की टीम जून में अपना 14वां आईसीसी फाइनल विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में खेलेगी। तब उसे दक्षिण अफ्रीका से मुकाबला करना है। वहीं फाइनल खेलने के मामले में तीसर नंबर पर इंग्लैंड की टीम है। उसने 9 बार फाइनल खेला है। वेस्टइंडीज ने 8 जबकि श्रीलंका ने 7 और पाकिस्तान ने केवल 6 बार फाइनल खेला है। ऑस्ट्रेलिया ने 8 वर्ल्ड कप के फाइनल, 2 टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल और 2 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल खेले हैं। इसके अलावा टीम एक बार वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेल चुकी है और इस बार भी टीम फाइनल में है। वहीं, इंडिया ने वनडे वर्ल्ड कप में चार फाइनल, टी20 वर्ल्ड कप में 3 फाइनल, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के 2 फाइनल और चैंपियंस ट्रॉफी के 4 फाइनल अब तक खेले हैं। पांचवीं बार भारत फाइनल में है।

कोहली आईसीसी वनडे बैटर्स रैंकिंग में चौथे नंबर पर पहुंचे

नई दिल्ली। भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर 1 पर बने हुए हैं। विराट कोहली बैटर्स रैंकिंग में नंबर-4 पर पहुंच गए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल मैच में अर्धशतक लगाया था। आईसीसी ने बुधवार रैंकिंग की जानकारी दी। बॉलर्स रैंकिंग में कुलदीप यादव नंबर-6 पर खिसक गए हैं। श्रीलंका के महीश तीक्षणा टॉप पर हैं। ऑलराउंडर्स में अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह ओमरजई दो स्थान के फायदे के साथ टॉप पर आ गए हैं। वहीं, भारत के रवींद्र जडेजा 9वें नंबर पर हैं। विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अर्धशतक लगाया। इस प्रदर्शन का फायदा उन्हें रैंकिंग में मिला। वे 747 पॉइंट्स लेकर पांचवें से चौथे नंबर पर पहुंच गए। पाकिस्तान के बाबर आजम दूसरे और साउथ अफ्रीका के हेनरिक क्लासन तीसरे नंबर पर हैं। टॉप-10 में भारत के श्रेयस अय्यर एक स्थान के फायदे से साथ 8वें नंबर पर पहुंच हैं। केएल राहुल नंबर-15 पर पहुंच बने हुए हैं। आईसीसी नॉकआउट में सबसे अधिक 1033 रन विराट के नाम है। ये उन्होंने 54.16 के औसत से बनाये हैं। वहीं दूसरे नंबर पर भारत के ही रोहित शर्मा हैं। रोहित ने 43.33 के औसत से 780 रन बनाये हैं। वहीं तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के रिक्की पोंटिंग हैं। पोंटिंग ने 45.68 की औसत से 731 रन बनाये हैं। चौथे नंबर पर महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर हैं। सचिन के नाम 50.53 के औसत से 657 रन हैं जबकि पांचवें नंबर पर श्रीलंका के कुमार संगकारा हैं। संगकारा ने 39.67 के औसत से 595 रन बनाये हैं।

शुभमन गिल टॉप पर बरकरार कुलदीप गेंदबाजी में नंबर-6 पर खिसके

रोहित आईसीसी एकदिवसीय टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बने

दुबई। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा अब आईसीसी एकदिवसीय टूनार्मेंट में सबसे अधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बने गये हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुए सेमीफाइनल में रोहित ने छक्का लगाने के साथ ही ये उपलब्धि अपने नाम की। रोहित के नाम अब 65 छक्के हो गये हैं और उन्होंने इसी के साथ ही उन्होंने वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के 64 छक्के का रिकार्ड भी तोड़ दिया है। अंतरराष्ट्रीय इंटरनेशनल क्रिकेट में सभी प्रारुपों में भी सबसे ज्यादा छक्के रोहित के नाम हैं। उन्होंने 633 छक्के लगाये हैं जबकि गेल के नाम पर 533 छक्के हैं जबकि पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी 467 छक्के लगाकर तीसरे नंबर पर हैं। न्यूजीलैंड के ब्रेंडन मैकुलम 398 छक्के लगाकर चौथे व न्यूजीलैंड के ही मार्टिन गुप्टिल 398 छक्के लगाकर पांचवे नंबर पर हैं। वहीं एकदिवसीय में सबसे अधिक 351 छक्के पाक के शाहिद अफरीदी के नाम हैं जबकि भारत के रोहित के नाम 341 छक्के और वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के नाम 331 छक्के हैं।

इंडियन वेल्स में रुस के डेनिल मेदवदेव बीएनपी परिबास ओपन टेनिस में खेलते हुए।

बॉलीवुड न्यूज

विपुल अमृतलाल शाह की फिल्म 'नमस्ते लंदन' की वापसी

मुंबई। विपुल अमृतलाल शाह बॉलीवुड के जाने-माने फिल्ममेकर हैं, जिन्होंने कई शानदार फिल्में बनाई हैं। इन्हीं में से एक है 'नमस्ते लंदन' (2007), जो आज भी दर्शकों की पसंदीदा फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में ऋषि कपूर, अक्षय कुमार, कैटरीना कैफ, नीना वाडिया, जावेद शेख, उपेन पटेल और क्लाइव स्टैंडन जैसे बेहतरीन कलाकार नजर आए थे। यह फिल्म सिर्फ एक दिल जीतने वाली एंटरटेनिंग लव स्टोरी ही नहीं थी, बल्कि बॉक्स ऑफिस पर कमर्शियल हिट भी बनकर सामने आई। जैसे ही फिल्म अपनी रिलीज के महीने में पहुंची है, अब इसे इस होली 14 मार्च को फिर से बड़े पर्दे पर दिखाने की तैयारी है। मतलब इस बार होली का रंग नमस्ते लंदन के साथ और भी खास होने वाला है।मेकरों ने अपने सोशल मीडिया पर ह्यनमस्ते लंदनह्ल की री-रिलीज का ऐलान किया है। उन्होंने एक मूविंग पोस्टर शेयर करते हुए बताया कि फिल्म 14 मार्च को दोबारा सिनेमाघरों में लौट रही है। 'नमस्ते लंदन' को विपुल अमृतलाल शाह ने प्रोड्यूस और डायरेक्ट किया था, और इसे दर्शकों से जबरदस्त प्यार मिला। फिल्म में हास्य, इमोशनल मोमेंट्स, मजेदार डायलॉग्स और अक्षय कुमार-कैटरीना कैफ की शानदार केमिस्ट्री ने इसे एक परफेक्ट एंटरटेनर बना दिया। सिर्फ लोगों के दिलों में ही नहीं, बल्कि बॉक्स ऑफिस पर भी इस फिल्म ने अपनी छाप छोड़ी। 2007 में रिलीज हुई यह फिल्म उस साल की नौवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बनी, जो इसकी जबरदस्त सफलता को साबित करता है। अब जब 'नमस्ते लंदन' दोबारा बड़े पर्दे पर लौट रही है, तो यह दर्शकों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं होगी। एक बार फिर लोग इस खूबसूरत और मजेदार कहानी को बड़े पर्दे पर जी सकेंगे और इसके हर शानदार पल को फिर से महसूस कर पाएंगे। इसके अलावा, विपुल अमृतलाल शाह अपनी अगली फिल्म हिसाब लेकर आ रहे हैं, जिसे सनशाइन पिक्चर्स और खड्ग स्टूडियोज के साथ मिलकर बनाया गया है। यह फिल्म विपुल अमृतलाल शाह द्वारा प्रोड्यूस और डायरेक्ट की गई है, जबकि आशिन ए शाह इसके को-प्रोड्यूसर हैं। फिल्म में जैदीप अहलावत और शेफाली शाह अहम किरदारों में नजर आएंगे। हिसाब इस साल के अंत तक रिलीज होने के लिए तैयार है।

इशा पाठक व सिद्धि शर्मा ने बताया महिला दिवस का असली मतलब

मुंबई। हर दिन, दुनिया भर की महिलाएँ यह साबित कर रही हैं कि कोई भी सपना बड़ा नहीं होता और कोई भी चुनौती असंभव नहीं होती। इस महिला दिवस पर, सन नियो की दो प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों- सिद्धि शर्मा (इश्क जबरिया शो में गुल्की) और इशा पाठक ('रिश्तों से बंधी गौरी' शो में गौरी) ने इस खास दिन के महत्व पर अपने विचार साझा करते हुए अपनी यादें और इसका महत्व साझा किया। 'रिश्तों से बंधी गौरी' शो में इशा पाठक जल्द ही गौरी का किरदार निभाती नजर आएंगी, जो इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर अपनी खास यादें साझा करते हुए कहती हैं, "मैं बहुत छोटी उम्र में ही इस दिन की महत्ता के बारे में जान गई थी। मेरे पिता इस दिन मेरी माँ के लिए छोटे लेकिन बहुत मीनिंगफुल गिफ्ट्स लेकर आते थे। वे उनकी विश लिस्ट देखते और उन्हें सरप्राइज करते। तभी से मुझे महिला दिवस के महत्व का अहसास हुआ। लेकिन मेरे लिए, महिला दिवस सिर्फ एक दिन की खुशी तक सीमित नहीं होना चाहिए। महिलाओं को पूरे साल सम्मान और समर्थन मिलना चाहिए, न कि केवल एक दिन। फिर भी, मैं इस दिन को मनाना पसंद करती हूँ, खासकर अपनी माँ के लिए। मेरे पिता की तरह, अब मैं भी अपनी माँ और उन सभी महिलाओं के लिए कुछ खास करने की कोशिश करती हूँ, जिन्हें मैं प्यार और सम्मान करती हूँ। इश्क जबरिया शो में गुल्की का किरदार निभा रही सिद्धि शर्मा ने सभी महिलाओं की ताकत और साहस की सराहना करते हुए कहा, "मुझे यह देखकर बहुत खुशी होती है कि आज महिलाएँ हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। चाहे कोई बड़ा शहर हो या छोटा गाँव, हर महिला अपने सपनों को पूरा कर रही है, आत्मनिर्भर बन रही है और समाज में बदलाव ला रही है। इश्क जबरिया में मेरा किरदार गुल्की भी एक निडर और मजबूत लड़की का है और यह सोचकर गर्व होता है कि असल ज़िंदगी में भी ऐसी कई महिलाएँ हैं, जो किसी भी चुनौती से नहीं डरतीं। इस महिला दिवस पर, मैं हर उस महिला को सलाम करती हूँ, जो अपने सपनों को साकार कर रही हैं और यह साबित कर रही हैं कि कुछ भी असंभव नहीं है।

42 साल के लेब्रोन ने एनबीए में बनाया नया रिकार्ड

लॉस एंजिल्स। 42 साल के लेब्रोन जेम्स अमेरिकी बॉस्केटबाल लीग (एनबीए) में 50,000 करियर अंक हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बने हैं। लेब्रोन तीन बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता रहे हैं। लॉस एंजिल्स लेकर्स स्टार ने मंगलवार को न्यू ऑरलियन्स पेलिकन्स के खिलाफ घर पर एनबीए रेगुलर सीजन गेम के दौरान तीन-अंक स्कोर करने के बाद यह उपलब्धि हासिल की। न्यू ऑरलियन्स पेलिकन्स के खिलाफ लेकर्स के मैचअप में जेम्स को केवल एक अंक की जरूरत थी। उन्होंने पहले क्वार्टर में 8:34 मिनट पहले ही लुका डोनसिक फीड से लेफ्ट विंग से तीन-अंक हासिल किये। उन्होंने 34 अंक, 8 रिबाउंड और 6 असिस्ट किए, जिससे लेकर्स ने पेलिकन्स पर 136-115 से जीत हासिल की। अमेरिकी खिलाड़ी के संयुक्त स्कोर में अब 41,871 नियमित-सीजन अंक और 8,162 पोस्टसीजन अंक शामिल हैं। वह एनबीए के इतिहास में ये उपलब्धि हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी हैं। वह 40 वर्ष की आयु के बाद खेलने वाले पहले खिलाड़ी भी हैं। पिछले महीने जेम्स एनबीए के इतिहास में 40 या उससे अधिक उम्र में एक खेल में कई 40 से अधिक अंक हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बने।

टेटे स्टार शरत कमल इसी माह संन्यास लेंगे

चेन्नई। टेबल टेनिस स्टार शरत कमल ने कहा है कि वह इसी माह खेल से संन्यास लेंगे। शरत पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर चेन्नई में डब्ल्यूटीटी कंटेंडर टूनार्मेंट के साथ ही अपने करियर का समापन करेंगे। विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) टूनार्मेंट 25 से 30 मार्च तक खेला जाएगा। इस खिलाड़ी ने कहा, ह्यमैने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट चेन्नई में खेला था और आखिरी भी चेन्नई में ही खेलूंगा। यह पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर मेरा आखिरी टूनार्मेंट होगा। शरत ने राष्ट्रमंडल खेलों में छह स्वर्ण पदक जीते हैं जबकि एशियाई खेलों में दो कांस्य अपने नाम किए। इस खिलाड़ी ने अपने करियर में पांच ओलंपिक भी खेले हैं। इस खिलाड़ी ने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा, ह्यमैने राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों में पदक जीते हैं हालांकि ओलंपिक पदक मैं नहीं जीत सका जिसकी निराशा रहेगी। उन्होंने उम्मीद जतायी कि आने वाले प्रतिभाएं ओलंपिक पदक जीतकर उनका सपना पूरा करेंगी।

पीटी उषा ने तदर्थ समिति नियुक्त करने का बचाव किया

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ की प्रमुख पीटी उषा ने मुक्केबाजी के लिए तदर्थ समिति नियुक्त करने के फैसला का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) पिछले एक साल में अपनी मौलिक जिम्मेदारियों को पूरा करने में विफल रहा है और व्यवस्था को बहाल करने तथा उचित प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए उनका यह कदम जरूरी था। उषा का यह बयान आईओए के उपाध्यक्ष गगन नारंग के 28 फरवरी के पत्र के जवाब में आया है। पूर्व ओलंपिक कांस्य विजेता निशानेबाज ने उन पर मनमाने आदेश जारी करने और खिलाड़ियों के कल्याण को कम करने का आरोप लगाया था। नारंग आईओए कार्यकारी परिषद के सदस्य भी हैं।

न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को दिया 363 रनों का लक्ष्य

लाहौर। रचिन रविंद्र (108) और केन विलियमसन (102) के शतकों की सहायता से न्यूजीलैंड ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में छह विकेट पर 362 रन बनाये। इस प्रकार दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 363 रनों का लक्ष्य मिला है।

इस मैच में कीवी टीम ने ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रचिन रविंद्र के 108 और केन विलियमसन के 102 रनों की सहायता से बड़ा स्कोर बनाया है। वहीं दक्षिण अफ्रीका की तरफ से लुंगी एनगिडी ने 3 और कगिसो रबाडा ने 2 विकेट लिए। वहीं एक खिलाड़ी रन आउट हुआ।

स्टीव स्मिथ ने एकदिवसीय क्रिकेट से लिया संन्यास

दुबई। ऑस्ट्रेलिया के स्टार क्रिकेटर स्टीव स्मिथ ने भारतीय टीम के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में मिली हार के बाद एकदिवसीय प्रारुप को अलविदा कह दिया। स्मिथ की कप्तानी में ही ऑस्ट्रेलियाई टीम चैम्पियंस ट्रॉफी में उतरी थी। स्मिथ ने सेमीफाइनल में 73 रनों की अहम पारी खेली पर उनकी टीम के गेंदबाज लक्ष्य का बचाव नहीं कर पाये।

एकदिवसीय प्रारुप में स्मिथ के करियर को देखते तो उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 170 मैचों में 5800 रन बनाए, जिसमें 12 शतक और 35 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर 164 रन का रहा। स्मिथ ने अपने करियर में कई ऐतिहासिक पारियां खेलीं और दो बार एकदिवसीय विश्वप कप विजेता टीम का वह हिस्सा रहे हैं।

स्मिथ ने कहा, यह मेरे लिए एक अविश्वसनीय सफर रहा। मैंने एकदिवसीय क्रिकेट में कई बेहतरीन यादें बनाई हैं, लेकिन अब समय आ गया है कि अगली पीढ़ी 2027 एकदिवसीय विश्वकप की तैयारी करे। स्मिथ ने भारतीय टीम के खिलाफ 30 एकदिवसीस मैचों में 1383 रन बनाए, जिसमें 5 शतक और 7 अर्धशतक शामिल हैं। भारत के खिलाफ उनका प्रदर्शन हमेशा शानदार रहा। वहीं उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 40 मैचों में 1245 रन बनाए, जिसमें 1 शतक और 6 अर्धशतक शामिल हैं।

चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाएगी टीम : गंभीर

दुबई। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर लगता है अब तक भारतीय टीम के प्रदर्शन से पूरी तरह से संतुष्ट नहीं हुए हैं। गंभीर का मानना है कि टीम रविवार को होने वाले चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। भारतीय टीम ने पहले सेमीफाइनल में विराट कोहली के 84 रनों की सहायता से ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनायी है। इससे पहले टीम ने तीनो लीग मुकाबले भी जीते थे।

गंभीर ने मैच के बाद कहा, ह्यअंतरराष्ट्रीय खेल में आप लगातार बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। आप यह नहीं कह सकते कि पूरी तरह से सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाया। अभी तक हमने ऐसा नहीं किया है। मैं कभी भी प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं होऊंगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारतीय टीम 9 मार्च को चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में शीर्ष स्तर का प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, अभी हमें एक मैच और खेलना है। उम्मीद है कि वह सर्वश्रेष्ठ खेल होगा। हम लगातार अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं और क्रिकेट के मैदान पर बेरहम लेकिन मैदान से बाहर विनम्र रहना चाहते हैं।

भारतीय टीम ने इस टूनार्मेंट में अबतक चार स्पिनरों को उतारा है। वहीं अक्षर पटेल को पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजने और केएल राहुल को छठे नंबर पर उतारने जैसे कई साहसिक फैसले भी लिए हैं। इसी को लेकर गंभीर ने कहा कि ये बदलाव इसलिए किया गया है ताकि खिलाड़ी कम्फर्ट जोन से बाहर निकलकर अपना सर्वश्रेष्ठ करने प्रेरित हों। गंभीर ने कहा, ह्यक्रिकेट का मतलब अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलना ही है। आप इसी तरह से निखरते हैं। अगर सभी कम्फर्ट जोन में रहेंगे तो जड़ता आ जाएगी। हमारे ड्रेसिंग रूम में सब कम्फर्ट जोन से बाहर रहते हैं, चाहे कोचिंग स्टाफ हो या खिलाड़ी और आगे भी वही करेंगे जो भारतीय क्रिकेट के लिये जरुरी है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली जीत से उत्सहित रोहित ने खिलाड़ियों को एक दिन का आराम दिया

दुबई। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में मिली जीत के बाद काफी खुश नजर आये। रोहित ने खिलाड़ियों को तरोताजा होने एक दिन का आराम भी दे दिया। इसके बाद टीम रविवार को होने वाले फाइनल के लिए अभ्यास शुरू करेगी। रोहित ने सेमीफाइनल में शानदार बल्लेबाजी के लिए विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, केएल राहुल और हार्दिक पांड्या की जमकर प्रशंसा की। रोहित ने कहा, आखिरी गेंद फेंके जाने तक कुछ भी निश्चित नहीं होता। यह खेल ऐसा ही है। पहली पारी के बाद हमें लगा कि यह एक ठीक-ठाक स्कोर है। ये इसलिए क्योंकि पिच हमें अपने अनुसार खेलने से रोक रही थी। हमने बल्ले से बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। हम लक्ष्य का बचाव करते हुए भी शांत और संयमित थे। टीम को लेकर कप्तान रोहित ने बताया, हमारे ग्रुप में जो बातचीत हो रही है वह अच्छी क्रिकेट खेलने, स्थिति को समझने और फिर आगे बढ़ने के बारे में है, पिच के बारे में बहुत अधिक नहीं सोच रहे। ग्रुप में बहुत से अनुभवी खिलाड़ी हैं, हम मैदान पर उतरने के बाद उन पर ही निर्णय लेने का काम छोड़ देते हैं।

शास्त्री ने श्रेयस को दिया बेस्ट फील्डर का अवार्ड

दुबई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में शानदार फील्डिंग के लिए श्रेयस अय्यर को बेस्ट फील्डर का इनाम दिया। पिछले काफी अरसे से भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम में बेस्ट फील्डर अवार्ड दिया जा रहा है। श्रेयस ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अच्छी बल्लेबाजी के साथ ही फीलिडंग भी की। भारच के फीलिडंग कोच टी दिलीप ने साल 2023 एकदिवसयी विश्वकप के दौरान बेस्ट फील्डर मेडल की परंपरा शुरू की थी। तब वह स्वयं विजेता का चयन करते थे। दिलीप ने सेमीफाइनल में शानदार फील्डिंग के लिए अक्षर पटेल, रविंद्र जडेजा, शुभमन गिल और विराट कोहली की तारीफ की पर अवॉर्ड के लिए अय्यर का चयन किया।

यूबीआई ने एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम में बांटा लोन

चंदौली। यूनियन बैंक आफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर में एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ उपायुक्त (उद्योग) सिद्धार्थ यादव व महाप्रबंधक परिचालक, यूनियन बैंक आफ इंडिया शंकर लाल ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इसमें क्षेत्र के लगभग 250 सूक्ष्म, लघु, एवं माध्यम उद्यमी उपस्थित रहे। जहां 54 करोड़ रुपये के 129 ऋण आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 46 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान करते हुए 13.49 करोड़ के ऋण प्रदान किया गया, वहीं 49 आवेदनों के सापेक्ष 28.11 करोड़ के ऋण की सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की गई। इस दौरान यूनियन बैंक आफ इंडिया क्षेत्र प्रमुख संजीव कुमार ने कहा कि चंदौली, सोनभद्र, एवं मिजार्पुर जिले में बैंक द्वारा प्रदान की जा रही बैंक सेवाओं एवं एमएसएमई हेतु विभिन्न ऋण सुविधाओं का विवरण दिया। उपायुक्त उद्योग सिद्धार्थ यादव एवं शंकर लाल ने इस मौके पर क्षेत्र के 40 सूक्ष्म एवं लघु व्यावसायिक इकाइयों को रुपये 30 करोड़ के ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किया। जिला उद्योग कार्यालय के उपायुक्त सिद्धार्थ यादव ने सभी उद्यमियों को सरकार द्वारा हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। यूनियन बैंक के महाप्रबंधक शंकर लाल ने बताया कि यूनियन बैंक ने उप्र के लिए विशेष ऋण योजना सीएम युवा स्कीम को परिचालित किया है, जो कि उप्र सरकार की नयी योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अनुरूप बनाई गयी है। यूनियन बैंक चंदौली जिले का अग्रणी बैंक है और आमजन को आवश्यक सरकारी योजनाओं का लाभ देने हेतु सरकारी तंत्र के साथ मिल कर काम करने हेतु प्रतिबद्ध है। इस दौरान ओमप्रकाश सिंह, अजय जैन, देव भट्टाचार्य, मुख्तार अंसारी, रवि प्रकाश व शैलेंद्र कुमार सिंह, रामनिवास गुप्ता, पंकज कुमार, अमित विक्रम, उत्तम कुमार, अमित, दुर्गेश आनंद, अमित कुमार सिंह उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन आराधना ज्योति ने दिया।

रेल कर्मियों ने समस्याओं को लेकर किया गेट मीटिंग

डीडीयू नगर। ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे ईम्प्लाइज यूनियन कर्मचारियों के समस्याओं के समाधान के लिए बुधवार को गेट मीटिंग किया।

इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि छात्रावास, न्यू शेड का निर्माण, कारखाना का सुन्दरीकरण एवं उत्पादन में लगातार वृद्धि आदि कार्य हुये हैं, जिससे कर्मचारियों में काफी उत्साह है। कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा रेलवे सहित सारे सरकारी कर्मियों के लिए यूपीएस गजट जारी कर दी गयी, जिसमें कई खामियों हैं। जो पूर्व में लाये गये एनपीएस से भी खराब है। हमारा संगठन कर्मचारियों के आत्मसम्मान एवं आत्मविश्वास से भरे बुढ़ापे के सहारा के लिये ओपीएस की मांग करती रही है।प्लान्ट डिपो कालोनी में सिकटियां मोड से लेकर कारखाना के आगे तक पक्कीकरण कर उसे ढांका जाय। कारखाना में कार्य के दौरान कर्मचारियों को शौच करने के लिए बाहर इधर-उधर जाना पडता है।

समस्या को ध्यान में रखते हुए कारखाना के अन्दर शौचालय का निर्माण कराया जाय।महिला कर्मचारियों के लिए महिला कॉमन रूम की संख्या बढ़ाये जाने की आवश्यकता है। पीडी कारखाना निरन्तर निजिकरण के तरफ अग्रसरित हो रहा है। यथाशीघ्र रोक लगाई जाय।

कारखाना क्षेत्र के सभी विभागो में वर्कलोड को सुरक्षित मापदंडों के तहत पुरा करने हेतु उचित संख्या में कर्मचारियों की नियुक्ति की जाय। कर्मचारियों की सुरक्षा हेतु आवश्यक किट वेल्डिंग किट, ग्लब्स एवं उच्च गुणवत्ता वाला जूता, एप्रोन, चश्मा, सेफ्टी बेल्ट एवं हेलमेट आदि मुहैया कराया जाये। कर्मचारियों को ड्रेस बदलने हेतु चेंजिग रूम और लॉकर की व्यवस्था करायी जाय। कर्मचारियों की उपलब्धता होने के बावजूद वरीय पदों पर पदोन्नति न करके उन पदों को सरेंडर कर दिया जाता है। सरेंडर पदों को पुनः रिस्टोर किया जाय तथा अति शीघ्र पदोन्नति किया जाए। पीडी इन्स्टीच्यूट का वर्तमान समय को देखते हुये आधुनिकीकरण किया जाए। व्यायामशाला, जिम उपकरण एवं गर्मी को देखते हुए हॉल में एसी एवं वाटर कूलर सहित समुचित व्यवस्था किया जाए। ताकि कर्मचारियों का रूझान खेलकूद के प्रति बढे सके।

इस दौरान मृत्युंजय कुमार प्रभात कुमार विकास मिश्रा रमाकांत सिंह अशोक कुमार रंजीत कुमार प्रतीश कुमार सुधीर कुमार आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता केशव ज्योति व संचालन एसके शर्मा ने किया।

नगर के ख्वाजगी टोला मोहल्ले में बिजली का खंभा अचानक लटक गया। बड़ी अनहोनी के डर से स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग को सूचित कर बिजली को कटवाया जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया।

जौनपुर माटी

प्रेम प्रपंच में रोड़ा बनने पर हुई थी राजेश की हत्या

पुलिस ने 24 घंटे में किया घटना का खुलासा, मुख्य आरोपी सहित दो गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

जौनपुर। लाइन बजार थाना क्षेत्र अंतर्गत परियावा गांव में हुई हत्या प्रेम प्रपंच के कारण हुई थी। आरोपी का मृतक की भतीजी से प्रेम प्रपंच चल रहा था लेकिन मृतक इसका बार-बार विरोध करता था, जिसके लिए उसकी हत्या की गई। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर खुलासा करते हुए मामले के मुख्य आरोपी और उसके सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त हथयार भी बरामद कर लिया है।

बीते तीन मार्च की रात परियावां गांव में राजेश यादव उर्फ नाटे की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस पहुंच गयी। सहायक पुलिस अधीक्षक आयुष श्रीवास्तव ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल किया। पुलिस

पर्दाफाश

रविता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का जिम्मेदार राजेश को मान रहा था आरोपी

घटना में प्रयुक्त किया गया हथियार पुलिस ने किया बरामद

अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने अभियुक्तों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम गठित कर दिया जिसके बाद पुलिस मामले की बारीकी से जांच में जुट गई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने राहुल यादव पुत्र उदयराज यादव निवासी परियावां सहित तीन लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया और मुखबिर की सूचना पर उसे रसैना तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने राहुल यादव से जब पूछताछ करना शुरू किया तो पहले तो बात को घुमाने लगा लेकिन कड़ाई से पूछताछ

के दौरान उसने अपना जुर्म कुबूल कर लिया। राहुल यादव का मृतक राजेश यादव की भतीजी रविता यादव से प्रेम प्रपंच चल रहा था जबकि दोनों पहले से अलग-अलग शादीशुदा थे। बाद में दोनों का अपने-अपने रिश्तों में तलाक हो गया था। इस दौरान राहुल यादव मृतक की भतीजी रविता से शादी करना चाहता था लेकिन रविता के घर वाले इस रिश्ते से राजी नहीं थे। मृतक राजेश यादव इस रिश्ते का सबसे ज्यादा विरोध कर रहा था। मृतक के इस रवैये को लेकर राहुल यादव में काफी आक्रोश था। इस बीच पिछली 6 फरवरी को रविता यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस घटना की वजह से राहुल यादव और राजेश यादव के बीच दुश्मनी और बढ़ गई क्योंकि राहुल इस मौत का जिम्मेदार मृतक राजेश यादव को मानता था, जिसके बाद उसने राजेश से बदला लेने की योजना बना डाली। इस घटना को अंजाम देने के लिए राहुल ने अपने सहयोगी किशन यादव उर्फ बिक्कू पुत्र रमाशंकर यादव निवासी परियावां से मुखबिरी करवायी कि इस समय राजेश कहां है। सटीक सूचना मिलने पर राहुल ने वहां पहुंचकर राजेश यादव की धारदार हथियार से हत्या कर दी। हालांकि पुलिस को दिए बयान में उसने बताया कि वह मृतक को डराने-धमकाने गया था। राजेश के चिल्लाने पर उसे गुस्सा आया और उसने मार डाला। सीओ सिटी आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को न्यायालय में प्रस्तुत करके फास्ट ट्रैक कोर्ट में ट्रायल चला कर सख्त सजा दिलायी जाएगी। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना लाइन बाजार सतीश कुमार सिंह, निरीक्षक अपराध शेष कुमार शुक्ला, दीपक सिंह, विनय शंकर, कैलाश यादव, रविप्रताप यादव थाना लाइन बाजार शामिल रहे।

हाइड्रा से कुचलकर साइकिल सवार की मौत

जनसंदेश न्यूज

सुइथाकला। क्षेत्र के असैथा गांव के पास हाइड्रा मशीन से कुचलकर घायल साइकिल सवार वृद्ध की अस्पताल जाते समय रास्ते में मौत हो गई। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव और मशीन को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

त्रिकोलिया अखण्डनगर मार्ग के चौड़ीकरण में लगे उक्त मशीन से बुधवार को असैथा नौरंग पट्टी गांव निवासी साइकिल सवार राजेश्वर सिंह (60) की गांव के पास कुचलकर घायल होने पर इलाज हेतु अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह लगभग ग्यारह बजे के आसपास साइकिल से अखण्डनगर जा रहे थे, उसी दौरान उक्त गिट्टी लदा डम्फर सड़क पर दाहिनी तरफ गिट्टी गिरा रहा था। चूंकि दाहिनी तरफ गिट्टी गिरने के कारण साइकिल सवार पैदल बाएं से निकल रहा था कि उसी दौरान हाईड्रा चालक आगे बढ़ने लगा। बताया जा रहा है कि साइकिल सवार द्वारा आवाज लगाकर उसे रूक जाने को कहा गया, पर साइड लगकर गिरने पर मशीन के पिछले हिस्से से कुचल गए। उन्हें शाहगंज राजकीय पुरुष चिकित्सालय लाया जा रहा कि रास्ते में मौत हो गई। घटना के बाद चालक फरार हो गया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह मौके पर पहुंच घटना की जानकारी लेते हुए मृतक के शव और मशीन को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गए। मृतक की पत्नी सुनीता का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक दो बेटियों का पिता था जिनकी शादी कर चुका था। बहरहाल मामले में मृतक के भाई राजेन्द्र सिंह द्वारा बिहार के सीवान जिले के वनसोही डेरा निवासी चालक पवन कुमार पुत्र रामकुमार शाह के विरुद्ध तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई।



मृतक राजेश्वर सिंह की फाइल फोटो

एसडीएम के आश्वासन के बाद ही ग्रामीणों ने ले जाने दिया शव

त्रिकोलिया अखण्डनगर मार्ग पर हादसे के बाद मौके जुटी भीड़ ने मार्ग जाम कर प्रदर्शन किया और घटनास्थल पर उच्चाधिकारियों और ठीकेदार को बुलाने की मांग पर अड़ गई। इस दौरान सड़क पर दोनों तरफ वाहनों का लम्बा जाम लग गया। ग्रामीणों द्वारा मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता और मानक के अनुरूप सड़क के निर्माण और चालक के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग पर उप जिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया मौके पर पहुंचे। उनके द्वारा उचित कार्रवाई के आश्वासन के बाद ही ग्रामीणों ने शव को ले जाने दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रोडवेज बस की टक्कर से रेलवे फाटक का बूम टूटा

गौराबादशाहपुर। थाना क्षेत्र के जौनपुर-औड़िहार रेलवे लाइन पर केशवपुर फाटक का बीती रात में एक रोडवेज बस की टक्कर से रेलवे फाटक का बूम टूट गया, वहीं रोडवेज बस भी आगे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बीती देर रात में आजमगढ़ की तरफ से एक रोडवेज बस जौनपुर की तरफ जा रही थी। जैसे ही बस जौनपुर-औड़िहार रेलवे लाइन पर बने केशवपुर रेलवे फाटक पर पहुंची तो बस की टक्कर से रेलवे का बूम टूट गया, वहीं बस में सवार 12 यात्री बाल-बाल बच गए किसी को खरोच तक नहीं आई। सूचना पर सुबह दस बजे रेलवे विभाग के कर्मचारियों ने पहुंचकर टूटे हुए बूम को एक घंटे में मरम्मत करके ठीक कर दिया। थाना प्रभारी फूलचंद पांडेय ने बताया कि बस रेलवे फाटक के बूम से टकरा गई थी जिससे बूम टूट गया था। बस में सवार सभी यात्री बिल्कुल सुरक्षित है। किसी प्रकार की कोई क्षति नही हुई है।

संक्षेप

घूस लेते लेखपाल का वीडियो वायरल, निलंबित

शाहगंज। तहसील की एक लेखपाल का घूस लेते हुए वीडियो वायरल हुआ है। इसे लेकर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही है। वीडियो में दिखाया गया कि उक्त तहसील की महिला लेखपाल रेनू गुप्ता क्षेत्र के एक व्यक्ति से जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर रुपया मांग रही थी। जिसका पीड़ित द्वारा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। वायरल वीडियो की पुष्टि जनसंदेश टाइम्स अखबार नहीं करता। मामले में उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया से पूछे जाने पर बताया कि जानकारी प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि प्रकरण मेरे संज्ञान में है। लेखपाल को निलंबित कर दिया गया है।

एक ही रात आधा दर्जन किसानों के पंपिंग सेट चोरी

खेतासराय। क्षेत्र के फरीदपुर गांव में आधा दर्जन किसानों के सिंचाई के लिए खेतों पर लगे पंपिंग सेट और पंखे चोर उठा ले गए। चोरों ने चोरी के दौरान तोड़फोड़ भी की। पीड़ित किसानों ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। फसलों की सिंचाई के लिए किसानों ने अपने खेत में पंपिंग सेट लगा रखा है। बुधवार की सुबह किसान अपने खेतों में पहुंचे तो कहीं पंपिंग सेट गायब मिला तो कहीं पाइप या इंजन के पार्ट्स गायब मिले। किसान मुंशीलाल ने बताया कि चोर उनका इंजन और पंखा उठा ले गए। लगभग 60 हजार का नुकसान हुआ है। इसी तरह हरीलाल का इंजन और पाइप, भारत के इंजन का पार्ट, राकेश कुमार के इंजन का पार्ट, पंखा का पाइप, राजेश कुमार का पंपिंग सेट के सामान और पाइप, कमलेश के इंजन में तोड़फोड़ करने के साथ पंपिंग सेट का सामान चोर उठा ले गए। चोरों ने कुछ किसानों की फसल को भी नुकसान पहुंचाया है।

कार ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर, दम्पति व पुत्री घायल

जफराबाद। जलालपुर क्षेत्र के हौज टोलप्लाजा के पास बुधवार को एक कार पटरी पर खड़ी ट्रक से जाकर टकरा गयी। घटना में कार सवार दम्पति व पुत्री घायल हो गए। टोलप्लाजा कि एम्बुलेंस से घायलों को ट्रामा सेंटर हौज भेजा गया। सुल्तानपुर जनपद के पीढ़ी गांव निवासी राजकुमार यादव 48 वर्ष अपनी पत्नी सरोज यादव 45 वर्ष तथा पुत्री अंजली यादव 19 वर्ष के साथ किसी कार्य से वाराणसी जा रहे थे। टोलप्लाजा पर टोलटैक्स देकर कार जैसे ही आगे बढ़ी अचानक डिवाडर पर चढ़ कर पटरी पर खड़ी ट्रक से जाकर टकरा गयी। कार में सवार दोनो महिलाओं का सिर फुट गया। राजकुमार भी घायल हो गए। टोलप्लाजा के कर्मियों ने तत्काल घायलों को एम्बुलेंस से ट्रामा सेंटर पर भेजवाया जहा उनका उपचार हुआ।

जंगल में आग लगने से पेड़ पौधे झुलसे

सुजानगंज। जंगल में आग लग जाने से पेड़ पौधे जलकर झुलस गए वही आग को बुझाने के लिए ग्रामीणों के साथ साथ मौके पर पहुंचे थाने के एसआई धनई राम और विद्यासागर आग बुझाने में जुट गए। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची और आग को पूरी तरह से बुझा दिया। क्षेत्र के नाहरमऊ टिकरा गांव के जंगल में बुधवार दोपहर किसी अज्ञात लोगों द्वारा आग लगा दी गई। जंगल में धुंआ देख आसपास के लोगों के चेहरे पर हवाइयां उड़ने लगीं। हवा इतनी तेज थी कि आग की लपटे तेज उठने लगी। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

पुलिस जांच में 48 हजार रुपये उचक्कागिरी की घटना निकली फर्जी

मछलीशहर। कोतवाली क्षेत्र के आनापुर गांव निवासी सेवानिवृत्त प्राध्यापिका केवला देवी भारतीय स्टेट बैंक शाखा मछलीशहर से मंगलवार अपने खाते से 48 हजार रुपये निकालकर झोले में रख लिया। भुक्तभोगी ने आरोप लगाया कि एक टोपी वाला व्यक्ति आया और उनसे बात करते हुए गेट तक छोड़ने आया इसी बीच उसने झोले से पैसा गायब कर दिया। जब वे बगल स्थित यूनियन में पैसा जमा करने के लिए फार्म भर कर पैसा निकालने के लिए बैग में हाथ डाला तो पैसा गायब था। उसने तत्काल सूचना शाखा प्रबंधक को दी। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और सीसी टीवी कैमरा आदि खंगाला तो पता चला कि महिला के साथ कोई संदिग्ध टोपी वाला व्यक्ति दिखा ही नहीं। महिला बैंक में अकेली आई और अकेले बाहर निकली। थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने बताया कि जांच से पता चला कि पीड़िता का आरोप संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। उचक्का गिरी की घटना में कोई ठोस तथ्य प्रकाश में नहीं आया और आरोप में कोई सत्यता नजर नहीं आई।

अपहरण व बलात्कार का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

पवांरा। स्थानीय थाना क्षेत्र की एक गांव की महिला ने बीते वर्ष थाने पर लिखित तहरीर दी थी कि उसकी बेटी 18 जून 2024 को पैसा निकालने मधुपुर चौराहे पर गयी थी और वह जैसे ही पैसा निकालकर वापस घर वाले मोड़ पर पहुंची तो पहले से घात लगाकर बैठे रोहित गौतम ने उसकी पुत्री को रोक लिया और उसके साथ उसकी बहन आरती, मां मीरा देवी, पिता महेन्द्र गौतम तथा दो लड़के अज्ञात उसकी बेटी को बिना नम्बर प्लेट की चार पहिया गाड़ी में मुंह दबाकर व खींचकर बैठा लिया और मछलीशहर की तरफ भाग गये। राहगीरों ने शोर मचाया और दौड़ाया लेकिन तब तक भाग चुके थे। उसकी लड़की का रोहित गौतम कॉलेज जाते समय भी पीछा करता था। पता चला है कि रोहित पहले से ही शादीशुदा व्यक्ति है और बाल-बच्चे वाला व्यक्ति है और बेटे के मोबाइल पर फोन करके जान से मारने की धमकी देता है और कहता है कि लड़की को भूल जाओ। मुझे डर है कि वह मेरी लड़की को बेच सकता है या जान से मार सकता है। पुलिस तहरीर के आधार पर उपरोक्त लोगों के खिलाफ अपहरण व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया था और छानबीन में जुट गयी थी। वहीं पुलिस ने लड़की को किसी तरह से बरामद कर लिया था। थानाध्यक्ष प्रियंका सिंह ने बताया कि लड़की के 161 और 164 के बयान के आधार पर मारपीट व बलात्कार की धारा बढ़ाकर अभियुक्त की तलाश शुरू कर दी गयी थी और बुधवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक विनोद कुमार अंचल ने कांस्टेबल प्रभाकर सिंह के साथ मुख्य अभियुक्त रोहित गौतम पुत्र महेन्द्र गौतम निवासी बारी थाना मछलीशहर को कुंवरपुर तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

महिला सहकर्मी ने आशिक मिजाज गुरुजी को जूती दिखाकर नशा उतारा

जनसंदेश न्यूज

सुइथाकला। तहसील क्षेत्र के एक विद्यालय में तैनात बतौर गुरूजी उस समय चर्चा का केंद्र बिंदु बनकर छा गए, जब उसी क्षेत्र में तैनात महिला सहकर्मी के द्वारा जूती का आइना दिखाया गया। जूती का आइना देखते ही गुरूजी जहां पूरी तरह सहम गए, वहीं मामले को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया।

लोग चटखारे लेकर दिनभर चर्चा में मशगूल रहे। अपने मनचलेपन की आदत से हमेशा चर्चाओं में रहने वाले मास्साब आए दिन प्रेम प्रपंच के क्षेत्र में नए प्रयोग के लिए जाने जाते हैं। महंगे जूते, कपड़े से ठाट-बाट बनाकर अपने आप को सजाए रखना जहां उनकी फितरत में है, वहीं रंगीन मिजाजी के लिए भी कुछ कम मशहूर नहीं है। इसी आदत से मजबूर नित नए प्रयोग को लेकर चर्चाओं में रहने वाले उक्त मास्साब उस समय पुनः चर्चा में आ गए, जब उन्होंने एक महिला सहकर्मी को लिफ्ट देने का आफर कर दिया।

औरों से अलग रहने वाली सहकर्मी का मूड भांपने में गुरूजी यहां असफल हो गए। जब सहकर्मी महिला ने विरोध में अपनी जूती को आईना के रूप में दिखाया तो उन्हें दिन में तारे नजर आ गए। मामला एक मीटिंग से वापसी के दौरान हुआ। फिर क्या था, मामले के चश्मदीद कुछ लोगों से रहा नहीं गया। लोग चटखारे लेकर चर्चाओं में डूब गए। बहरहाल गुरूजी मौके की नजाकत भांपते हुए वहां से बची-खुची इज्जत समेट कर निकल लेने में ही अपनी भलाई समझी।

बालिका वर्ग की दौड़ में ककोहिया की सृष्टि व आयुषी बालक वर्ग में अलीगंज के लकी व रामा ने मारी बाजी

सिकरारा। ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों में छिपी प्रतिभा निखारने के उद्देश्य से बुधवार को क्षेत्र के खानापट्टी गांव के जलपरी मैदान पर आयोजित ब्लाक स्तरीय खेल महाकुम्भ में क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने जमकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के बालिका वर्ग सौ मी. दौड़ में बसंत विद्यापीठ ककोहिया की सृष्टि, दो सौ मीटर दौड़ में आयुषी प्रथम स्थान पर रही जबकि सिकन्दरा की पूजा यादव व सादातबिंदुली की राधिका दूसरे स्थान पर रही।

इसी तरह बालक वर्ग सौ मीटर दौड़ में कंपोजिट स्कूल अलीगंज के लकी कुमार व दो सौ मीटर दौड़ में रामा ने बाजी मारी, जबकि सिकन्दरा के अम्बुज शर्मा व लखौआ के आर्यन यादव को दूसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। जबकि लंबी कूद में लखौआ के आर्यन

ने बाजी मारी तथा गोला फेक में यूपीएस बढ़ौली के सत्यम गौतम प्रथम स्थान पर व बांकी के शिवकांत दूसरे स्थान पर रहे। इसी तरह खोखो बालिका वर्ग में ककोहिया की टीम प्रथम व भुईला की टीम दूसरे स्थान पर रही, जबकि बालक वर्ग में बढ़ौली अहीरान प्रथम व अलीगंज की टीम को दूसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। कबड्डी में बालक वर्ग में डीहजहनिया व बालिका वर्ग में सिकन्दरा की टीम विजयी रही। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख संजय सिंह व उनके प्रतिनिधि धीरू सिंह ने सौ मीटर दौड़ प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारंभ कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधान प्रतिनिधि सुशील सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अमित सिंह, जूनियर संघ के सुशील उपाध्याय, मयेन्द्र सिंह, संतोष सिंह, अभिषेक यादव, आलोक यादव, बीडीसी रजनीश सिंह, जितेंद्र सिंह, सचिव प्रदीपशंकर श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि खण्ड विकास अधिकारी, सर्वेश मोहन श्रीवास्तव, बीईओ अजीत कुमार सिंह, नोडल व दिव्यांग जन अधिकारी दिव्या शुक्ला, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रवि प्रकाश यादव, बिनय सिंह जिलाकृषि अधिकारी को माल्यार्पण व स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर की छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत का मनोहारी प्रस्तुतीकरण किया। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि ने प्रतियोगिता के विजेता व उपजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। खेल व व्यायाम शिक्षक बिनय सिंह, रामचंद्र यादव, प्रदीप कुमार, सरिता विश्वकर्मा, प्रियंका यादव, टीएन यादव, प्रताप यादव, शुभेन्द्र सिंह, विमल यादव व सेवानिवृत्त शिक्षक राष्ट्रपति पदक से सम्मानित लल्लन उपाध्याय आदि सक्रिय रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक सुनील सिंह ने किया ।

ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नही: अजय

आयोजन

ब्लॉक स्तरीय खेलकूद महाकुंभ का हुआ आयोजन

जनसंदेश न्यूज

खेतासराय। विकास खण्ड शाहगंज अन्तर्गत ब्लॉक स्तरीय खेलकूद महाकुंभ का आयोजन ग्राम सभा बड़ऊर के खेल मैदान में हुआ। खेल महाकुम्भ में स्कूली बच्चों ने विभिन्न खेलों में प्रतिभाग कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और दर्शकों का मनमोह लिया। प्रतियोगिता में परिषदीय विद्यालयों व मान्यता प्राप्त विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

कबड्डी बालक वर्ग में कम्पोजिट विद्यालय सोंगर विजेता व कम्पोजिट विद्यालय कयार के छात्र उपविजेता रहे। कबड्डी बालिका वर्ग में कम्पोजिट विद्यालय मुड़ेला विजेता, कम्पोजिट विद्यालय कयार की छात्राएं उपविजेता रही। खो-खो में बालक वर्ग से विद्यालय

कयार विजेता, श्री गणेशजी बालोद्यान उपविजेता, बालिका वर्ग से मुड़ेला विजेता, कयार उपविजेता रहे। दौड़ सौ मीटर बालक वर्ग से विकास अब्बोपुर प्रथम, देवा पखनपुर द्वितीय, बालिका वर्ग से प्रियांशी मुड़ेला प्रथम, खुशी द्वितीय। दौ सौ मीटर बालक वर्ग से कुलदीप अब्बोपुर, प्रिंस सहावै क्रमशः प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। लम्बी कूद बालक वर्ग से नितेश मनेछा प्रथम, अनुज कम्पोजिट विद्यालय तारगहना द्वितीय व बालिका वर्ग से खुशी मुड़ेला प्रथम, लक्ष्मी खलीलपुर द्वितीय रही। विजेत खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर प्रदान कर सम्मानित किया गया। खेल कूद महाकुम्भ में बतौर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी पियूष त्रिपाठी व खण्ड शिक्षा अधिकारी बसन्त कुमार शुक्ल ने विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज खेल के माध्यम से नित्य नए अवसर देश के युवाओं को मिल रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकार खेलों का आयोजन कर प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका दे रही है। जिससे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नही बस इसे निखारने की आवश्यकता है। इसके अलावा कार्यक्रम को खण्ड विकास अधिकारी पीयूष त्रिपाठी व खण्ड शिक्षा अधिकारी बसन्त कुमार शुक्ल ने भी सम्बोधित किया। इसके पूर्व क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, बीओ विकास वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक संघ के संयोजक अभिषेक सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद कुमार शुक्ला, एआरपी संघ प्रदेश मंत्री प्रशांत मिश्रा, नोडल अशोक कुमार मौर्य, वीरेंद्र कुमार, ओम प्रकाश वर्मा, पंकज सिंह, मनबहाल, शोक कुमार मौर्य प्रधानध्यापक कलापुर,शांति भूषण, रूपेश सिंह, मनोज यादव, शैलेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता रेफरी अरूणेश यादव व निर्णायक मण्डल में शैलेंद्र सिह, सुभाषचंद्र तिवारी, वीरेंद्र यादव, शिव प्रकाश प्रजापति, सुरेश मौर्य,राजेश निषाद, राम चन्द्र बिन्द रहे। कार्यक्रम के अंत में बड़ऊर प्रधान अमर कुमार बिन्द ने आगन्तुको का आभार व्यक्त किया तथा संचालन मो. मुस्तफा व रत्नेश सिंह ने किया।

200 मीटर दौड़ में शीतल व विकास ने मारी बाजी

जनसंदेश न्यूज

चंदवक। डोभी विकास खंड स्तरीय खेल महाकुंभ मिनी खेल स्टेडियम अमरौना में बुधवार को आयोजित हुआ जिसमें 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों ने वॉलीबॉल, खो खो, कबड्डी, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, गोला फेंक व लॉन्ग जंप में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में अतिथि के रुप में खंड विकास अधिकारी नंदलाल कुमार व खंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत सिंह, क्षेत्रीय युवा खेल अधिकारी दीपक सिंह उपस्थित थे।

200 मीटर की दौड़ में बालिका वर्ग में प्रा.वि. डोभी खास की छात्रा शीतल व बालक वर्ग में विकास ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर आकांक्षा व आकाश रहे। लांग जम्प बालिका में

अमृता अमरौना ने प्रथम अशी सिंह कस्तूरबा से द्वितीय व लांग जम्प बालक में प्रीतम प्रथम पतरही व द्वितीय स्थान स्वतन्त्र वर्मा ने प्राप्त किया। गोला फेंक बालिका वर्ग में स्मृता गौड़ व बालक वर्ग में अमित कुमार अमरौना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मैच रेफरी ब्लॉक व्यायाम शिक्षक श्याम नारायण यादव पथरु, नोडल अधिकारी रमेश यादव ने सफल आयोजन पर सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सतीश कुमार यादव व पारसनाथ यादव ने किया। इस अवसर पर प्रधान बालेन्द्र यादव, शिक्षक संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, धीरेंद्र प्रताप सिंह, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, अरविंद सिंह, संजय सिंह, शैलेष सिंह, आनन्द सिंह, अशोक सिंह, संजय गुप्ता, सत्यप्रकाश सिंह, ऋषिकेश सिंह, ऋचा सिंह, श्रीप्रकाश सिंह उपस्थित रहे।

सीडीओ ने विकास खंड कार्यालय ज्ञानपुर का किया औचक निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

भदोही। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी ने बुधवार को विकासखंड कार्यालय ज्ञानपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी आलोक पांडेय अपने अधीनस्थों के साथ विकासखंड पर उपस्थित पाए गए।

सीडीओ ने गोवंशों के संरक्षण व सुपुर्दगी, राज्य वित्त व केंद्रीय वित्त के अंतर्गत उपलब्ध धनराशि का नियमानुसार व्यय करने का निर्देश दिया। सीडीओ ने निर्देश देते हुए कहा कि निमार्णाधीन खाद्यान्न गोदाम को पूर्ण कराया जाए, मनरेगा अंतर्गत सभी ग्राम पंचायत में कार्य प्रारंभ कराए जाये तथा तालाबों को पूर्ण कराते हुए सूची उपलब्ध कराने, विकासखंड पर समस्त योजनाओं व कार्यक्रमों की समग्र प्रगति पुस्तिका सुरक्षित रखने, आंगनबाड़ी केंद्र, आर आर सी सेंटर को समय अंतर्गत पूर्ण कराए जाने, जीरो पॉवर्टी के अंतर्गत एक्सेल शीट पर विवरण भरे जाने, प्रधानमंत्री आवास के सर्वे की प्रगति बढ़ाने तथा निमार्णाधीन आवासों को अतिशीघ्र पूर्ण कराने, सोशल सेक्टर के अंतर्गत लंबित आवेदनों का निस्तारण कराने का निर्देश दिया तथा ग्रांट रजिस्टर के अनुसार उपलब्ध धनराशि का नियमानुसार सदुपयोग कराए जाने हेतु खंड विकास अधिकारी ज्ञानपुर को निर्देशित किया।

प्रेमी युगल का हाई प्रोफाइल ड्रामा, चलती स्कूटी पर प्रेमिका ने प्रेमी को पीटा

जनसंदेश न्यूज

विवाद

बस में हुई थी पहली मुलाकात, उसके बाद प्रेम चढ़ा परवान

मामला पहुंचा कोतवाली, पुलिस कर रही है मामले की जांच

गोपीगंज। नगर के ज्ञानपुर रोड पर उस समय प्रेमी प्रेमिका का हाई प्रोफाइल ड्रामा देखने को मिला जब स्कूटी पर बैठकर साथ जा रही प्रेमिका प्रेमी की पिटाई करने लगी, जिसे देख मौके पर तमाशबीनो की भीड़ जुट गई। इस बीच मौके पर पीआरबी पुलिस पहुची तो मामला थाने पहुच गया, जहां पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

मामला है थाना क्षेत्र के एक गांव के दलित युवक और प्रयागराज जनपद के जंघई थाना क्षेत्र निवासी एक युवती का, जिनकी मुलाकात एक वर्ष पूर्व बस में सफर के दौरान हुई थी। एक दूसरे का मोबाइल नम्बर लेकर बातों का सिलसिला शुरू हुआ और प्रेम परवान चढ़ा, दोनो एक दूसरे से मुलाकात कभी किसी होटल, तो कभी किसी दूसरे शहर मे स्थान बदल बदल कर मिलते और साथ रहते रहे। बुधवार को अचानक प्रेमिका गोपीगंज पहुची जहां प्रेमी के साथ स्कूटी पर बैठकर ज्ञानपुर रोड पर पहुची थी कि इस दौरान स्कूटी चला रहे प्रेमी को पीछे से पिटाई करने लगी तो युवक ने स्कूटी रोक दिया। मौके पर मामले को देख रहे तमाशाइयों की भीड़ जुट गई। इसी बीच प्रेमिका ने फोन कर पीआरबी पुलिस को बुला लिया। पुलिस प्रेमी युगल को प्रभारी निरीक्षक के सामने ले गई, जहां दोनों की बात सुनने के उपरांत मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

संक्षेप

जान लेवा हमला करने वाले आरोपी के खिलाफ मुकदमा

गोपीगंज। थाना क्षेत्र के ककराही रेलवे क्रासिंग के पास सोमवार की रात युवक पर प्राण घातक हमला करने वाले आरोपी के खिलाफ मुकदमा कायम किया गया है। नगर के कोइरान मोहाल निवासी युवक की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुकदमा कायम कर लिया है। नगर के वार्ड संख्या 11 निवासी मुहम्मद यासिन तीन मार्च को रात्रि के समय थाने में तहरीर देकर अवगत कराया कि सोमवार की रात गोपपुर से अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहा था। ककराही रेलवे क्रासिंग ब्रेकर के पास पहले से घात लगाकर बैठे शाबिर अली निवासी सूर्यभानपुर भरद्वार ने पुरानी रंजिस को लेकर डन्डे से सिर पर मार कर लहूलुहान कर दिया। शोर सुनकर अगल बगल के लोग पहुच गए, तब वह बाइक लेकर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। उसकी तहरीर पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने संबधित धाराओं मे मुकदमा कायम कर लिया है।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल

गोपीगंज। थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग के आइडियल कंपनी के सामने अज्ञात वाहन की चपेट में आने से रमेश सिंह 47 पुत्र विंध्यवासिनी सिंह ग्राम गलहैया दसरथपुर भदोही नाले में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हे नटवां से तेरही से लौट रहे कमलेश मिश्रा, डीके मिश्रा, अमरेन्द्र मिश्रा, मुकेश तिवारी ने नाले में गिरा देखा तो एम्बुलेंस को बुलाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज मैं भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताते चले कि उनके पास मिले आधार कार्ड और शादी के कार्ड से यह संभावना बनती है कि कही से शादी का कार्ड देकर लौट रहे थे और यह घटना हो गई। शादी के कार्ड पर मिले मोबाइल नंबर पर फोन कर सूचना दे दी गई है।

सीतामढ़ी में आज होगा आबकारी दुकानों का ई-लाटरी चयन

भदोही। दयावंती पुंज मॉडल विद्यालय सीतामढ़ी कोईरौना के सभागार में आज शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी की समाज कल्याण विभाग के प्रदेश सचिव समीर वर्मा की उपस्थिति में आबकारी दुकानों का ई-लॉटरी चयन होगा। जिला आबकारी अधिकारी अरूण कुमार शुक्ला ने सभी ई-लॉटरी आवेदको को अवगत कराया कि आबकारी दुकाने-देशी मदिरा, मॉडल शॉप, कम्पोजिट शॉप एवं भांग की फुटकर दुकानों की ई-लॉटरी के प्रथम चरण का व्यवस्थापन शासन द्वारा जनपद भदोही हेतु नामित पर्यवेक्षक समीर वर्मा, सचिव समाज कल्याण की उपस्थिति एवं पर्यवेक्षण में, जिलाधिकारी विशाल सिंह व जिला चयन समिति की उपस्थिति में 06 मार्च को मध्याहन 12 बजे से दयावंती पुंज मॉडल विद्यालय सीतामढ़ी कोईरौना के सभागार में सम्पादित किया जायेगा। शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में सभी की उपस्थिति में स्वच्छ एवं पारदर्शी तरीके से ई-लॉटरी प्रक्रिया का निष्पादन होगा। आबकारी विभाग भदोही द्वारा ई-लाटरी सम्बन्धी सार्वजनिक सूचना जारी किया गया है, जिसमें अनाधिकृत व्यक्ति सभागार के अन्दर प्रवेश नहीं कर सकेगा। अर्ह-अनर्ह आवेदकों की दुकानवार सूची ई-लाटरी पोर्टल पर मार्क करते हुए डाउनलोड कर तैयार की जायेगी, जिसे ई-लाटरी के पूर्व जिला आबकारी अधिकारी, कार्यालय तथा सभागार स्थल पर चस्पा किया जायेगा। इस सूची को पी.डी.एफ. फाईल बनाकर वाट्सएप ग्रुप पर डाल दिया जायेगा, जिससे आवेदक यह सुनिश्चित कर सके की उनका नाम लाटरी हेतु दुकानवार आवेदकों की सूची में सम्मिलित है। लाटरी देशी शराब, मॉडल शॉप, कम्पोजिट शॉप तथा भांग के क्रम में किया जायेगा। जिस व्यक्ति को पूरे प्रदेश में दो दुकान मिल जायेगी उसको अगले दुकान हेतु आवेदन अपने आप ऑटोमैटिक्ली पोर्टल पर ब्लॉक हो जायेगा।

तरावीह मुकम्मल हुई तो मुल्क की सलामती व तरक्की के लिए मांगी गई दुआएं

भदोही। मुकद्दस माह-ए-रमजान में पढ़ी जाने वाली विशेष नमाज-ए-तरावीह के मुकम्मल होने का सिलसिला शुरू हो गया है। मंगलवार की रात नगर के मर्यादपट्टी मोहल्ले में स्थित हजरत सैयद सालार मसूद गाजी रह.अ.के आस्ताने वाली मस्जिद में तरावीह मुकम्मल हुई। हाफिज तालिब खां ने तरावीह मुकम्मल कराई तो मुक्तदियों ने फूलमाला पहनाकर उनका इस्तकबाल किया। इस दौरान मौलाना अब्दुस्समद जिताई ने कहा कि मुकद्दस माह-ए-रमजान रहमतों, बरकतों व फजीलतों वाला महीना है। इस मुकद्दस महीने में अल्लाह अपने बंदों के एक-एक नेकी का सवाब 70 गुना देता है। हर नवाफिल का सवाब सुन्नतों के बराबर और हर सुन्नत का सवाब फर्ज के बराबर हो जाता है। इसी तरह सभी फर्ज का सवाब 70 गुना कर दिया जाता है। माह-ए-रमजान में अल्लाह की रहमत खुलकर बंदों के उपर बरसती है। उन्होंने तरावीह की नमाज मुकम्मल के दौरान जो भी लोग वहां पर मौजूद थे। उनसे बोलें कि जितनी हो सके उतनी नेकी इस मुकद्दस महीने में इबादत से हासिल कर लें। शिद्दत से पांच वक्त की नमाज पढ़ें और खूब तिलावत करें। कोशिश करें कि ज्यादाह इबादत किया जा सकें। हाफिज मो.तालिब खां ने कहा कि तरावीह मुकम्मल होने का मतलब यह नहीं कि फिर से तरावीह न पढ़ी जाएं। मुकद्दस माह-ए-रमजान में पूरे महीने तक तरावीह या फिर सूरह तरावीह पढ़ते रहें। तरावीह मुकम्मल होने के बाद हाफिज मो.तालिब खां ने बारगाहे इलाही में दोनों हाथों को फैलाकर मुल्क की सलामती, तरक्की और अमन-चैन कायम रखने के लिए दुआएं मांगी। इस मौके पर नुरैन खां, अब्दुल रहीम खां, शेरु खां, फिरोज खां, वहीद खां व सैफ खां आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

प्रायोगिक परीक्षा आज से

भदोही। केशव प्रसाद मिश्र महिला महाविद्यालय औराई में छः व सात मार्च को प्रायोगिक परीक्षा व मौखिक परीक्षा सम्पन्न होगी।राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष मोहम्मद आकिफ तौफीक ने बताया कि बीए थर्ड सेमेस्टर पेपर सेकेंड (सामाजिक विज्ञान में फील्ड वर्क परम्परा) की प्रैक्टिकल/वाइवा परीक्षा 6 मार्च को एवं बीए प्रथम सेमेस्टर पेपर सेकेंड (अधिकारों एवं कानूनों की जागरूकता) की प्रैक्टिकल/वाइवा परीक्षा सात मार्च को सम्पन्न होगी। बीए प्रथम, तृतीय, पंचम सेमेस्टर की छूटी हुई छात्राओं को पुनः एक अवसर आठ मार्च को प्रदान किया जाएगा।

तहसीलदार कोर्ट का अधिवक्ताओं ने किया बहिष्कार

भदोही। बार एसोसिएशन भदोही की बैठक बुधवार को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सूर्य प्रताप द्विवेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में अधिवक्ताओ ने तहसीलदार पर भ्ष्टार्चार का आरोप लगाया व अध्यक्ष ने कहा कि तहसीलदार द्वारा आदेश हेतु सुरक्षित व स्थलीय निरीक्षण के फाइलों में डेट नही दिया जा रहा हैं। भदोही के तहसीलदार भ्ष्टार्चार में लिप्त हैं। जबतक तहसीलदार के रवैये में सुधार नही हो जाता तब तक भदोही बार एसोसिएशन के अधिवक्ता तहसीलदार के न्यायालय का बहिष्कार करते रहेंगे व अन्य न्यायालय पूर्व की भाँति चलते रहेंगे।

सात घंटे तक बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

भदोही। 33/11 केवीए उपकेंद्र चौरी से निकलने वाले फीडर मई पर आज जर्जर विद्युत तार बदलने का कार्य किया जाना प्रस्तावित हैं। चौरी क्षेत्र के एसडीओ ने बताया कि मई फीडर से सम्बंधित गाँव मे सुबह दस बजे से शाम पाँच बजे तक विद्युत आपूर्ति गुरुवार को बाधित रहेंगी।

जनता दर्शन में एसपी ने सुनी फरियाद

ज्ञानपुर। भदोही के पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बुधवार को जनता दर्शन में आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे जनसुनवाई, महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाएं ताकि पीडित, शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि जिन समस्याओं का समाधान थाना स्तर से हो सकता है, उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाना चाहिए। इसी क्रम में, जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय, थाना पर जनसुनवाई करते हुए प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है।

वाहन दुर्घटना में वृद्ध की मौत के मामले मे बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा

गोपीगंज। थाना क्षेत्र के जगीगंज बाजार मे वृद्ध व्यक्ति की मौत के मामले में बाइक चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा कायम किया गया है। मुकदमा कायम कर पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के कलनुआ निवासी याकूब अली 68 वर्ष गत 25 फरवरी को जंगीगंज बाजार में घरेलू सामान लेने हेतु गए हुए थे, सामान लेकर वापस अपने घर आ रहे थे, प्राथमिक विद्यालय जगीगंज के सामने हाईवे पर प्रयागराज की ओर से आ रहे अपाचे बाइक सवार ने तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनके पिता को टक्कर मार दिया, जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गए। गोपीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया था, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र यासिन अली की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने संबधित धाराओं मे मुकदमा कायम कर लिया।

मतदाता जागरूकता रैली निकाल स्वयंसेवकों ने किया जागरूक

जनसंदेश न्यूज

भदोही। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय भदोही में राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय विशेष शिविर का द्वितीय दिवस मतदाता जागरुकता अभियान को समर्पित रहा।

स्वयंसेवकों ने प्रार्थना के पश्चात रैली निकाली और रामरायपुर की दलित बस्ती में मतदाता जागरुकता सम्बन्धी नारे, पोस्टर, स्लोगन के माध्यम से जनसामान्य को जागरूक किया। मतदान की महत्ता पर बौद्धिक संगोष्ठी में प्राचार्य प्रो. शाहिद परवेज ने बताया कि हम मतदान के माध्यम से अपने एक वोट से देश, समाज को बदल सकते हैं। 18 वर्ष प्राप्त कर चुके सभी विद्यार्थी मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जुड़वाए और मतदाता पहचान पत्र बनवाएं। मुख्य वक्ता डॉ अमित तिवारी, प्रवक्ता अंग्रेजी विभाग ने मतदान के विषय में बताते हुए कहा कि मतदान की परंपरा हमारे देश में अति प्राचीन काल से चली आ रही है। स्वयंसेविका चंचल सरोज और उनकी टीम ने संगोष्ठी का संचालन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

नैंसी की टीम ने भोजन व्यवस्था को सम्भाला। इस अवसर पर स्वयंसेवी छात्र- छात्राएं आर्यन दुबे, विशाल मौर्य, जयकुमार, शिवम सिंह, चंचल सरोज, खुशी उपाध्याय नेहा कनौजिया, मोबशिरा मोबीन, प्रतिमा शर्मा, आफिया बानो, हर्ष दुबे, नेहा कनौजिया, काजल यादव, शिवानी सरोज, अनीशा पटेल, प्रिया यादव, ज्योति यादव, खुशबू पटेल, प्रिया दुबे, अनु दुबे, खुशी चौबे, खुशी पांडेय, पायल आदि समेत समस्त स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

संक्षेप

बोर्ड परीक्षा का सचल दल ने किया निरीक्षण

जौनपुर। उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा 2025 के संचालन को सुनिश्चित करने के लिए विभागीय सचल दल का गठन किया गया है, जो जिले के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण कर रहा है। इस दल का नेतृत्व सह जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार यादव ने किया। इस दल ने बुधवार को जिले के आरएस कान्वेंट इंटर कालेज काकोरगहना, नेहरू इंटर कॉलेज पतहना, राष्ट्रीय इंटर कॉलेज जमुहाई, राष्ट्रीय इंटर कॉलेज मेहरावां, जय किसान इंटर कालेज सरायख्वाजा, जनता जनार्दन इंटर कॉलेज जासोपुर चकिया का दौरा किया और परीक्षा की तैयारियों का जायजा लिया। सह जिला विद्यालय निरीक्षक श्री यादव ने विद्यालयों में परीक्षा कक्षों, सुरक्षा व्यवस्था, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा और परीक्षा केंद्रों की अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न होने पाए और छात्रों के लिए समुचित सुविधा सुनिश्चित की जाए। सचल दल टीम में रेनू पटेल, सुनील यादव, इंदु प्रकाश यादव रहे। टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में छात्रों के लिए उचित व्यवस्था, पेपर की सुरक्षित पहुंच और कर्मचारियों द्वारा नियमों का पालन करने पर संतोष व्यक्त किया गया। श्री यादव ने कहा कि विभाग की ओर से किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का सख्त निर्देश दिया गया है ताकि परीक्षा शांतिपूर्वक और निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सके।

पैदल जा रहे राहगीर और मोटरसाइकिल में टक्कर

करंजाकला। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जर्रो गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास बुधवार की सुबह करीब 10 बजे सड़क से जा रहे एक राहगीर और मोटरसाइकिल सवार में टक्कर हो गई। इस दौरान दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सरायख्वाजा के जर्रो गांव निवासी समरनाथ का पुत्र 26 वर्षीय पुत्र विनय कुमार बुधवार सुबह मोटरसाइकिल से कोइरिडीहा मल्हनी मार्ग होते हुए बाजार जा रहा था। जैसे ही वह जर्रो गांव के समीप स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तभी सड़क से होकर गुजर रहे सरायख्वाजा के भीखारीपुर गांव निवासी राजाराम यादव (45) से टकरा गया। टक्कर होते ही दोनों सड़क के बीचो-बीच गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर होते देख आसपास के लोगो ने मौके पर पहुंचकर दोनो को इलाज के लिए एम्बुलेंस बुलाकर जिला अस्पताल पहुंचा दिया। थाना प्रभारी विनय प्रकाश सिंह ने बताया कि दोनो को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है कोई तहरीर नहीं मिली है।

अवैध पदार्थ बेचने वालों की सूचना पुलिस को दें : सीओ

मीरगंज। थाना परिसर में बुधवार को शांति सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जॉइंट मजिस्ट्रेट मछलीशहर कुमार सौरभ, क्षेत्राधिकारी प्रतिमा वर्मा व थानाध्यक्ष मीरगंज रमेश कुमार ने क्षेत्र से आये हुये सभ्रान्त लोगों से त्योहार पर सुरक्षा के सम्बन्ध में सुझाव माँगा। जिस पर क्षेत्रीय लोगों ने कहा कि त्योहार मिलजुल कर आपसी भाईचारे के साथ मनाये जाएंगे। जॉइंट मजिस्ट्रेट द्वारा पूछताछ के दौरान बंधवा निवासी मोहम्मद शैफ ने कहा कि मस्जिद के सामने कुछ अराजकतत्वों द्वारा गंदगी फैलाया जा रहा है जिस पर एसडीएम ने थानाध्यक्ष को आवश्यक निर्देश दिया। जॉइंट मजिस्ट्रेट ने कहा कि समाज में कुछ असमाजिक तत्व माहौल बिगाड़ने का काम करते हैं, ऐसे लोगो से सावधान रहें और पुलिस प्रशासन को तत्काल अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि अवैध नशीले पदार्थो को बेचने वालों की सूचना पुलिस को तत्काल दे। सूचना देने वालो का नाम गोपनीय रखा जायेगा। क्षेत्राधिकारी मछलीशहर प्रतिमा वर्मा ने कहा कि होली के मौजमस्ती भरे त्योहार को शांति पूर्वक मिलजुल कर मनाएं। होली के नाम पर कोई हंगामा कदापि न करने पाए यह पुलिस ही नही क्षेत्र समाज के लोगो की भी जिम्मेदारी है। होली का रंग जिन्हें नही भाता है उन्हें चाहिए कि वह बाहर न निकले और होली खेलने वालों को भी चाहिए कि वह किसी के घर में घुसकर रंग न लगाएँ। कुछ असमाजिक तत्व और साम्प्रदायिक शक्तियां ऐसे अवसर पर त्यौहार की आड़ में रंग के बहाने सौहार्द को खराब करने का प्रयास करते हैं।

दहेज हत्या का अभियुक्त गिरफ्तार

रामपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम थानाध्यक्ष देवानंद रजक मय हमराह द्वारा थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0स0 46/25 धारा 85.80/2/बीएनएस व 3/4 डीपीएक्ट से सम्बंधित वांछित नामजद अभियुक्त राकेश कुमार पाल उर्फ पिंटू पुत्र हरिगेन पाल निवासी जोगापुर थाना रामपुर बुधवार को समय करीब 6.10 बजे सुबह संजय नगर औरा से पुलिस हिरासत में लेकर उसके विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए संबंधित न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में हे.का. महेंद्र कुमार यादव, का. सोनू यादव आदि शामिल रहे।

जैव विविधता से दूर हटना ही वैश्विक स्वास्थ्य व पर्यावरण संकट का मुख्य कारण: प्रो. वर्मा

जौनपुर। तिलकधारी पी.जी. कॉलेज के प्राणि विज्ञान विभाग द्वारा पर्यावरणीय तनाव और वैश्विक चुनौतियों पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, आईसीईजीसीसीपी-2025 का आयोजन किया गया। इस आयोजन के दूसरे दिन, राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के डॉ. जेएन शुक्ला ने लक्षित कीट प्रबंधन पर एक व्याख्यान दिया जिसमें एक एकीकृत दृष्टिकोण अपनाया गया था।

एमजीसीयू मोतिहारी के डॉ. शशिकांत रे ने जीवाणु कोशिका विभाजन तंत्र पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्रो. रमेश चंद्र (मेरीलैंड यूनिवर्सिटी वरअ) ने जीन थेरेपी की रोगों के उपचार में उपयोगिता की बारे में बताया और डॉ. संजय सैनी (ब्राउन यूनिवर्सिटी वरअ) ने भारी धातु के स्वास्थ्य पर कुप्रभाव आधारित व्याख्यान दिया। डी. एम. उच्च शिक्षा और अनुसंधान संस्थान, वर्धा के डॉ. पवन कुमार ने मुंह के कैंसर का पता लगाने के लिए मशीन लर्निंग-आधारित तीव्र निदान तकनीकों पर चर्चा की। डॉ. जितेंद्र साहा, साहिबगंज कॉलेज झारखंड ने प्रारंभिक कैंसर का पता लगाने के लिए स्पिनट्रोनिक्स के संवेदनशील जैव सूचक के रूप में अनुप्रयोग प्रस्तुत किया। डॉ. जेएन तिवारी, प्रो. हरी शंकर सिंह एवं प्रो. एसके सिंह (सीनियर) की जूरी समिति ने सभी ओरल एवं पोस्टर प्रेजेंट करने वाले प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। तीन सदस्यीय की जूरी कमिटी ने ओरल प्रेजेंटेशन के लिए रविकाश मौर्या (पी-एचडी स्कॉलर), पोस्टर प्रेजेंटेशन के विकाश सिंह (पी-एचडी स्कॉलर) एवं शिल्पा मौर्या, खुशबू यादव और विशाखा (ट.रू. छात्र-संयुक्त रूप से) को सम्मानित किया गया। द्विदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम के समापन पर संगोष्ठी समन्वयक प्रो. एसके वर्मा ने सभी अतिथि जनों, विभिन्न संस्थानों से सम्मिलित विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों का महविद्यालय की तरफ से धन्यवाद ज्ञापन किया। तिलकधारी महाविद्यालय परिवार के समस्त सम्मानित शिक्षकों एवं कर्मचारियों को कार्यक्रम में सहयोग करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रो. एसपी सिंह, प्रबंधक राघवेंद्र प्रताप सिंह और महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह एवं मुख्य अनुशास्ता डॉ. विजय कुमार सिंह को कार्यक्रम में सहयोग करने के लिए विशेष धन्यवाद ज्ञापन दिया। साथ ही संगोष्ठी समिति के सदस्य प्रो. रमेश सिंह, प्रो. अमित श्रीवास्तव, प्रो. सुदेश कुमार सिंह, प्रो. अमित कुमार श्रीवास्तव, डॉ. बालमुकुंद सेठ, डॉ. प्रेमचंद, डॉ. अजय कुमार, डॉ. आशा रानी, डॉ. ज्ञानेश्वर शर्मा, डॉ. विशाल सिंह, डॉ. अवनीश कुमार, डॉ. राहुल सिंह एवं डॉ. शुभम सिंह व श्रीचंद्र प्रकाश गिरि को कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आभार व्यक्त किया।

जमीन कब्जे को लेकर दो पक्षों में मारपीट

करंजाकला। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के चकगोपालपुर गांव में बीते सोमवार की रात जमीन कब्जा करने को लेकर मारपीट हो गई। इस दौरान एक पक्ष ने पीड़ित के मड़हे को आग लगा दी। पुलिस पीडित के तहरीर पर जांच पड़ताल में जुट गई है। चकगोपालपुर गांव के निवासी राधिका ने बुधवार तहरीर दी की रात पड़ोसियों ने उसकी जमीन पर जबरदस्ती कब्जा करने की मनसा से उसके मड़हे में आग लगा दी और जब उसने विरोध किया तो पड़ोसियों ने मिलकर महिला की पिटाई कर दी। महिला ने जब शोर गुल मचाना शुरू किया तो आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझा बूझकर शांत कर दिया पड़ोसियों द्वारा मड़हे में आग लगाने के चलते मड़हे के अंदर रखा राशन, चारपाई, बिस्तर समेत कई अन्य जरूरी सामान भी जलकर राख हो गए। पीड़ित ने बुधवार सरायख्वाजा थाने पर पहुंचकर तहरीर दी। थाना प्रभारी विनय प्रकाश सिंह ने बताया कि पीड़ित के तहरीर मिली है।

छात्र-छात्राओं में स्मार्टफोन का किया गया वितरण

जनसंदेश न्यूज

रामपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र स्थित वाल्थर डिग्री कॉलेज में प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त टैबलेट वितरण समारोह के तहत बुधवार को मुख्य अतिथि विनोद जायसवाल चेयरमैन के द्वारा छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन के वितरण का शुभारंभ किया गया। फोन पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

इस अवसर पर बोलते हुए चेयरमैन ने कहा कि स्मार्टफोन पाने के बाद उसका सदुपयोग करें। बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए आगे कहा कि हमें सरकार की योजनाओं का पूरा फायदा लेने के साथ ही उसका सही तरीके से प्रयोग करना चाहिए। इस दौरान कॉलेज के प्रबंधक शिव सागर तिवारी ने कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों को स्मार्टफोन प्रदान करके डिजिटल तकनीक से जोड़ने का प्रयास एक सकारात्मक और सराहनीय कदम है। इसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। इस दौरान श्यामधर मिश्र प्रधान, देवी शंकर दुबे नाजा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष आनंद जयसवाल, शरद उपाध्याय, दीपक तिवारी आदि प्रवक्ता समेत बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो घायल एक गंभीर

गौराबादशाहपुर। थाना क्षेत्र के मैरादखान गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए, जिसमें एक की हालत नाजुक बनी हुई है।

जनपद आजमगढ़ के देवगांव थाना क्षेत्र के चेवार निवासी बुधवार को विजय कुमार अपनी माता शोभावती को बाइक पर बैठाकर गौराबादशाहपुर बाजार से होते हुए सेवईनाला के तरफ जा रहा था। सुबह लगभग 11 बजे जैसे ही बाइक सवार विजय मैरादखान गांव के पास पहुचा तभी विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक की चपेट में आ गया। ट्रक ने बाइक पर बैठी शोभावती देवी (51) का पैर कुचल दिया। वहीं विजय (28) को भी सर में काफी चोट आ गयी। स्थानीय लोगों ने दोनो घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया जहां शोभावती की हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया।

प्रचार वाहन को जिला जज ने किया रवाना

जौनपुर। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जनपद न्यायाधीश द्वारा प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय/सचिव पूर्णकालिक, प्रशांत कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में 8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जा रही है। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु एवं व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया की ओर से प्रचार वाहनों को जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा प्रथम द्वारा जनपद न्यायालय परिसर में हरी झण्डी दिखाकर विभिन्न क्षेत्रों के लिये रवाना किया गया। इस प्रचार वाहन द्वारा आज तहसीलों व अन्य विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनता को जागरूक किया जायेगा। इस अवसर पर अपर जिला जज/नोडल अधिकारी, लोक अदालत रणजीत कुमार एवं अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रशांत कुमार सिंह व अन्य न्यायिक अधिकारीगण एवं अधिवक्तागण व बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
प्रधान सम्पादक - सुभाष राय
स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

वसंत के मौसम में स्पंदन ने बिखेरी छठ पर्व की छटा

युवा महोत्सव के मंच पर दिखी लघु भारत की तस्वीर, लोक संस्कृति के रंगों में सराबोर हुआ बीएचयू परिसर

आयोजन

शास्त्रीय संगीत व नृत्य में विद्यार्थियों ने प्रतिभा दिखाई,13 स्पर्धा में 850 प्रतिभागियों ने की शिरकत

वाराणसी। बीएचयू के एम्फिथिएटर मैदान में सजे 'अंतर-संकाय युवा महोत्सव- स्पंदन' के मंच पर जब 'कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए' गूंजा तो जैसे पूरा परिसर वसंत के मौसम में छठ की छटा में झूमने लगा। लोक और आदिवासी नृत्य प्रतियोगिता में स्पंदन के मंच पर जब नागपुरी, घूमर, कजरी, असमिया, कलेबालिया, जोगवा, लावणी, तारातली सरीखे माटी के नृत्य विधाओं का रंग जमा, तो प्रतिभागियों के साथ-साथ दर्शक के भी पैर थिरकने लगे। पैरों की थिरकन तब आश्चर्य में बदल गई जब प्रतिभागियों की एक टीम ने आग और मटके के साथ मंच पर राजस्थान की मशहूर लोक नृत्यशैली भावानी प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में विभिन्न संकायों, संस्थानों और महाविद्यालयों की टीमों ने अपने संगीत की धुन के साथ अपने कदम और भाव-भंगिमाओं का मेल किया।

एक तरफ जहां एम्फिथिएटर जहां लोकनृत्य का साक्षी बना। वहीं दूसरी तरफ पं. ओमकार नाथ ठाकुर प्रेक्षागृह गवाह बना शास्त्रीय नृत्य का। प्रतिभागियों ने कथक, भरतनाट्यम और ओडिशी के जरिए प्रेम, मौसम के रंग और आस्था को प्रदर्शित किया। प्रतियोगिताओं के आखिरी दिन जहां एक तरफ प्रतिभागियों के नृत्य ने समा बांधा, वहीं दूसरी तरफ गायन के प्रतिभागियों ने पूरे परिसर को संगीतमय कर दिया। कृषि शताब्दी सभागार जब एक प्रतिभागी ने अंदाज-ए-करम का राग छेड़ा तो पूरा सभागार ही सूफियाना होता मालूम पड़ा। लाइट वोकल सोलो प्रतियोगिता में कुल 22 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

नशा मुक्त समाज की अवधारणा पर स्वतंत्रता भवन में इस विषय पर प्रतिभागियों ने लघु नाटक किया, जिसका संदेश था इलाज से बेहतर परहेज। स्वतंत्रता भवन का मंच आज एक बार फिर स्वंतत्रता सेनानियों को समर्पित-भगत सिंह, मानसिक स्वास्थ्य, मानवीय संवेदना और महाकुंभ की घटनाओं पर हुए लघु नाटक की जीवंत प्रस्तुतियों का साक्षी बना। वहीं, मालवीय मूल्य अनुशीलन केंद्र का महामना सभागार प्रतिभागियों के अद्भुत भाव-भंगिमा का गवाह बना। 10 टीमों ने जब रिश्तों से बड़ा पैसा, डिग्री है तो नौकरी नहीं, फेसबुक स्कॉलर, बढ़ती महंगाई-घटती आमदनी जैसे जरूरी सामाजिक मुद्दों पर अपनी अभिव्यक्ति प्रस्तुत किया तो सभागार इन मुद्दों से ज्वलंत हो उठा। यह सभागार एक और प्रतियोगिता का साक्षी बना जब मोनो एक्टिंग के 17 प्रतिभागियों ने शेक्सपियर के नाटकों से लेकर रविन्द्रनाथ टैगोर के कहानियों पर अपने अभिनय का हुनर प्रदर्शित किया। ललित कला में आज मेहंदी, स्केचिंग और पोस्टर मेंकिंग की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। डा. कर्ण सिंह हॉल में संस्कृत वाद-विवाद और संस्कृत कविता में प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें क्रमशः 14 और 9 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अंतर संकाय युवा महोत्सव के आखिरी दिन हुई 13 प्रतियोगिताओं में तकरीबन 850 प्रतिभागियों ने प्रतिस्पर्धा की। सभी प्रतियोगिताओं के परिणाम की घोषणा और पुरस्कार का वितरण गुरुवार को एम्फिथिएटर मैदान में होगा।

पंचक्रोशी यात्रा के पहले पड़ाव पर नागा साधु पहुंचे कर्मदेश्वर महादेव

वाराणसी। निरंजनी अखाड़े के साधु-संत बुधवार की सुबह पंचक्रोशी यात्रा पर निकल चुके हैं। यात्रा के पहले दिन नागा साधु-संतों का पहला पड़ाव कर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर हुआ, जहां वे सात नंबर धर्मशाला में ठहरे हुए हैं। अखाड़े के महंत रवींद्र गिरि महाराज ने बताया कि हरिद्वार से अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि महाराज दो-तीन दिन में वाराणसी पहुंचेंगे। इसके बाद उनकी अगुवाई में 200 से अधिक नागा साधु-संत यात्रा में शामिल होंगे। श्रीपंचायती महानिवार्णी अखाड़े के थानापति विवेक भारती ने बताया कि अस्सी घाट से पैदल यात्रा करते हुए साधु-संत पहले पड़ाव कंदवा स्थित कर्मदेश्वर महादेव मंदिर पहुंच चुके हैं। यहां रात्रि विश्राम के बाद अगली सुबह पूजन-अर्चन कर भीमचंडी के लिए प्रस्थान करेंगे। नागा साधुओं की यात्रा पांच दिनों तक चलेगी, प्रतिदिन 15-15 किमी की दूरी तय की जाएगी। साधु-संत भीमचंडी, रामेश्वर, पांचों पंडवा और कपिलधारा होते हुए मणिकर्णिका घाट पर संकल्प पूरा करेंगे। सभी पांच पड़ावों पर पूजन-अर्चन किया जाएगा।

त्रेता युग से चली आ रही है यह परंपरा

धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, पंचक्रोशी यात्रा की शुरूआत त्रेता युग में हुई थी। मान्यता है कि भगवान श्रीराम ने अपने भाइयों भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न और पत्नी सीता के साथ यह यात्रा की थी। श्रीराम ने रामेश्वरम मंदिर में शिवलिंग स्थापित किया था और यह यात्रा अपने पिता राजा दशरथ को श्रवण कुमार के माता-पिता के श्राप से मुक्त कराने के लिए की थी। दूसरी बार रावण वध के बाद ब्रह्महत्या के दोष से मुक्ति के लिए श्रीराम ने सीता और लक्ष्मण के साथ पंचक्रोशी परिक्रमा की थी। द्वापर युग में पांडवों ने अज्ञातवास के दौरान द्रौपदी के साथ यह यात्रा की थी।

श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

जैसे ही नागा साधु कर्मदेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे, दर्शनार्थियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। धर्मशाला में साधु-संत अलग-अलग स्थानों पर रुके हुए हैं, और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है। अगले चरण में साधु-संत भीमचंडी से रामेश्वर, पांचों पंडवा और कपिलधारा होते हुए मणिकर्णिका घाट पर यात्रा का समापन करेंगे। इस ऐतिहासिक परिक्रमा को देखने और पुण्य अर्जित करने के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में जुड़ रहे हैं।

कंपोजिट स्कूल रमईपट्टी को मिला हाइजीन कॉर्नर

पिंडरा। डिटॉल स्वस्थ बनेगा इंडिया संस्था के स्कूल सुपरवाइजर वसीम अकरम द्वारा बुधवार को विद्यालय के बच्चों से संवाद स्थापित किया गया तथा उन्हें हाथ धोने के विविध स्टेप से अवगत कराते हुए स्वच्छता सामग्री को प्रति चार माह बाद विद्यालय को प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। उनके द्वारा हेल्थ और हाइजीन पर किए गए सवालों का बच्चों ने त्वरित जवाब दिया। इसी विद्यालय के शिवम ने हेल्थ और हाइजीन पर प्रेरक कार्य किया था, जिसके कारण उसे मुंबई के एस राज स्टूडियो में डिटॉल स्वस्थ बनेगा इंडिया की तरफ से सिने स्टार अमिताभ बच्चन और सोनू सूद द्वारा सम्मानित किया गया था। विद्यालय के स्टेट अवॉर्डी शिक्षक कमलेश कुमार पाण्डेय ने संस्था का धन्यवाद देते हुए हाइजीन कॉर्नर के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक ही स्थान पर स्वच्छता की सामग्री मिलने से बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में सहायता मिलेगी। संस्था द्वारा बच्चों को उपहार स्वरूप छप पीस एंटीसेप्टिक लिक्विड, 25 पीस साबुन, छह पीस सेनीटाइजर, छह पीस हैंड वॉश तथा वजन मापने की मशीन प्रदान किया गया।

रेलवे को आवंटित तीन दुकानों पर तेरह लाख का बकाया

निगम ऐक्शन मूड में

दुकान का किराया जमा करने का अंतिम मौका आज,नही तो होगी तालाबन्दी

नोटिस देने के बाद भी लापरवाही पर होगी कार्रवाई

वाराणसी। दुकानों का किराया बकाया होने और बार- बार नोटिस दिए जाने के बाद भी किराए की अदायगी नही किए जाने पर नगर निगम एक्शन मूड में है। इसको लेकर नगर निगम ने नेहरू मार्केट स्थित उत्तर रेलवे को आवंटित तीन दुकानों का किराया जमा नही किये जाने और कई बार नोटिस दिए जाने के बाद भी अदायगी नही होने पर जहां दुकानदारो को आज तक का अंतिम समय दिया है ,वही शुक्रवार को तालाबंदी करने और सख्त कारवाई किए जाने की चेतावनी दी है। नगर आयुक्त अक्षत वर्मा के निर्देश पर बकायेदारों के विरूद्ध जारी अभियान में उत्तर रेलवे को दुलहिन जी, नेहरू मार्केट में उत्तर रेलवे को दुकान नम्बर-11,12,13 आवंटित है। जिसका क्षेत्रफल 250.92 वर्गमीटर है। इन दुकानों को रेलवे द्वारा मालागोदाम के रूप में संचालित किया जाता है। उत्तर रेलवे ने बुधवार तक दुकान का कोई किराया जमा नही किया है। ऐसी दशा में किराया बढ़कर अब तेरह लाख रूपये बकाया हो गया है। इस मामले में सहायक नगर आयुक्त अनिल यादव ने इसके पूर्व 10 और 20 फरवरी को बकाया किराया जमा करने हेतु उत्तर रेलवे के मंडल अभियंता को नोटिस जारी की थी लेकिन अभी तक किराया जमा नही किया गया। इसको लेकर सहायक नगर आयुक्त बुधवार को पुनः रेलवे पहुंचे और किराया नही जमा होने की जानकारी दी। सहायक नगर आयुक्त ने बताया है कि आज तक किराया जमा नही किया जाता है तो नेहरू मार्केट की तीनों दुकानों पर तालाबन्दी होगी और दुकानों को सील कर वैधानिक कार्यवाही करते हुये किराया वसूल किया जायेगा।

पीएम ने उद्योग जगत को नए मौकों का लाभ उठाने को किया प्रोत्साहित

वेबिनार

प्रधानमंत्री के बजट 2025 के क्रियान्वयन पर संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित वेबिनार में शिक्षकों व छात्रों ने लिया भाग

वाराणसी। संपूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकाय के प्रमुख प्रो हरिशंकर पाण्डेय की अध्यक्षता में योगसाधना केंद्र में यूजीसी के निर्देश के क्रम में बुधवार को एक वेबिनार के माध्यम से प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक थीम 04-बजट 2025 के क्रियान्वयन पर सहभाग किया गया।

इस वेबिनार के माध्यम से प्रधानमन्त्री श्री मोदी ने उद्योग जगत को नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए विकास का इंजन है और दुनिया हमें विश्वसनीय साझेदार के रूप में देख रही है। उन्होंने उद्योग जगत से आगे बढ़ने और नए अवसरों का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने उद्योगों के लिए सुधारों की एक श्रृंखला शुरू की है और निवेश बढ़ाने में राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है।वेबिनार में एमएसएमई, निर्माण, निर्यात और परमाणु ऊर्जा मिशन पर चर्चा हुई। पीएम मोदी ने कहा कि सरकार ने जन विश्वास अधिनियम पेश किया है और कानून कम करने के प्रयास किए हैं। उद्योग जगत को नवीन उत्पादों के निर्माण पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए और अनुसंधान एवं विकास के माध्यम से मूल्य संवर्धन करना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि राज्यों को आपस में प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए और जो राज्य प्रगतिशील नीतियों के साथ आगे आएंगे, कंपनियां उन्हें निवेश के लिए आकर्षक गंतव्य के रूप में पाएंगी। सरकार ने उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू की है, जिससे 750 से अधिक इकाइयों को मंजूरी दी गई है और 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि सरकार ने एमएसएमई के लिए ऋण प्रदान करने की योजना शुरू की है और पहली बार उद्यम करने वाली पांच लाख महिला, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों को दो करोड़ रुपये तक का ऋण प्रदान किया जाएगा। अन्त में छात्र कल्याण संकाय प्रमुख प्रो. हरिशंकर पाण्डेय ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा सारगर्भित उद्बोधन से विश्वविद्यालय के आचार्यों एवं विद्यार्थियों में नई ऊर्जा और उमंग के साथ देश के भविष्य को साकार करने का जोश पैदा हुआ है। इस वेबिनार में विश्वविद्यालय के अध्यापकों, विद्यार्थियों में क्रमशः प्रो रविशंकर पाण्डेय सहित डा. विजेन्द्र आर्य, डा. राजेश कुमार श्रीवास्तव, डा. देवात्मा दुबे, डा. श्रवण कुमार, डा. सूर्यभान कुमार, डा. कृष्ण कुमार,डा. गोपाल प्रसाद,डा. सत्यप्रकाश सोनकर, डा. मनु मिश्र, डा. जय प्रकाश,डा. संतोष कुमार, डा. किरन सिंह, डा. रवि प्रकाश पाण्डेय, डा. सोहन कुमार समस्त शोधछात्र, शिक्षाशास्त्री एवं बटुक छात्र उपस्थित रहे।

मोक्ष की नगरी में सेवा भाव से करें कार्य

बोले महापौर

सोना है कूड़ा,आज की टेक्नोलॉजी से बड़ी कंपनी कार्य करने को तैयार

कूड़े के पृथक्कीकरण एवं विकेन्द्रीकरण अवधारणा पर कार्यशाला

जीरो वेस्ट, प्लास्टिक मुक्त का आह्वान,स्वास्थ्य निरीक्षक सम्मानित

वाराणसी। मोक्ष की नगरी काशी नौकरी का नही बल्कि सेवा का स्थान है। अधिकारी और कर्मचारी सेवा भाव से कार्य करें और जमीनी स्तर की जानकारी लेने के लिए सड़को पर उतरें। तभी हम स्वच्छता के प्रति अलख जगा पाएंगे। यह बात कूड़े के पृथक्कीकरण एवं विकेन्द्रीकरण अवधारणा के तहत बुधवार को जोन स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स की आयुक्त सभागार में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में महापौर अशोक कुमार तिवारी ने कही। उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण में वाराणसी की रैंकिंग में सुधार लाने हेतु सफाई मित्रों को और अधिक मेहनत तथा लगन से कार्य करने की जरूरत बताया,वही स्वच्छ काशी और सुंदर काशी बनाए रखने में काशीवासियों से योगदान करने तथा आगे आने की अपील की। महापौर ने कहा कि आज की अत्याधुनिक टेक्नलाजी से कूड़ा सोने जैसा कीमती हो गया है। जिस पर अब बड़ी कंपनी कार्य करना चाहती है। हम सभी को इसके बेहतर रख-रखाव और प्रबंधन एवं कचरा पृथक्करण का महत्व बताया गया जिसमें गीला कूड़ा, सूखा कूड़ा, खतरनाक कूड़ा, ई-कचरा, निर्माण एवं विध्वंस मलबा, चिकित्सकीय अपशिष्ट एवं अन्य अपशिष्ट के बारे में विस्तार से प्रशिक्षित किया गया तथा उसके प्रभावी तरीके क्या हो सकती हैं के बारे बताया गया। कार्यशाला में अपर नगर आयुक्त सविता यादव ने एवं खाद्य निरीक्षकों को पर्यावरण की रक्षा के लिए उनके तैनाती वाले वार्डों में कम से कम 20 पौधे लगाने हेतु स्थान चिंहित करने को कहा । जिसकी देखभाल उनके द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर महापौर ने कार्यशाला में प्रतिभाग करने वालो से जीरो वेस्ट और प्लास्टिक मुक्त का आवह्न किया और बेहतर कार्य करने वाले स्वास्थ्य निरीक्षको को प्रमाणपत्र वितरित कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जी.आई.जेड. संस्था के प्रतिनिधि निर्भय सिंह ने कार्यशाला में अपशिष्ट महापौर को पुष्प गुच्छ देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और धन्यवाद ज्ञापित भी किया।

इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त सविता यादव,नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. सुरेन्द्र कुमार चौधरी, जोनल अधिकारी सारनाथ -अनुपम त्रिपाठी, ऋषि माण्डवी जोनल अधिकारी शिखा मौर्या , जोनल स्वछता अधिकारी रवि चन्द्र निरंजन, गजेन्द्र सिंह, पीआरओ संदीप श्रीवास्तव, समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, सुपुई सुपरवाइजर आदि लोग उपस्थित रहे।

साहित्य-कला-संस्कृति की हस्तियों का जमावड़ा कल

वाराणसी। अपने तीसरे संस्करण के रूप में नदेसर स्थित एक तारांकित होटल में आयोजित होने जा रहे साहित्य-कला-संस्कृति उत्सव में विविध विधाओं, विषयों के प्रमुख हस्तियों का जुटान होने जा रहा है। बनारस लिट फेस्ट काशी साहित्य कला आयोजन समिति की बनारस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में आयोजकों ने आयोजन की विस्तृत जानकारी साझा की।

आयोजन समिति के अध्यक्ष दीपक मधोक ने बताया कि सात मार्च को दोपहर बजे 12 बजे से उद्घाटन समारोह होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य व विशिष्ट अतिथि असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य एवं राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश होंगे। बताया कि काशी की अपनी सनातन संस्कृति को समर्पित यह आयोजन यहाँ के संतों, मनीषियों के मूल्यों से प्रकाशित है इसीलिए बहुत कम समय में ही यह आयोजन देश-विदेश के दिगज साहित्यकारों एवं साहित्यप्रेमियों में लोकप्रिय व प्रतिष्ठित हो गया है। यह उत्सव पिछले संस्करणों की कड़ी में और भव्य-दिव्य एवं सुविचारित होगा, जिसमें अनेक विषयों और विधाओं के उल्लेखनीय लेखक, विद्वान, संगीतकार भाग लेंगे। महोत्सव का एक मुख्य आकर्षण इस वर्ष का 'पुस्तक पुरस्कार' है, जिसमें ख्यात लेखक सम्मानित होंगे। आयोजन में 500 से अधिक दिग्गज वक्ता, लेखक, बुद्धिजीवी, समालोचक, प्रकाशक, सांस्कृतिक प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं, जिनमें नोबेल पुरस्कार विजेता, बुकर पुरस्कार, साहित्य अकादमी विजेता, नीति निमार्ता, राजनयिक, अध्येता, राजनीतिक, समाज वैज्ञानिक, समाजसेवी आदि शामिल हैं। साहित्य, ललित कला, संगीत, सिनेमा, खेल, विज्ञान-पर्यावरण, रक्षा, समाज, मीडिया आदि अनेक विषयों पर चर्चा की जाएगी।

पीएसी जवान के कार्बाइन से चली गोली , दो जखमी

वाराणसी। दशाश्वमेध थाना अंतर्गत माधव पान की दुकान पर पान खाने आए 39 बटालियन पीएसी के सिपाही अश्विनी कुमार त्रिपाठी वहां पान खा रहे थे, तभी अचानक से उनके कार्बाइन का पत्ता टूट कर जमीन पर गिर गया और ट्रिगर दब गई जिससे उनके दाहिने आंख में गोली लगते हुए माधव पान के दुकान पर काम करने वाले कर्मचारी ज्वाला प्रसाद की पैर में गोली जा लगी जो चेतगंज निवासी है! घटना की जानकारी मिलते ही थाने की पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गई और दोनों को मारवाड़ी अस्पताल ले जाया गया!जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उसे बीएचयू ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।

डीएम ने जनता दर्शन में फरियादियों की सुनीं समस्याएं

वाराणसी। जनता दर्शन के दौरान बुधवार को जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने कहा कि जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं यथाशीघ्र निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनसुनवाई में आने वाले फरियादियों की सुनवाई सम्मानजनक ढंग से करें। जन सुनवाई की अवधि में सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से अपने कार्यालय में मौजूद रहें।

परिषदीय स्कूलों में बाल साहित्य बांटे

कार्यक्रम

चोलापुर विकासखंड के स्कूलों में बच्चों को दी गईं रोचक पुस्तकें

जनसंदेश न्यूज

चौबेपुर। चोलापुर विकासखंड के अंतर्गत बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित छीतमपुर, चुमकुनी, दुबान बस्ती और कैथी प्राथमिक विद्यालयों में बुधवार को सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट द्वारा बच्चो की रोचक पुस्तकें प्रदान करते हुए आशा बाल पुस्तकालय की श्रृंखला प्रारंभ की गयी है । अब तक कुल 19 विद्यालयों पुस्तकालय प्रारंभ किये जा चुके हैं । इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आशा ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने कहा कि तकनीक के वर्तमान दौर में बच्चों में पढने की रूचि कम हो रही है जबकि पढ़ने की आदत से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा और वे जागरूक होंगे अन्यथा सोशल मीडिया पर प्राप्त अधकचरी और असत्य जानकारियों को ही सत्य मानने से उनमे सही गलत की पहचान करने की क्षमता नष्ट हो जायेगी । छीतमपुर विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक अरविन्द कुमार पाण्डेय ने कहा कि व्यक्तित्व विकास के लिए किताबों का बहुत महत्व है, इसमें निहित ज्ञान को आत्मसात करने से हम परिवार, समाज, देश और प्रकृति के प्रति एक जिम्मेदार नागरिक बन सकते हैं । चुमकुनी प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक दुर्गेश चौबे ने साथ के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के स्थानीय परिवेश और जानकारियों से अवगत वाली पुस्तकों को पढ़ने से उनके सामान्य ज्ञान में वृद्धि होगी। इस अवसर पर प्रदीप सिंह, पंकज मित्तल, पूजा पाण्डेय, अबू मोहम्मद आदिल, रेनू सिंह, दुर्गेश चौबे, अनुराधा, संध्या शर्मा, लता सिंह, अजय सिंह, सोनी श्रीवास्तव, सरिता, ज्योति प्रकाश गुप्ता, रमेश प्रसाद, सुरेखा, मधुबाला आदि की प्रमुख रूप से उपस्थिति रही ।